खोज में उपलब्ध

हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों
का
बीसवाँ त्रैवार्षिक विवरण

[सं० २००४--२००६ वि० (सन् १९४७-४९ ई०)]

द्वितीय भाग

सपादक

डा० वासुदेवशरण अग्रवाल

नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी

सं० २०३४ वि०

प्रकाशक—नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

मुद्रक—शंभुनाथ वाजपेयी, नागरी मुद्रण, काशी

प्रथम सस्करण—सबत् २०३४ वि०, ११०० प्रतियाँ

मूल्य : [illegible]

विषय सूची

प्राचीन हस्तलिखित हिंदी ग्रथों की खोज का

बीसवाँ त्रैवार्षिक विवरण

सवत् २००४–२००६ वि० [सन् १९४७-४९]

सख्या १६७ कौशिल्या का बारहमासा, रचयिता—देवीसिंघ, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—६ $\frac{७}{८}$ × ६ $\frac{२}{८}$ इञ्च, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—३७, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, प्राप्तिस्थान—श्री परमेसर लुहार, ग्राम–रायपुर (अमेठी), पोस्ट–रायपुर, जिला–सुलतानपुर ।

आदि— :o: :o: :o: :o:

दरसन देयो मेरो प्रानपिआरे । तुम विना कोइ नहीं और हमारे ॥

॥ टेक ॥

कातीक कुंच प्रआग सो कीन्हा । कौसीला सोच करे मन मेरे ॥
राम लछन सीआ वन को साधारे । दसरथ प्रान तजो छन मेरे ॥
दरसन दे मेरे प्रान पीआरे । तुम विन कोइ नही और हमारे ॥

॥ अगहन ॥

अगहन गेल चले वन पीआरे । दरद होत मेरे उर मेरे ॥
चलत चलत जब पैआ पीराने । कोइ न तुम्हरे योही वन मेरे ॥
दरसन दे मेरे प्रान पीआरे । तुम विन कोइ नही और हमारे ॥

अंत—

भादौ वचन सुनत कपी धाए । पुरुव पछीम दछीन मेरे ॥
लै मुदरी हनुमान सीधाए । सीतही षोज करत वन मेरे ॥
दरसन देयो मोर प्रानपीआरे । तुम विनु कोउ ना और हमारे ॥

॥ कुवार ॥

कुआर मास सीआ सुधी पाए । कपी दल साजो लक गढ़ घेरे ॥
रावन सहीत नीसाचर मारे । लवटी आए अजोध्या मेरे ॥
दरसन देयो मेरे प्रानपीआरे । तुम वीना कोउ ना और हमारे ॥

॥ १२ ॥

देवी सींघ सीआ रघुवर के । ध्यान धरे घर बाहर मेरे ॥
तुम विन स्वामी कोइ नाही मेरा । पाय धरौ अब मोरे सीर परे ॥
दरसन देय मोर प्रान पीआरे । तुम वीना कोउ ना और हमारे ॥

इती कौसीला जी का बारहमासा सपुरन सन् १२९५ साल महीना भादौ बदी ८ अस्टमी वुधवार को तैआर हवा मोकाम सहर कलकत्ता साकीम जान बाजार प्रीतमार बाबु के काटी के दरवाजे के सामने दोकान है दोकान के मालीक पचम राम कु मी सो सही दसषत देआल दास का ॥

विषय—श्री रामचद्र जी के वनगमन पर कौसल्या जी का विलाप वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—प्रस्तुत रचना निम्नलिखित रचनाओं के साथ एक हस्तलेख मे है।

१ रामचद्र के बारहमासा—भवानी।
२ बारहमासा—लालदास।
३ रैदास कबीर गस्टी—लालदास।
४ सुदामा की बारहखडी—पतितदास।
५ सुदर कवि हुद हुद की बारहमासा।
६ गरुडपुराण।
७ रामजन्म—सूरजदास।
८ सुदरकाड (रामायण)—तुलसी।
९ वैराग्य सदीपनी—तुलसी।

सख्या १६८क आदिपुराण की बालबोध भाषा वचनिका, रचयिता—दौलतिराम, कागज—देशी, पत्र—५०६, आकार—१२$\frac{3}{4}$॰ × ८$\frac{3}{4}$॰ इच पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—१२०२३, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य गद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८२४ वि०, लिपिकाल—स० १८६८ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चौडी वाली गली, चौक, लखनऊ।

आदि—श्री जिनाय नमः ॥ श्री सरस्वत्यै नमः ॥ श्री गणधराय नमः ॥ अथ श्री आदिपुराण की बालावबोध भाषा वचनिका लिख्यते ॥

॥ दोहा ॥

प्रणमि सकल सिद्धानिकू प्रणमि सकल जिनराय।
प्रणमि सकल सिद्धात कू नौमिगणधार के पाय ॥ १ ॥

० ० ०

तिनहू भाष्यो ग्रथ यह पूरवरीति प्रमान।
तिनहीके अनुसार मुनि श्रीजिनसेन सुजान ॥२१॥
अर गुणभद्राचारिजा कहते भए पुरान।
सस्कृत वाणी विषै अद्भुत अर्थ निधान ॥२२॥
तापरि भाषा वचनिका भाषू मैं मदिमद।
लेहु सुधारि सुपडिता ग्यानरूप निरद्वद ॥२३॥

० ० ०

आगे श्री आदिपुराण के श्लोकनि परिभाषा रूप वचनिका कहे है ॥ अथानतर श्री जिनसेनाचार्य श्री भगवान रिसभदेव कू नमस्कार करि आदिपुराण का आरभ कहै है ॥

श्री भगवान रिषभदेव अनत चतुष्टय विभूति के स्वामी है ॥ अर केवल ज्ञान रूप चक्रवर्ति पद कू प्राप्त भए हे ॥ धर्मचक्र के धरणहारे ॥ ससार के भय हरणहारे ॥ तीन लोक के नाथ। तिनकू हमारा नमस्कार होऊ ॥ १ ॥ जिनेद्ररूप सूर्य ॥ अज्ञान रूप अधकार के पटल करि आछादित जगत तिनकू उद्योत के कारण केवल ज्ञान आदि अनंतगुण समूह दीप्तिकरि सोभाय-मान तिनकू नमस्कार होऊ ॥ २ ॥ अर जिनराज का सासन जयवत होहु काहुकरि जीत्या न जाय ॥ महातम जाका। पडित किये है कुमारग जाने। अरसदा प्रकास रूप है। मोक्ष लक्ष्मी का एक अद्वितीय कारण है ॥ ३ ॥ रतन त्रय मई जैन शास्त्र जीति का शास्त्र है। सो जयवत होहू। ताकरि अरहत कर्म्म रूप वैरीनि की सेना कू जीतते भये जे भगवान आदिपुरुष इद्रादि देवनि करि पूज्य तिनि राज्य विभव त्रिण समान जानि करि तज्या ॥ ४ ॥ दिगवरी दीक्षाधारी। जिनकेलार इक्ष्वाकवसी भोजवसी वडे वडे च्यार हजार राजा। केवलि स्वामी भक्ति करि यती भये ॥ ५ ॥

अत—आराधिवे योग्य है चरण जाके ॥ ऐसा विश्वभर विश्वनाथ ॥ चक्रनाथ का पिता सो तुम भव्य जीवनिकू साति के अर्थि होहु ॥४०४॥ इत्यर्षे भागवद् गुण भद्राचार्य प्रणीते त्रिषष्टि लक्षण महापुराणे प्रथम तीर्थंकर प्रथम चक्रधर पुराणे चत्वारि सत्तम पर्व ॥४७॥ इति श्री आदि पुराण सपूर्णम् ॥

॥ दोहा ॥

आदिपुराण निधान की भई वचनिका एह ।
ताको कारन भवि सुनौ धरि जिन सासन नेह ॥ १ ॥

॥ चौपाई ॥

सब दीपन मैं जम्बूदीप । जैसे मनुषनि में अवनीप ॥
जामैं भरत क्षेत्र सुभरूप । तामैं आरिजखंड अनूप ॥ १ ॥
तामैं देस अनेक विसाल । तिनमैं ढुंढाहर सुरसाल ॥
मध्यदेस के माही एह । तामैं नगर अनेक गनेह ॥ २ ॥
नगर सवाई जैपुर जानि । ताकी सोभा अधिक बखान ॥
जहा भूप माधव वलवान । कछवाहन को तिलक बखान ॥ ३ ॥

o: o. .o

अध्यातम सैली है जहा । रायमल्ल साधर्मी तहा ॥
सो विरकत तपधारक भया । जाके घट जीवनि की दया ॥ ५ ॥
और जहा साधर्मी घने । तिनिके नाम जाय नहि गिने ॥
सुनै पुरान चरित्र अनेक । वह जीवनि की सभा एक ॥ ६ ॥

:o: •o. •o

ते सब साधरमी गुणवान । सुनिकरि पुरान आदि पुराण ॥
सबनि विचारी भाषा होय । तौ धर्म समुझ सब कोय ॥१०॥
रतनचंद दीवान सुज्ञान । जिनमारग के सरधान ॥
तिनको मित्र जु दौलतिराम । ताको तात जु आनंदराम ॥११॥
राजद्वार के सेवक सही । जिन सासन की सरधा गही ॥
कछु यक कीने ग्रंथ अभ्यास । बैठे साधर्मीन के पास ॥१३॥
रतनचन्द्र मेघडिका होय । अर टोडरमल के सुत दोय ॥
॥धादेवीदास गनेह । बालब्रह्मचारी है एह ॥१४॥
भाषा करहु धरहु इहभाव । या सम और न धर्म उपाव ॥
प्रेरक भए मित्र करि राग । जिनके जिन मारग अनुराग ॥१५॥
तब दौलति जपि जपि श्रीजिन नाम । बीतराग कौ करि परिणाम ॥
सब श्लोक निकी भाषा करी । नाना जुक्त मई रस भरी ॥१६॥

:o• :o :o:

॥ दोहा ॥

अठारह सै संवता ता ऊपरि चौबीस ।
कृष्ण पक्ष आसौज की पुण्य नषित्र गरीस ॥२१॥

सुक्रवार एकादसी पूरण भयो ग्रन्थ । होहु कल्याण प्रथी विषै चलौ धर्म कोपथ ॥२२॥
श्री अरिहंत महंत कूं बंदूं वारवार । नमसकार जिनधर्म कूं जामैं दया अपार ॥२३॥
श्रीमत आदि पुरान के श्लोक भाषा अनुमान । तेई साजु सहस्र है बुधजन करहु बखान ॥२४॥

संवत ॥१८६८॥ मिती आषाढ कृष्ण ॥११॥ पुस्तक लिषा वेनीराम अपने पठने निमित्त सुभमस्तु ॥ यादसपुस्तक दृष्ट्वा तादृस लिषतमया यदि शुद्धम शुद्धवा मम दोसो न दीयते ॥ पोथी लिषी लषनऊपुर मध्ये ॥ लषनऊमो राज्य नवाब सहादत्त अलीषा का ॥

विषय—आदिपुराण (जैन) का हिंदी अनुवाद ।

रचनाकाल

अठारह सै संवता ता ऊपरि चौबीस ।
कृष्ण पक्ष आसौज की पुण्य नषित्र गरीस ॥२१॥
सुक्रवार एकादसी पूरण भयो ग्रन्थ ।
होहु कल्याण प्रथी विषै चलौ धर्म को पथ ॥२२॥

संख्या १८६ख आदिपुराण बालबोध भाषा वचनिका, रचयिता—दौलतिराम, कागज—देशी, पत्र—५७५, आकार—१६$\frac{5}{6}$ × ८$\frac{3}{6}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप) २३०००—, पूर्ण, रूप—प्राचीन पद्य गद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८२४ वि०, लिपिकाल—सं० १९०० वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर (बडा मंदिर), चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ।

आदि—श्री जिनायनमः ॥ श्री सरस्वत्यनमः ॥ अथ श्री आदि पुराण की बालावबोध भाषा वचनिका लिख्यते ॥

॥ दोहरा ॥

प्रणमि सकल सिद्धांतिकू प्रणमि सकल जिनराय।
प्रणमि सकल सिद्धांत कू नमिगणधर के पाय॥ १॥
.० ० ०.
अर गुणभद्राचार्यजी कहते भये पुराण।
संस्कृत वाणी विषे अद्भुत अर्थ निधान॥२१॥
तापर भाषा वचनिका भाषू मैमति मंद।
लेहु सुधारि सुपंडिता ध्यानरूप निरद्वंद॥२२॥
० ० ०

आगे श्री आदिपुराण के श्लोकनि परि भाषा रूप वचनिका कहै है अथनंतर श्रीवर श्री जिनसेनाचार्य श्री भगवान रिषभदेव कू नमस्कार करि आदि पुरान आरंभ कहै है॥

श्री भगवान रिषभदेव अनंत अनंत विभूति के स्वामी है॥ अर केवल ज्ञानरूप चक्रवर्ति पदकू प्राप्त भये है॥ धर्म चक्र के धरणहारे॥ संसार के भयहरणहारे॥ तीनिलोक के नाथ तिनकू हमारा नमस्कार होउ॥ १॥

अंत—

॥ दोहा ॥

आदि पुराण निधान की भई वचनिका एह।
ताको कारण भवि सुनो धरि जिन सासन नेह॥ १॥

॥ चोपाई ॥

सब दीपन मे जंबूदीप। जसे मनुषनि मे अवनीप॥
जामें भरथक्षेत्र सुभरूप। नाम आरजखंड अनूप॥
तामें देश अनेक विसाल। तिनमे ढूंढाहार सुरसाल॥
मध्य देस के माही एह। तामैं नगर अनेक गनेह॥ ३॥
नगर सवाई जपुर जानि। ताकी सोभा अधिक प्रमान॥
जहा भूप माधव बलवान। कछवाहन को तिलक बषान॥ ४॥
० ० ०.
अध्यातम सैली है जहा। रायमल्ल साधर्मी तहा॥
०. ० ०
और जहा साधर्मी घने। तिनके नाम जाहि नहि गने॥
सुने पुराण चरित्र अनेक। यह जीवनि की सरधा एक॥ ७॥
ते सब साधर्मी गुणवान। सुनि करि पूरण आदि पुराण॥
सबनि विचारी भाषा होय। तैयामे समझे सब कोय॥११॥
रतनचंद दिवान सुग्यान। जिन मारग के सरधावान॥
तिनके मित्र जु दौलतिराम। ताको तात जु आनंदराम॥१२॥
राजद्वार के सेवक सही। जिनसासन की सरधा गही॥
.० ० :०
रतनचंद नेर्घाडका होय। अर टोडरमल्ल के सुत दोय॥
गोधा बेधीदास गनेह। बाल ब्रह्मचारी है एह॥१४॥

भाषा करहु धरहु इह भाव । यासम और न धर्म प्रभाव ।।
प्रेरक भए मित्र करि राग । जिनके जिन मारग अनुराग ।।१५।।
तब दौलति जपि जपि श्रीजिन नाम । वीतराग कौ करि परणाम ।।
सब श्लोकनि की भाषाकरी । नानायुक्त मई रस भरी ।।१६।।
:o. :o. :o.

अठारह सै सवता ता ऊपर चौवीस ।
कृष्ण पक्ष आसोज की पुष्य नषित्र गरीस ।।२१।।
सुक्रवार एकादसी पूरण भया गरथ ।
होहु कल्याण पृथ्वी विषै चलौ धर्म को पथ ।।२२।।
:o: :o: .o:

आदि पुराण पोथ लिषी सहर लषनऊ बीच ।
कर्मयोग आगे यहाँ जानो भवि जन मीत ।।२५।।
वासीगज नवाव के जोगराज तसु नाम ।
पल्लीवाल इष्वाकवस कास्यप गोत्र विसाल ।।२६।।
हाथ जुमीना एक है लष्यनापुर के माहि ।
करि पूरण सो ग्रथ यह । धार मन मे उत्साह ।।२७।।
उसमापलगज एक है वसै विहारी लाल ।
अग्रवाल सुजाति हे जीव दाया प्रतिपाल ।।२८।।
तिन लिषवायो ग्रथ यह । धर्म उपावन हेत ।
दिढ वचन करि वाधिजे धरिजे जतन समेत ।।
सवतयो एक सहस्र को ऊपर नौसे जानि ।
अस्वनिमास भूमरानपष सुक्र त्रयोदसि मानि ।।३०।।
वादिसाहि अमजद अली ताके राज सुमाहि ।
वसै लोग आनद सो ईति भीति कछु नाहि ।।३०।।

इति श्री सपूर्ण समाप्तम् ।। भा जादृस्य . पुस्तक ।।

विषय—आदिपुराण (जैन) का हिंदी पद्यानुवाद ।

रचनाकाल

अठारह सै सवता ता ऊपर चौवीस ।
कृष्ण पक्ष आसोज की पुष्य नषित्र गरीस ।।२१।।
सुक्रवार एकादसी पूरण भया गरथ ।
होहु कल्याण पृथ्वी विषै चलौ धर्म को पथ ।।२२।।

सख्या १६८ग पद्मपुराण जी की भाषा वचनिका, रचयिता—दौलतिराम, कागज—देशी, पत्र—५५०, आकार—१४ × ७ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—२०२१२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्यगद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८२३ वि०, लिपिकाल—स० १९१४ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूडी वाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—ॐ नमः सिद्धेभ्य ।। अथ पद्मपुराण जी की भाषावचनिका लिख्यते ।।

।। दोहरा ।।

चिदानद चेतन्य के गुण अनत उरधार ।
भाषा पद्मपुराण की भाषू श्रुत अनुसारि ।। १ ।।
:o. .o: .o:

पद्मपुराण निधान कौ हाथ जोरि सिरनाय ।
ताकी भाषा वचनिका भाषो सब सुषदाय ।।३६।।
:o: :o: :o:

पीछे मुनि सुव्रत के प्रगटै अति गुणधाम ।
सुर नर वंदित धरममय दसरथ के सुत राम ॥३८॥
शिवगामी नामी महा ग्यानी गरुणावत ।
न्यायवत बलवत अति कर्महरण जयवत ॥३९॥

० ० :०:

रामचद्र को करि प्रनति नमि रविषेण रिषीस ।
रामकथा भाषौ भया नमि जिन अति मुनि ईस ॥४५॥

आगे रविषेणाचार्य कथित पद्मपुराण के श्लोकनिपर भाषावचनिका दौलतिराय कहै है ॥

अर्थ--सिद्ध कहिये कृत्य कृत है ॥ अर सपूर्ण भये है ॥ सर्व सुदर अर्थ जिनके ॥ अर भव्य जीवनिके सर्व अर्थ पूर्ण करहे ॥ आतपृरूप है ॥ अर औरनि कौ मुक्ति के कारण है ॥ प्रसमायोग्य दर्सन ज्ञान चरित्र तिनके प्रकासन हारे है ॥ बहुरि सुरेद्र के मुकट करि पूज्य है किरण रूप केसर यौ धरै ॥ चरण कमल जिनके ऐसे भगवान महावीर तीन लोक के प्राणीनि को मगल रूप तिनकौ नमस्कार करू हू ॥

भावार्थ--सिद्धि कहिये मुक्ति सर्वबाधा रहित ॥ उपमा रहित अनोपम ॥ अविनासी सुषकी प्राप्ति ताके कारण महादेव स्वामी त होते है ॥ काम क्रोध मान मद माया मत्छर लोभ अहकार पाषड दुर्जनता ॥ छुधा त्रिषा व्याधि ॥ वेदना ॥ जरा ॥ भवरोग ॥ शोक ॥ हर्ष ॥ जन्म मरणादि रहित है ॥ सिद्ध कहिये अविनस्वर हु ॥ द्रव्यार्थिक नय करि जिनकी आदिहु नाहि ॥ अर अतिहु नाही ॥ अछेद अभेद ॥ क्लेसरहित सोकरहित ॥ सर्वव्यापी ॥ सर्वत सन्मुष ॥ सर्वविद्या के ईस्वर है ॥ यह औपमा औरनिकै नाही बनै है ॥ या ग्रथ मैं धर्म अर्थ काम मोक्ष सर्व है ॥ अठारह हजार तेइस लोक का प्रमाण पद्मपुराण सस्कृत ग्रथ है ॥ तापरि यह भाषा भई सो जयवत होह ॥ जिनधर्म की वृद्धि होहु राजा प्रजा सुषी होहु ॥

अत--

॥ चौपाई ॥

जबूद्वीप सदा सुषथान । भरतक्षेत्र तामाहि प्रमान ॥
ताम आरजषड पुनीत । बसै सो ताम लोग विनीत ॥
ताके मध्य ढुढाहर देस । निवसै जनी लोग विसेस ॥
नगर सवाई जयपुर माहि । ताकी उपमा दीजै काहि ॥ २ ॥
राज करै माधव नृप जहा । कामदार है जैनी तहा ॥

०· ० .०

रायमल्ल साधर्मी एक । जाकै घट मे सुपर विवेक ॥ ४ ॥
दयावान गुणवत सुजाण । पर उपगारी परम निधान ॥
दौलतराम सुता कौ मित्र । तासु सो भाष्यौ वचन पवित्र ॥ ५ ॥
पद्मपुराण महा सुभ ग्रथ । तामै लोग सिषर कौ पथ ॥
भाषा रूप होय जो एह । बहुजन बाचै करि अतिनेह ॥ ६ ॥
ताकै वचन हिये मे धारि । भाषा कीनी अति अनुसारि ॥

० ० ०·

आनद सुत नेमी भाषा करी । नादो विरघौ अति रस भरी ॥ ८ ॥

·० ०

सवत अष्टादस सत जानि ता ऊपर तेईस बषानि ।
शुकल पक्ष नौमी शनिवार माघमास रोहणि रिषसार ॥१०॥

॥ दोहा ॥

तादिन ग्रथ ग्रथ पुराण हह भयो ग्रथ सिवदाय ।
चऊ सघ को मगल करौ बढो धर्म जिनराय ॥११॥

इति श्री रविषेणाचार्य विरचित महापद्मपुराण सस्कृत ग्रथ ताकी भाषा वचनिका विषै बालबोध एक सौ चोवीसवा पर्व पूर्ण भया ॥१२४॥ दोहरा ॥ श्री रिषदेव कौ आदि देइ जिन चौवीसौ जेह । नमस्कार कर जोरकै मन वचतै पुनिदेह ॥ १ ॥

:०: :०: :०:

विप्र कोया ग्रंथ को लिख न कबहू देह । सुभ विचार या ग्रंथ को जानत नही सठ तेह ।।७।।
जैसे रासभ पीठ मैं भार भरयौ घनसार । सुभि गध जानत नहि करहि न सोच विचार ।।
तैसे विप्र या ग्रथ कौ लिषत करहि न विचार । तातैं शुद्धाशुद्ध कौ नहि जानत सठसार ।।६।।

इति श्री पद्मपुराण जी की भाषा महाग्रथ वचनिका दवलतराम कृत संपूर्ण ।। श्लोक ग्रंथा ।।२२५००।। सवत् १६१४ ।। मिती श्रावण सुदी ।।१२।। रविवार का पूरणकार्र पुस्तक लिखी जुग्गीमल श्रावक इष्काकवसी कास्यपगोती पल्लीकार श्रावक ने लिखी छोटे मदिर जी के वास्ते लिखी ।।

विषय––पद्मपुराण (जैन) का हिंदी गद्य मे अनुवाद किया गया है ।

रचनाकाल

संवत अष्टादस सत जानि ता ऊपर तेईस बषानि ।
शुकल पक्ष नौमी सनिवार माघमास रोहणि रिषसार ।।१०।।

संख्या १६८घ पुण्याश्रव कथाकोश भाषा बालबोध, रचयिता––दौलतराम, कागज––देशी, पत्र––३६८, आकार––८३/४ × ५ इच, पक्ति (प्रतिपृष्ठ)––११ परिमाण (अनुष्टुप)––७०८४, पूर्ण, रूप––प्राचीन, पद्य, गद्य, लिपि––नागरी, रचनाकाल––स० १७७७ वि०, लिपिकाल––स० १७८६ वि०, प्राप्तिस्थान––श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), मोहल्ला–चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि––।। श्री जिनाय नम ।। अथ पुण्याश्रव कथा कोश भाषा लिष्यते ।।

।। श्लोक ।।

श्री वीरे जिनमानम्य वस्तु तत्व प्रकासक वक्षे कथा मय ग्रथं पुण्याश्रव विधानकं ।। १ ।।

।। दोहा ।।

वर्द्धमान जिन वदि के तत्व प्रकासक सार ।
पुण्याश्रव भाषा करूँ भव्य जीव हित कार ।। २ ।।
सब जीवन कौ हित चहत करत आपको काज ।
सो गुरु मम हिरदै बसो तारण तरण जिहाज ।। ३ ।।

।। सोरठा ।।

प्रणमौ सारद माय स्यादवाद लक्षन सहित ।
जिह सेवत अघ जाय धरम ध्यान वाढै अधिक ।। ४ ।।

।। काव्य वसत तिलक छद ।।

पुण्योपजीवि तनु जेनर बोध हीन ।
जाते प्रिये प्रथम नाऽपति गुणाढ्यौ ।।
श्री जेन गेह कृतय भुवि पूजयत्यो ।
नित्य ततोहि जिन पुगवमर्चयामि ।।

:०. .० ०:

।। अस्य वृत्तस्य कथा ।।

जबू दीप पूर्व विदेह आर्य षड क्षक्षकावती देश विषै सुसीमा नाम नगर तहा वरदत्त नाम चक्रवर्त्ति राज्य करै । एक दिन सर्व सामतादि मत्रीजन सहित विचित्र रत्नमय सिहासन परि । वस्त्राभरणादि भूषित सभा म तिष्टे थो ।। कोई पुरुष वीनती करि । हे देव नगर वाह्य गधमादन गिरि विषै । शिवघोष तीर्थंकर केवल ग्यान विराजमान तिष्टे छै । सुनि करि परम हर्षवत होइ परिवार सहित समो सरण गयौ । भगवत नैं पूजि गणधरानै नमोस्तु करि । मनुष्या कै कोठे बैठ्यौ । तबही कहा एक देव । दोय देवागणा ल्याय । सौ धर्म इद्र नैं सौंपी । देषि करि चक्रवर्ति तीर्थंकर नैं पूछी । हे प्रभु ए देवी पाछे क्यौ आई । किसा पुन्य करि यां देव गति पाई । तब भगवान कही । एक बारही उपजी छै । इह नगर मैं एक माली कै दोय पुत्री कुसमावती पुष्पलता सो निति पुष्प करड वनस्यौ फूल ले आवैं ।। तव राह मैं भगवंत कौ चैत्या लौ तिह की देहली उपर एक कुसुम चढाय आवैं । इह भांति बहुत दिन हूवा । आज वे वन मैं गई थी सो सर्प

काटी पर जाय छोडि सौ धर्म इद्र के देवी हुई । ऐसा भगवान का वचन सुनि सबही पूजा विषै तत्पर हुवा ॥

अंत-- ॥ चौपाई ॥

पुण्याश्रव की कथा रसाल । पूजादिक अधिकार विसाल ॥
षट अधिकार परम उत्कृष्ट । छप्पन कथा मध्य है मिष्ट ॥ १ ॥
आदि पुराण्यादिक जे कहा । अभिप्राय तसु यामै लह्या ॥
आचारिज जिय करि अभिलाष । लिषी कथा सस्कृत भाष ॥

:o. .o: :o:

॥ दोहा ॥

रिषभदास उपदेस सू हमे भई परतीति ।
मिथ्या मति कौ त्यागि कै लगी धरम सौ प्रीति ॥२१॥
ऋषभ देव जयवत जग सुषी होहु तसु दास ।
जिन हमको जिनमत विषै कीयो महा गढास ॥२५॥
कहा लग्यौ पर अरथ मै अरे जीव मति मढ ।
स्वारथ करि परमारथो हूजे समरस गूढ ॥२३॥

.o: :o. :o:

॥ चौपाई ॥

सवत् सतरह सै विष्यात । तापर धरि सत्तर अरि सात ॥
भादव मास कृस्न पक्ष जानि । तिथि पाचै परवी परवानि ॥२८॥
रवि सुत कौ पहिले दिन जोय । अर सुर गुर कै पीछे होय ।
वार यहै गनि लीज्यौ सही । ता दिन ग्रथ समापत लही ॥

इति श्री पुण्याश्रव भाषा वाला बोध सपूर्णम् ॥ सवतु १७८६ ॥ वर्षे माघ सुदि ५ पचमी सोमवारु ॥ ॥ शुभ भवतु ॥

विषय--जैन धर्म सबधी छप्पन कथाओ का वर्णन ।

रचनाकाल

सवत सतरह सै विष्यात । तापर धरि सत्तर अरि सात ॥
भादव मास कृष्ण पक्ष जानि । तिथि पाचे परवी परवानि ॥
रवि सुत कौ पहिलै दिन जोय । अर सुर गुर के पीछे होय ॥
वार यहे गनि लीज्यौ सही । ता दिन ग्रथ समापत लही ॥

सख्या १६८ड पुण्याश्रव कथा कोश, रचयिता--दौलतराम, कागज--देशी, पत्र--१८३, आकार--१८½० × ८½० इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)--१५, परिमाण (अनुष्टुप)--८१२६, पूर्ण, रूप--प्राचीन, गद्य, लिपि--नागरी, रचनाकाल--स० १७७७ वि०, लिपिकाल--स० १८८७ वि०, प्राप्तिस्थान--श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूडी वाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि--अथ पुण्याश्रव कथा कोस भाषा लिष्यते ॥

॥ श्लोक ॥

श्री वीर जिनमानम्य वस्तु तत्व प्रकासक ।
वछेकथामय ग्रथं । पुण्याश्रवाभिदानक ॥ १ ॥

॥ दोहा ॥

वर्द्धमान जिन वदि कै तत्व प्रगासन सार ।
पुण्याश्रव भाषा कहू भव्य जीव हितकार ॥ २ ॥

:o: :o: :o.

॥ अस्य व्रतस्य कथा ॥

जंबू दीप पूरव विदेह ॥ आर्य षड वस्त सफावती देस विषै सुसीमा नाम नगर ॥ तहां वरदत्त नाम चक्रवर्त राज्य करै ॥ एक दिन सर्वसामतादि ॥ मंत्रीजन सहित विचित्र रत्नमय सिंघासन परि वस्त्राभरनादि भूषित सभा मैं तिष्ठै थौ ॥ कोई पुरष वीनती करी ॥ हे देव नगर बाह्य गंधमादन गिर विषै सिव घोष तीर्थंकर ॥ केवल ग्यान विराजमान तिष्टै छै ॥ सुनिकर परम हर्षवंत होय ॥ परिवार सहित समोसरण गयौ ॥ भगवंत नै पूजि गण धरानै नमोस्तु करि ॥

:o: :o: :o:

अंत—

रामचंद्र मुनि अति परवीण । कथाकोस पुण्याश्रव कीन ॥
तिनकी कहा बड़ाई करौं । वचन करि निज उरमैं धरयौ ॥१८॥
अब तुम सुनहु भविक जन जोय । जाविधि ग्रंथ मैं भाषा होय ॥
जो कोउ पूछै कवि को नाम । दौलति आगै माडौ राम ॥११॥
जाति वानिया श्रावग सोय । षंडेलवाल जान्यौं सब कोय ॥
अल्ल कहियै कासलीवाल । आनंदराम स्वत वचन रसाल ॥
कारण पाय आगरे गयो । पुन्याश्रव सुनि अति सुष भयौ ॥
टोका भाषा करी चित चाय । घटि वढि पडित लेहु वनाई ॥१३॥
वसवै वास हमारो जान । घर आगै जिय मंदिर मांणि ॥

:o: :o: :o:

भूधरमल जिन धरमी टेक । रहै साहगज मै तहकीक ॥
जिन स्वमिरण पूजा परवीण । दिन प्रत कर असुभ कौ छीण ॥१५॥
हेमराज साधरमी भले । जिन वचमांनि असुभ दलमले ॥

:o: :o: :o:

संवत सत्रह सै विष्यात । तव धरि सत्तरि अरु सात ॥
भादव मास कृष्ण पष जाणि । तिथि पचै परवी पखाण ॥२५॥
रवि सुत को पहलो दिन सोय । अर स्वुर गुर के पीछे होय ।
वार यहै गनि लीज्यौ सही । ता दिन ग्रंथ समापत लही ॥२६॥

श्लोक

मगलं लेषकानां च पाठकस्यापि मगल ।
मगल सर्वलोकानां भूमिर्भूपति मगल ॥ १॥ शुभं ॥

इति श्री पुण्याश्रव भाषा बध बचनिका ग्रथ सपूर्ण ॥ शुभं भवतु ॥ श्री मिती कातिक सुदी ॥ २ ॥ संवत् ॥१८८७॥ पोथी लिषाई जीवन मल्ल ने रहने वाले जाइस के ॥

विषय—जैन धर्मानुयायी पुण्यात्माओ की कथाओ का वर्णन ।

रचनाकाल

संवत सत्रह सै विष्यात । तव धरि सत्तरि अरु सात ॥
भादव मास कृष्ण पष जाणि । तिथि पचै परवी परवाण ॥
रविसुत को पहलो दिन सोय । अर स्वुर गुर के पीछे होय ॥
वार यहै गनि लीज्यौ सही । ता दिन ग्रथ समापत लही ॥

संख्या १६८ब पुण्याश्रव कथाकोश भाषा, रचयिता—दौलतराम, कागज—देशी, पत्र—१६६, आकार—१२३/४ × ६३/४ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—६६४०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य गद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १७७७ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूड़ीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि--अथ पुण्याश्रव कथा कोश भाषा लिख्यते ।। श्लोक ।। श्री वीर जिनमानम्य ।। वस्तु तत्व प्रकासक ।। वक्षे कथा मय ग्रथ ।। पुण्याश्रवाभिधानक ।।

।। दोहा ।।

वर्द्धमान जिन वदि कै तत्व प्रकाशन सार ।
पुन्याश्रव भाषा कहु भव्य जीव हितकार ।।
:o: :o: :o:

अस्य वृतस्य कथा

जम्बूद्वीप पूरब विदेह ।। आर्य षड वछकावती देस विषै सुसीमा नाम नगर ।। तिहां वरदत्त नाम चक्रवर्ति राज्य कर ।। एक दिन सर्व सामतादि मत्रीजन सहित विचित्र रत्नमय सिंहासन परि वस्त्राभरणादि भूषित सभा में तिष्टौ थौ ।। कोई पुरष वीनती करी ।। हे देव नगर समीप गधमादन गिरि विषै सिव घोष तीर्थकर केवल ग्यान विराजमान तिष्टै छै ।।

अत--

अब तुम सुनहु भविक चित जोय । जा विधि यह ग्रंथ मे भाषा होय ।।
जा कोई पूछे कवि को नाम । दौलत आगरे मारघौ राम ।।११।।
जाति वानिया श्रावक सोइ । षडेलवाल जानहु सब कोइ ।।
अली कहीये कासलीवाल । आनदराम सुत वचन रसाल ।।
कारण पाय आगरै गए । पुन्याश्रव सुनि अति सुष भए ।।
टीका भाषा करी चित चाय । घटि वढि पडित लेहु वणाय ।।
:o. o: :o.
भूधरमल जिन धरमी ठीक । रहै साहिगज म तहकीक ।।
:o .o. :o:
हेमराज साधरमी भले । जिन वचमानि अशभ दलमले ।।
अध्यातम चरचा नित दरै । प्रभु के चरण सदा उर धरै ।।

।। चौपई ।।

सवत सत्रह सै विख्यात । तप धरि सत्तर अरु सात ।।
भादव मास कृष्ण पष जानि । तिथि पाचैं परवी वान ।।
रवि सुत को पहलो दिन सोई । अरु सुरगुरु कै पीछे होय ।।
वार यहै रवि लीजै सही । ता दिन ग्रथ समापत लही ।।२५।।

इति श्री पुन्याश्रव भाषा वध बचन का ग्रथ सपूर्ण ।। शुभं ।।

विषय--जैन धर्मानुयायी पुण्यात्माओं की कथाओं का वर्णन ।

रचनाकाल

सवत सत्रह सै विख्यात । तप धरि सत्तर अरु सात ।।
भादव मास कृष्ण पष जानि । तिथि पाचैं परवी वान ।।
रवि सुत को पहली दिन सोई । अरु सुर गुरु कै पीछे होय ।।
वार यहै रवि लीजै सही । ता दिन ग्रथ समापत लही ।।२५।।

सख्या १६८७ पुण्याश्रव कथाकोश भाषा, रचयिता--दौलतराम, कागज--देशी, पत्र--२७८, आकार--८६/८ × ५६/८ इच, पक्ति (प्रतिपृष्ठ)--११, परिमाण (अनुष्टुप)--६११६, पूर्ण, रूप--प्राचीन, लिपि--नागरी, रचनाकाल--स० १७७७ वि०, प्राप्तिस्थान--श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि--।। श्री जिनाय नम. ।। अथ पुण्याश्रव कथा कोश भाषा लिख्यते ।।

।। श्लोक ।।

श्री वीरजिनमानम्य वस्तु तत्व प्रकाशक ।
वक्ष्ये कथा मय ग्रथ पुण्याश्रव विधानक ।। १ ।।

॥ दोहा ॥

वर्द्धमान जिन वंदि कै तत्व प्रकाशन हार ।
पुण्याश्रव भाषा करूँ भव्य जीव हितकार ॥ २ ॥
सब जीवन कौ हित चहत करत आपको काज ।
सो गुरु मम हिरदै बसौ तारन तरन जिहाज ॥ ३ ॥

अंत—

जो कोई पूछै कवि कौ नाम । दौलत है जो आगै राम ॥११॥
जाति वानिया श्रावग सोय । षडेलवाल जानहु सब कोय ॥
अलि कहिये काशिलीवाल । आनंदराम सुत वचन रसाल ।
कारण पाय आगरै गए । पुन्याश्रव सुन अति सुष भये ॥
टीका भाषकरी चित्त लाय । घट वढि पंडित लेहु वणाय ॥१३॥
वसवै वास हमारो जान । घर आगे जिन मंदिर मान ।
:o: 'o' :o'
संवत सतरै सै विष्यात । तापरि धरि सत्तरि अरु सात ॥
भादव मास कृष्ण पछ जानि । तिथि पांचै परवी परवान ॥२५॥
रविसुत को पहिलौ दिन जोय । अरु सुर गुरु कै पीछ होय ॥
वार यहै गिन लीजौ सही । तादिन ग्रंथ समापति लही ॥२६॥

इति श्री भाषा ग्रंथ पीठिका दोहा चौपई समाप्ता ॥ पुण्याश्रव भाषा विवर्ण दान फल विवर्णनो षोडश वृत्ता समाप्ता ॥

विषय—जैन भक्तों की कथाओं का वर्णन ।

रचनाकाल

संवत सतरै सै विष्यात । तापरि धरि सत्तरि अरु सात ॥
भादव मास कृष्ण पछ जानि । तिथि पाचै परवीन परवान ॥

संख्या १६६ व्रत विधान रासो, रचयिता—दौलितराम (? दौलत राम), कागज—देशी, पत्र—२५ आकार—१४ × ६३/४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—६७५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १७६७ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर (बड़ा मंदिर), चूड़ीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ व्रतविधान रासो लिख्यते ॥

प्रथम सुमिरौ स्वामी वृषभ जिनंद ।
आदि तीर्थंकर सुष के जी वृंद ॥
तो नमो तीर्थंकर वीसद्वै ॥ नमो सनमति सदा सिव सुष धाम ॥
नमो परमेष्टी जी पचपद ता सुमिरे होय सुष अभिराम ॥
तो वरन करौ भवि जन का ॥ १ ॥

अहो नमो पारस जिन गुनह निधान ।
तास बनारसि जन्म को थान ॥
तो कमठ कमठ कमठ को मान मर्द्दन कीयो ।
बालपनै लीयो संयम भार ॥
तप करि मुक्ति पधारिया । ता पद कवि शिर इष्ट विचारि ॥ तो वरत० ॥ २ ॥

अंत—अहो बूंदी जी नग्र हाडा तनौं थान ।
राज करे बुध सिंघ कुल भांन ॥

तो पौरिण छतीस लीला करै गढ अरुकोट वन उपवन वाय ।
महल तलाव देवलघरणा श्रावग धर्म बहु भाय ।। तो वरत० ।।२७४।।

अहो जगतकीरति भट्टारक परमान ।
मूलसघ सरस्वतीगछ जांनि ।।
तो कुवा मुनि पाटई ब्रमचार आचारिज पडित भाय ।
और अरिय काजी सग मे मानत श्रावग इह अमनाय ।। तो वरत० ।।२७५।।

अहो पार्श्वनाथ चैत्या लोजी गाय ।
तहा पडित तुलछा जी वास रहाय ।।
तो सास्त्र समूह विद्या घनी । करई निरतर धर्म विहाव ।
सुषो जी काल पूरण करें तास चरचा ग्रथ पसाव ।। तो वरत० ।।२७६।।

अहो साह भामाधर सुत धनपाल । ताको चतुरभुज रूप रसाल ।।
ता सुत दौलितराम हुव कछु इक जिन गुण कहि अभिराम ।
वरत विधान रासो रच्यो ताकं पुत्र हरदेराम सदा राम ।। तो वरत० ।।२७७।।

अहो पाटणीगोत परसिध मही माहि ।
षमेलवाल जिनमतिय कहाहि ।।
तो श्रावग धर्म मारग भले करहि चरचा जिन वचन विलास ।
आन धर्म नहीं उवरे सहु परिवार बूंदीगढ वास ।। तो वरत० ।।२७८।।

:o: o :o:

अहो सवत सतरा सै सतसठि लीन । असोज शुकल दर्श परवीन ।।
तो लगन महूरत शुभ घरी वार गुरुवार नक्षतर जोग ।
तामहि ग्रथ पूरण भयो भविय सबोधन यह उपयोग ।। तो वरत० ।।२८०।।

अहो दोय सै इक्यासी जी छद निवास ।
आठ सै पचास लेषन सख्या तास ।।
तो एकसौ इकसठि तामै तप कह्या दौलितराम विविध वरणाय ।।
भवि करि मन वच काय सौं अनुक्रम सुर सुष सिव पद पाय ।। तो वरत० ।।२८१।।

इति वृत विधान रासो समाप्त लिषित जुगीमल श्रावग पल्लीवाल नवाबगज के लिषी पुस्तक व्रत विधान रासो की ।। मिति भादौ वदी १० रविवार ।।

विषय--जैन धर्मानुसार व्रतो का वर्णन ।

रचनाकाल

अहो संवत सतरा से सतसठ लीन ।
असोज शुकल दर्श परवीन ।।
तो लगन महूरत शुभ घरी वार गुरुवार नक्षतर जोग ।
तामहि ग्रथ पूरण भयो भविय सबोधन यह उपयोग ।।२८०।।

सख्या १७० महाभारत (सभापर्व, उद्योगपर्व, भीष्मपर्व और द्रोणपर्व), रचयिता--धर्मदास, स्थान--मउग्राम (उहारा), कागज--देशी, पत्र--३३०, आकार--८।। × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)--२१, परिमाण (अनुष्टुप)--६०६८, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--कैथी, रचनाकाल--स० १६६४ वि०, प्राप्तिस्थान--श्री प० पारसनाथ पाठक, पुराना रामपुर, डाक०--रामपुर, जिला--जौनपुर ।

आदि--श्री गणेशाय नमह कथा महारभारते सभापर्व लीखते श्री कृष्ण

दानव राकस आगे कीन्हा । जो जो चाहत हम सन लीन्हा ।
मानिक बीद्रुम औमकर पोशा । अमरक रूप रतन सब गेशा ।
वेस-देस की वस्तु लै आवही । दानव राजा हाल ही पावही ।
जहा चाही तहा तह वस्थली गैउ । रतन जरित सब हाथ जो लैउ ॥

दानव तब राकश संगे वस्तु तें लेइ आई ।
दूनव हार्थ लै कै दानव अमरेउ आई ।

भए दानव प्रात हो ते पानी । राजहि वस्तु देषावा आनी ।
नाम अनंत बीजै जेही केरा । सष दीन्ह जो पहिलेही बेरा ।
जथा ग्यान अवलोकन कीन्हा । भीमहि गदा हाथ लेइ दीन्हा ।
मनि मै कनक कती कह गहई । आउध बाटि बउध येक हरई ।

:o: :o: :o:

मध्य—धर्मदास रही भांतीन्ह भव माआ देषराइ ।
माआ मंदीर कह गऐ सभ सन बीदा कराइ ।

इति श्री महाभारते धर्मदास कृत सभा रचनोन्म प्रथमो अध्याऐ १

अंत—द्रोन पर्व एही भातीन्ह तीनी पहर दीन चारि ।
धर्मदास कवी वरना कुरु पडव की मारि ।

श्री नरसिह कृपा भै जवही । वरष पचीस केर कवी तवही ।
समत बीकर्म भुप क भऐउ । सोरह सो औ चौसटी गऐउ ।
जहा लगी उगं अथ वं भाना । ताही सलाम सकल सुलताना ।
मही वघेल वीकर्म कं सोके । उपम सत्र आही नही जाके ।
'मउ गाउ' अस देस 'उहारा' । 'वासुदेव' तेही भुंमी भुआरा ।
रीतु वसंत औ माधव मासा । पुन्य देवस तेही कीन्ह प्रकासा ।
भारथ सुने जवन फल होइ । पाछे वरती कहे सब कोइ ।

तीन्हकर तनै महा कवी धर्मदास कवीराज ।
तेन्ह के कुल मह अैसन वरनत लागत लाज ।

अपने कहेन करी वषाना । जगत वादीत जस जेही सब जाना ।
वीज्नु भगति पुरुषन्ह चलीअइ । जप तप नेम धर्म अधीकाइ ।
पडीत गुनकर पारावारा । भाषा मह कवी रीति रसारा ।
मृषावाद दोष कह डरउ । तेही वरेरन कवीत न करउ ।
अपने कहे न कीरति होइ । पर मुष अस्तुती सोभा सोइ ।
अपने सुष करषा न समाइ । इत्रौ कहे हरु होइ जाइ ।
वीन कहै घटी जानै लोगा । उदंक आषर जीभी जमोगा ।
हरीहर देव हरी ही लै आवा । चंद्रभान तेन्ह के कुल जावा ।
तेन्ह कर बस धर्म कर धामा । धर्मदास कवीराज क नामा ।

तासु तनं कुल मंडन कवी सेषर कवी गंग ।
जाकै मगस वीलास की वानी तरल तरंग ।

इति श्री महाभारते द्रोन पर्व पत्रमो अध्यऐ ५

विषय—महाभारत कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

सोरह सौ औ चौसटी गऐउ । संमत बीकर्म भुप क भऐउ ।

विशेष ज्ञातव्य—रचयिता ने अपने दो पुत्रों 'कवि सेषर' और 'कवि गग' का भी नामोल्लेख किया है। इनके पुत्र भी इनके जीवनकाल मे ही रचना करने लगे थे।

द्रोण पर्व की रचना धर्मदास ने पचीस वर्ष की अवस्था मे तथा चार दिन तीन पहर मे की थी—

"द्रोन पर्व एहो भातीन्ह तीन पहर दिन चारि।
धर्मदास कवी वरना कुरु पडव की मारि।"

"श्री नरसिह कृपा मै जवही। वरष पचीस केर कवीतवही।"

इसके पश्चात् 'कर्ण पर्व' तथा 'गदा पर्व' की रचना इनके पुत्र श्रीपति और गग ने (इनके मृत्यु के पश्चात्) स० १७१६ वि० मे की थी। यह पता नही चलता कि प्रसिद्ध कवि 'गग' ये ही (धर्मदास के पुत्र ही) थे अथवा अन्य। प्रस्तुत ग्रथ 'गग कृत कर्ण और गदा पर्व' के साथ एक ही हस्तलेख मे है।

संख्या १७१ विदग्धमुखमडन, रचयिता—धर्मदास, कागज—देशी, पत्र—२, आकार—८ × ८ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—५५, अपूर्ण (खडित), रूप—प्राचीन (जीर्ण शीर्ण), पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि— सारिका नीर सउउण वह गुण बन्तउ भमइ निरतरुणि घलु होतउ तरगि धइणहु फलु पतु तसु जो परि जानइ पावइ सोइ जरसु ७

गुणरु रखो घर घर चलइ सयल पियारो जिभनवु वरी लाय हुणारी। खनि वक्षइ मुघइ खणि एक ल्लीत हर्नाहि जह जाने विल्लो ८ पासा सारि प्रहेलिका जातिः

० ० ० ०

अत—. सुदाक सालसो विस्मइ चादालम् ६८

वलाहक विलेण ववलन लेहि केहि सोहइ धरणी मघाण देशरस . निल अरस लश्व वाला केहि सो पडि वेढि आहोति ६६

नलकल केहि शुद्ध मागधिकम वेरो पुछइ ककरणेराञ्चति किसणोर खाणे केहि
कघहि विन केहि सोभ समप्फ तिनि हित कयाइ।प ७०

अहितय के हिम यत्तूणकिफट वर्णाणि अलेह ताराण अत्था सग पवइ व पइनि सूत मस्स अहितप के हिम पभूण कि फट वर्णेणि अतह ताणा अत्था सणक वश्व फनि सूत नस्य भोत्तन रखोरत रतुरख सताइ या या मोहाधकार वहेस लपवितार्फान्त ७१

विषमलनम् शुद्ध पैशाचिकम जाणी जाणइ निन्दे भेवक्षि माकिस पूछइ वोल्लरे सभरे जोतिल सरस व पेडइ घानी कीम भणइ अइ सो विन्नाणो ७२

इति श्री धर्मादास कृते विदग्धमुखमण्डने तृतीय परिछेद.

विषय—शृगार काव्य (पैशाची भाषा मे)।

संख्या १७२ कवित्त (?), रचयिता—धारू, कागज—देशी, पत्र—१, आकार—१३ × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—२१, अपूर्ण (खडित), रूप—प्राचीन (जीर्ण शीर्ण), पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि—

. . . . भेष रचे सो तो झूठ कहे है।
धारू वदै नचै काठ की मूरति वाहि तौ प्राम पसू ह्वै रहे है॥२५॥

घनाक्षरी

वेद ,विधि बानी सेश शंकर बषानी छबि
अदभुत कहानी तत्व ध्यान में धसी रहै ।
बिसरै न पल एक निसु दिन सो एही टेक
बिमल बिबेक उर अंतर लसी रहै ।
'धारू' ए रीति प्रेम पूरन प्रतीति उर
नित नई प्री (ति) पद पंकज कसी रहै ।
अवध बिहारी सदा सुषदेनि हारी श्याम
मूरति तिहारी मेरे मन मे बसी रहै ॥२६॥
उत्तम शरीर नर पाइ हरि भजन को
कौल करि आइ परिपच लपटानि है ।
काम क्रोध लोभ मोह मत्सर गनीम येह
काया गढ घेरि लियो माया मे भुलाना है ।
सोर तोर सोर चहु ओर मुनियत सब
'धारू' एतो बातन्ह मे ठौर न ठिकाना है ।
मातु पितु बधु सुत दारा दीनबंधु बिनु
बिथा कोउ न जाना अत सबई बेगाना है ॥२७
सदन सनेह सुष सपति बेलास यह
छूटि जैहे आस जम फास जब डारिहै ।
सुत हित मीत परिवार भरे भवन में
राषि कवन सकै सब रोइ कै पुकारि है ॥
'धारू' भनि तब तौ भटकि भजौ भूत सब
अब वो पद बहि रहे दूरि ते निहारि है ।
कठिन को भीर पीर व्यापि है सरीर तब
बिना रघुवीर कहु कवन तोहि उधारि है ॥२८॥

मातु पिता सुत बंधु सहोदर प्राण गए कोउ साथ न जैहै ।
राषि सकै हित को जग मे सब लोग इहां के इहा पक्षतैहै ।
'धारू' भनै हरि नाम भजो जु सोई भव बंधन को निवकैहै ।
षरिचहु षाहु षिआवहु यारो धरा मे धन काम न ऐहै ॥२९॥
शुनिरहु नाम सदा सुष दायक रघुकुल कज बिपिन दिन करके ।
रहति न बिथा नेकु उर अन्तर अवढर ढरन जाहि पर ढरके ।
सुष समूह भरि करत देवस निसि ज्यो जग सघन बुद चलधरके ।
'धारू' मनै क्रम बचन कपट तजि भजि लेहु सरन सुषद रघवर के ॥३०॥

अगम . अगोचर अषडित प्रताप पुज गावै वेद चारि जाको सुजस सुधारि कै ।
सिव सनकादि ब्रह्मादि सुरसिद्ध मुनि अन्त को न पावै सभ थक्यौ हिय हारि कै ।
'धारू' भनि भूरि भय भजन अलष रूप लषि न परै मन देषहु बिचारि कै ।
मोद भरी कौशिला सो गोद लिहे अनादि ब्रह्म चुवत कपोल लोल लोचन निहारि कै ॥३१॥

मोह महा भ्रम जालनि माहि फस्यौ हे गवार न चेत करो सो ।
कौडी से जोरि करोरि किहो ले गये वन बटोरि धरा धन कोसो ।
'धारू' यहां सब झूठ प्रपच न नात न गोत नराधप रोसो ।
राम के नाम से काम सदा एह चाम रगे तन कवन भरोसो ॥३२॥

—आद्योपांत उद्धृत

विषय—भक्ति और ज्ञानोपदेश ।

संख्या १७३ सुदामाचरित्र, रचयिता—धिरजाराम, स्थान—रामगढ शहर, कागज—देशी, पत्र—६, आकार—१० X ५।। इच, पक्ति (प्रति पष्ठ)—६, परिमाण (अनुष्टुप)—१०८, अपूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १७८७ वि०, प्राप्ति स्थान—श्री प० नर्वदेश्वर जी, ग्राम—धनधरा, डाक०—लोटन, जिला—बस्ती।

आदि—श्री गणेशाय नमः त्रीभदी छंद ।।

तन सुदर लाला शिशु शशि भाला गौरि सुतम् ।
कर जलज विकाशा अंकुश पाशा पूरत दाशाभिष्ठ युतम् ।
वाण(ा)पति वदन सोभित रदन सुदामासदनं आपुरुदं ।
वंदो गननायक मगल दायक अज शिवगायक चरित गुढ़ं ।

दोहा

सारद गौरि महेस पगवदत हौं एक दंत ।
तूरण सभ सविधि आस मम पूरण करहु अनंत ।
नारद भारद्वाज शुक व्यासदेव हिमवत ।
अनि अनलगंधर्व रवि पुनि वदो हनिवत ।
अलप विषय मति मोहि है हरि को कथा अपार ।
कविजन चुक निवारीहौ करहु न हास हमार ।
छद वद्य जानत न हियो उपजो अति अभिलाष ।
ज्यो वामन क लोभते चहैउ चतुर शाष ।
७ ८ ७ १
नग वसु सागर चद लौ मौ संवत संचार ।
मेचक पछ वैसाष के कथा किन्ह अनुसार । ६
विष्णुसिह नृप नगर में वसौ सदासुष पाय ।
दानमान सनमान जत देषत अवर सिहाए । ७
प्रथमहि निजकुल नामकहि कहिहौ कथा रसाल ।
साकलद्वीपी कुल भयो 'मोहनाष्य' गुणमाल । ८
तासु तनै श्रीकात भौ गुण आपार मतिधीर ।
दामोदर तिन्हके तनै जासु वुद्धि गभीर । ९
मुरलीधर तिन्हके तनै तासुतनै मौ चारि ।
'धिरजाराम' सुनामतिन्ह जिन्ह ए कथा सुधारि ।१०
अनुजह 'गोविराम' त सुतं सो मनसाराम ।
दशाराम लघु सभन्हिते सोहै गुण को धाम ।११
सहर रामगढ कह रहै अहै तहा मम धाम ।
स्याम सुदामा की कथा वरणत 'धीरीजाराम ।।१२

अंत—

सवैआ

आजुहि आवनमीत कहो नहि नेकु नगारो सुनातकहि ।
कोउ नहि पथ आवत पेषहि दूरिलौ लोचन लाए रही ।
वूझत कै धिरिजा जिन्हके गुण आनद चीत्त वीशाल लही ।
केतिक सैन चलै तिन्हको जेहि कारन आवत वेगि नही ।५०

दो०

तावच सुनी हरि हसौ कहौ सुमुषि धरहु मनधिरा ।
उत दिग पग उग मग महि परि षरी जिमी ।५१
निसरि सुदामा नगरते मनमे करहि गुणान ।
गथ द्वारिका ठामरि केहि वीधी पैहौ जान ।५२

सवैश्रा

ठाढ़ु हुश्रो करजोरि जहां सुवृंद नरेंद्र भिरि घनेरो ।
झूमत द्वार षड़े गज मत्तु दुहु दिसु राजि ब्राजि श्रडेरो ।
पूछे गोको तितु मोहि भिखारीहि धुमरु श्रग कुरगु वसेरो ।
सूचति मूरति सोच भय दिज जाउ उतै फिरि वरि जाउ के डेरो ।

दोहा

होनी होए सो होए अवराषे लाजनका ।
एहि गहि दिनवर पथग सुमिरि चरन व्रजराज ।५४
महागहन वन वर गए भिलिलन भिल्ल अनेक ।
जहां तहा निरषत भय विकट भय अविवेक ।५५

—अपूर्ण

विषय—सुदामाचरित्र ।

रचनाकाल

नग वसु सागर चदलौ भौ सवत् सचार ।
मेचक पछ वैशाख के कथा किन्ह अनुसार । ६

विशेष ज्ञातव्य—प्रस्तुत ग्रथ मे कृष्ण तथा सुदामा की भेट का वर्णन अत्यत सरसभाषा मे किया गया है । रचना काव्य की दृष्टि से उच्चकोटि की है ।

सख्या १७४. अलकार मुक्तावली, रचयिता—धीर (धीरसिह), कागज—देशी, पत्र—१४, आकार—६६/०×६६/०, उच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, परिमाण (अनुष्टुप)—२२७, पूर्ण, रूप—प्राचीन (जीर्ण), पद्य गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८५२, प्राप्तिस्थान—दयन सदन, अमेठी राज्य, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—श्री गणेशाय नम: अथ अलकार मुक्तावली लिष्यते ॥६०॥

॥ दोहा ॥

विघ्न हरन आनद करन गनपति होहु सहाई ।
अलंकार आरभ किय दीजे बुधि बताइ ॥ १ ॥
करि प्रणाम गुरु ब्रह्मको इनमे भेद न कोइ ।
अधम जानि ससार मै सो कारजाने दोइ ॥ २ ॥
सेषनाग नहीं कहि सक लष न अर्जुन सोइ ।
तवगुन अधिक अपार है वर्नन कैसे होइ ॥ ३ ॥
किये प्रवेस या जगत मै सबमे मिलि सम भाई ।
नमस्कार ता पुरुष कौ सवतें न्यारो आइ ॥ ४ ॥
इद्री मन वुधिम जहा मिल्यो नही सो मानि ।
नमस्कार निज रूप कौ सव त न्यारौ जानि ॥ ५ ॥

अर्थपूर्ण उपमालकार

अलकार उपमा इहै आनन चंद समान ।
साधारन प्रगास है कीनो "धीर" वषान ॥ ६ ॥
साधारन प्रगास है कीनो "धीर" वषान ॥ ६ ॥

॥ अर्थ ॥

जहा च्यारि बस्तु बर्नन होइ तहा पूर्ण उपमा अलकार होइ ॥ उपमान ॥ १ ॥ उपमेय ॥ २ ॥ उपमा वाचक शब्द ॥ ३ ॥ साधारन धर्म ॥ ४ ॥ ये च्यारि मिलै सो पूर्ण उपमा कहिये ॥

अंत--- ।। अथ प्रतिषेध ।।

करि निषेद जा वस्तु को फिरि प्रतिषेद बषानि ।
कपट यहै जुवानही तीछन वान सुजानि ।।७३।।

।। अथ विधि ।।

सिधि वस्तु फिरि वरनियै अलकार विधिवत ।
वरषा मे वन र्राह रटै कोकिल कलित वसत ।।७४।।

।। अथ हेत ।।

हेत हेत मत साथ ही अलकार इह हेत ।
उदित भयो ससि माननी मानछेद करि देत ।।७५।।
ग्रथ चंद्र अवलोकिकै दीनौ अर्थ जनाय ।
अलकार मुक्तावली कीन्ही "धीर" बनाय ।।७६।।

इति श्रीधर कृत अलकार मुक्तावली सपूर्ण लिषित जोधराज पठनार्थे महाराजाधिराज राजा जी श्री ५ चद्रभान नी सवत १८५२ चैत्र वदि ४ रविवासरे स्वभमस्तु मागल्य ददाति ।। श्री रामजी ।।

विषय---अलकार वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य---साहित्यिक दृष्टि से रचना उत्तम है । यह चद्रालोक के आधार पर रचा गया है---

'ग्रथ चद्र" अवलोकि कै दीनौ अर्थ जनाय ।
अलकार मुक्तावली कीन्ही धीर बनाय ।।

इसकी विशेषता यह भी है कि कही कही विषय को अच्छी तरह समझाने के लिये गद्य का भी प्रयोग किया है ।

सख्या १७५ बयालीस लीला, रचयिता---ध्रुवदास जी, स्थान---वृदावन, कागज---(आधुनिक, पत्र---२४४, आकार---५६० × ५४० इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)---१४, परिमाण (अनुष्टुप)---३४१६, पूर्ण, रूप---प्राचीन पद्य, लिपि---नागरी, रचनाकाल---स० १६८६ लगभग, लिपिकाल---स० १६४८ वि०, प्राप्तिस्थान---श्री हिंदी साहित्य पुस्तकालय, मौरावाँ, जिला-उन्नाव ।

आदि---श्री गणेशाय नम श्री राधावल्लभोजयति श्री व्यासनदनोजयति ।। अथ ध्रुवदास कृत लीला बयालीस लिष्यते ।।

।। चौपाई ।।

जीव दसा सुनि कछु इक भाई । हरिजस अमृत तजि विष षाई ।। १ ।।
छिन भगुर यह देह न जानो । उलटी समुझि अमरही मानो ।। २ ।।
घर घरनी के रग य राच्यो । छिन छिन लौ कपि नट ज्यौ नाच्यौ ।। ३ ।।
करी न कबहू भजन सम्हारी । ऐसे मगन रह्यौ व्यौहारो ।। ४ ।।
छं स्वासा या घट मैं चलै । जो बिछुरे तो कबहू न मिलै ।। ५ ।।
वय गई वीति जात नहि जानी । ज्यो सावन सलिता को पानी ।। ६ ।।

°o: .o °o.

जो चहत है नित्य सुख अरु मन को विश्राम ।
हित ध्रुव हित सो भजनरहू पल पल स्यामा स्याम ।

इति श्री जीव दसा लीला सपूर्णम् ।। अथ वैद्यक ग्यान लीला लिख्यते ।।

।। चौपाई ।।

वैद एक पडित अतिभारी । ठाढो सबसो कहत पुकारी ।।
जेसो रोग होइ है जाको । तैसी औषधि दैहौ ताको ।।
यह सुनि एक गयौ तिहि नेरे । ऐसो वल औषधि को तेरे ।।

मेरें विथा बढी अतिभारी । कहु मोसो कछु सोच विचारी ॥
तेरे रोग कहा है भाई । ताको औषधि देहु बताई ॥
पाप कर्म अधिको मै कीने । महादुखी तिहि रोग के लीने ॥ ६ ॥

अंत—

यह लीला हित जो ध्रुव गावं । प्रेम भक्ति सो दृढ़ करि पावै ॥१६०॥

॥ दोहा ॥

प्रथम नेह ऐसे भयो बिना यतन अनियास ।
यह रस गावत सुनत ध्रुव होत जो प्रेम प्रकास ॥१६१॥

इति श्री व्रज लीला सपूर्णम् ॥ ४२ लीला ॥ शुभ मस्तु शुभमभूयात् ॥ सवतु १६४८ **वैशाष शुक्ल अष्टम्या शनिवारे लिखित रामप्रसाद पाठक सहवासी माराये के पठनार्थं स्व आत्मार्थम् ॥ श्री राधावल्लभोजयति श्री हित हरिवशचद्रोजयति श्रीराधायैनम. ॥**

विषय—राधाकृष्ण की ४२ वृज लीलाओ का वर्णन । लीलाओ का नाम नीचे दिया जाता है—

१ जीवदसा लीला, २ वैद्यक लीला, ३ मनशिक्षा लीला ४ व्याहहुलास लीला, ५ नामावली या भक्त नामावली, ६ जावन वृहद् पुरान, ७ सिद्धान्त विचार लीला, ८ प्रीति चोवनी लीला, ९ भजनाष्टक, १० आनदाष्टक, ११ भजन कुडलिया, १२ भजन सत लीला, १३ वृदावन सत लीला (स० १६६८), १४ सुखमजरी, १५ शृगारसत लीला, १६ रसमुक्तावली, १७, सभामडल सिगार लीला, १८ श्रृगार लीला; १९ प्रियाजी की नामावली, २० अनुराग लीला, २१ रसानद लीला २२ रग विहार लीला, २३. रहस्य-मजरी लीला, २४, नेहमजरी लीला, २५ रसविहार, २६ रगहुलास, २७ रगविनोद, २८. आनददशा विनोद, २९ रहस्यलता लीला, ३० प्रेमलता, ३१ मानविनोद, ३२ वनविहार लीला, ३३ दानलीला, ३४ रतिमजरी, ३५ प्रेमावली ३६ रगरत्नावली, ३७ रस हीरावली, ३८ मनसिगार, ३९ नृत्य विलास लीला, ४० युगल ध्यान लीला, ४१ आनद लता, ४२ इसका पता नही चला ।

सख्या १७६. कोकसार, रचयिता—नद और मुकुद, निवासस्थान—जगरकैटी, कागज—देशी, पत्र—५५, आकार—१० × ६¼ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य लिपि—कैथी, रचनाकाल—स० १६०० के लगभग, प्राप्तिस्थान—शारदा सदन पुस्तकालय, रायबरेली ।

आदि—

:o· o ·o·

॥ जी दोहा ॥

चारी भाती की नाएका, चारी भाती नर लोए ।
कवी मकुद ऐसी कहै सुनो रसीक रस होए ॥
भोग करन की सजीवनी सतत सुषद विलास ।
सतत सुषद वीलास मनमथ जोखनी है एह सुष दासी दास ॥
समत सोरह सौ वरष एते रसा जो आही ।
माघ मास सुकल तीथी सतमी कथा कीन्ह कवि चाही ॥
जगरकैटी वास तहा चीतासनी चीत चार ।
ताके सुत कवी नद भए कवी मकुद उजीआर ।
दुनो भ्राता गुनगनी दुनौ चतुर प्रवीन ।
दोऊ रस के हेतु करी कीन्ह कोक नवनीत ॥
जाके गुन के सग रहै कोकसार अस ग्रथ ।
जो कोउ रसीक वीचारी है जोनी परोरथस पथ ॥
अली सुमन वन अलीयन चढी विभावन कत ।
द मधु रीतु अती जाही रुची रवनी जे मन आनंद ॥

वरनौ काम अभीराम छवी विरनौ भामीनी भोग ।
सकल कोक दधि मथन करी रचो सार सुष जोग ॥

अंत—कहै कोक प्रमान सत कै जान ।
जेही जेही कहा सत कै मान ॥

इती श्री कोकसास्त्र सपुरन ॥

विषय—कोकशास्त्र विषय वर्णन ।

रचनाकाल

समत सोरह सै बरस एते रसा जो आही ।
माघ मास सुकल तीथी सतमी कथा कीन्ह कवी चाही ॥

संख्या १७७ पंचाध्याई, रचयिता—नंददास, कागज—देशी, पत्र—१३, आकार—८६. × ५ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—२३४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, लिपिकाल—सं० १७८० वि०, प्राप्तिस्थान—श्री डा० भवानी शंकर जी याज्ञिक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—श्री गणेशाय नम ॥ लिषित पंचाध्याई ॥
वदन करौ कृपा निधान श्री सुक सुभकारी ।
सुधि जोतिमय रूप सदा सुंदर अविकारी ॥
हरि लीला रस मत मुदित नित विचरत जग मे ।
अद्भुत गति कछु नाहि न परत हुई निकसत मग मे ॥
नीलोतपल दल स्याम अंग नव जोवन राजे ।
कुटिल अलक मुष कवल मनो अलि अवली राजे ॥
ललित विसाल सुभाल दिपत जानो निकरि निकर ।
क्रिश्न भगति प्रतिबिंब तिमर कहु कोटि दिवाकर ॥

अंत—यह उजल रसमाला कोटि जतनन पोई ।
समाधान हेरौ परिहरौ तोरा मति कोई ।
श्रवन सार कीरतन सार सुमिरन है पुनि ।
ग्यान सार हरि ध्यान सार श्रुति सा (र) गुथी गुनि ॥
अघ हरनी मन हरनी सुंदर प्रेम वितरनी ।
नंददास के हीए वसो नित मंगल करनी ॥

इति श्री नंददास कृत पंचाध्याई संपूरन
जद्रिस पुस्तिकं दृष्ट्वा तद्रिस लिषतं मया ।
जदवा सुध असुध मम दोस न दीयते ॥

संवत १७८० मीती पूस सुदी १३ वार सनीचर वार को लीषी दसषत डालचंद ब्राह्मन के ॥ सुभमस्तु शुभ भवत् ॥

विषय—श्री कृष्ण और गोपियों का रास वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—इसके साथ निम्नलिखित रचनाएँ हैं—

१ स्याम सनेही—आलम कृत ।

२ ब्रह्म नाममाला योग सिद्ध—नित्यानंद कृत ।

इनके विवरण ले लिए गए हैं । स्यामसनेही से लिपिकाल सं० १७७५ वि० है ।

संख्या १७८क सुदर्शन चरित्र, रचयिता—नंद (नंददास), कागज—देशी, पत्र—२४, आकार—१२½ × ६½ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—६६३, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १६६३ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर (बड़ा मंदिर), चूड़ीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—ॐ नमः सिद्धेभ्यः ॥ अथ सुदर्शन चरित्र लिष्यते ॥

॥ सोरठा ॥

प्रथम सुमिरि जिन पाइ सहित सुरासुर नाग षग ।
भव भवपातिक जाइ सिद्धि सुमति साहस बढै ॥ १ ॥

॥ दोहरा ॥

इद चद अरु चक्कवे हरि हलधर पाणि नाह (?हलधर) ।
तेऊ वरनन नहि सके जिनगुन अगम अथाह ॥ १ ॥

:o. .o· :o:

॥ दोहा ॥

मन वच क्रम गुरु चरन नमि परहित उदित जुसारु ।
करहु सुमति जन नद की कहे कथा विस्तार ॥ ६ ॥

:o. o :o:

गणधर पद पावन गुन कद । भट्टारक यश कीर्ति मुनिद ॥
तापट प्रगट महि मे जसु जासु । लीला कियो मदन को नासु ॥११॥
नाम सुषेमकीति मुनिराइ । जाके नाम दुरित छय जाइ ॥
तासु पद श्रुतसागर पार । त्रिभुवनकीति कीर्त्ति विस्तारु ॥१२॥
तासु समीप सुमति कछु लई । उकति वृद्धि मेरे मन भई ॥
नैना नदि आदि जो कही । ताही विधि वाध्यो चोपही ॥१३॥
जबुदीप दीप परधान । सब दीपन मे जाको मान ॥
भरथ क्षेत्र तामे अतिचारु । शोभाकहत होत विस्तारु ॥१४॥

॥ सोरठा ॥

सर सरवर जलपूर कूप अनूप अमरामरस ।
जन धन कनक कपूर विविध भोग अर जोगनिधि ॥१५॥

॥ दोहा ॥

मगधदेश विप्यात महि जा सेवत सुर वृद ।
राजग्रह पुर तह बसे शेनिकराइ नरिद ॥१६॥

अत—

॥ दोहा ॥

अगम आगरो पवरुपुरु उट (?उच्च) कोट प्रासाद ।
तरे तरगिनि नदि वहे नीर अमि सम स्वादु ॥५०१॥

॥ चौ० ॥

भाषा भाउ भली जह रीति । पालहि बहुत गुनिन सो प्रीति ॥
नागर नगर लोग सब सुषी । पर पीरक ते कर्म्म ते दुषी ॥५०२॥
धनकन पूरन तुग अवासु । वसहि निसक धर्म्म के दास ॥
छत्राधीश हसाऊ वश । अकबर नद वैरि विध्वस ॥ ३ ॥
तषत बषन पूरो परचड । सुर नर वस नृप मानहि डड ॥
नाम काम गुन आनन वियो । रचि पचि आपु विधाता कियो ॥ ४ ॥
जहागीर उपमादेऊ काहि । श्रीसूलितान नूरदीसाहि ॥
कोशदेश मत्री मति गूढ । छत्र चमर सिघासन रूढ ॥ ५ ॥
करे असीस प्रजा सब ताहि । गुन वरने सु इतीमति काहि ।
सत सोरहसे उपरत । त्रेसठि जानहु वरिष महत ॥ ६ ॥

॥ सोरठा ॥

माघ उज्यारे पाष गुरुवासर दिन पचमी ।
बधि चोपही भाष नद करी मति सारशी ॥ ७ ॥

॥ दोहरा ॥

कथा सुदरशन शेठि की पढे सुनै जो कोइ ।
पहिले पावे देव पद पाछे शिवपुरी होइ ॥५०८॥

इति श्री सुदर्शन चरित्र महाश्शीलाधिकार नद . .

विषय--जैन धर्मानुयायी सुप्रसिद्ध सुदर्शन सेठ की कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

सवत सोरह से उपरत । छेसठि जानहु वरिष महत ॥ ६ ॥

॥ सोरठा ॥

माघ उज्यारे पाष गुरुवासर दिन पचमी ।
बधि चोपही भाष नद करीमति सारशी ॥ ७ ॥

सख्या १७८ख सुदशन चरित्र, रचयिता--नद या नदलाल, कागज--देशी, पत्र--२४, आकार--६$\frac{३}{१०}$ × ६$\frac{७}{१०}$ इंच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)--११, परिमाण (अनुष्टुप)--६२७, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, रचनाकाल--स० १६६३ वि०, प्राप्तिस्थान--श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि--ॐ० नम सिद्धेभ्य. ॥ अथ सुदर्शन चरित्र लिष्यते ॥

॥ सोरठा ॥

प्रथम सुमिरि जिनपाइ सहित सुरासुर नाग षग ।
भव भव पातिक जाइ सिद्धि सुमति साहस बढै ॥ १ ॥

॥ दोहरा ॥

इद चद अरु चक्कवै हरि हल हर पातिणनाह ।
तेऊ वरनन नहीं सके जिनगुन अगम अथाह ॥ १ ॥

॥ चोपही ॥

सुमिरि शारदा जिनवर वानि । करौ प्रनाम जोरिकर पानि ।
सुरिष सुमिरे पडित होइ । पापपक मल डारे धोइ ॥ ३ ॥
जे कवि कवित पुराण प्रवान । ते मानहि देवी की आनि ॥
प्रथम सुमिरि शारद मन धरो । तो कछु कवित्त बुद्धि अनुसरो ॥ ४ ॥

अत--अगम आगरो पवरु पुरु उट कोट प्रासाद ।
तरे तरगिनि नदि वहे नीर अमीसन स्वादु ॥

॥ चौ० ॥

भाषा भाव भली जह रीति । पालहि वहुत गुनिन सो रीति ॥
नागर नगर लोग सब सुषी । परपीरक ते कर्म्मते दुषी ॥५०२॥
धनकन पूरन तुग अवासु । वसहि निसक धर्म्म के दास ॥
छत्राधीश हमाउ वश । अकबर नद वैरि विध्वस ॥ ३ ॥
तष्त वषत पूरो परचड । सुर नर वस नृपमानहि डड ॥
नाम काम गुन आनन वियो । रचिपचि आपु विधाता कियो ॥ ४ ॥
जहागीर उपमा देउ काहि । श्री सुलितान तुरदी साहि ॥
कोश देश मत्री मति मूढ । छत्र चमर सिघासन रूढ ॥ ५ ॥
करे असीस प्रजा सब ताहि । गुन वरने सुद्धतो मति काहि ॥
सवत सोरह उपरत । छेसठि जानहु वरिष महत ॥ ६ ॥

॥ सोरठा ॥

माघ उज्यारे पाष गुरु वासर दिन पचमी ।
बधि चौपही भाष "नद" करी मति सारशी ॥ ७ ॥

।। दोहरा ।।

कथा सुदशन शेठि की पढ़ै सुनै जो कोइ ।
पहिले पावे देव पद पाछे शिवपुरी होइ ।।५०८।।

इति श्री सुदर्शन चरित्र महाशीलाधिकार नद . . . .

विषय—जैन धर्मानुयायी सेठ सुदर्शन की कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

संवत सोरह (सै) उपरंत । त्रेसठि जानहु वरिष महत ।।

।। सोरठा ।।

माघ उज्यारे पाष गुरुवामर दिन पंचमी ।
बधि चौपही भाष नद करी मति सारशी ।। ७ ।।

सख्या १७८ग. यशोधर चरित्र या जशोधर चरित्र, रचयिता—नद या नदलाल, कागज—देशी, पत्र—३१, आकार—१२½ × ६¼ इच, पक्ति (प्रति पृष्ट)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—८५२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १६७० वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—ॐ० नमः सिद्धेभ्य श्री गुरु चरण कमलेभ्यो नम श्रीवाग्वादिनीभ्यो नमः ।। लिखित जशोधर चरित्र ।।

।। चोपही ।।

सुमिरि देउ अरहत महत । गुण आगम लहे को अत ।।
जाके माया मोह न मान । लोकालोक प्रकासन ज्ञान ।। १ ।।
जाकें कागज दोष न बैद । षितिपति रक न जाके भेद ।।
राषें हरषन विरचेवकु । सुमिरत नाम हरे अघ चक्र ।। २ ।।

अंत— **।। दोहरा ।।**

सवत सोर शे अधिक सत्तरि शावन मास ।
सुकुल सोम दिन सत्तमी कही कथा मृदुभास ।। ६ ।।

।। अरिल्ल ।।

अगरवाल वर वश गौ सुना गाँव कौ ।
गोइल गोत प्रसिद्ध चिन्ह ता ठाव कौ ।।
माताहि चदन नाम पिता भयरौ भन्यो ।।परिहा।।
नद कही मन मोद गुनी गनना गन्यो ।। ७ ।।

इति श्री जसोधर चरित्र कथा नद कवि रचित सपूर्ण भवति ।। शुभ ।। शुभमस्तु ।।

विषय—जैन धर्म कथाओ के अतर्गत यशोधर चरित्र वर्णन ।

रचनाकाल

सवत सोर शे अधिक सत्तरि शावन मास ।
सुकुल सोम दिन सत्तमी कही कथा मृदुभास ।। ६ ।।

सख्या १७९क शालिहोत्र, रचयिता—नकुल, कागज—देशी, पत्र—३४, आकार—६¾° × ५ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—८१६, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६०१ वि० प्राप्तिस्थान—नागरी-प्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—

. . . .

. . . . . तन रण मे चल भगाइ ।।
ए लक्षण चहू वर्ण के सबके सब नहि होत ।
मिश्रित अग पहिचानिए तैसे करै उदोत ।।

विप्र योग्य है चारि तीनि नराधिप को भलें ।
वैश्व सुषद है दोइ एक सूद को चाहिए ।।
कोउ पडित कहत है राजन के सब योग्य ।
क्षत्री जाति विजै रण लेइ । धन के काज वैश्व चढि जाइ ।
औरौ काज सूद्र सुषदाइ ।।
चारिहु जाति रहैए जहि के । सपति करै सदा ए तेहि के ।।
वाजी सोवत है सदा जागत कबहु नाहि ।
कीतौ जागे रण समै कीकार मुष माहि ।।
:o: :o: .o:

॥ इलाज घोरे के पक्षाघात मारे की ॥

कूटकी १।२५ हुरहूर के बीज १।२५ माईरीयाकी १।२५ सिलाजित १।२५ हरदी १।२५ दास हरदी १।२५ सवुन १।२५ सोठि १।२५ इागुर।२५ हर १। रुसे का काहु १।२५ नहि मा औषद वूकि कै मिलाऊ ।। तीनि रोज देइ मोथी का दाना दुसेवा देव घोरा भला होइ ।।

अत--जेहि धोरे का नारा नीकसा रहै तेहि के लक्षण ।।

पेसव वार वार करै ।। क्षलकै वार वार ।। नारा मा पपटा परै नारा निकसा रहै ।। तेहि का मुतरा रोग कहो । माथ चुरत रहै टपमारा करै ।। देह कापत रहै ।। दिन दिन सुषत जाइ ।। पाछे के रग मोटि परि जाइ ।। पाय की तौ मूतरा जानी ।।

॥ तस्य औषद ॥

गुर्च का सतु २। धानी के वाउर का सत २। गोहु का सतु २। मिरिच २। चूर्ण कै कै आठ टका भरि ममाषी मा सानव ।। तेहि की दण पोडी वाधव १० एक गोजी प्रातं देव मोथी का दाना मा ।। ऊपर ते सेरे हटा की पाती का रस देव १० दाना उरिदु का देव भल भला होई ।।

इति श्री शालहोत्र नकुल कृते समाप्त ।। लिषित मतिराम मिस्र लेन शुभ भूयात् सवत १९०१ शाके १७६६ मीती कार्त्तिक शुक्ल पक्षे एकादस्य वुध वाशरे ।। राम

विषय--शुभाशुभ घोड़ों का वर्णन तथा उनके रोगोपचार आदि का विवेचन ।

विशेष ज्ञातव्य--नकुल पाडवों मे से एक भाई था और वे सबके सब परीक्षित के जन्म के पहले ही स्वर्गारोहण कर चुके थे । ऐसी दशा मे प्रस्तुत ग्रंथ का रचयिता कोई अन्य नकुल भी हो सकता है । पर अन्य प्रमाण के अभाव मे इन्हे ही रचयिता माना गया है ।

संख्या १७९ख शालिहोत्र, रचयिता--नकुल पंडित, कागज--देशी, पत्र--२१, आकार--८ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--१४, परिमाण (अनुष्टुप)--४४१, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य गद्य, लिपि--नागरी, प्राप्तिस्थान--श्री प० आद्याशंकर जी त्रिपाठी, ग्राम--रुधवली, डाक०--मरपतहा, जिला--जौनपुर ।

आदि--श्री गणेशाय नम

सूर्यदेव नमस्वयामि वाजि वाहनमुत्तमम् सर्वदेव मयो जेष्ट वाजि रक्षा सुखाकर: १ सर्वदेव मये सूर्य सर्व ज्ञान दया पर चतुष्पादो वन्दस्य मुक्ति मुक्ति फलद २ टीका

प्रथम सूर्य देवता के नकुल नमस्कार करति है मृतलोक के देवता सूर्य है सूर्य के वाहन अस्व है ज्ञान दया रूप गउ है घोटक औ गज सभा(र) मे प्रच्छे है घटक ते राज पावे राज्य ते दाता भोक्ता होय दाना ते गउदान दे इतिहिनी मुक्ति भुक्ति लाभ होइ भाग्यवत पुरुष का कामधेनु अरु अस्व मिले सर्व अश्व वारावार नहि है लछन अलछन जानि वाजी नकुल कहै ।

अत--

श्लोक

दिन मुत्र कर पेदस्थ क्रोपे क्रोते छपात्तरे
वाजि वद्यानश्च कामा धास मुष्टि ये वर्जितम ।।

टीका

वहु कोस माम पेसाव लीदिं करावें नहि पानी वाछित दीजें खाइ ।। जैसे साव लीविक स्या पाछे दाणौ न देधो ।।१७।। इति श्री नकुल पडित कृत शालिहोत्र अश्व प्रमान परीक्षायां पंचमो अध्याय अथ रक्तश्चाप औषधि लिख्यते

विषय—अश्व विषयक रोग तथा चिकित्सादि का लक्षण वर्णन ।

संख्या १८०. बारहमासा, रचयिता—नत्थन, कागज—देशी, पत्र—२, आकार—१० × ६।। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२१, परिमाण (अनुष्टुप)—१६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १६२२ वि०, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी (दाता—श्री दलपति सिंह जी, ग्राम—प्रान का पुरा, डाक०—लाला की बाजार, जिला—प्रतापगढ़ ।)

आदि—**बारहमासा नत्थन कीत लीखते ।।**

जानें कौन पराएे मन की पीय वीन एेह गत हुई वीरहन की ।
लागे असाढ उमग घन घोरा मोरा सोर करन लागे,
गरज सुनत मोरा छतीया लरज गई एह दुख कठीन चोट सही घन की ।
पीय वीन एह गत...... ।१।
सावन समुझ हुई नही पीआ को जीव को दीना नीपट अदेसा,
चहुं दीस वदरा झुक झुक आवें उनको भावें वातें रन की ।
पीअ वीन एह गत...... ।२।
भादो भरन परनें एेह लागी रैन झुकी काली अधीआरी,
मै दुख पारी भरूं दुख भारी लागी कटारी प्रीत परन की ।
पीय वीन एह गत...... ।३।
कुआर करार कीआ पीआ नें झुठी अवध में सकल दीखाई,
टूटन चली जोगनी आपनी के राह गहुगी में माधो वन की ।
पीय वीन एह गत ..... ।४।
कातीक पंथ करें कव फेरा छोर व्याकुल जीवरा मेरा,
घर घर नारी रचें दीवारी हमकौ आस लगी दरसन की ।
पीय वीन एह गत...... ।५।
अगहन अधम सीतल दुख पाऊ तोसक वाला पोस भराऊं,
पीआ वीन जाडा मुजको सतावें देखु वेग राह आवन की ।
पीय वीन एह गत ..... ।६।
पौह मौह कर हमको त्यागे अव मन होए रहा है वैरागी,
दीन नही चैन रेन नही नीद्रा सव सुख तजा होस नही तन की ।
पीय वीन एह गत...... ।७।
माघ वसंत पूजती सव सखीआ पीआ वीन कौन वसत पुजावें,
कोस पर पहीनौं वसन वसती फूकत वीरह छार हुई तन की ।
पीय वीन एह गत...... ।८।
फागुन रग सुरग वताती कुमकुम हाथ लीएे पीचकारी,
वीर अवीर उडत है पलपल हो मदमाती सुरत सुमरन की ।
पीय वीन एह गत...... ।९।
चैत चतर की चोता जी मै फुल रही वन मे फुलवारी,
मन मोरा भौरा भओ डोलें तडफत मीन हुई त्रास मरन की ।
पीय वीन एह गत...... ।१०।
लग वैसाख साख सव खोई कुवुजा के सग प्रीति लगाई,
ऊधो हाथ सदेसा भेजा आप नही सुध लेत भवन की ।
पीय वीन एह गत...... ।११।

जेठ जुआला नीपट पडत है सूखा तन जी वडा मुरझाना,
वावत पाती फाटै न छाती असँवा वहै जैसे नदीआ सावन की ।
पीय वीन एह गत...... ।१२।

जबसे जेठ लौंद का लागा खान पान वीरहन ने त्यागा,
कहै 'नत्थन' पीतम घर आए कठ लगाऐ मै दासी पीआ के चरनन की ।
पीय वीन एह गत.. .. ।१३।

इती नत्थन कीत वारहमासा सपूरन ॥ ॥ सवत् १९२२ अगहन १२ ॥
—आद्योपांत उद्धृत

विषय—बारह महीनों का विरह वर्णन ।

संख्या १८१ नागकुमार चरित्र, रचयिता—नथमल, कागज—देशी, पत्र—७९, आकार—१२६॰ × ६६॰ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—२१३३, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १९८९ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर, अहियागज, टाट पट्टी मोहल्ला, लखनऊ ।

आदि—ॐ नम सिधेभ्या ॥ अथ नागकुमार जी चरित्र जी की भाषा लिष्यते ॥

॥ दोहा ॥

विमल वस इष्याक मै तामे रिषभ जिनद ।
उदय भये दिनकर महा विगसे भवि घरिविद ॥

उमलत छद

जग वद्य भये जुग आदि विषे । सुत नाभि नरेद्र तने जग मे ।
विधि भूमि मिस नास करी सव जीव सुषि करि कै कुल मै ।
वटराज विभूति निषार सवै ॥
तप घोर कियो प्रभु ने वन मै । करि कै वृष को उपदेश भलो ।
विधि नासि असी सुभ सेवन मे ॥ २ ॥

मध्य—

चौ हजार पुनि तीन सै असिकही सब केतु ।
श्चारो दिस फहरत गगन वग गन की छवि देत ॥५२॥
धूजा भूमि आगे चल्यौ श्रेनिक नृप गुनवत ।
लष्यौ रजत मय कोठ वर विमल धवल झलकत ॥५३॥
किधौ प्रभू को सुजस इह उजल वरन मनोग ।
चहुवोर फेरि दिये प्रगट भयौ सम योग ॥५४॥

अंत—

नगर आगरो परम पुनीत । माधरमी जह है सुविनीत ॥
जह ते जेठमल साह सुजान । गुन गन मडित दया पुण्य निधान ॥३२॥
ताके तनुज दोय गुनवान । निज कुल कमल प्रकासन मान ॥
जेठो सोभा चद उदार । लघु सुत गोकुल चद उदार ॥३३॥
वस षडेलवाल अवदात । गोत विलाला जग्त विष्यात ॥
अन्योदक को कारन पाय । वसे भरतपुर मे फुनि जाय ॥३४॥

॥ दोहा ॥

नदन सोभाचद को नथमल निपट अथान ।
छद कोस पिगल तनो जामे नाहि ज्ञान ॥३५॥
सग ही चाडवाड प्रसिध । केसोदास धए तवहू रिध ।
मयाराम है ताको सही । पोतदार जाने सव मही ॥३६॥
मयाराम ने हेत करि राषे अपने पास ।
काम षजाने को दयौ नथमल को सुष रास ॥३७॥

मनोवक के जोग वसाय । वसैं वहुरिहि रायपुर ग्राय ॥
रच्यौ चरित्र तहा मन लाय । नथमल तैं निज पर सुखदाय ॥३८॥

:o: :o: :o:

संवत सत जान । ता उपर लेती सप्त मांन ॥
माघ सुक्ल पाचैं गुरवार । ग्रंथ समाप्त कीनो सार ॥४१॥

इति श्री नाग कुवार चरित्रेषु मुष्य रामचंद्र प्रणीतानसारे नथमल विलाला कृत भाषायां नाग कुमार मुकुटिमनि वरणनो नाम सप्तमो अधिकार सपूर्ण ॥ सुभ मिति ज्येष्ट सुदि ॥ २ ॥ संवत् ॥१६८६॥ हस्ताक्षर पडित दामोदर चौवे के सुभ मगल ॥

विषय—जैन धर्मानुयायी नागकुमार चरित्र वर्णन ।

रचनाकाल

संवत सत जान. . . . । ता उपर लेती सप्त मान ।
माघ सुक्ल पांचै गुरवार । ग्रथ समाप्त कीनो सार ॥४१॥

सख्या १८२ नवरग विलास, रचयिता—नवरग जी, कागज—देशी, पत्र—२८, ग्राकार—६॥ × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—५०८, अपूर्ण (खडित), रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री सीताराम जी दसधी, ग्राम—मईडीह, डाक—मडियाहूँ, जिला—जौनपुर ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥

सोभीत वैजती गरे मीस चदिका चंद ।
सुमिरत नाम किसोर छवि हुलसत हिय ग्रानद । १ ।

कवित्त

कंचन लकुट कर मुकुट सुधारे सिर होत तहा इत उत चमकनि लाल की ।
नवरग कुडल की ललित झलक पर वारि वारि जैये चारु लटकोली चाल की ।
पीत पट चटकनि भौहनि की मटकनि राजि रही लटकनि तैसी वनमाल की ।
सरसिज स्याम मनमिज से मधुर सदा वसै उर मेरे ऐसी छवि नंदलाल की । २ ।

:o. ·o· :o:

दोहा

अपनी जुक्ती न लीन कछु जुक्ति कविन की पाठ ।
श्री नवरग विलास यह पगट्यौ सुमति सोहाइ । ४ ।
श्री नवरग विलास यह मान सुरस को रग ।
कोडित कवि कुल हस सम दोहा छद तरंग । ५ ।
नवरस मै श्रृगार रस पहिले किति वषान ।
फिरि पाछे सुभ वरनि हौ सकल रसनि की षानि ॥ ६ ॥

अत—३३ चिता जथा

दरसन मिलन सुवाम को कौन भांत ते होइ ।
पिय सोचै जिय मैं सुयौ चिता कहिए सोइ ।३४।

जेती सुधाई सुधा की सवै 'नवरग' सोच्यौ वसुधा चहुग्रोर ते ।
सभित लक की सकनि ते . . स मार उरोजनि की झकझोर ते ।
कौन उपाय न पीय मिलौ तजि सोच हिये कटाछनि कोरते ।
गुजत है अलि रास रचे जिनके सहजैही सुगध झकोरते ।३५।

विषय—नवरस वर्णन । श्रृगार रस का सागोपाग वर्णन ।

संख्या १८३क अस्तुति श्री बजरंग की, रचयिता—नवल (? नवलदास), कागज—देशी, पत्र—३, आकार—६३/४ × ६३/४ इंच, परिमाण (अनुष्टुप)—६३, पूर्ण, रूप—प्राचीन पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १९२१ के लगभग, प्राप्तिस्थान—श्री हरिशरणदास जी एम० ए०, ग्राम—कमोली, डाक०—रानी कटरा, जिला—बाराबंकी।

आदि—श्री गणेशाय नम ॥

॥ सोरठा ॥

वदौं पवन कुमार सुषद सिद्धि प्रद सदन जय।
मुद मंगल आगार ज्ञान ध्यान कल्यान मय॥ १॥

॥ चौ ॥

जय समीर सुत राम दुलारे। जय कपीस त्रिभुवन उजियारे॥
जय बल बुध ग्यान गुन सागर। जय सेवक मन कलम प्रभाकर॥
जय हनुमत संत सुषदाता। जय बुध विबुध कुमुद जग त्राता॥
अंजनि सुवन दवन दुष दारुन। मधुर कुजार्यति पद कजारुन॥

अंत—परो रहो द्वार पर निजु दिन सुमिरत नाम।
दीजे नवल गरीब को यह बर मन अभिराम॥
अस्तुति श्री बजरंग की पूरन सब काम।
पढ़त सुनत मंगल परम सानुकूल सिय राम॥
जो पुरान के मध्य सब बरनि नाम के अंत।
सो मन ते बिसरै नहीं यह दीजे हनिमंत।

चौ ॥ संपूरन ॥ का ॥ सु ॥ प ॥ च ॥ लिषि मुनुपडित ॥ मुकाम श्री अस्थान कोटवा

विषय—हनुमान जी की स्तुति वर्णन।

संख्या १८३ख ज्ञान सरोवर, रचयिता—नवलदास, कागज—देशी, पत्र—८५, आकार—६३/४ × ७३/४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—२२१०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—संवत् १८१८ वि०, लिपिकाल—सं० १८५१ वि०, प्राप्तिस्थान—महंत श्री रामप्रसाददास जी, स्थान—हरिगांव (सिधादास बाबा की कुटी), पोस्ट—पर्वतपुर, जिला—सुलतानपुर।

आदि—श्री गनेसाय नम अथ ग्यान सरोवर लिष्यते कीत नवलदास कै ॥

॥ सोठो ॥

सुमिरौ सतगुर पाय जो परमन करिवर वदन।
दुरमति दूरि पराय करहु कृपा सिव सक्ति सुर॥ १॥
रहे भुवन भरि पूरि सत गुर साहेब जगविदित।
नाम सजीवनिमूरि दास नेवल सुमिरहु कस ना॥ २॥
"जगजीवन" जगविदित प्रभु नारन के अवतार।
"दास नेवल" तेहि सरन होइ उतर भवजल पार॥ ३॥
कतहु सुन्ये कहु नषत है कतहु चंद कहु भानु।
"दास नेवल" सतगुर वहै जा प्रनीत करि मानु॥ ४॥
नैना माजै मत्र सो जब अएना सम होइ।
झलकि उठै सतगुर तहाँ दोसर अवर न होइ॥ ५॥

:o: .o :o:

प्रभु दूलन प्रभुपेम श्री प्रभु देवा के पाय।
नेवल सो चेरा सवन के सिद्धा सहित मनाय॥ १५॥

॥ छंद ॥

सवत अठारह से अठारह माह पूरनवासिया।
संक्राति सुदरि जानिकै रविमनि कथा परगासिया॥

निरमल सरोवर ज्ञान को अस्नान स्रोता जो करै ।
तरि जाइ पाप अगाह ते सुख मूल सागर मे परै ॥

अंत—एह सब चरित पुरान के ग्यान बषानि अघहानि ।
"दास नेवल" स्रोता तरै सुनै जो निस्चे मानि ॥२५७॥
तरै फरै फिरि ना भरै श्रोता वकता होइ ।
"दास नेवल" सोइ पाइहै अवर न पावै कोइ ॥२५८॥

॥ सोरठा ॥

धन्नि जन्म तेन्ह केर स्रोता वकता जक्त के ।
तेन्ह न भवजल फेर जेसर ज्ञान प्रमान करि ॥२५६॥

इति श्री उधव माधव सवादे ग्यान सरोवरे भाषा कृते पच दसमो अध्याइ ॥१५॥ सवत १८५१ ॥ ज्येष्ठमासे कृष्णपछे नौम्या भृगुवासरे ॥ ग्यान सरोवर सपूर्न सुभमस्तु ॥

॥ दोहा ॥

श्री जगजीवन जक्तगुरु दूलणदानि वदार ।
सगुन सर्वहित जानिसुभ सिद्धानाम अधार ॥ १ ॥
नाम आए नहै राम को दीष सत करि ग्यान ।
ताहि नयेन विच रएनदिन करि सिद्धामा निध्यान ॥ २ ॥

.o. o' .o'

अपने भुगुते वनत हे आपन कृत जो कर्म ।
सिद्धाधर हरिकारने सुमिरहु नाम सुधर्म ॥११॥

सतनाम ॥ सतगुर सहाइ ॥ सतनाम ॥

विषय—उधव माधव सवाद के रूप मे सद्‌भक्ति और भक्तों की कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

सवत अठारह से अठारह माह पूरनवासिया ।
सक्रांति सुदरि जानिकं रविमनिकथा परगासिया ॥

सख्या १८३ग ज्ञान सरोवर (एकादसी माहात्म्य), रचयिता—नवलदास, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—८½ × ६½ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—१२०, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८५१ वि०, प्राप्तिस्थान—डा० भवानीदयाल सिह जी, ग्राम—ऐंनवारा, पा०—सत्थिन, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—श्री गुरुभ्ये न्म्ह श्री गनेसयान्म्हः
कथा एकादसी लीषते ॥
सुण चह प्रिय हरि गुन पातो । हरिषाए उतपति केही भांति ॥
जो अस हरिव्रत मृतलोक चलावो । सुणि प्रय वचन वहुत मन भावो ॥
एकादसि उतपति सिव गायो । सतजुग भएउ एक सुरारी ॥
ब्रह्म सृष्टि तेइ सकल वहायो । सकल देव अस्थान छडावो ॥

:o: .o :o

चंद सुर्ज आपण तेइ कीन्हा । इन्ह रवि ससिहि दुइ करि दीन्हो ॥

:o: o. .o.

सुनहि जहा कोउ सुर नर मुनि आदि । जाइ करहि वध सकल . वदी ॥
भागे विकल सुर ठौर न पायो । छीर समुद्र जाइ गोहरायो ॥
एह अजगुना अव सोअस्वामी । हमहि कहा पठवत सतनामि ॥
तीनिहु लोक ठवर कछु नाही । कह को सरन देव सव जाही ॥

अत— ॥ दोहा ॥

एइ सव चरित पुराण के ग्यानि षानि अघ हानि ।
'दास नेवल' स्रोता तहै सुनै जो निश्चै मानि ॥

तरै फिरै फिरि ना भरै स्रोता वक्ता होइ ।
दास नेवल सोइ पाइहै आवरण पइांठ कोइ ।।
।। सोरठ ।।
धन्य जन्म तिन्ह केरा स्रोता वक्ता जगत के ।
तेन्हहि भाव जल फेर जे सर ज्ञान प्रमान करि।।

इती श्री उधो मधोव सवद ज्ञान सरोवरे भाषा कृते प्रथम आवध्याये ।। श्री पोस्तक एकदसी ई संपुरानभष लोषते

।। दोहा ।।
पढे सुने मनलाइ के जो मन करि वीस्वास ।
सो नर भवने निर्फरि कै हैइ राम कर दास।।

मीती जेठ सुदी २ ।। सवत् १८५१ दीवरा सुक्रवार ।। लीषते आमन सींह वएसजो

विषय—एकादशी माहात्म्य वर्णन ।

संख्या १८३घ ज्ञानसरोवर, रचयिता—बाबा नेवलदास, कागज—देशी, पत्र—६१, आकार—१६$\frac{1}{2}$ × ६$\frac{3}{4}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—२१३६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १६०४ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री रामनारायण मिश्र, ग्राम-मैत्रमी, डाक०-शाहमऊ, जिला-रायबरेली ।

आदि—श्री गनेसाय नम ।। श्री हनोमान जी संहाई ।। साहेव जगजीवन सहाइ ।। नाम राम राम

।। दोहा ।।
जगजीवन जग विदित प्रभु नारायन अवतार ।
दास नेवल तेहि सरन होय उतरे भव जल पार।।
।। सोरठा ।।
सुमिरौ मत गुर पाय जो परमन करिवर वदन ।
दुरमति दूरि पराय करहु कृपा शिव शक्ति सुर।।
रहे भुवन भरिपूरि सतगुर साहेब जग विदित ।
नाम सजीवन मूरि दास नवल सुमिरहु कस न।।
।। दोहा ।।
कतहु सुन्य कहु नखत है कतहु चद कहु भानु ।
दास नेवल सतगुर वहै जो प्रतीत कर मानु।।
आँषि पलक ना लागै माखी अगन जाइ ।
विन छाया कर दरसन दास नेवल कोउ पाइ।।

अंत—
।। दोहा ।।
एह सव चरित पुरान के ज्ञान षानि अघहानि ।
दास नेवल श्रोता तरै सुनै जो निहचै मानि।।
तरै फरै फिरि ना भरै श्रोता वकता होइ ।
दास नेवल सोइ पाइहै अवरन पाइहै कोइ।।
।। सोरठा ।।
धन्य जन्म तेन्हकेर श्रोता वक्ता जक्त के ।
तिन्हहि न भव जल फेर जे सर ज्ञान प्रमान करि।।

इति श्री ऊधव माधव सवादे ज्ञान सरोवरे भाषा कृते पचदसो अध्याइ ।।१५।।

इति श्री ज्ञान सरोवर कथा सपूर्णम ।। स० १६०४ सन् १२५५ भृगुवासरे समाप्त ।। संपूर्ण सुभमस्तु ।।

विषय—भागवत पुराण के अनुसार उद्धव माधव सवाद वर्णन ।

संख्या १८३ङ ज्ञान सरोवर, रचयिता—नेवलदास साहेब, निवासस्थान—धनेसा ग्राम, कागज—आधुनिक (सफेद), पत्र—१५४, आकार—८½ × ६¾ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१५, परिमाण (अनुष्टुप)—२८८७, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८१८ वि०, लिपिकाल—सं० १९६० वि०, प्राप्तिस्थान—महंत श्री गुरुप्रसाददास जी, स्थान व डाक०—बछरावाँ, जिला—रायबरेली।

आदि—श्री गणेशाय नमः श्री हनुमानजीग्राय नमः अथ लिख्यिते ग्रंथ ग्यान सरोवर साहेब नेवलदास कृत

॥ दोहा ॥
जगजीवन जग विदित प्रभु नारायण औतार।
दास नेवल तेहि सरण होइ उतरे भौजल पार॥ १॥
॥ सोरठ ॥
सुमिरौ शतगुरु पाय जो परसन करविर बदन।
दुरमति दूर पराध करौ कृपा शिव शक्ति सुर॥ १॥
रहे भुवन भरि पूरि शत गुर साहेब जग विदित।
नाम जीवन मूरि दास नेवल सुमिरौ कसन॥ २॥
:o: :o: :o:

॥ दोहा ॥
प्रभु दूलन प्रभु श्याम है प्रभु देवी के पाय।
नेवल सुचेरा सबन के सिध्या चरण मनाय॥१६॥
॥ छंद ॥
संवत अठारह सै अठारह माह पूरणवासिया।
संक्राति सुंदरि जानि कै रविमानि कथा प्रगासिया॥
निरमल सरोवर ग्यान का अश्नान श्रोता जो करै।
तरि जात पाप अगाह ते सुख मूल सागर महं परै॥
:o: .o. :o:

पश्चिम दिसि है अवध ते नेवल रहे रटि नाम।
कोसन जोजन पाँच पर ग्राम धनेसा धाम॥१८॥

अंत—यह सब चरित पुरान के ग्यान खानि अघहानि।
दास नेवल श्रोता तरै सुनै जो निश्चै मानि॥२१॥
तरै फरै फिरि ना फरै श्रोता वकता होइ।
दास नेवल सोइ पाइहै और न पइहै कोय॥२२॥

॥ सोरठ ॥
धन्य जन्म तेहि केर श्रोता बकता जक्त के।
तिनहि न मजे फेरि जे सर ग्यान प्रमान करि॥४३॥

इति श्री उधौ माधौ सवादे ग्यान सरौरे (? सरोवरे) भाषा कृते नाम पंच दसमो अध्याय १५ इति समाप्त ग्रंथ ज्ञान सरोवर साहेब नेवलदास कृत मिति चैत वदी तिथी चतुर्दसी दिन सूकवार सम्बत् १९६० शुभ राम राम राम समाप्त

विषय—पुराणो (?) के आधार पर उद्धव माधव संवाद के रूप में ज्ञानोपदेश वर्णन।

रचनाकाल

१८ १८
संवत अठारह सै अठारह माह पूरणवासिया।
संक्राति सुंदर जानि कै रविमानि कथा प्रगासिया॥

संख्या १८३च ज्ञानसरोवर, रचयिता—नवलदास, निवासस्थान—धनेसा ग्राम, कागज—देशी, पत्र—८५, आकार—१३। × ५।। इञ्च, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—६, परिमाण (अनुष्टुप)—२२६५, खंडित, रूप—प्राचीन (जीर्ण शीर्ण), पद्य, रचनाकाल—सं० १८१८ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० प्रतापनारायण जी मिश्र, ग्राम—सिर्राधी, डाक०—लक्ष्मीकांत गंज, जिला—प्रतापगढ़ ।

आदि—श्री गणेशाय नमः सतगुर जी सहाय श्री हनुमंताय नमः

।। दोहा ।।

जगजीवन जग विदित प्रभु नारायन अवतार ।
दास नवल नहि सरन ह्वै उतरेउ भव जल पार । १
सुमिरौ सतगुर पाय जौ प्रसन्न करिवर वदन ।
दुरमति दुरि वहाइ करौ कृपा शिव शक्ति सुर । २
रहे भुवन भरि पूरि सतगुर साहेब जग विदित ।
नाम सजीवन मूरि दास नवल सुमिरौ कस न । ३
कतहु नषत कहु सून्य है कतहु चन्द्र कहु भानु ।
दास नवल सतगुर वहै जौ प्रतीति करि मानु । ४
आषि पलक नहि लागही माषी अग न जाइ ।
विना छुए कर दरसन 'दास नवल' कोउ पाइ । ५

·०· ·०· ·०:

रामानंद कबीरा नान्हक । नाम सेनि औ सघन वहु वानक ।
पीपा धना औ सोना मीरा । इन्हके चरन हरन भव भीरा ।।
तुलसीदास औ सूर मलूका । ह जन्मे सव गुप्त मलूका ।
तन धरि धरि हरि के गुन गाए । रहे गुप्त कोउ भेद न पाए ।

दोहा

प्रभु दूलन प्रभु षेम अरु प्रभु देवी के पाइ ।
नवल सो चेला सभन के सिध्या सरित मनाइ ।

छंद

संवत अठारह सै अठारह माह पूरनमासिया ।
संक्राति सुदर जानि कै रविदिन कथा परगासिया ।
निर्मल सरोवर ज्ञान के अस्नान श्रोता जो करै ।
तरि जाइ पाप अगाध ते सुष मूल सागर मे परै ।

दोहा

ज्ञान सरोवर ज्ञान मे ज्ञानी करत विचार ।
हिरि मिलि वाचत सुनत नर उतरै भवजल पार ।
पश्चिम दिसि अवध ते नवल रहै रटि राम ।
कोसन्ह जोजन पाच पर ग्राम धनेसा नाम ।

सोरठा

अव कछु दोस न मोर मै बाजन बाजेश तुम ।
गावो गुन प्रभु तोर मोहि कछुक वानी भयो ।

दोहा

नारद शारद सेश श्रुति भजन करत सब कोइ ।
रहै न मिटि यह जगत मै सुमिरन जेहि तन होइ ।
सुनहु उमा यह सव कह्यौ ऊधव सो भगवान ।
सत संगति महिमा विविधि ज्ञान सरोवर ज्ञान' ।

इति श्री ऊधव माधो संवादे ज्ञानसरोवरभाषा कृते वंदनादि उमा प्रश्न वर्नन नाम प्रथमो अध्यायः

अंत— सोरठा

लोयन वारिज दोन यक जव तापर तिल वसा ।
तीनि लोक तेइ कीन दास नवल अविगति कथा ।
धन भरि भवन अपार मनहु तरनि जल सों भरी ।
बूडत होइ न वार दास नवल उलचे विना ।

चौपाई

असु कहि आपु ताहि समुझावा । सहित अव वैकुंठ पठावा ।
कनक अवध जनु भयो विमाना । हरषित चले नगर नर नाना ।
यह सरसुति जेहि ना हित लागी । ते मूरुष मतिमद अभागी ।
पाप जाड लागत मरि जाही । ते कैसे सर ज्ञान अन्हाहीं ।
दिन दिन वढै भक्ति धन ज्ञाना । सव तजि सरवर ज्ञान अन्हाना ।
संतति सपति सव प्रभु देही । अंतकाल सतनाम सनेही ।
सहित विकार होइ रुज हानी । जेहि द्वारे गावै वुध ज्ञानी ।
आपु तरहि तारहि ससारा । श्रोता वकता विगत विकारा ।
पुस्तक महं नव वसन मिलाई । राखै भक्ति सहित मनलाई ।
जौ अस नेम छेम सो पावै । वार वार सतगुर कहि गावै ।
है सतगुर प्रताप एहि माहीं । श्रोता वकता नर तरि जाहीं ।
सप्त वरत वाचा जौ कोई । मास देवस प्रमान करि होई ।
तौ इक्षा पूरन तेहि केरा । होइ सत्य यह सत्य सवेरा ।
साधु द्विजन भोजन करवावै । प्रीति समेत निकट तह जावै ।
मन वाछित सो आसिष पावै । अतकाल सतगुर जहं जावै ।

छद

सुर सिद्ध मुनि गधर्व....... .....(अपूर्ण)
:o: :o: :o:

विषय—ज्ञानोपदेश तथा सतगुरु प्रताप वर्णन ।

सख्या १८३छ ज्ञानसरोवर, रचयिता—नेवलदास, कागज—देशी, पत्र—१, आकार—११ × ५।। इच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—४, परिमाण (अनुष्टुप)—६, अपूर्ण (खडित), रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री प० कृपाशकर जी शुक्ल, ग्राम—माही, डाक०—मभऊआ मीर, जिला—बस्ती ।

आदि—श्री गणेशाय नमः

अथ लिष्यते कथा ज्ञान सरोवर कृत साहेव नेवलदास ।।

सोरठ

सुमिरौं सुरगुरु पाय जो परसत करिवर वदन ।
दुर्मति दूरि पराय करहु कृपा सिव सक्ति सुर । १
रहे भुवन भरि पूरि सतगुरु साहेव जग विदित ।
नाम सजीवन मूरि दास नेवल सुमिरहु कसन ।

दोहा

जगजीवन ज विदित प्रभु नारद के औतार ।
दास नेवल तेहि सरन ह्वै उतरे भव जल पार । ३

कतहु सुन्य कहू नषत है कतहुं चंद कहुं भान ।
दास नेवल सतगुरु वहै जो........ ... । ४

—आद्योपांत उद्धृत ।

विषय—ज्ञानोपदेश विषय वर्णन ।

संख्या १८३ज भागवत दशम स्कध, रचयिता—नवलदास, निवासस्थान—धनेसा, कागज—देशी, पत्र—२८०, आकार—१३½ × ५८/₁₀ इच, पक्ति (प्रतिपृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—७७७०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८२३ वि०, लिपिकाल—स० १८३१ वि०, प्राप्तिस्थान—महत श्री गुरुप्रसाददास जी, स्थान—हरिगाँव (सिध्यादास बाबा की कुटी), डाक०—पर्वतपुर, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—श्री गनेसाए नम.

॥ सोरठ ॥

सतगुरु सावे राम तुम्ह सुक्रित सत दरस प्रभु ।
हृदय करिय विस्राम 'जगजीवन' जग तारनो॥
:०: ·० ०:

जगजीवन जगमगत है गगन महल महँ वास ।
ते सतगुर जग विदित प्रभु 'दास नेवल' करु आस॥ ७॥
·० .० .०:

वरनौ ग्राम वास अपने मन । ग्रथ रीति वहु कहत सत जन ।
दछिन दिसि वहै सुरसरि धारा । जोजन षट अवनी विस्तारा॥
पूरव दिसा अवध सुष भूरी । जोजन पाच अवनि कछु दूरी॥
उत्तर दिसि गुरु ग्राम सुहावन । अवरन सुर नर मुनि मन भावन ।
जोजन चारि अवनि विस्तारा । जोजन अरध गोमती धारा॥
पछिम दिसा लषनपुर सोहै । जोजन पाच देव मन मोहै॥

॥ दोहा ॥

एहि चारिहु के मध्य पर ग्राम धनेसा एक ।
दास नेवल आसन तहा सुमिरत सहित विवेक ।
सवत ठारह सै तहा तेइस ऊपर जानि ।
तव गावत गुन स्याम के दास नेवल रुचि मानि॥

अस्वनि मास विजै तिथि आइ । अभि निकेत ससि वासर पाई॥
तव सतगुरु प्रताप उर आवा । स्याम जन्म कीरति कछु गावा॥
श्री भागवत भक्ति सर धारा । अति पुनीत अघ काटनि आरा॥

अत—दरसन अनि हित वोध कर तजो नर मन लाइ ।
दास नेवल परतीत करु सकल दुरित दुष जाई॥

॥ सोरठा ॥

चरित समुद अवगाह दास नेवल कछु पार नहि ।
धने धने नरनाह जेन्ह हित मुनि कछु प्रगट करि॥

इति श्री हरि चरित्रे दसम सकधे महा पुराने श्री भागवते पारारान काड हरि वएकुंठ गवन वरननो नाम वतिसमो अध्याइ समाप्त॥ सवत १८३१

विषय—भागवत दशम स्कध का अनुवाद ।

रचनाकाल

संवत ठारह सै तहाँ तेइस ऊपर जानि ।
तब गावत गुन स्याम के दास नेवल रुचि मानि ॥
आस्वनि मास विजै तिथि आइ ।
अभि निकेत ससि वासर पाई ॥

संख्या १८३भ. भागवत भाषा (जन्म मध्य और पारायण काड), रचयिता—नवलदास, निवासभूमि—धनेसा (जिला सुलतानपुर), कागज—देशी, पत्र—५२६, आकार—८$\frac{१}{६}$ × ५ इंच, परिमाण (अनुष्टुप)—६२६१, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८२३ वि०, प्राप्तिस्थान—प० त्रिभुवनप्रसाद जी त्रिपाठी, ग्राम—प्रान पाडे का पुरवा, डाक०—तिलोई, जिला—रायबरेलो।

आदि—श्री गणेशाय नम. ॥

॥ सोरठा ॥

सतगुर साचे राम तुम्ह सुकृत मत दरस प्रभु ।
हिदै करिय विस्राम 'जग जीवन' जग तारनो ॥ १ ॥

o: .o' o

बरनो ग्राम मवास अपने मन । ग्रथ रीति बहु बहुत सत जन ॥
दछिन दिसि बहै सुरसरि धारा । जोजन षट अवनी बिस्तारा ॥
पूरब दिसा अवध सुष भूरी । जोजन पाँच अवनि कछु दूरी ॥
उत्तर दिसि गुर ग्राम सोहावन । अवर न सुरनर मुनि मन भावन ॥
जोजन चारि अवनि विस्तारा । जोजन अरध गोमति धारा ॥
पछिम दिसा लषनपुर सोहे । जोजन पाच देव मुनि मोहै ॥

॥ दोहा ॥

ऐन्ह चारिउहु के मध्य पर ग्राम धनेसा एक ।
दास नेवल आसन तहा सुमिरत सहित विवेक ।
सवत अठारह सै तहा तेइस उपर जानि ।
तब गावत गुन स्याम के दास नेवल रुचि मानि ।

चौपाई

अस्विनी मास विजै तिथि आई । अभि निकेत सासि वासर पाई ॥
तब सतगुर प्रताप उर आवा । स्याम जनम कीरति कछु गावा ॥
श्री भागवत भक्ति रस धारा । अति पुनीत अघ काटनि आरा ॥
उपजहि रामचरन अनुरागा । मोह निसातम सोवत जागा ॥

. .o: :o: :o:

॥ दोहा ॥

दरसन अतिहित बउध कर करत जो नरमन लाई ।
दास नेवल परतीति करु सकल दुरित दुष दाइ ॥

सोरठ

चरित समुद अवगाह दास नेवल कछु पार नहि ।
धन्य धन्य नरनाह जेन्ह हित मुनि कछु प्रगट करि ॥

इति श्री हरि चरित्रे दसम सकधे महापुराने श्री भागवत पारायन कांडे हरि वैकुंठ गवन बरननो नाम बतिसमो अध्याइ ॥२८॥ समाप्त सुभमस्तु ॥

विषय—भागवत दशम स्कंध का अनुवाद। इसमे निम्नलिखित तीन कांड है—१ जन्मकांड, २ मध्यकांड और ३ पारायणकांड।

रचनाकाल

सबत अठारह सै तहा तेइस उपर आनि।
तब गावत गुन स्याम के दास नेवल रुचि मानि॥
अस्विनि मास विजं तिथि आई।
अमि निकेत समि वासर पाई॥

संख्या १८३ज। नाम—[illegible]। रचयिता—नवलदास, निवासस्थान—धनेमा, कागज—देशी, पत्र—६८, आकार—५३ × ६१/१० इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—३८७२, पूर्ण रूप—प्राचीन पद्य लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८३८ वि०, लिपिकाल—सं० १८५२ वि०, प्राप्तिस्थान—महंत श्री गुरप्रसाददास जी, स्थान—हरिगाँव (सिध्यादास बाबा की कुटी), डाक०—पर्वतपुर, जिला—सुलतानपुर।

आदि—श्री गनेसाय नम

सुमिर प्रथम गनेस गोसाई। जो तृभुवन हित करत सहाई॥
रिधि सिधि बुधि वकमत नहि वारा। अमिति अपतवन्ह पार उतारा॥

.o o ·o

सोरठा

सतगुर साँचे राम मत दिन कर भ्रम तम हरना।
हृदय करिय बिस्राम जग जीवन जग तारना॥ २॥

·o o ·o:

अति पुनीत वह पुर गुन ग्रामा। सो जग विदित सरदहा नामा।
तीरथ निरमल अवरन थापा। पाप ताप सब निरषत काँपा॥
ते सतगुर देवन्ह के दवा। पार तरत है जेन्ह कर षेवा॥
मै बूडत भव सागर माहीं। लीन्ह काढि अति हित गहि वाहीं॥
गहिनि वाह जिन्ह मोरि सभारी। मै वन्ह के निरषेउ उजियारी॥
भोर भानु जिमि जग उजियारे। तिन्ह के सरस चद अवतारे॥
नाम जलाली साहेब साँचे। जेन्ह की सरन पतित वहु वाँचे॥

:o: .o .o

गिरबर सुघ्रन अगम जेन्ह जाए। जगमग जुगल चद जनु आए।
तिन्ह के उर उतपति सतनामा। जो पुरविल मुनिवर कर जामा॥

·o: o o.

जगजीवन कर जस जग वाजा। जिन्ह भ्रम अगम इदु उपराजा॥
प्रवर सात दीपक उन्ह वारे। छवि जगमगत गगन जस तारे॥

:o. ·o .o·

सातहू मा एक 'दूलन दासा'। दीपक निर्मल रतन प्रकासा॥ १
दूसर 'देवीदास' उजियारे। जिन्ह वहुतन्ह करि पार उतारे॥ २
तीसर 'छेमदास' परगासा। उतरे वहुत कीन्ह जेन्ह आसा॥ ३
चौथ 'गोसाईं' दीपक भारी। उवरे वहुत मिले ससारी॥ ४

५

पंचम दीपक् में 'सिवदासा' । करहि लोग वहु जेकर ग्रासा ॥

६

षष्टम दीप जोतिसुभ तामा । 'उदय राम' ग्रस वन्हकर नामा ॥
सप्तम दीपक ग्रगम सुहेला । 'दास भवानी' थल वह रेला ॥
दीपक जन ग्रहलाद ग्रपारा । जगत विदित जस मानिक वारा ॥
दूलन दास दीप इक वारा । सिद्धादास जगत उजियारा ॥

:o: :o: :o:

जेन्ह तारेऊ मत प्रगट करि जो जग ग्रधम ग्रनत ।
'दास नवल' गुरु चरन दल ग्रव कहवावत सत ॥

:o. :o. .o

तव तुरकन फिरि चँद उर मारा । कीन्ह कविन सोइ जस विस्तारा ॥
हिंदू कटक मिटेऊ हिदुवानी । कुवरं कीन्ह देस तुरकानी ॥

दोहा

लीन्ह ग्रमल करि देस मह तुरक रहा सब छाइ ।
जूझे राजा देस के को सब सकत गनाइ ॥२४३॥

इति श्री माधव रतन ग्यान नेवलदास कृतौ समाप्त शुभमस्तु ॥ जादृस पोस्तक दृष्टा तादृस लिषितं मया ॥ जदि सुद्ध ग्रसुद्ध वा मम दोषो न दीयते ॥ सवत ॥१८५२॥ चेत्र मासे सुक्ल पछे तेरोदस्या गुरुवासरे ॥ रतनग्यान समाप्त ॥ सुभ भूयात् ॥ श्री जानकी वल्लभो जयति ॥

विषय—भक्ति ग्रौर उपदेशपूर्ण प्राचीन कथाग्रो का वर्णन ।

रचनाकाल

सवत ग्रठारह से ग्रँडतीसा । कहियत नाइ भक्त पद सीमा ॥
माघ मास सुभ पूरनमासी । कृपा समुझि हरि चरित प्रकासी ॥

सख्या १८३ट रामगीता, रचयिता—नवलदास, कागज—देशी पत्र—१२, ग्राकार—६८$\frac{9}{10}$ × ६$\frac{1}{8}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (ग्रनुष्टुप)—२७०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८८५ वि०, लिपिकाल—स० १९२१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्रीयुत हरिशरणदास जी एम० ए०, ग्राम—कमोली, डाक०—रानीकटरा, जिला—बाराबकी ।

ग्रादि—श्री गणेशाय नम ॥ ग्रथ राम गीता लिष्यते ॥

॥ दोहा ॥

प्रथम वदि सतगुर चरन रामहि करौं प्रनाम ।
मंगल को मंगल करन 'नवल' जासु गुन ग्राम ॥

॥ चौ ॥ १

मन वच कर्म सरन मै ताकी । मंगल रूप ग्रातमा जाकी ॥
सुर सतन हित लै ग्रवतारा । किये चरित प्रभु विविध प्रकारा ॥
रावनादि निश्चर सघारे । पावन जस त्रिभुवन विस्तारे ॥
गाइ गाइ रचइ चरित उदारा । नर उतरत भव सागर पारा ॥
धर्म कर्म ज्यहि विधि श्रुति बरना । कुकुस्थादि त्रिष के ग्राचरना ॥

अंत--   ॥ दोहा ॥

५ ८ ८ १
सम्वत सर वसु नाग महि माघ कृष्ण ससिवार ।
नौमी तिथि पूरन भयो यह रहस्य श्रुतिसार ॥३६॥

इति श्री रामगीता नवल दास कृत सम्पूरन ॥ सम्वत ॥१६२१॥ क्वार माँसे सुक्ल पछे तिथौ पचम्या वुध वासरे ॥ लिषत्वा मुनू पडित स्थान कुदनापुर ॥ सतन की सरन श्री राम सहाइ ॥

विषय--भक्ति और ज्ञानोपदेश ।

रचनाकाल

५ ८ ८ १
सम्वत सर वसु नाग महि माघ कृष्ण ससिवार ।
नौमी तिथि पूरन भयो यह रहस्य श्रुतिसार ॥३६॥

संख्या १८३० शब्दावली, रचयिता--नेवलदास जी, कागज--आधुनिक, पत्र--६६, आकार--७ ३/४ × ६ १/४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--८५८, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, लिपिकाल--सं० १६५० वि०, प्राप्तिस्थान--श्रीयुत हरिशरणदास जी, (हिंदी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय), ग्राम-कमौली, डाक०-रानीकटरा, जिला-बाराबंकी ।

आदि--श्री गणेशाय नम ॥ अथ सब्दावली साहेब नेवलदास कृत लिप्यते ॥

दोहा

सतगुर साहेब कृपा करि दिहिनि भक्ति वरदान ।
वरनौ जस सब्दावली धरि उर अंतर ध्यान ॥ १ ॥
सब अस मान वटोरि ले पठि सिमिटि पाताल ।
चढि पताल तहँ गगन गे नवल अजायव ख्याल ॥ २ ॥

॥ अथ आरती ॥

साहेब तुम जगजीवन स्वामी । जीव जतु सब अंतरजामी ॥ १ ॥
देविदास औ दूलनदासा । यन्ह के घट सपूरन वासा ॥ २ ॥
षेमदास औ दास गोसाई । येइ साहेब सरनाई ॥ ३ ॥
जँह जँह प्रभु दीन्हे तुम ग्याना । मै मतिमद कहै नहि जाना ॥ ४ ॥
दास नेवल विसु(नु)वे कर जोरे । कब अइहौ साहेब घट मोरे ॥ ५ ॥

॥ राग गौरी ॥

तुम सो कहिये काह गोसाई ।
जीव जतु घट घट की वातै जानत अपनिहि नाई ॥ १ ॥
पडौ लाष भवन के भीतर कुरपति आगि लगाई ।
सुमिरन करत भये सब सीतल उवरै पाँचौ भाई ॥ २ ॥
व्याधा डसेउ कपोतिहि राषेउ हति सैचान रिसाई ।
तजि वैकुठ आपु हरि ध्यायो जब गज टेर सुनाई ॥ ३ ॥
अगिनि जाल अरु व्याध स्वान हरि भृगिनिहि लीन्ह छुडाई ।
दास नेवल के प्रभु सुनि लीजे साहेब समरथ साई ॥ ४ ॥

अंत--

वाँसुरिया विरहिनि वाजि रही ।
इत उत वाजत उत उर धुनि सुनि घुमरि घुमरि मन माँह रही ॥ १ ॥
अनहद धुनि श्रवरन गति वाजत समुझत वनत न जात कहा ॥ २ ॥
तान सुनत मेरो प्रान छकित भे मै विद्रावन जात रहो ॥ ३ ॥
दास नेवल भजु साँई जगजीवन मनमोहन मोरी वाह गही ॥ ४ ॥१७७॥

इति श्री सब्दावली साहेब नवलदास कृत संपूरनम् सुभ मस्तु ॥ मिती ज्येष्ठ सुदी ॥५॥ सनिवासरे ॥ श्री ॥ सम्मत ॥१६५७॥

॥ दोहा ॥

लेषक राम अधीन कवि वास रमइया ग्राम ।
जो प्रति देषा सो लिषा सिद्धि करहि श्री राम ॥ १ ॥
राम राम राम राम राम राम

विषय—भक्ति और ज्ञानोपदेश ।

संख्या १८३ड सुखसागर, रचयिता—नेवलदास, कागज—देशी, पत्र—१००, आकार—९$\frac{1}{10}$ × ६$\frac{1}{2}$ इंच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—१७००, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८१७ वि०, लिपिकाल—सं० १९३६ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री महंत गुरुप्रसाददास जी, स्थान व डाक०—बछरावाँ, जिला—रायबरेली ।

आदि—**श्री गणेशाय नम. ॥ श्री गुरचरण कमलभ्यौ नमः अथ आरम्भ शुष सागर ग्रथ साहेब नेवलदास कृत ॥**

॥ दोहा ॥

गुर गणपति शिव शक्ति शुर वंदौं रमा रमेस ।
दास नेवल हरिचरित रत, करौ कृपा उपदेस ॥ १ ॥
शुष शागर सत जल विमल कलिमल दलन प्रमाण ।
दास नेवल अस्नान करु होइ सदा कल्यान ॥ २ ॥
लेकर गुर पग त्राण रज नैन ऐन जिन दीन ।
खुली केवारी मोह कै भीतर दरसन कीन्ह ॥ ३ ॥
·o: .o· :o:

करि अजपा कछु काल जगावा । रेछ गौमती निक शुठावा ॥
रगर करत निकशी चिनगारी । भई शमूह जोति उजियारी ॥
शूझे रामचरित एहि भांति । वारौ रवि शसि नग मणि पाती ॥
कछु उपहास जानि टरि आवा । जह धन ईस धनेसा गावा ॥
ताशु दछिन वट विमल शुहावन । पीपर बाग तडाग शुपावन ॥
तह रचि विमल कुटी कुल तारणि । कही कथा परलोक सवारणि ॥

॥ दोहा ॥

अठारह सै सत्रह शम्वत कहौं वषानि ।
जेठ पचमी शुक्ल पक्ष शौमवार को जानि ॥ ७ ॥

अंत— **॥ शोरठा ॥**

अति हरि चरित अगूढ़ को शम्रथ पारै लयौ ।
दास 'नेवल' मतिमूढ़ नर तन प्रेम प्रतीत विन ॥ ७ ॥
कहत जुगल कर जोरि श्रोता वकता मित्र मम ।
टूटि लीजिए जोरि मोहि भरोसा यह भयो ॥ ८ ॥
मोहि न लायो खोरि बाजन बाजत नाथ कर ।
सो वाजन मति मोरि जानै वोहै वजाव जौ ॥ ९ ॥

॥ दोहा ॥

पाप हरण पावण करण श्रोता लेहु नहाइ ।
शुष सागर भारवा कृत मैं एकइस अध्याइ ॥२१॥

बैसाख मासे कृष्ण पछे चतुरदस्यम् एतवार वासरे लिष्यते पर्मेश्वर दीन जो प्रति देखा सो लिखा मम दोष न दीयते शमत शूंम्वत १६३६ सन शन् १२८६ ॥

विषय—शुकदेव मुनि का चरित्र वर्णन है ।

रचनाकाल

अठारह सै सत्रह शम्वत कहौं वखानि ।
जेठ पचमी शुक्ल पक्ष शोमवार को जानि ॥

सख्या १८३इ सुखसागर, रचयिता—नेवलदास, कागज—देशी, पत्र—५७, आकार—$६\frac{६}{१०} \times ७\frac{३}{१०}$ इच पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—१३६६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८१७ वि०, लिपिकाल—स० १८५१ वि०, प्राप्तिस्थान—महत श्री गुरुप्रसाददास, स्थान—हरिगाँव (सिधादास बावा की कुटी), डाक०—पर्वतपुर, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—श्री गनेसाए नम॰ ॥

॥ दोहा ॥

गुर गनपति सिव सक्ति सुर वदौ रमा रमेस ।
'दास नेवल' हरि चरित रत करहु कृपा उपदेस ॥ १ ॥
सुष सागर सत जल विमल कलिमल दलन प्रमान ।
दास 'नेवल' अस्नान करु होइ सदा कल्यान ॥ २ ॥
लै करु गुर पदत्रान रज नयन अयन जेन्ह दीन ।
षुली केवारी मोह कै भीतर दरसन कीन्ह ॥ ३ ॥
नील नलिनि गुर चरन नष नगमनि मानिक जोति ।
दास नेवल सुमिरन किये दिव्य दृष्टि हिय होति ॥ ४ ॥
:०. ० .०:

॥ दोहा ॥

अठारह सै सत्रह सवत कही वषानि ।
जेठ पचमी सुकुल पक्ष सोमवार को जानि ॥ ७ ॥
वदौ चारि मुक्ति स्रुति चारी । पुनि वदौ गिरिराज कुमारी ॥
धरम राज पद गहौ तुम्हारे । जे सब न्याव विचारन हारे ॥
वदौ सुरन्ह समेत सुरेसू । वदौ जल थल कमठ जो सेसू ॥
वदौ पवन सहित हनोमाना । पर्म भक्ति नेसु दिन जेन्ह जाना ॥

अत—

जो भक्ति कारन गान करि अरु सुनहि चरित सुहावना ।
अघ हरन भरन चरित्र पावन, ब्रह्म दोष नसावना ॥
अति अमल ग्यान प्रसन्ये तापर चढि वेवान सिधावही ।
वैकुठ धाम अराम अति गति परम सुदरि पावही ॥
पाप हरनि पावन करनि स्रोता लेहु नहाइ ।
सुष सागर भाषा कृत भै एकैस अध्याइ ॥२१॥

इति श्री नेवल दास कृत सुषसागर कथा समाप्त सुभमस्तु सवत १८५१ भाद्र कृष्ण पछ एकादसी गुर वासरे जादृस पोस्तक दृष्टा तादृस लिष्यते मया । जदि सुध असुधवा मम दोषो न दीयते ॥ श्री जगजीवन जक्त गुर दूरन दानि वोदार सगुन सर्व हित जानि सुभ सिद्धा नाम अधार ॥ नाम अएन है राम को दीष सत करि ज्ञान । ताहि नयन विच रएन दिन करि सिद्धामनि ध्यान ॥ २ ॥ बजै रैनि दिन वासुरी धरे कदम तर ध्यान । सिधा ताको का करे करम कीट परमान ॥ ३ ॥ तृकुटी ऊपर गगन गे वरन दोऊ रवि चद । राषि निहारे रैनि दिन उपजै परमानद ॥ ४ ॥

विषय—शुकदेव मुनि की कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

अठारह सै सत्रह सवत कहौ वखानि ।
जेठ पचमी सुकुल पक्ष सोमवार को जानि ॥

संख्या १८३ग सुखसागर ग्रथ, रचयिता—नेवलदास, कागज—देशी, पत्र—५० आकार—१६$\frac{६}{१०}$ × ६$\frac{४}{१०}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—१५६४ पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६०८ वि०, प्राप्तिस्थान—प० रामनारायण मिश्र, ग्राम–सेंबसी, डाक०–शाहमऊ, जिला–रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ शुकसागर लिष्यते ॥

॥ दोहा ॥

गुर गनपति शिव सक्ति सुर वदौ रमा रमेस ।
दास नेवल हरि चरित रत करहु कृपा उपदेस ॥
शुक सागर सत जल विमल कलिमल दलन प्रमान ।
दास 'नेवल' अस्नान करु होई सदा कल्यान ।
लेकर गुर पद त्रान रज नमन अपन जिन्ह दीन्ह ।
षुलो किवारी मोह की भीतर दरसन कीन्ह ॥

अंत— सोरठा

कहत जुगल कर जोरि श्रोता वकता मित्र मम ।
टूट लीजिये जोरि मोहि भरोसा आहय वड ॥
मोहि लाएहु षोरि वाजन वाजत नाथ कर ।
सो वाजन मति मोरि जानय वह यव जाय जी ॥ ३ ॥

॥ दोहा ॥

पाप हरनि पावन करनि श्रोतहु लेहु नहाइ ।
सुखसागर भाषा किते भे अकइस अध्याइ ॥२१॥

इति श्री नेवलदास क्रित सुकसागर कथा समाप्त सुभ लिषा मिति फागुन सुदी ८ सवत १६०८ ॥ या विधि राम नाम रटु भाई ॥

विषय—श्री भागवत का सक्षिप्त अनुवाद ।

सख्या १८४ मगलगीत और शब्दावली, रचयिता—नेवल सिह 'नवल', कागज—आधुनिक (सफेद रूलदार), पत्र—३०, आकार—७$\frac{१}{१०}$ × ६$\frac{६}{१०}$ इच, परिमाण (अनुष्टुप)—१०५०, पूर्ण, रूप—प्राचीन पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६८८ वि०, प्राप्तिस्थान-प० त्रिभुवनप्रसाद जी त्रिपाठी, ग्राम–प्रान पाडे का पुरवा, डाक०–तिलोई, जिला–रायबरेली

आदि—श्री गणेशाय नम अथ मगल गीता ॥

मंगल—श्री गणपति पद पकज प्रथम मनावो हे ॥ ललना ॥

सत चरन सिर नाइ राम जस गावो हे ॥ १ ॥
जब जब निश्चर अधम अनीति पसारहि हे ॥ ल० ॥
तब तब राम कृपाल विविध तन धारहि हे ॥
हरहि देव मुनि पीर अधर्म नेवारहि हे ॥ ल० ॥
थापहि श्रुति मरजाद सुयश विस्तारहि हे ॥ ल० ॥
:o· :o o:

॥ अत ॥

रह्यो एक अव 'नवल' दया तेहि कीजिये ।
राम भक्ति नेवछावरि माँगत दीजिये ॥

यह मंगल शुभदायक जे नित गावहीं ।
सीता राम प्रसाद परम फल पावहीं ।।

इति श्री राम व्याह मंगल सम्पूर्णम् ।।

अंत—अथ ग्रंथ प्रति शब्दावली प्रारम्भ ।। श्री गणेशाय नमः ।।

सुमिरौं श्री गणपति अभिराम ।
शंकर सुत आकर मंगल मुद सकल सिद्धिप्रद जाको नाम ।।
एक रदन गज वदन सदन शुभ विमल बुद्धि विद्या के धाम ।
ध्यावत नर पावत अभिमत फल लहत सकल सुष सकृत प्रनाम ।।
गिरि नंदनि नन्दन जग वदन पूरन करन सकल मन काम ।।
वन्दनीय त्रैलोक विनायक दायक अखिल विस्व विश्राम ।।

।। अंत ।।

यह चरित्र दारिद दव वारिद ससृत अहि उरगारि ।
जन गायक अभिमत फल दायक 'नवल' सदा बलिहारी ।।१६।।८८।।

इति सम्पूर्णम शुभ मस्तु ।। सोमवासर श्रावण कृष्ण ५ पंचमी सं० १९८८ वि० सन् १९३१ ई०

विषय—राम जन्म उत्सव और ज्ञानोपदेश वर्णन ।

संख्या १८५ प्रबोध-रस-सुधा-सागर, रचयिता—नवीन कवि, कागज—देशी, पत्र—७८, आकार—८ ४/८ × ६ १/८ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२६, परिमाण (अनुष्टुप)—२८८६, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री डा० भवानी शंकर जी याज्ञिक, लखनऊ विश्वविद्यालय, जिला—लखनऊ ।

आदि—

. . . .

. चित चातुरी बिकाईया बकाई कौनि काई पैं ।।८।।

जामा मिही लाल ष्याल जरी कौ जगत मानौ
बादर पैं छरा जाल भोर के बखत ही ।
करे कर साजें संग भूषन विराजे उरमाल ही
मुष साजे लाजे मेन परषत ही ।
बीर श्री विहारी जी के कुंडल अधिक लोने
लोचन पलक भौंह भाल निरषत ही ।
फूल इस्क पेंच लाल पगिया के पेंच मन
परचौ प्रेम पेंच गोम पेंच के लषत ही ।।९।।

कवित्त नवीन कौ

मूरत रसाल चारुचंद्रका 'नवीन' भाल लोचन विसाल गुम सीखे जन कोक तें ।
जामा छबिदार छोट पीरी लाल साल नीरी पटका गुलाबी झुमे बाम भुज झोक तें ।
राजइं विपिन माहि साजइं शृंगार हार लोकित अलोक ये त्रलोक घोक ओक तें ।
झाकी की झकाझकी मे भमकि झकोर नैंन ह्वै गये निहाल बाके लाल के बिलोकते ।।१०।।

अंत—पोषत पतिका की सषी की उः नाइक की सषी व्रत

।। यथा सवैया रघुनाथ कौ ।।

जांनत हो सषी औधि लौं जीवौगी औधि तें आवत मीच अगौंडी ।
तू कहिधौं कब चूक है री जब कूक है कोइल काम की डोंडी ।

श्री रघुनाथ वसंत समे विन कंत जियंगी तौ प्रेम कनौडी ।
नाह के ऐबे की आस असाढ़ लौ पास ही काल पलास की बौंडी ॥१७॥

सवैया देव जू को सषी —खंडित

:o: :o: :o:

विषय—नायिका भेद वर्णन । विषय वर्णन करने मे कवि ने अपने समसामयिक और पूर्ववर्ती कवियो की भी रचनाएँ दी हैं ।

संख्या १८६ क. पद मुक्तावली, रचयिता—नागरीदास (सावंत सिंह महाराज), कागज—देशी, पत्र—१६८, आकार—७८/१० × ५१/२ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—३७८७, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री डा० भवानी शंकर जी याज्ञिक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—श्री राधावल्लभो जयति ॥ अथ पद मुक्तावली लिषते ॥ या अनुक्रम की अलाप चारी मै दं नं ए दोहा ॥

सषी भोर लषि छकि रही स्यामा स्याम सुजान ।
मुदी पलक अलकं षुली अधर थकित मुसक्यान ॥ १ ॥
पौह पियरी सियरी समै लषि दंपति सुकवार ।
रंग भरे लपटानि तन अरुझे हार सिंगार ॥ २ ॥
लता भवन ललितादि सषि बजवत बीन विधान ।
मुदे नैन मुसुकावही सुनि सुनि तान सुजान ॥ ३ ॥
नोद भरे तन लटपटे छके द्रिगन की हेर ।
नागरिया के हिय बसो कुंज भुरहरी बेर ॥ ४ ॥

पद राग भरू इकताल

प्रात समै नव कुंज द्वार ह्वै ललिता ललित बजाई वीना ।
पौढे सुनत स्याम श्री स्यामा दंपति चतुर प्रवोन प्रवीना ॥
अति अनुराग सुहाग परसपर कोक कलानि पुन नवीन नवीना ।
विहाररनि दास वानिक पर वलि वलि मुदित प्रान नवछावरि कीना ॥ १ ॥

अंत—पद चर्चरी ॥ यथा समै राग ॥

विंदं गाय गोप वृंद गोकुल मधि सतत सुष संपदा निघोष मोष पगनि पेल भारी ।
वेई निद वल्लव सुत भए है प्रगटि वल्लभ गृह सोभित दुज कुल ललाम धाम वृज विहारी ।
वेई प्रेम परकर निति गोविंद कुभनादि संग ललित लुब्ध लोला रस पुष्ट कोस तारी ।
बेई दास नागर के प्रेरक मन मन सुखे सेवई विठलेस वेई गोवर्द्धन धारी ॥ ७ ॥

॥ इति संपूर्ण ॥

विषय—श्रीकृष्ण जी की व्रज लीला विषयक पद ।

संख्या १८६ख निकुंज विलास, रचयिता—नागरीदास (सावंत सिंह महाराज), कागज—देशी, पत्र—१५, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—२१०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १७६४ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री डा० भवानी शंकर याज्ञिक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—श्री विहाररनि विहारी जू जयति ॥ अथ निकुंज विलास ग्रंथ लिष्यते ॥

॥ दोहा ॥

श्री गुरु नेह सरूप ससि हिय मै करौ प्रकास ।
अष्ट यह की केलि कौ जानि परै आभास ॥ १ ॥

श्री स्यामा अरु स्याम के अमल कमल पद चार ।
तिनकौ बदन करि कहूं तिनकौ कछु विहार ॥ २ ॥
गउर स्याम निति एक रस नउतन नेह अछेह ।
एक वह श्रम एक रस एक प्रान द्वै देह ॥ ३ ॥
पिय प्यारी वृंदा विपुन नित विहार रस एक ।
विछुरत नाही पलकहू वीतत कलप अनेक ॥ ४ ॥
नव निकुंज मन कौ अगम सेवत कोटि अनंग ।
जुगल केलि आनंद को तहां अखंडित रंग ॥ ५ ॥

अंत—

अथ कवि वचन

यह वृंदावन यह मर्म यह दंपति की प्रीत ।
नागरिया के हिय बसौ निति विहार रस रीत ॥ २ ॥
उचित नही कहनी इतौ रहसि केलि रस काम ।
नागरिया कौ दोस कहा प्रेरक स्यामा स्याम ॥ ३ ॥
श्री राधे कीजै कृपा चहत नागरी दास ।
अपनै वृंदा विपिन कौ देहु वास सुषरास ॥ ४ ॥
सतरास चौरानवा पून्यौ अगहन मास ।
ग्रंथ निकुंज विलास यह कियो नागरी दास ॥१०५॥

इति श्री निकुंज विलास ग्रंथ संपूर्ण ॥ श्री रस्तु ॥

विषय—श्रीकृष्ण की निकुंज लीला का वर्णन ।

रचनाकाल

सतरास चौरानवा पून्यौ अगहन मास ।
ग्रंथ निकुंज विलास यह कियो नागरी दास ॥१०५॥

विशेष ज्ञातव्य—प्रस्तुत रचना के साथ रचयिता की 'पद मुक्तावली' भी एक ही जिल्द में है ।

संख्या० १८६ग वैराग्य सागर, रचयिता—नागरीदास (सावंत सिंह महाराज), कागज—देशी, पत्र—१३७, आकार—११३० × ६६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—३०८२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १७८८—१८०१ वि० तक, लिपिकाल—सं० १९३१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री डा० भवानी शंकर जी याज्ञिक, लखनऊ विश्वविद्यालय, जिला—लखनऊ ।

आदि—श्री गणेशाय नम ॥ अथ सूर (?वैराग्य) सागर लिष्यते ॥

प्रथम देहदसा

॥ चौपई ॥

अति मद अंध और नहि सूझै । एक विष उनही को सूझै ॥
भरन पोष उनही को करे । काल व्याल ते नाही डरे ॥ १ ॥
साधन की मन बात न मानी । अति दुर्मति केवल अभिमानी ॥
बहुरि वृद्धन को बल गयो । चितः मोह महा मन छयो ॥ २ ॥
षासत थूकत चल्यौ न जाय । तहा लष्टका भई सहाय ॥
नाती पुत्र चहू दिस डोले । तिन सौ होय तोतलो बोले ॥३॥
मोह विवस गई बुधि बिलाई । गौ विवेक वैराग्य नसाई ॥
तीन अवस्था योंही षोई । धुर सौ वेलि नरक की बोई ॥ ४ ॥

:०: :०: :०:

नागरी बास हुलास सौ तेइ गए जगजीति ।
मनसा वाचा निजकरी हरि भक्तन सो प्रीति ॥१५॥
देहदसा बरनी यहँ मो मति के अनुसार ।
सत विवेकी सुनि सुकवि लीजौ याहि सुधारि ॥१७॥

इति देहदसा

अंत--

चचलता ज्यो लता लहके गुन की सरिता रस रग भिजावत ।
हारन वार छुटेन के भारन लक लग्यो लचि के बचि जावत ।
अस तमूरा फवि छवि सो चटकीली अगेट अदा हे दिखावत ।
कान निभावत नेन छकावत रूप धरे मनो रागनी गावत ॥३५॥

विषय--ज्ञान, वैराग्य, भक्ति, वृजलीला, प्रेम और श्रृंगार आदि विषयों का वर्णन ।

प्रस्तुत ग्रथ मे छोटे बडे निम्नलिखित ग्रथो का सग्रह है--

१ देहदशा, २ वैराग्य वटी, ३ रसिक रत्नावली, ४ कलि वैराग्य वल्ली, ५ अरिल्ल पच्चीसी, ६ छुटक पद, ७ भक्तसार, ८ भागवत परायण विधि (रचनाकाल १७६६ वि०), ६ श्रृंगारसार, १० गोपी प्रेम प्रकाश (रचनाकाल १८००), ११ पद प्रसग माला, १२, व्रज वैकुठ तुला (रचनाकाल १८०१), १३ व्रजसार (रचनाकाल १७६६), १४ विहार चद्रिका (रचनाकाल १७८८), १५ भोर लीला १६ प्रात रस मजरी, १७ भोजनानद, अष्टक, १८ युगल-रस-माधुरी, १६ फूल विलास, २० गोधन आगम, २१ गादोहनानद अष्टक, २२ रासनाष्टक, २३ फाग विलास, २४ ग्रीष्म विहार, २५ पावस-पच्चीसी, २६ गोपी बेण विलास २७ रास रस लता, २८ रैन रूप रस २६ सीत सार, ३० इश्क चमन, ३१ छुटक दोहा, ३२, अरिल्लाष्टक ३३ साभे, ३४ कवित्त और ३५ छुटक कवित्त ।

विशेष ज्ञातव्य--प्रस्तुत ग्रथ के आरभ के ६२ पत्र आधुनिक सफेद कागज पर लिखे है ।

सख्या १८७ कामरत्न, रचयिता--नाथ कागज--देशी, पत्र--३, आकार--१० X ४ इच पक्ति (प्रति पृष्ठ)--१०, अपूर्ण (खडित), रूप--प्राचीन गद्य, लिपि--नागरी, लिपिकाल--स० १८४० वि० प्राप्तिस्थान--श्री प० शारदाप्रसाद जी दुबे, ग्राम--बेवगवॉ, डाक०--नमुआर जिला--सुलतानपुर ।

आदि--इति श्रीनाथ विरचिते कामरत्ने रसादि शोधन मारण नाम षोडशोपदे शमाप्त. ॥ इति कामरतन समाप्तम् ॥ सम्वत् १८४० :० .०.

अथ स्फुट लिष्यते ॥ अग्नि कान्ता आनव शाहरि करवायेव चूर्ण करव से चूर्ण छेगानी भरि लेव और छेगानी भरि बात औ छेगानी भरि गाइ क घीउ लेव से प्रातहि षाइ शाभ्र प्रशङ्ग करव सकुचीकरण विधि ॥ १ ॥ दारचीनी तोरा एक १ कुकुरोदा क जरि तोरा दुइ २ छेरीक घृउ पीसव तोरा प्रवान भग लेप करायेव गाठी करण मुत्तमम् ॥ २ ॥

माजूफर सेर एक १ जायेफर सेर १ अफीम सेर आध ॥ पाताल जत्र क चुआएव से तेल चारि मासा लेव एक मासा किरमिजी लेव जवोर के पिसव तभी चुपरव अस्तभन होइ अस्त-भन होइ विधि ॥ ३ ॥

धवई क फूल तोरा एक १ करिया तिल तोरा आध ॥ गाइ क दूध स पियाइव रितु काले दिन तीनि ॥ ४ ॥ धवई का फूल तोरा एक १ स्वेत पुनर्नवा क जरि तोरा एक १ तिल तोरा आध ॥ एक वरण गएव छातरी तकर दूध ऋतु काले पियाएव गर्भ धारण होइ ॥ ५ ॥

अत--कूठ तोरा एक १ धतूरा क बीज तोरा आध ॥ वरियारा क बीज तोरा १ वव तोरा आध ॥ अस ग . . कर से पीसव तव नये भुना गधग मासा चारि लिङ्ग लेप करव स्थूलीकरण द्रोढी करणादि द्रिष्टि प्रत्ययः ॥११॥

सपेद गदहापुरणो क जरि आनव एतवार के दिन स्वेत मधु से पीसव ऋतुकाले तोरा प्रमण तीनि दिन षाये वेव गर्भ धारण होए ॥१२॥

परासक खार तोरा १ एक हरिताल तोरा एक १ केरा क जरि क पानी या पाएक तिल क तेल पाव एक इस सभ जवर कै अवटव लोम सातन विधि ॥ दादक औषदम देवा ॥ अथ मंत्रादि प्रयोग. ० ० ०.

विषय—कामशास्त्र और रसादि औषधियों का वर्णन।

संख्या १८८ सुकुमाल चरित्र, रचयिता—नाथलाल, कागज—देशी, पत्र—८०, आकार—१२¾ × ८¾ इंच, पंक्ति—(प्रति पृष्ठ) १३, परिमाण (अनुष्टुप)—२३४०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य पद्य (वचनिका), लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १९१८ वि०, लिपिकाल—१९६७ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर (बड़ा मंदिर), चूड़ी वाली गली, चौक, लखनऊ।

आदि—श्री जिनाय नम. ॥ श्री सुकमाल चारित्र लिख्यते ॥

॥ दोहा ॥

श्रीमत वीर जिनेस पद कमल नमू सिरनाय।
जिन वाणी उर मे धरू जजूं सुगुरु के पाय ॥ १ ॥
पच परम गुरु जगत मै परम इष्ट पहिचानि।
मन वच तन करि ध्यावते होत कर्म की हानि ॥ २ ॥
०. ० ०.
सकल कीर्ति मुनिराज इक भये महा मतिमान।
तिन न श्री सुकमाल को रच्यौ चरित हित आन ॥१६॥
ताको कछु सक्षप भव कहू मूल अनुसार।
नव अधिकारन मे कह्यौ जो मुनि नै विस्तार ॥१७॥
.० ० ०.

॥ नम. श्री विश्वनाथाय ॥

पच कल्याण भागिने महते वर्द्ध मा नाय नित्यानद गुणाब्धये ॥ १ ॥

॥ अर्थ ॥ मै जो सकल कीर्ति नामा आचार्य ताको वर्द्धमान तीर्थ करके अर्थि नमस्कार हो कैसे है श्री विश्वनाथाय कहिये शोभायमान तीन भुवन का स्वामी है अथवा स्थावर जगम सकल जीवनिका ईश्वर है अर पचकल्याण भागिने कहिये गर्भ जन्म तप केवल और निर्वाण ऐसे पच कल्यानक विरवं याको इद्रादिक देव सेव है महते कहिये सबनि के पूज्य है अथवा चतुर्विधि सघ विरवं महान श्रेष्ठ है ॥

अत—

ढूढाहड देस मध्य जैपुर नगर सोहे
चार वर्ण राह चले अपने सुधर्म की।
राम सिघ भूपति के राज माहि कमी नाही
कमी कछु दृष्टि परै मानू निज कर्म की।
वैश्य कुल जैनी को पूरव कृत पुण्य थकी
पायो यह खोलो अब मुदी दृष्टि भर्म की।
जैन वेन कान सुनो आतम स्वरूप मुनो
चारो अनुयोग भनो यही शीघ्र मर्म की ॥ २ ॥

॥ चोपई ॥

दोशी गोत दुलीचद नाम। ताको सुत शिवचद ललाम ॥
नाथू लाल तासु सुत भयो। जैन धर्म को शरणो लयो ॥ ३ ॥

श्री विवाग संग ही अमरेस । पाय सहाय पढ्यो श्रुत लेस ।
कासलिवाल सदा सुख पास । फिर कीनो श्रुत को अभ्यास ।। ४ ।।
श्री सुकमाल चरित्र रसाल । देखि कही हरिचद्र गंगवाल ।
होय वचनिका मय जो येह । सबही जन वांचे हित गेह ।। ५ ।।
विन व्याकरण पढे नहि ग्यान । मूल ग्रथ को होय निदान ।।
ऐसे प्रार्थन तने वसाय । मूल ग्रथ को पाय सहाय ।। ६ ।।
भावारथ सो लिखयो येह । देश वचनिका मय धरि नेह ।।
:o: :o: :o:
उनवीश शत ठारह सार । सावरण सुदि दशमी गुरुवार ।।
पूरण भई वचनिका येह । वाचो पढो सुनो धरि नेह ।। ९ ।।
मंगल मय मगल करन वीतराग चिद्रूप ।
मन वच तन करि ध्यावते होहे त्रिभुवन भूप ।।१०।।

इति श्री सकलकीर्ति आचार्य विरचित सुकुमाल चरित्र सस्कृत ग्रथ की देश भाषा मय वचनिका समाप्ता ।। इस सासतर को सनूमल नेम मदर जी मे दिया स १९६७ भाद्र शुक्ल १५ स०

विषय—जैन धर्म कथाओं के अतर्गत सुकुमाल चरित्र वर्णन ।

रचनाकाल

उनवीस शत ठारह सार । सावरण सुदि दशमी गुरुवार ।।
पूरण भई वचनिका येह । वाचो पढो सुनो धरि नेह ।। ९ ।।

सख्या १८९ नानक प्रगाश, रचयिता—नानक 'गुरु', कागज—देशी, पत्र—६१, आकार—६ × ४।। इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—५८७, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, प्राप्तिस्थान—श्री जगन्नाथदास जी मठाधीश, स्थान—वनके गाँव, डाक०—कादीपुर, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—शत गुरु प्रसाद राग रामकली । नानक प्रगाश बहु अग ग्रथ वरनते

।। दोहा ।।

कर जोरे प्रनाम करी धरी चरन पर शीश ।
नानीक तुम गुरु देव जी, पुर्न बीशवे वीश ।।
परमहश तारन तरन गुर देवन गुर देव ।
अनभव वानी दीजिएं नानीक पावें भेव ।।

चौपाइ

ननी नमो गुरदेवनी देवा । नमो नमो अगम अभेवा ।।
नमो नमो नीरलव नीराशा । नमो नमो प्रमातम वासा ।
नमो नमो त्रीभुअन के सामी । नमो नमो गुर अतरजामी ।
नमो नमो प्राधीन के करता । नमो नमो पालह शहरता ।
:o. .o 'o.

दोहा

नीरमल ग्यान देह हो ब्रह्म रुप करी देत ।
जीव रूप की आपदा व्याध सबं हरी लेत ।

अत—आपु भगती उपजं नहो गुर शो नाही शील ।
नान्क मीलं न शीधु वह जो तलाव का नीर ।
जगदीश गुर मोको मीलं पुरन दीना भेव ।
नानक को डडवत है वारमवार गुरदेव ।

मब शाधुन परनाम करो वहो कर जोरो शीरनाए ।
येही दान मोही दीजिऐ भगती करौ चीत लाए ।

एती श्री नानक प्रगाश ग्रथ शपुरन

विषय—भक्ति तथा ज्ञानोपदेश वर्णन।

संख्या १६० महाभारत, रचयिता—नामदेव, कागज—देशी, पत्र—४०, आकार—६॥ X ३॥। इञ्च, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—३५०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १७८१ वि०, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी (दाता—श्री पं० जगन्नाथ जी द्विवेदी, ग्राम—महरूपुर, डाक०—कोठा रामपुर, जिला—प्रतापगढ़)।

आदि—श्री गणेशाय नम

दोहरा

भारथ कथा प्रसग व्यास वचरा अहि भाषियत ।
सकल पाप करि भग भक्ति करहि पावहि फल ।
श्री गुर चरन सरोज रज निजमन मुकुर सुधारि ।
वरनौ रघुवर विमल जस यो दायक फल चारि ।
चारि वस्तु वढते भले सुत धन धर्म प्रताप ।
चारि वस्तु घटते भले ऋनि अरि पचडा पाप ।
चरण गए विनु तीर्थ ही कर जो गये विनु दान ।
वस गए विन पुत्र ते भवन गये विनु वाम ।

दोहरा

सारद गनपति हम हरि सम के सस उपाय ।
व्यास ऋषभ म ए जो भारथ कथा सुनाय ।

चौपाई

अर्जुन करण दुरउ धनुधारी । कहहु षेत कमि की होन्हि मारी ।
अर्युन कर्ण जे पोरुष कीन्हा । सो मुनि व्यास सो वरनै लीन्हा ।
उत्यम कथा केरि सम्भाई । वाढइ धर्म पाप क्षय जाई ।
महा महह वरन मह होई । षेत पास न कादइ कोई ।
तेहि मरद आपुहि मरवावइ । मारिन हनहि ताहि सकि जानहि ।
तन झाझार अउ टूटे वाहा । तह सका न होइ जीव माहा ।
दुष दलिद्र औ पातप हरना । सुनो 'नाम देव' की सरना ।
कृस्न कीन्ह सर्वस सो भाई । भारथ कथा आपु करवाई ।
वरदा ब्राह्मण जीव साई । साह लागी सो धर्म नसाई ।

दोहरा

सत्यवती सत बाढै पापी क पातष जाई ।
सकल कथा के ठाकुर सुनइ चतुर चित लाई ।

अंत—

दोहरा

रन मह करन नेवतेउ अगार सनी अस कीन्ह ।
जेई जेई दरसन पावा सोइ सुरलोकहि लीन्ह ।
जो फल गआ वनारस कीन्हे ।
जो फल वेनी मह सिर दीए ।
जो फल अवध पुनीत नहाए ।
जो फल सेतुवध के कीए ।

जो फल गगा सागर न्हीए ।
नीवषार क्षाप कै पाए ।
महाप्रसाद जौ कर दाना ।
तुलसी सेवा दाय प्रकासा ।
गुरु सेवा कन्या कर दामा ।
भारथ कथा सोई पुन्य वषाना ।

श्री रामचंद्र महाय गुर गोविद संवत् १७८१ मार्ग सुदि ।

विषय—महाभारत कथा का संक्षिप्त वर्णन ।

संख्या १९१ त्रिकाण्ड वल्ली ज्ञान दीपिका, रचयिता—नारायणाश्रम स्वामी परमहंसकाचार्य, कागज—आधुनिक (पीला), पत्र—२४, आकार—११ × ६३/४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२१, परिमाण (अनुष्टुप)—२६४, पूर्ण, रूप—प्राचीन (जीर्ण), गद्य पद्य, रचनाकाल—सं० १९०४ वि० (संभवत), लिपिकाल—सं० १९४८ वि० = १८९१ ई०, प्राप्तिस्थान—पं० देवशंकर पांडेय ग्राम—भगवानपुर वढैया, डाक०—खैरहनी, पहाड़गढ़, जिला—रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नम.

ॐ तत्सद्ब्रह्मणे नम· ऊकार ईश्वर का वाच्यार्थ है। ऊंकार की मात्रा चारि ।

.o. o· :o:

वेद के अंग है ।। शी.ा ।। कल्प व्याकर्ण ।। निरुक्त ।। वेदान्त ।। शास्त्र छ है ।। न्याय ।। वैशेषिक ।। सांख्य ।। पतञ्जलि ।। मीमांसा ।। धर्म शास्त्र ये छ शास्त्र है ।। अठारह स्मृति है ।। मनुस्मृति ।। याज्ञवल्कि स्मृति तिसका टीका मितक्षरा है ।। परासर स्मृति ।। वशिष्ट स्मृति ।। गीता ।। गौतम स्मृति ।। निर्णं सिधु इससे आदि लैके अठारह है ।। अठारह पुराण है ।। ब्रह्म पुराण ।। पदुम पुराण ।। भागवत दुइ है ।। एक देवि भागवत ।। इससे आदि लै के अठारह है ।। तिन अठारहो पुराण मे पच देवता आदि लेके और देवनो की उपासना जानि लेना ।। सो भी वेद के अंतर्वर्ती हैं ।। बाल्मेकी से आदि लैके जो काव्य है ।। अमर कोश से लेके जो कोश है ।। भृगु सहिता से आदि लै के जो ज्योतिष के ग्रथ है ।। महाभारत से आदि लैके जो इतिहास है ।। अंगरेजी वो फारसी वो उर्दू वो अर्वी वो मरहटी वो बगला इत्यादिक सम्पूर्ण का वेद के अन्तरगत प्रयोजन है

अंत—नाइन उत्तम ग्राम है वसै सई के तीर ।
कनपुरिया तामे वसै वड़े वृद्धि मति धीर ।।
नाइनि से प्रारम्भ करि आये ग्राम पहार ।
तहा ग्रन्थ पूरो भयो कान्यकुब्ज के द्वार ।।
दशमी तिथि रविबार दिन एगहन मास सुजानि ।
'त्रिकाण्ड बल्ली दीपिका' पूर कीन सुष सानि ।
राम अधीन है राम कं हनूमान सुत तासु ।
शिव मंगल मगलकरण निशि दिन करत प्रकासु ।।
अज्ञान भव सिन्धु मा परे लोग सव देखि ।
सुगम मार्ग भाषामय ग्रथ कीननि देखि ।।
श्रुति स्मृति प्रमाण कारि पुनि भाषा के दीन ।
देखि बिबेकी सुगम पथ चलै जो होहि प्रबीन ।
पामर नीच मूर्ष ऊह जिनकर हृदय कठोर ।
तेरा जन दरबार पर सुनै ग्रन्थ यह मोर ।।

·o: .o. :o:

गाब्धि नद चन्द्रे च वत्सरे दशमी तिथौ ।
अश्वनी युजी वारे च रवे ग्रथौ विनिर्मितः ।।

इति श्री परमहंसिकाचार्य नारायण श्रम स्वामी विरचिता त्रिकाण्ड वल्ली ज्ञानदीपिका ्माप्ता शुभ मस्तु ।। ताः २५ दिसम्बर रोज शुक्रवार सन् १८६१ ई० मोताबिक मिति पूस बदी ।० सन् १२६६ फसली

विषय—आर्य ग्रंथों और आर्य संस्कृति का वर्णन ।

रचनाकाल

गाब्धि नन्द चन्द्रे च वत्सरे दशमी तिथौ ।
अश्वनी युजी वारे च रवे ग्रथौ विनिर्मिता ।।

संख्या १६२ उड्डीस तंत्र, रचयिता—नित्यनाथ, कागज—देशी, पत्र—२४, आकार—९६/८ × ६४/८ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—३३६, अपूर्ण, रूप—ाचीन, गद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—डा० सूरजबख्श सिंह जी, गाँव व डाक०-कटघर, जला–रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ।।

एक चित्त मंत्र जपिये बीस हजार ।। देवदार चंदन वर की जर पानी सौ बाटियें विभूति ौं संजुक्त कै माथै तिलक करै तौ सर्व जन वस्य होइ ।। पयरसगा की जर पुष्य नक्षत्र मैं लीजै ।। रु रुद्रवंती लीजै ।। अरु जौकी जर लीजै ।। पुनी क्वांरी कन्या सौ सूतु कताइजै ।। पुनि वाहिनै ाथ सौ बांधियें ।। तौ सर्व पूज्यमान होई ।।

।। अथ मंत्र ।।

राय रछे भय भगवती गधीरे रेध स्वाहा ।।

।। अथ और प्रयोग ।।

आम्भाभारे की जर और गोरोचन बराबर लीजै पानी सौ वाटि तिलक कीजै तौ तीन लोक ्स्य होइ ।।

।। मंत्र ।।

ॐ नमो कद सवारि जारिनी मालिनी सर्व लोक वस्य करी स्वाहा ।।

यह मंत्र अष्टोत्तर सै वार जपै तौ सिद्धि होय ।।

अंत—रुद्र जटा सेत आ कहथा जुरी छिरहटा ये वोषद पुनर्वस नक्षत्र मैं लैके तावीज मढावै माथे मैं राखै जहा जाइ तहा वोलु ऊपर होइ मंत्र ऊ मम ह्रु ह्रीं ह्र ठः ठः फट् स्वाहा ्हा को चल तहा को यह मंत्र पढि लेइ तौ सिद्धि होइ ।

इति श्री पार्वती पुत्र नित्यनाथ . . . .

:o: :o: :o:

—अपूर्ण

विषय—उड्डीश तंत्र की गद्य टीका ।

संख्या १६३ शालिहोत्र, रचयिता—निधान 'सुकवि', कागज—देशी, पत्र—१४, ाकार—८ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—४४८, पूर्ण, रूप—्चीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८१२ वि०, लिपिकाल—सं० १८७८ वि० ?), प्राप्तिस्थान—श्री ठाकुर उदरेज सिंह जी, ग्राम—उमरा, डाक०—सैफाबाद, जिला—्तापगढ़ ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ।।

विघ्न हरण सब सुख करण......वरदानि ।
करहु कृपा दीजै सुमति कहौ जोरि जुग पानि ।। १
संवत दश वसु शै जहां उपर जानौ भानु ।
सालहोत्र भाषा करि नूतन सुकवि निधान ।। २

शुक्ल पक्ष तिथि पंचमी सहित सुभग बुधवार ।
माधव मास पुनीत अति भयो ग्रंथ अवतार ॥ ३

अथ राजा वर्णन

सैयद सावल समथ्थ महि मण्डल वुद्धी निधान ।
'अकवर अली' समावली विद्या विदित विधान । ४
एक दिना नृप कविन्ह सो दीन्हो यह फरमाइ ।
सालिहोत्र जो संसकृत भाषा देहु वनाइ । ५

अमर विलसि छद

सदरि जहा भुव जानि सुजस भुव वाजि समर्प्यें ।
वली 'मुरतजाखानि' दान करि थालरि थप्यो ।
फेरि सैद महमूद सो चित्तरि वारि वारि करि ।
मुकलहृरिन घाव वस्त्र कीन्हे सवाव धरि ।
षुरुम सुसैयद साथ सुधन व्यास मता सुग्र ।
देत सकल मन कामना 'अलि अकवर' कलि प्रगट हुग्र ।

सोरठा

सुदर सांचो काम दाता ज्ञाता सूरिवां ।
अकवर अली सुनाम चिरजीव जवलगि ध्रुव ।

अथ ग्रथ प्रस्तार

दोहा

पडवपति कुल कमल रवि धरम तात धरमज्ञ ।
सत्य सिधु जारज धूरी जयति युधिष्ठिर सत्त । ८
भीमसेन अरजुन अनुज सह महदेव सुजान ।
नकुल सकुल भूषण सकल तुरग मत्र गुरमान । ९
ग्रथ देषि सव मुनिन के कीन्ही नकुल विचार ।
सालिहोत्र संछेप सो रचौ रुचिर लहि सार ।

इति श्री सुकवि निधान कृतौ भाषा सालिहोत्रे प्रथम...... ॥

अत--

दोहा

सालिहोत्र जो नकुल वर रचौ सकल सिर मौर ।
ताते जानौ वाजि के गुण औगुन सव ठौर । २१
सवको मतो विचारिकै कीनो सवै प्रमान ।
सालिहोत्र भाषा रच्यौ दीक्षित सुकवि निधान ॥ २२
मै प्रवध कीन्हो कछुक पडव मत अनुसार ।
मोमति अति लघु जानवी हरी जं सुकवि विचार । २३

इति श्री सालिहोत्र सुकवि निधान कृत भाषा समाप्त ।

विषय--घोडो के लक्षण तथा उनके रोग और औषधियो का वर्णन ।

रचनाकाल

संवत दश वसु सं जहा उपर जानौ भानु ।
सालहोत्र भाषा करी नूतन सुकवि निधान ।

संख्या १९४ नायिका भेद (अनुमानत), रचयिता--नीलकठ, कागज--देशी, पत्र--२, आकार--११$\frac{८}{१०}$ × ४$\frac{९}{१०}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)--७, परिमाण (अनुष्टुप)--२८, खडित, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, प्राप्तिस्थान--नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—

परम प्रवीन पति पोमिनिय प्रेम पालि प्रात पहिचाने पग पलटि पलरि पर ।
प्रषर पनेजपानि पीक पाइ प्यारी पहु परषिय पाग पेच पुहुप प्रगट पर ।
पावन प्रसिद्ध परि पूरन पुहुमि पर पुनि पुनि पछितात्ति प्रथम परेषे पर ।
प्रभु परमिति परसतन पराइ पीर प्यारे पातिसाह पढी प्रगटि परस पर ।। १ ।।
गीरवान होत वयन सयन रवि राचे कासो जानती हो नयन रग राते पीजियत है ।
निसा जेती कीन्ही तेती जानी हम महाजान करमे के आए जेसे तेसे कीजियत है ।
कीरति करी है नीको सोई भावती हे जो को भावती कहाने हीए लाज लीजियत है ।
परभान के बनाइ जागी जोहे प्यारे पं ध प्यारी सो हे पान प्रभु ताहि दीजियत है ।। २ ।।

जो दूत व्यापार मे निपुन नायिका होइ ।
हितकारी तिय पुरुष की कहियत दूती सोई ।
नारी नाहैं मिलाइवो विरहनि वेदन जोन ।
दूती के व्यवहार छमि वर्रान कहत कवि तौन ।।

।। सघट्टन ।।

मेरो कहो मानु जिय जानु सुनु कान दे के मन मे न आनु ऐरी ऐसो मानु ठानिवो ।
कवि 'नीलकठ' कहे लालन विहारी जि के एकइ वमत चित तो सो प्रीति मानिवो ।
बीते जा . . . .

.० ० .०

आंको है अमिली तहैं आवहि को अमिली कहिए री ।
को पुकारं विन काजे काहुव तूं मति हो हिए मे करे री ।
'कठु' कहे दिढ के अपने मन जो तुम हे सजनी सिष मेरी ।
जानु यहे भरि देह पियारे सो तोहि सो नेह सदा निवहे री ।।६३।।

।। सषी परिहास ।।

सोए जहा मन मोहन मोहनि 'कठ' गई तह आलि सयानी ।
वाल कि वीर गोपाल की पाग दोउ चुपचाप चोराय लै आनी ।
भोर भए हसि कोल मुही सो कह्यो यह काकि है कोलि निसानी ।
आधेक नन चितं तिरछं नव राधिक जिउ मुरि कै मुसुकानी ।।६४।।

।। नायक परिहास ।।

नागरि वैठि हुती जहँ धाम तहा घनश्याम गए सुष साने ।
अग सो अग मिले रति रग तिया पति यो लिषि पत्र मे आने ।
आगे धरे हरि 'कठ' दोउ जवही व्रषभान सुता पहिचाने ।
वे सकुची अचरा गहि आनन वे मन मोहन जिउ मुसुकाने ।।६५।।

।। प्रिया परिहास ।।

साँझ समै हिम सैल सुतां पिय रो जियें झूठेहु भानु सो कीनो ।
मान मनायो न 'कठ' कछूक वुलाए न मानिनि मोनु सो लीनो ।
पायें परे हस के हहरें चरनवुज चद सुधा रस भीनो ।
सोति ढरी पग ताँही धरी न रह्यो घिरिजा गिरिजा हसि दीनो ।।६६।।

.०: .० :०

—अपूर्ण प्रति की पूर्ण प्रतिलिपि

विषय—नायिका भेद वर्णन ।

सख्या १६५ मे ग्रथ लीला, रचयिता—नेवाजदास, कागज—देशी, पत्र—८०, आकार—६ × ८। इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—३६०, पूर्ण, रूप—

प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, प्राप्तिस्थान—श्री मनोहरलाल जी कायस्थ, ग्राम—जूही, डाक०—साँगीपुर, जिला—प्रतापगढ़।

आदि—श्री गणेशाए नमः भे ग्रथ लीला ॥

साधो चरण गहो लपटाइ। पाइ गुर आपनो।
समरथ बदीछोर बरे तेहि रहो निहारी।
पीउ आपनो पइलइ मनहूर्षित नारी।
कर्म नेवारण हार सो समरथ दीनदयानल।
साधक दरसन पाइकै छिन छिन होत निहाल।
सो शमराथ सरव जग यव सो आयो भाई।
निर्गुण पद उपदेश वेश तिभ्र जनहि सुनाई।
आपन रूपा अनूप निन्द जनहि सघट विच दीन्ह लषाई।
चीन्हत निर्गुण ब्रह्म पद रहो ताहि मन लाइ।
:o: .o :o:
यहि विधि शमुभ्रत अपनी रूहि अनत विधान।
ध्यान समुझि अविचल भये तामे ज्ञान समान।
प्रभु सुकृत गुरनम गयव को मालिक भई।
कृपा कीन्ह जन जानि ब्रह्म को जुक्ती लषाई।
'दास नेदाज' समाज त्यहि चीन्हत पद निर्वान।
आनद मगन सनेहवश असमन सत्ति प्रमान।

शव्द लीला

साधो सकल दोष दुष हरण करण गुर पायउ।
सत्त गुरदीन दयाल सरण गत भाई।
धन्य जन्म सो जीव सरण जिन्ह अविचल पाइ।
चरण धोइ जलपान ध्यान धरि पायो भाइ।
·o· o. ·o
अंवर पद पहिचानि जानि मन सुरति लगई।
नित नव लाग सरोह देह की सुधि विसराई।
पर्म पुरुस गुर ज्ञान ध्यान सुकृत अग नाम।
केवल रूप आनूप अचल गती रूप अकामा।
'दास नेवाज' समाज त्येह करत सुरा रस पान।
विषै विकार विचार तजि चाषि भयो मस्तान।

भे ग्रथ लीला कुवार मासे सुकुल पक्षे दसमी सोवा मरक पूरण भयो ॥ माम सनद यइतो सवता छो

:o: ·o: :o.

विषय—भक्ति तथा ज्ञानोपदेश वर्णन।

संख्या १९६क वैद्यक कल्प, रचयिता—महाराज पतितदास, कागज—देशी, पत्र—४४, आकार—१०॥। × ६॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—७०४, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १९३७ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० चंद्रशेखर (बब्बन) मिश्र, ग्राम—भैंरोपुर, डाक०—बखशा, जिला—जौनपुर।

आदि—श्री गणेशाय नमः

अथ महाराज पतितदास कृत वैद्यक कल्प कृत कृतारत शार लिष्यते

चोपाई

तीनौ जुग रिषि मुनि भें देवा। सत्य धर्म व्रत गुरात्मक सेवा ॥
काम थाम ओसधी नित धारैं। याही तेजस भयो अपारैं ॥

आयू तेज जोर वल भारी । मेव जांगो न कोइ सके मारी ॥
सत्य गायत्री गुर तप व्रता । सर्व धर्म रूप जेपा करता ॥

दोहा

हमेश कल्प धारै एकात ह्वै वहु विधि करै विचार ।
सञ्जम कै अत्म प्रमात्म लषै काह करै ससार ॥ १

सोरठ

पा गहि गुर कृपा कौन सुष पाय खाव फल वृक्ष ।
होय नाम पद लौलीन ताहि सुलभ पद चारो सप्त ॥

छद

नाहक घर घर वन वन घूमै याही मग गहि लीजिये ।
भक्ति मोक्ष मुक्ति सुजस पावै अनद मगल वसि कीजिये ।
रहत है हरषंधार निसु दिन वेद पुरा तो याही कही ।
दास पतित छल छाडि विस्वास कै झूठ नही है साचु सही ॥

दोहा

द्विज कन्या गुर ब्राह्मन पूजि कै कोई दवाई खाय ।
दास पतित शिव वाव्ध है कवहू मिथ्या जाय ।

अत—अथ नीम कल्प

चौपाई

पीसि क्षानि मधु जुत गोली कीजै । तीनि से साठि गनती कै लीजै ।
कार्तिक से धारनि कीजै । गोली एक परिमान करीजै ।
स्यामा गोक्षीर नवुल पाई । सजम सहित पकात रहाई ।
मास मास के गुनहे बहुतेरा । सवतसरे हजार वरस की आयुर्वेरा ।
महासिद्धि सर्व व्यापी होई जाई । हानि लाभ सव हाथ कराइ ।
धर्म व्रत सतवाद ध्याना । रइहे अटूट सव मिलै खजाना ।

ईति श्री सकर पारवती सवादे सर्व अवसदी न ताप जीवन रक्षा हित दास पतित भाषा कृत वर्नते सछेप गुनी सजन सजमी होइहै सो सभारि सुधारि है मम दोषो नहि दीईते शुभ सवत् १९३७ मिती वैसाख सुदी १०

विषय—वैद्यक विषय वर्णन ।

सख्या १९६ख सर्व ग्रथोक्ति, रचयिता—पतितदास, कागज—देशी, पत्र—३८, आकार—१०।×७ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, अपूर्ण (खडित), रूप—प्राचीन (जीर्णशीर्ण), गद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री प० चद्रशेखर (बब्बन) मिश्र, ग्राम—भैरोपुर, डाक०—वक्शा, जिला—जौनपुर ।

आदि—

. . . . .ए अजीरन मे माठा व कचेलीआ पियै तो नीक होय वरादिक तेल कै षाऐ अजीरन मे षर पीयै तौ नीक होय अथ छिरिहीटा कै जरि कै पीसि पियै तो रज्यसुला वद होय तौ षुलै और जहा लै विष है सव नीक होय सही जावत माहूर औ जीउ कै काटे सव नीक होय अथ पोते कै रसवत मासे १ अमिलतास गूदी १ अफीम २ गेरु १ सव पीसि मकोय के रांग में मिलाय चुराय जव वुजा उठै तव सीत गरमी लेप कै एकात मे औ जव सुखि जाय तव फेरि लगावै असे अस तीनि दफै लगावै एकै रोज मे औ जवले नीक न होय तव लै लगावा करै वडी चीज है अथ पेट व्याधि जाय

:o: :o: :o:

इति श्री पतितदास विरचिते सर्व ग्रंथोक्ति प्रथमो परकरन्

अंत—अथ लकवा कै

वाघिनि दूध ५ॅ मूंग १२ मोती पक्की होय तौ रती १ औ कच्ची होय तौ रषी २।। वीर बहुटी २ कमलगट्टा के वीज १। रुद्राक्ष चरन १। कस्तूरी मासे १ छाजी छीर जुर जीव्ह पर मलै औ थोर खायो करे अथ दूसरी मुरगी कै अंडा ४ नोन भरी २५ गुराती इलाची मासे १ मृच काली २५ गोघृत १ पीसि अछे हल्ल कै कै गटई मे ले

—अपूर्ण

विषय—वैद्यक विषय वर्णन ।

संख्या १६७ पद, रचयिता– पदमदास या पदम स्वामी, निवासस्थान—पच्छिमी राजस्थान (अनुमानत), कागज—देशी, पत्र—१०, आकार—६ १/२० X ५ ७/१० इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—१३५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि— **राग वरूवा**

चलो सषि देषन जाय स्याम सहैजादे वना ।।टेक।।
मालन ल्याई सेहरो दुलहा के सीस बनाय ।
वागो सोहै केसरिया सहैजादे वना ।। १ ।।
थारै माथै पचरग पाग द्वारावती से आईया ।
सहैजादे वना ।।
थारो रूकमणी लीन्हो छै नेम ।। २ ।।
या जोड़ि के कारणै थारो 'दास पदम' वलि जाय ।। ३ ।।

अंत— **राग ठुमरी**

बनडी देषन आइब माजी पडदा परै करावो ।
रग रगोलिका व्याह कुमर जी म्हानै मुषै सुनावो ।। १ ।।
के के दान दियो रुकमइये किसौ दाय जो ल्याया ।
मोड वाधि के सज्या कुदन पुर किसि वडमक करि आया ।। २ ।।
हाथ घस्यां हाथ लेवा कीन्हो कित गयो सिर को ताजै ।
धिग धिहि धिग सारे जग माहि यहि कुमर ने साजै ।
:o: .o: .o.
म्हानै लोग वोलवा देवै हस है लोग लुगाई ।
पदम भणै धिरग जीवन लाडा कि सीक वनड़ी व्याही ।। ८ ।।
:o: :o: :o:

विषय—श्रीकृष्ण भक्ति वर्णन ।

संख्या १६८ रत्नकरड (वचनिका सहित), रचयिता—पन्नालाल, कागज—देशी, पत्र—५०, आकार—१० ८/१० × ६ १/२ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—६२५, पूर्ण, रूप—पाचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १६३१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मदिर, अहियागज, टाट पट्टी मोहल्ला, जिला—लखनऊ ।

आदि—ऊँ नमः सिद्धेभ्यः ।। अथ सार्थक रत्न करंड लिख्यते ।।

।। छंद चौपई ।।

ऋषभ आदि जिन केवल धार । दो विध धर्म कह्यो सुखकार ।।
तथा समंत भद्र मुनिराज । रत्न करड रच्यौ शिव पाज ।। १ ।।
तास वचनिका विशद विशाल । रचो 'सदा सुख' परम दयाल ।।
तास अर्थ हम सूक्ष्म पाय । लिषै वचनिका सुगम वनाय ।। २ ।।

॥ श्लोक ॥

नमः श्री वर्द्धमानाय निर्धूत कलिलात्मने ।
सालोकाना त्रिलोकानां यद्विद्यादर्प्पणायते ॥ १ ॥

॥ अर्थ ॥

अंतरग तो वतुमृयादि अर वहिरंग सम व शरणादि लक्ष्मी जो है ता करि वृद्धि कूं प्राप्त भयो अथवा समस्त प्रकार करि परम अतिशय कूँ प्राप्त भए है केवल ज्ञानादि प्रमाण जाके ॥ अर नष्ट किये है ज्ञान वरणादि घाति या कर्म रूप पाय आत्मा ते जानै । अर जाकी केवल ज्ञान रूप विद्या अलोक सहित त्रैलोक कूं दर्प्पण समान आचरण करै है । ऐसो अतिम तीर्थंकर वर्द्धमान जो है ताकै अर्थि नमस्कार करु हू ॥ १ ॥ ऐसै समत भद्र स्वामी इष्टदेव का गुण स्मरण पूर्वक नमस्कारात्मक मगलाचरण करि धर्म को स्वरूप कहनें की प्रतिज्ञा करै है ॥

अत— अबै या वचनिका रूप ग्रथ की पद्धति लिखियहै
आर्य क्षेत्र ढूढाहड देश । जयपुर नगर राम नृप वेश ॥
शिव मग निति तह धरत प्रकाश । ऐसो जिन भाषित को भाश ॥ १ ॥
तहा सदासुख कासलिवाल । विद्या गुरु तसु परम दयाल ॥
करी वचनिका विशद विशाल । तास तनौ लै भाव रसाल ॥ २ ॥
रत्नचद सुत पन्नालाल । सघी श्रावक दूनी वाल ॥
'रत्न करंड गुनन की माल । रच्यो वचनिका मयी रसाल ॥ ३ ॥
कियो शुद्ध वर पडित राज । फलै लाल जित शिवमय काज ॥
पढै सुनें जो भक्ति उपाय । लहे ज्ञान सम्यक सुखदाय ॥ ४ ॥
मडलेस विक्रम निर्धार । उगणीसे इकतीस विचार ॥
पोस कृष्ण सप्तमि बुधवार । पूरन भयो परम सुखकार ॥ ५ ॥

इति श्री समतभद्र स्वामी कृत विरचिते उपाशकाध्ययने रत्न करड पर पर्याये पचम परिछेदः ॥५॥

मिती मगश्र शुक्ल ६ लिखिवाई लोकमन पद्मावति पुरवार फिरोजावादे वारे जिला आगरे के ने जैपुर मध्ये हाथ पन्ना लाल जी सघी दूणीवारे के हेत अपने पढवे के

विषय—जैन धर्मानुसार सत्य धर्म का उपदेश वर्णन ।

रचनाकाल

१९ ३१
मंडलेस विक्रम निर्धार । उगणीसे इकतीस विचार ॥
पोस कृष्ण सप्तमि बुधवार । पूरन भयो परम सुखकार ॥ ५ ॥

सख्या १९९ ओषाहरण, रचयिता—परमाणद, कागज—देशी, पत्र—४०, आकार—११ × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—८८०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १५१२ वि०, लिपिकाल—स० १६१३ वि०, प्राप्ति-स्थान—श्री प० बलभद्र जी, ग्राम—दानापुर, डाक०—बरसठी, जिला—जौनपुर ।

आदि—श्री गणेशाय नम श्री शारदाय नम अथ श्री ओषाहरण लक्षते ॥
श्री सभुतुतने आरघ आराधुजी । मन कम वचने सेवा साधु जी ॥
चतुरदस लोक भुवने तेह ने माने जि । तेना गुण सुलखिये पाने जि ॥ १ ॥टाला॥
याने तलख्या जाये नहि । श्री गणेसना गुणग्राम ॥
सकल कारज सिद्धयेमा मुष लेता नाम ॥ २ ॥
गजानन ने नासिका वलिदत उज्वल एक ।
आयुध करसि करधरी जेणे असुर हराया अनेक ॥ ३ ॥
सग वेसुध वुध्य श्यामा षुपत लाभ मे वली लक्ष्य ।
सीदुर सोभाछे ससीरे । उज्वल मोदक भक्ष ॥ ४ ॥

निलांबर पीताबर परंग चडे सेवक्री नीसेव ॥
माहा प्रभु जो ये येम पोषी यंजेय जय दुवल देव ॥ ५ ॥

अत--सौता वगता अने प्रछक पुरुस नारी जन ॥
दुक्रीत देहना दुख जाये पड्या पाय पावन ॥१७॥

सवंत पनर वार मा अने मास कारतीक जाण्य अष्टमी नेरवी वारे ग्रंथ संपुरण प्रमाण १८ ॥ वडो वरामा वास छे वीप्र प्रमाणद हरीतो दास ॥ एक चीते साभले मन धरी वीश्वास १९ ॥ उथलो ॥ विश्वास राये मन धरी पूरे मन ना कोउ सरस्वती सानीध कही कथा वोल्या श्री रणछोड ॥ इती श्री हरिवसे ओषाहरण परमाणद कृत सपूरणम् सवत १६१२

विषय--ऊषाहरण वर्णन ।

सख्या २०० वर्ष प्रदीप, रचयिता--परमेश्वरदत्त, निवास-स्थान--परमा का पुरा, गौरा (प्रतापगढ), कागज--देशी, पत्र--६२, आकार--८॥ × ६॥ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)--७, अप्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)--५६७, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, रचनाकाल--स० १९३१ वि० और १७९६ शकाब्द, लिपिकाल--स० १९३१ वि०, प्राप्ति-स्थान--श्री प० सत्यदेव जी त्रिपाठी ग्राम--फतनपुर, डाक०--गौरा, जिला--प्रतापगढ ।

आदि--श्री गणेशाय नम॰ वन्दना श्लोक .. ..

कवित्त सवैया

गणनायक के पद पकज को करि ध्यान मनाय महेश भवानी ।
वसीवट वो जमुना तट मे महिमा मुरलीधर की उर आनी ।
कौन चहो यह ग्रथ नवीन वो काव्य की रीति कछू नहि जानी ।
'परमेश्वर दत्त' को एक आधार रही है गुरु की महिमा अति मानी ॥ १ ॥
पितृ पितामह की लखि पुण्य हृदय मह आइ भरोस महा ।
कर जोरि मनाय गुरु जन को तव तौ यह ग्रथ मै कीन चहा ।
जो वनै सो वन नहि लेव वनाय उपाय जहा जस चाही रहा ।
परमेश्वर की लखि चचलता तौ छमा करिये कछु मोर कहा ॥ २ ॥

अथ वर्षकालेवाराघानयन ॥

जन्म के शाके को हीन करे जेहि शाके मो वर्ष प्रवेश वनावै ।
जवन वचै सो गताब्द अहै सोसवाई किहे शनिवार कहावै ।
अर्द्ध को दण्ड वन पल सार्द्ध सो याही मो जन्म को इष्ट मिलावै ।
पल दड भो साठिका भाग लगाय पला को लै दड के वीच मो नावै ॥ ३ ॥
दड के लब्ध को वार मो धै तव वार मो सात का भाग लगावै ।
शेष वचै जो सो वार को दड पला मह वर्ष प्रवेश गनावै ।
जाही समै रवि जन्मक अश वो वर्ष क अश वरावरि आवै ।
ताहि समै मह वर्ष प्रवेश लगै 'परमेश्वर दत्त' वतावै ॥ ४ ॥

अत--

एक काशी से पश्चिम योजन सातय पर्मा का पुरा गाउ असै ।
तह गौतम गोत्र है मिश्र के वश म शीतल मिश्र द्विजेन्द्र लसै ।
तिनके सुत कुज विहारी कहावत पुण्यमहै अति चित्त धसै ।
तिनसे 'परमेवर दत्त' भये जिनके मनमो यह ग्रथ लसै ।१०७

:o: ·o ·o:

पुनि मुछा दशा दिन माम प्रवेश दसा दिन मास दोऊ की वतावा ॥
हायन मास वो वासर की मैं सारिणि ते कछु यत्न शिषावा ।

जातक मित्रनि मर्ग तथा तत्कालिक सालउ वर्ग जनावा ।
शिशचक्र बिचारि तथा विपता की दशा 'परमेश्वर दत्त' बनावा ।१०९
लखि सत्रह सं छानवे सवत वोनइश सै एकतीस ।
चैत वदी भृगु पचमी विषे नक्षत्र को धीश ।
ता दिन ग्रथ समाप्ति किहा मैं राधा कृष्ण के दै पद शीशा ।
नौ ऊपर सौ के कवित्त मनी परमेश्वर को मनिहैं जगदीशा ।११०

इति श्री कुजविहारी सुत परमेश्वर दत्त विरचिते वर्ष प्रदीपे जन्मपत्री भे कथनं नाम द्वितीयोध्यायस्समाप्त सवत् १९३१ चैत्र कृष्ण पचम्या . ।

विषय—ज्योतिष विषयक वर्णन ।

रचनाकाल

लखि सत्रह सं छानवे सवत वोनइश सं इकतीस ।
चैत्र वदी भृगु पचमी विषे नक्षत्र को धीश ।

सख्या २०१ सोन बीजक, रचयिता—परगनदास पाडेय, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—१०$\frac{9}{10}$ X ४$\frac{6}{10}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—२२०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—प० जदुनाथ चतुर्वेदी, ग्राम—बदली चौबे का पुरवा (मवास), पो०—मुसाफिरखाना, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—

श्री गणेशाय नम. ।। अथ सोन बीजक ।।

उत्तम सोन सुरख रग है जेहि के कुन्दन नाम ।
मध्य सोन जरद रङ्ग है मोहराना है नाम ।। १ ।।
दोयम सोन टलुक जरद है तेहि के राशी नाम ।
सबसे नीच सेत रग है ताहि रेसमी नाम ।। २ ।।
उत्तम चादी सूष हाउ सम ताहि वेदागी नाम ।
मध्यम चादी स्याह जरद हे मिलवन जानहु सोइ ।। ३ ।।
सूचर परे कठोर अति काना निश्चय होइ ।
जस्ता जरदो दरत है, माल मुलायम होइ ।। ४ ।।
जरद निहे काला रहं सुनौ सुजन सब कोय ।
ताम्र जस्त दूनौ मिना सुवहा करव न होय ।। ५ ।।

अत—षरीद तोला भरे का दाम २१) रुपया म ४।। रती चाढे चारि तिल पराए ४।। मासा भरे का दाम १।।।) रती भरे का दाम ≡६ षरीद तोला भरे का दाम २१) रुपया मा ४।। एक तिल परामासा भरे का दाम १।।।) रती भरे का दाम ≡६।।) नेत्र मान आना)= सोहन आना)≡ राष आए कई आना ।)- पलो आना ।)= कुनक आना ।)≡ बैत आना ।।) टाजी आना माभी आना ।।)- कोन आना ।।)= सलाय आना ।।)≡ एकलाय आना ।।।)≡ दुधलाय आना १) . ० इति सोना बीजक समाप्तम् ।।

श्रावण

विषय—सोना, चादी का उत्तम, मध्यम और प्रथम भेदो का वर्णन ।

सख्या २०२क श्रीपाल चरित्र, रचयिता—परिमल कवि, कागज—देशी, पत्र—१४४, आकार—८$\frac{3}{4}$ X ८$\frac{3}{4}$ इच पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—३१६८, पूर्ण, रूप—प्राचीन पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सवत् १६५१ वि०, लिपिकाल—स० १८०७ वि० प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—ॐ न्म. सिद्धेभ्यो ।। श्रीन्मो अरहतान ।। न्मो सिद्धायन ।। न्मो आयेरीयानां ।। न्मो ॐ वभ्रयान ।। नमो लोपे सर्व साधुन ।। श्री वीतराग जी ।। श्री जैन राज जी ।। श्री सरसुती गुरभे नमः ।। श्री परम गुरभे नमः ।। अथ श्रीपाल चरित्र लिष्यते ।।

प्रथम ही लीजै ॐकार । जो भवि दुष्यविनासन हार ।।
सिद्धि चक्रवृत केवल रिद्धि । गुन अनत सकल जाकी सिद्धि ।। १ ।।
प्रनउ परम सिद्धि गुर सोई । भवि सयल सब मगल होइ ।।
सिद्ध पुरी जाको सुभ थानु । सिद्ध पुरी सुभ अनत निधानु ।।

मध्य—

सवतु सोरह स उच्चरा । समयो इक्याउना आग परो ।।
मासु असाढु पहुचौ आइ । वरषा रितु को कहे वढाइ ।।२९।।
पछि उजियारौ आगै जानि । सुक्रवारु वारु परिवानि ।।३०।।
ववरु पातिसाहि गयौ । तासु सुत हिमाऊ भयौ ।।
ता सुत अकवर साहि सुजान । सो जु तपो दूसरौ भान ।।३१।।
ताकै राज न कहू अनीति । वसुधा सर कर सब जीति ।।
जबु दीप तास की आन । दूजौ न और ताहि समान ।।३२।।
जाकै राज कथा यह करी । कवि परिमल प्रगट करि विसतरी ।।

अत—उग्रग्रीय गिरि च दुर्गम उरलवर भूधतय धीरक्रतिमवर मद्रगल पाष ।।
नमखत तन्मध्य श्रीमान सिही पात भूलोक सवद्य ता ।।
तद्युज्य सुरनाथ तुल्यम तुलसक्रेन स्वर्नत ।।४१।।
विद्वन मडल पूजितोपि विसिदा नामन चद्रनयः ।
तत्पुत्रो गुर राम दासी विपिला भुतोपि भाग्य सदा ।।
त सूनु कुलदीपकस्त प्रगट नाम्नाय सकनो सिव ।
तत्पत्रो परिमल धर्म्मदास नग्रथइ क्रयता ।।४२।।

।। चोपई ।।

गापाचल गढ उत्तिम थान । सूरवीर तहा राजा मानु ।।
ताको दल वलु अगिनि असेस । गढ पर राजु करै नरेस ।।४३।।
ताके आगै भूमिया सर्व । सेवा मानि सहज ही दर्व ।।
लछिमी बहुत तासु कै जुरी । घर घर वसै छतीसौ कुरी ।।
जाके राज सुषी सब प्रजा । दुष्टनि दड देहि वहु सजा ।।
अति गरुवं तन लीनै राइ । पुन्य प्रताप सुष कराइ ।।४५।।
ताके आगै चदनु च्योद्धरी । कीरति सब जग मे विस्तरी ।।
श्रावक धर्म महा परवीन । पर उपगार दयाकर लीन ।।४६।।
जाति वरहीया गुन गभीर । अति प्रताप कुल मडन धीर ।।
ता सुत रामदास महा प्रवीन । दानु जस करनु सुष लीन ।।४७।।
तास महीन वुद्धि नही आनु । तिनि सुनियौ श्रीपाल पुरान ।।४८।।
ताकी छाह कछू मते भइ । तब श्रीपाल कथा वरनइ ।।

:o :o: .o.

और जो नर नारी व्रत करै । सो चहू गति भ्रमु हरै ।।
भव्यनि कौ उपदेस वताइ । नहिचै सो जीव मुक्ति ही जाइ ।।६१।।

इति श्रीपाल चरित्रे महापुराने ।। भवि सग मगल करन ।। वुधि जनमन रजन ।। पातिक भजन ।। श्री सिद्ध चक्रविधि दुष हरन ।। त्रभुवन सुष करन ।। भव जल तरन ।। चौपही वध परमल कृत ।। श्री जिनवदेव मंहि ग्रानयो ।। श्री सिद्ध चक्र वृतु मारलीय ।। जुवती नवरग पुरजन संगम गहि सरने सो सिद्ध भय ।। इति श्रीपाल चरित्र चौपही वध समापत संपूरनं

एकादसमो *अध्याय* ॥११॥ सुभं भव मगल ददातु ॥ ज्येष्ट सुदि ५ बुधे संवतु १८०७ लिषतं पंतिवारी आसाराम बासी ढंगवां गुजर के पोथी श्री मोदी जै सीघ जू की जु कोऊ वाचै ताकौ राम राम ....

विषय—जैन धार्मिक कथाओं के अन्तर्गत श्रीपाल राजा का चरित्र वर्णन ।

रचनाकाल

सवतु सोरह स उच्चरो । समयो इक्यावना आगे परो ॥
मासु अषाढ पहुचौ आइ । वरषा रितु को कहे वढाई ॥
पछि उजिआरा आगे जानि । शुक्रवार वारु परिवानि ॥

संख्या २०२ख श्रीपाल चरित्र, रचयिता—परिमल्ल कवि, कागज—देशी, पत्र—६१, आकार—१० × ६½ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—३१८५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १६५१ वि०, लिपिकाल—सं० १८३५ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर (बड़ा मंदिर), मोहल्ला—चूड़ीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—श्री वीतराग देव प्रशादत् ॥ अथ श्रीपाल चौपही बंधु लिष्यते ॥
प्रथमहि लीजै ॐ अकारु । जो भव दुष विनासन हारु ॥
सिद्ध चक्रव्रत केवल रिद्धि । गुभ अनंत फल जाकी सिद्धि ॥ १ ॥
प्रनमौ परम सिद्धि गुरु राइ । भव्य समल सब मगल होइ ॥
सिधपुरी जाकौ सुभ थान । सिध पुरी सुभ अनंत निधान ॥ २ ॥

०　　　०　　　०

सवतु सोरह स उचरो । समाओ इक्यावन आगरौ ॥
मास असाढ पोहोचा आइ । वर्षा रितु को कहो वढाइ ॥३०॥
पछि उजारा आव जानि । सुभवारु वारु परवान ॥
कवि परिमल्ल सुध करि चित्त । आरम्भयौ श्रीपाल चरित्त ॥३१॥
बब्बर पातिसाहि होइ गया । ता सुतु साहि हिमाउ भयो ॥
ता सुतु अकवरु साहि सुजानु । सो तप तपै दूसरो भानु ॥३२॥
ताके राज न कहू अनीति । वसुधा सकल करी वसजीति ॥
जबू दीप तासु की आन । दूजौ ओरु न ताहि समान ॥३३॥
ताके राज न कहू अनीति । चल विक्रमाजीत की रीति ॥

अंत—　　**चौपही**

गोपाचल गढ उत्तिम थान । सूरवीर तहा राजा भान ॥
ताको दलु वलु बहुत असेस । गढ पै राजु करै सु नरेश ॥ १ ॥
ताके आगे भूमिया सब । सका मानि सहज हो दब ॥

०　　　०　　　०

ता आगे चादन चाधरी । कीरति सब जग म विस्तरी ॥

०　　　०　　　०

जाति बरहीया गुन गभीर । अति प्रताप कुल मडन धीर ॥
तासुत राम दास परवीन । नदनु आस करनु सुष लीन ॥५५॥
ता सुत कुल मडन परिमल्लु । बस आगरे में तजि सल्लु ।
नदौ श्री अकबर सुलितान । महिमा सागर महा सुजान ॥६४॥
जाके हृदै दया के वासु । जीवनि काहू देइ न त्रासु ॥
तामै एक अपूरब रीति । सुरभी सौ अति राषै प्रीति ॥६५॥
गाइ सिघरू बसे इक ठौर । वैर भाव नही राषै और ।
मुष मै जलु पीवै त्रनु षाई । अपन मारग आवै जाइ ॥६६॥

:०:　　　:०:　　　:०:

नादौ नगर आगरौ थान । जबू दीप प्रगट परवान ॥७१॥
बहुधा उपवन अति बने । नाना भाति महीरुह घने ॥
अब डार अति सुगम सरीर । कोकिल सुर बोलै गभीर ॥
सारो सूवा रूप अभग । परस परस बोलै धुनि चग ॥
गाहा दोहा बातै कहै । विरमै नर नारी सुष लहै ॥७३॥
नाचे मोर छता धरि सीम । भूलै नर नागर घनरोम ॥
पाडुक बोले मधुरी भाष । आप आपनै मद अभिलाष ॥
छुटके पारावत मद जोर । पिष्यत कामी के मन घोर ॥
जोगी जगम के मन जिते । व्याकुल होहि काम वसतिते ॥
भाति भाति के कुसुम अपार । पुष्यत सदल बासु अधिकार ॥
भ्रमर अनेक न छाडै पास । बोलै सबद्दु काम को वासु ॥
सदा हरित दोसै वृष हत । भवरे फूले सदा वसत ॥
तरै कालिद्री जमुना वहे । देषत पापु न तन मै रहै ॥
उजिल नीर सीत कौ गेहु । अति सुरभो मनमथ कौ गेहु ॥
अबला जामे करौ असनान । रूप आगरी परम सुजान ॥

o o o

भव्यनि को उपहास बताई । निहचै सो जीउ मुकुतिहि जाइ ॥२४००॥

इति श्रीपाल चरित्रे महापुराने भव्य सग मगल करने बुध जन मन रजने पातिग गजने . . . बध परिमल्ल कृत ॥ . एकादसमी सधि ॥११॥ श्रीपाल सपूर्ण समाप्ता ॥ लिषित हरिकृष्ण दास लुहार धौहा कौ बासी मिती कातीक सुदी १० सबतु १८३५

विषय—जैन धर्मानुयायी राजा श्रीपाल का चरित्र वर्णन ।

रचनाकाल

सवतु सोरह सै उचरो । समम्रो इक्यावन आगरौ ॥
मासु असाढ पाहौचौ आइ । वर्षा रितु कौ कहै बढाइ ॥
पछि उजारो आवै जानि । सुक्रवारु वारु परवान ॥

विशेष ज्ञातव्य—रचनाकाल स० १६५१ है । लिपिकाल स० १८३५ दिया है ।

सख्या २०२ग श्रीपाल पुराण भाषा, रचयिता—परिमल्ल, कागज—देशी, पत्र—८५, आकार—१२३/४ × ६७/८ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, परिमाण (अनुष्टुप)—२७६२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १६४९ वि०, लिपिकाल—स० १८५६ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूडी वाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—श्री सरस्वत्य नम ॥ अथ श्री श्रीपाल पुराण भाषा चौपई बध परिमल्ल कृत प्रारभ्यते सिद्ध चक्र व्रतोपरि ॥

॥ चोपई ॥

सिद्ध चक्र विधि केवल रिद्धि । गुण अनत फल जाको सिद्ध ॥
प्रणमो परम सिद्ध गुरु सोय । भव्य सघ ज्यो मगल होय ॥ १ ॥
सवत सोलह सै उनचास । मास असाढ चौमासो मास ॥
दिन अठाई पहुच्यो आय । व्रत पूजा भवि करै उछाय ॥२६॥
कवि परिमल्ल सुद्ध करि चित्त । आरभ्यो श्रीपाल चरित्त ॥
बब्बर पातिसाह जे भयो । ता सुत साह हमाऊ भयौ ॥३०॥
ता सुत अकबर साहि प्रमान । सो तप तपै दूसरो भान ॥
ताके राज न कोई अनीत । वसुधा सकल करी तिन जीत ॥३१॥
जबू दीप तास की आन । दूजो अवर न ताहि समान ॥
ताके राज कथा यह कही । कवि 'परमल्ल' प्रगट करि सही ॥३२॥

अंत-- ।। काव्य ।।

उग्र गोप गिर च दुर्गम गढ रत्नाधर भूषीतं ।
ज धीरं कृतमवर मदगल पाषान रेरावन ।
तन्मध्ये श्री मानसाहि धियते भूलोक सवविंत ।
तद्राज्य सुरनाथ तुल्य गदित तत्कान सवर्ण्यते ।।२६।।
विद्वद्व मडल पूजितो च विमदो नामेन चद्र नय ।
तत्पुत्रो गुर रामदास विपुलो भोक्तापि भोग्य सदा ।
तत्सूनु कुल दीपकस्तु प्रगटे नाम्ना सकर्णाभिय ।
तत्पुता परमतल धर्मस्तो ग्रथ इद क्रियते ।।३०।।

।। चौपई ।।

गोपाचल गढ उत्तिम थान । सूरवीर तहा राज समान ।।
ता आगे चदन चौधरी । कीरति सवै जगत बिस्तरी ।।३१।।
जाति वानिया गुन गभीर । अति प्रताप दल रजन धीर ।।
ता सुत राम दास परवान । ता सुत अस्ति यहाँ सुर ज्ञान ।।३२।।
ता सुत कुल मडन परिमल्ल । जस आगर मै अरि सल्ल ।।
ता सुत बुद्ध हीन नहि आन । ति कियो चौपही वध बषान ।।३३।।
हो है असुद्ध जहा पदहीन । फेरि सवारौ कवि जन ताहि ।
वार वार जपं कर जोरि । वुधजन मोहि देहु मति षोरि ।।३४।।

इति श्री श्रीपाल चरित्र महा पुराणे भव्य वध मगल करण बुध जन मन रजन पातिक गंजन सिद्ध चक्र व्रत दुह हरण त्रिभुवन सुष करण भव जल तरण चौपई वध परमल्ल कृत श्रीपाल प्रिया तप वर्नन स्वर्ग लोक प्रति वर्ननो सद्धि ।।११।।

।।सो सपूर्णम्।। इति श्री श्रीपाल चरित्र भाषा बद्ध चौपई वध सपूर्ण ।।

श्री सवत् ।। १८५६ ।। मिती चत्र वदी १३ श्रीपाल चरित्रे सपूर्ण भिया

विषय--जैन कथा साहित्य के अन्तर्गत श्रीपाल राजा की कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

सवत सोलह स उनचास । मास अषाढ चौमासो भास ।।

सख्या २०२घ श्रीपाल चरित्र, रचयिता परिमल्ल, कागज--देशी, पत्र--६४, आकार--१२६/१० × ७१/२ इच, परिमाण (अनुष्टुप)--१०१५०, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, रचनाकाल--स० १६४९, लिपिकाल-- स० १८७४ वि०, प्राप्तिस्थान--श्री दिगबर जैन (बडा मदिर), चूडावाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि--ॐ श्री वीतराग जी सहाइ ।। श्री ।। अथ श्रीपाल चरित्र भाषा लिष्यते ।।

।। चोपई ।।

सिद्ध चक्र विधि केवल रिद्ध । गुण पतन जाको फल सिद्ध ।।
प्रणमो परम सिद्ध गुन सोइ । भव्य सगमो मगल होई ।। १ ।।
सिसु पुरी जाचो सुभ थान । सिध पुरुस आनद निधान ।।
प्रगटी जोति त्रिभुवन मैं आहि । अलष देव कोइ लषे न ताहि ।। २ ।।

:०· .०. ·०:

सवत सोलह से उवरो । सावन इकोवन आगरो ।।
मासु असाढ पहूचो आइ । वर्षा रितु कीउ कहै वढाइ ।।४०।।
पक्ष उज्यालि आठे जानि । सुक्रवार आठे परवानि ।।
कवि परिमल्ल सुद्ध करि चितु । आरभो श्रीपाल चरितु ।।४१।।

बावबर पतिसाहि हो जयौ । ता सुत साहि हिमाउ भयौ ॥
ता सुत अकबर साहि प्रवानु । सौ तपु तप्यौ हु सौ भानु ॥४२॥
ताकें राज न कहू अनीति । वसुधा सकललई बस जीति ॥
जबू दीप तासु की आन । दूजौ अवरु न ताहि समान ॥४३॥
ताकें राज कथा यह करी । कवि परिमल्ल प्रगट विसतरी ॥

अत—

श्लोक

उग्रं गोपरी रवन दुर्गति मठ रत्तना परं ।
भूषित जधीर श्र्मतिमंवर मदलया थान ऐरावत ।
तनमध्य श्रीमान सिहाधिपति ।
भुलोक सवद्यते तद्राज्य सुरनाथ तुल्य गदित केनपि सवरन्यते ॥१६॥
विद्वन मडल पूजितो विसदा नामेका चद्रेणय ।
तत्पुत्रो गुर रामदास विपुलो भोकापि भोग्य सदा ॥
तत्सुनू कुल दीपकस्तु मगदौ नाम्ना सकर्णोभिधः ।
तत्पुत्रो परिमल्ल धर्म स्दन ग्रथं इद क्रियते ॥

॥ चौपई ॥

गाव रुगढु गिर उतम थानु । सूर वीरता राजा जानु ॥
ता आगें चादन चौधरी । कीरति सब जग में विस्तरी ॥
जाति वरहीया गुन गभीर । अति प्रताप कुल रजनधीर ॥
ता सुत रामदास परवान । ता सुत यस्तीअहि सुर ग्यान ॥
ता सुत कुल मडन गभीर । परिमल्ल वर्स आगरें धीर ॥
ता सम वुधि नही नहो आन । तिन कीनौ चौपाई वषान ॥२०॥
होहि असुद्ध जहा पद ताहि । फेरि सवारी कवि जन ताहि ॥
वार वार जपौ कर जोरि । वुध जन मोहि देहु मति थोरि ॥२१॥

इति श्रीपाल चारित्रे ग्रथ भाषा कवि परिमल्ल विरचितायां समाप्त ॥ मिती भादौ वदी ॥ ५ ॥ सवत ॥१८७४॥ पोथी लिषी वेनीराम अपने पढने निमित्त सुभ मस्तु ॥ राज नवाव गजुदी हैदर लषनऊ वीच लिषी ॥

विषय—जैन कथा साहित्य के अतर्गत श्रीपाल राज की कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

सवत सोलह सें उचरी । मावनइ कौ वन आगरी ॥
मासु असाढ पहुचो आई । दर्षास्ति कोउ कहै वढाइ ॥४०॥

सख्या २०२ड श्रीपाल चरित्र भाषा, रचयिता—कवि परिमल्ल, कागज—देशी, पत्र—११९, आकार—१०३/४ × ७ इच पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३ परिमाण (अनुष्टुप)—३०६४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—१६४९ वि०, लिपिकाल—स० १९१३ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बड़ा मदिर), चूड़ीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—श्री वीतरागाय नम. ॥ श्री सरस्वत्यै नम. ॥ श्री गुरुभ्यो नमः ॥ अथ श्रीपाल चारित्र भाषा कवि परिमल कृत लिष्यते ॥

॥ चौपाई ॥

सिद्ध चक्र विधि केवल रिद्धि । गुण अनत फल जाके सिद्धि ॥
प्रणमौ परमसिद्ध गुण सोय । भव्य सघ जो मगल होय ॥
सवत सोलह सै उनचास । मास असाढ चौमासौ मास ॥
दिवस अढ़ाई पहुच्यौ आय । व्रत पूजा भवि करैं वनाय ॥३०॥

कवि परिमल्ल सुध करि चित्त । आरंभ्यो श्रीपाल चरित्त ॥३१॥
बावार पातिसाहि हो जयो । ता सुत साहि हिमाऊ भयो ।
ता सुत अकवर साहि प्रवानु । सो तपु तप्यौ दूसरौ भानु ॥२२॥
ताके राज न कहु अनीति । वसुधा सकल लई सब जीति ॥

अंत— ॥ काव्य ॥

उग्र गोप गिर च दुर्गम गढ रत्नावह भूषितं ।
ज धीरं कृतमवर मदगल पाषान रंराश्रत ॥
तन्मध्ये श्री मान साहिधिपते भूलोक सवदित ।
तद्राज्य सुरनाथ तुल गदित तत्कान सवरार्यते ॥
विद्वद्व मडल पूजितो च विसदो नामेन चद्रनयं ॥
तत्पुत्रो गुरु रामदाम विपुलो भोक्तापि भोग्य सदा ॥
तत्सूनू कुल दीपकस्तु प्रगटे नाम्ना सकर्णाभिय ॥
तत्पुत्रो परिमल्ल धर्म सदनो ग्रथ क्रियते ॥३०॥

॥ चौपाई ॥

गोपाचल गढ उतिम थान । सूरवीर तहा राजस मान ॥
ता गागे चदन चौधरी । कीरति सवं जगत विसतरी ॥
जाति वानिया गुन गभीर । अति प्रताप कुल रजन धीर ॥
ता सुत गमदास परवान । ता सुत अस्ति यही सूर ग्यान ॥३२॥
ता सुत कुल मडल परिमल्ल । वसै आगरै मै आरसल्ल ॥
ता सुत वुद्ध हीन नही आन । तिन कियौ चौपही वध बखान ॥
हो है असुध जहा पद हीन । फेरि सवारौ कविजन जाहि ॥
वार वार जप कर जोरि । वुध जन मोहि देहु मति थोरि ॥३४॥

इति श्रीपाल चरित्रे महा पुराणे भव्य सघ मागल करण वुधि जन मन रजन पातिक गंजन सिद्धि चक्र व्रत दुष हरण त्रिभुवन सुख करण भवजल तरण चौपई वध परिमल्ल कृत श्रीपाल पिषातम वर्णन स्वर्ग लोक प्राप्तो वर्ननो नाम सधि ॥११॥ सपूर्ण ॥ इति श्रीपाल चारित्र भाषा सपूर्ण ॥ लिषित जुगीमल्ल श्रावक पल्लीवार गुज गोठी इष्वाक वशी कास्यप गोत्री नवाव गज के वठोरी ने लिषी नेम नाथ के चैत्याल म लिषी लाला मख्खन लाल के पठनार्थ हेत लिखी ॥ समत १९१३ ॥ मासे उत्तिम मासे अगहन मासे कृष्ण पक्षे सनि वासरे ॥

विषय—जैन साहित्य के अन्तर्गत श्रीपाल राजा की कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

सवत सोरह से उनचास । मास अषाढ चौमासौ मास ॥

सख्या २०३क मानमकर्म रचयिता—पल्टदास, कागज—देशी, पत्र—११, आकार—८॥ × ५॥ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—१६५, पूर्ण, रूप—प्राचीन (जीर्णशीर्ण) पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—सती नाम आतम कर्म छद ।

भक्त के मै कहो लछन सत करहु वीचरान ।
प्रथम दामातन करीके सत से चीत वलावन ।
रहीत छल के सत सेवा द्रव तन मन वरन ।
तीलक के असनान पुजा कर्म मे चीत लावन ।
तव उतपती होय वैराग मन मे जोग पर चीत धारन ।

जोग से तव ग्यन होयं ग्यान भवती जगावन ।
भक्ती द्वावस अष्ट अंगी सोइ सत परायन ।
करें कर्म निह कर्म होय कै सोइ धर्म सनातन ।
अष्ट सीधी नौ नोधी ताही को वीसरावनं ।
जोग जात अतीत प्राप्त सोइहै अवधुतन ।
कम इद्री ग्यान इद्री येक रस कै राषन ।
पाच ततु अनुत पाचो रइनी देवस जगावन ।
वुधी चीत हकार जोगवे सोइहै मज्यासन ।
काम क्रोध श्रो मोह लालच ताही को वीसरावन ।
छुटै मुष पियास निद्रा सकल इद्री जीतनं ।
वुष्र मीत्र को यक जानं अस्त तीनि दान चीत धर ।

अत––सहज लगे सम धी जबही भजन सदा अषंडन ।
धनी जननी पीत वकी की षीजे ही हारी भक्त गनं ।
धन्य नाग्र वाहा देस धनी है जह भक्त ते वासन ।
वैकुंठ लघु है ताही परातरा सहीत मथु भयो धन ।
प्रीती सो छदा कहै सुनं जो श्री तव कत सहीतनं ।
दस पलटु मेरे पदा को अंत सम परे सीधारन ।

इति श्री साहेब पलटूदास कृत छदा अतमकर्म समपुर्ण ।

विषय––आत्मकर्म विषय वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य––ग्रंथ पूर्ण है । रचनाकाल तथा लिपिकाल का कोई उल्लेख नही । रचयिता पलटदास है ।

प्रस्तुत पुस्तक मे भक्तो को आत्मकर्म का उपदेश दिया गया है ।

संख्या २०३ख ककहरा अरल के, रचयिता––पलटूदास, कागज––देशी, पत्र––६, आकार––८॥ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)––१८, परिमाण (अनुष्टुप)––७३, पूर्ण, रूप––प्राचीन, पद्य, लिपि––नागरी, लिपिकाल––सं० १९२२ वि०, प्राप्तिस्थान––श्री जगन्नाथ दास जी मठाधीश, मठ–बनके गांव डाक०–कादीपुर, जिला–सुलतानपुर।

आदि––पलटू का केकहरा

सतगुर वचन लिषते केकहरा पलटूदास का ।
कका हो कहा वहुत समुझाय वचन कोइ नही मानं ।
षरी श्रौर कपुर दुनौ एकहि मे सानं ।
कचन घुघुची आनि तुला एकहि पर तोलै ।
अरे हा पलटू झूठा मारे गाल साच तव कैसे वोलै ।
षषा हो षरा वतावै षोट षोट का षरा वनावै ।
चोर चौतरा वैठि साहु क पकरि मागावै ।
काम क्रोध ममुए गुरु श्रौ सिष्य अनारी ।
अरे हा पलटू हमरे ततु विचार कहो को सुनै हमारी ।

अंत–– दोहा

अरल के ककहरा नाम को भाषा पलटूदास ।
सुनि गनि जो जन वूझि है होइ जोग अभ्यास ।३३।

इति श्री पलटूदास जीव का केकहरा सपूरन १ सवत १९२२ :०. :०: :०:

विषय--योगाभ्यास वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य--ग्रंथ पूर्ण है। रचनाकाल दिया नहीं। लिपिकाल सं० १९२२ वि० है। रचयिता पलटूदास है। अन्य विवरण नहीं मिलता।

प्रस्तुत ग्रंथ 'ववहरा' में ज्ञानोपदेश तथा योगाभ्यास का वर्णन है।

संख्या २०४ क. उपखान विवेक, रचयिता--पहलवानदास, कागज--आधुनिक सफेद रूलदार, पत्र--१८, आकार--८ × ६ ६/१० इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--१७, परिमाण (अनुष्टुप)--३८२, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, रचनाकाल--सं० १८६५ वि०, लिपिकाल--सं० १९५९ वि० सम्भवत, प्राप्तिस्थान--पं० रतन नारायण जी, ग्राम--जगदीशवा पुर, डा०--इन्हौना, जिला--रायबरेली ।

आदि--उपखान विवेक ॥

॥ दोहा ॥

महादेव गणपति गिरा गिरजा सुरन समेत ।
बन्दौ सुरपति फन पतिह राम भजन के हेत ॥
सुर सर भूसुर सरब मन जगत पितारव चंद ।
पवन तनय तुमते विनय, पहलवानदास मत मन्द ॥
करहु कृपा जन जान के देहु सुमत सत ज्ञान ।
नाम रटत लागी रहै अरु जप सुमिरन ध्यान ॥
मच्छ कच्छ बाराह नरहर सत युग वन्दौ चार ।
त्रेता बावन परशुधर रामचंद्र अनुसार ॥

·o. :o· :o:

॥ चौपई ॥

काह नेह विन बातै किहे । भुगतै कर्म मोर वरिन दिये ॥
चहिय नाम चित अन्ते लावे । भला भाड देवारी गावै ॥
तस भावै जस उपजै प्रीती । सोहै चित्र वनै जस भीती ॥
बहुत बोल कोउ सकै न बोली । अडुक गिरे रावन अस वली ॥

अंत--सतगुर 'सिध्या दयानिधि' तिन भाषा सत ज्ञान ।
पहलवान दास जानें नहो सतगुर परम सुजान ॥
कातिक शुक्ला मुक्ति तिथि हम बार कहि दीन ।
सम्वत अठारह सै पैंसठ उपखान विवेक सो कीन ॥

.o. ·o· :o:

रिषि जोजन है अवधपुर कहिय दिशा ईशान ।
पहलवानदास यह ग्रंथ तहाँ करि विवेक उपखान ॥
सर जोजन है देवसरि दक्षिण दिश कहि दीन ।
भीखीपुर यक ग्राम है तहं पोथी यह कीन ॥
है षट योजन लखनपुर पश्चिम दिशि परमान ।
सत्यनाम महिमा सरिस पोथी जुत उपखान ॥
उत्तर दिशि पहिचानिये कोटवा जोजन पाच ।
अभरन तीरथ पाप हरन जगजीवन मत साच ।
जोजन भर पूरब दिशा गुरु अस्थल हरि ग्राम ।
पहलवानदास के दानिवे सतमत दियौ जो नाम ।

इकतालीस कम दुइ सहस सम्वत भे निस्तुक ।
बैसाख मास कृष्ण पच्छ पुनि नौमी दिन सूक ।।

राम राम राम

विषय—भक्ति तथा ज्ञानोपदेश वर्णन ।

रचनाकाल

कातिक शुक्ला मुक्ति तिथि हस बार कहि दीन ।
सम्वत अठारह सै पैंसठ उपखान विवेक सो कीन ।।

संख्या २०४ख उपख्यान विवेक, रचयिता—पहलवानदास, निवासस्थान—भीखीपुर (रायबरेली), कागज—सफेद रूलदार, पत्र—१०, आकार—८६/१० × ६६/१० इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—३००, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८६५ वि०, लिपिकाल—सं० १९९८ वि०, प्राप्तिस्थान—महंत श्री गया प्रसाद जी ग्राम—भीखीपुर, डाक०—राजा फत्तेपुर, जिला—रायबरेली ।

आदि—

.. .. वडिन सहित आखिन तके ।।३५।।
सत्त नामक सुमिरन सही । और बात सब कहैम कही ।।३६।।
पाप पुण्य कर कवन गुमाना । गगरो दाना सूद उताना ।।३७।।
यह वातन के सफल न लेषु । दिन चारि चेतहु को देषु ।।३८।।

दोस नही करतार को मनमाना तोइ कीन ।
वचे त्रिगारी वोझते वकुचा चोर न लीन ।।३९।।

।। चौपाई ।।

सठ तोहि आवैन हरि परतीता । मुख हेरत सठे कर वीता ।।४०।।
राम छाडि जो और जपं । खाय उधार पयारं ताप ।।४२।।
विन सत अस को वडदानी । भेडि पूछ षाये कर पानी ।।४३।।
विन चीन्हे कोऊ वार न तरई । रास छाडि घर विनिया करई ।।

अंत—कातिक शुकला सति तिथि हस वार करि दीन ।
सवत १८६५ उपख्यान विवेक सा कीन ।।४२२।।
नाम अनत अनत गुन कहेव सुमति अनुहारि ।
श्रोता वकता सुजन जन जोरेहु टूट विचार ।।

० ० ० ०

ऋषि जोजन है अवधपुर कहिए दिशा इशान ।
पहलवान दास वह गृथ तह करि विवेक उपख्यान ।।
उतर दिशि पहिचानिए कोटवा जोजन पाच ।।४२७।।
अभरन तीरथ पाप हरण जगजीवन मत साँच ।।
जोजन भरि पूरव दिशा गुर स्थल हरि गाँव ।
पहलवानदास के दान सत मत दियो जो नाम ।।४२९।।
कम दुई सहस सवत भो निस्तक बैसाख मास ।
कृष्ण पक्ष पुनि नौमी दिन सूक ।।४३०।।

विषय—वेदात और नीति विषय वर्णन ।

रचनाकाल

कातिक शुक्ला सप्त तिथि हस वार करि दीन ।
संवत १८६५ उपख्यान विवेक सार कीन ॥

संख्या २०४ग उपखान विवेक, रचयिता—बाबा पहलवानदास, निवासस्थान—(रायबरेली), का॰ज—आधुनिक सफेद पत्र—१६, आकार—८$\frac{1}{3}$ × ६$\frac{1}{4}$ इंच, [पंक्ति प्र]ति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—१८८१, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—रचनाकाल—सं॰ १८८५ वि॰ प्राप्तिस्थान—महंत श्री गुरुप्रसाददास जी, स्थान—बछरावा, जिला—रायबरेली।

आदि—श्री गणेशाय नम अथ ग्रन्थ उपखान विवेक पहलवान कृत लिख्यते ॥

॥ दोहा ॥

महादेव गनपति गिरा गिरजा सुरन समेत ।
वदौ सुरपति फनपति राम भक्ति हित हेत ॥
सुरसरि भूसरि सर्व मुनि जक्त पिता रवि चंद ।
पवन तनय तुमसे विनय पहलवानदास मतिमंद ॥
करहु कृपा जन जानि के देहु सुमति सत ग्यान ।
नाम रटन लागी रहे अजपा सुमिरन ध्यान ॥
मच्छ कच्छ बाराह नरहरि सतजुग वदौ चारि ।
त्रेता बावन परसधर रामचंद्र असुरारि ।
कृष्ण ववध द्वापर भए कल्कि सो अवतार ।
दुख दलन पावन करन पाप हरन महि भार ॥

चौपाई

हरि के हेत देस सो वढ़ै । फूल वही जो महेसे चढ़ै ॥
का तजिराम अवर तोइ जाना । दिज भौरी कूकर सनमाना ॥
भीति पूजि यह दुनिया मरे । छूछ कुवा पत कोहरन भरे ॥
राम छोडि कहु केहि के सुधरी । चलिहि कतिक दिन जल कै चुपरी ॥

अंत—कातिक शुक्ल भूमि तिथि हसवार कहि दीन ।
समत अठारह सै पैसठि उपखान विवेक सो कीन ।

:o. :o .o.

रिखि जोजन है अवधपुर पूरब दिशा मो जान ।
पहलवानदास यह ग्रथ तह करि विवेक उपखान ॥
सोरा कोमल देवमोर दीशा दिदीस कोह दोन ।
भीखीपुर एक ग्राम है तह पोथी यह कीन ॥
उत्तर दिसि पहिचानिए कोटवा जोजन पाच ।
अवर तीरथ पाप हरन जगजीवन मत साच ॥
जोजन भरि पूरब दिसा गुरु अस्थान हरिग्राम ।
पहलवानदास के दानिवो सत चीत दियो जो नाम ॥
इन पचहुन के मध्रिमा है भीखीपुर गाऊँ ।
पहलवानदास सुमिरै तहा जुक्त विवेक हरि नाउ ॥
मम गुर सिध्या जग विदित उन गुर दूलनदास ॥
जगजीवन गुर ताहि के किहौ भक्ति परगास ॥६४॥

इति श्री उपखान विवेक संपूरन पहलवानदास कृत संपूरन ॥

विषय—ज्ञानोपदेश के साथ साथ उपखानों का भी वर्णन किया गया है।

रचनाकाल

कातिक शुक्ल भूमि तिथि हसवार कहि दीन।
समत अठारह सै पैंसठि उपखान विवेक सो कीन।

संख्या २०४घ विरहसार, रचयिता—बाबा पहलवानदास, निवासस्थान—भीखीपुर (रायबरेली), कागज—आधुनिक पीला, पृष्ठ—४७, आकार—८६/८ × ५१/२ इञ्च, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१० परिमाण (अनुष्टुप)—७०५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८५१ वि०, प्राप्तिस्थान—महंत श्री गयाप्रसाद जी, ग्राम-भीखीपुर, जिला-रायबरेली।

आदि—श्री गनेशाय नमः श्री हनुमान सहायक ॥ अथ श्री विरहसार ग्रंथ प्रारभ्य ॥

॥ दोहा ॥

गुरु करता वदो प्रथम जोरि पानि शिरनाय।
लोहा ते कचन करै प्रीति प्रतीति दिढाय ॥ १ ॥
चारि वेद मह लोक पद सेवत कल्यान मय।
कवहु परै नहि फीक दिढ मानै परतीत जो ॥
:o. .o .o.

"जय जगजीवन" समरथ साईं। को जग दूसर तुम्हहीं नाईं ॥
निज जन जानि दया प्रभु कीजै। विरह सार सुमिरन मोहि दीजै ॥
वन्दौ दूलन दीन दयाला। मतमनि तिलक जाहि के भाला ॥
जेहि कौ कृपा भजन कछु होई। उपजै विरह नाम कै सोई ॥
सतगुर 'सिध्या' विनय सुनाऊँ। देहु ग्यान कछु कीरति गाऊँ ॥
गुन अवगाह अहै प्रभु केरे। नाहि ज्ञान वुद्धि कछु मोरे ॥
वदौं सबहि जहा लगि साधा। जिन केहु भेष राम कर बाधा ॥

अंत— ॥ दोहा ॥

भौमवार तिथि पचिमी षुकुला फागुन मास।
सवत अठारह सो इक्यावन विरह सार परगास ॥६१॥
तिलोई के उत्तर कोस भरि भीखीपुर यक ग्राम।
रस्ता मऊ के निकट ही पहल्वांदास को धाम ॥
अवध पुरि कै दछि दिश तीस कोस परमान।
रस्ता मऊ के निकट ही पहल्वांदास अस्थान ॥६३॥
जगदीशपुर के पछिम दिश वेद कोश कहि दीन।
पहल्वांदास यह पोथी विरहसार जह कीन ॥६४॥

इति श्री रामचरित्रमानस पोथी विरहसार सम्पूरन जो प्रति देखा सो लिखा ॥ भूल चूक महात्मा जन अपराध छमा करके सुधारैं चौपाइ सब = ४०१ ॥ दोहा = ६४ सोरठा = ४४॥

विषय—भक्तों का माहात्म्य और मोरध्वज राजा की कथा।

रचनाकाल

भौमवार तिथि पंचमी शुकुला फागुन मास।
संवत अठारह सो इक्यावन विरह सार परगास ॥

विशेष ज्ञातव्य—रचनाकाल सं० १८५१ है। लिपिकाल दिया नहीं पर पीले कागज पर लिखा होने के कारण ग्रंथ उधर का जान पड़ता है।

रचयिता का नाम पहलवानदास है। ये रायबरेली के अंतर्गत भीखीपुर ग्राम के रहने वाले थे। जाति के सरयूपारीण ब्राह्मण थे। प्रस्तुत पुस्तक का विवरण उन्हीं के स्थान पर लिया गया है। ये तो विरक्त थे पर उक्त स्थान पर इनके भाई की पुत्री के वंशज अब तक विद्यमान है जो महंती का कार्य करते हैं। वर्तमान महंत का नाम श्री गयाप्रसाद है।

बाबा पहलवानदास की गुरु परंपरा इस प्रकार है—

स्वा० जगजीवनदास जी (कोटवा)
|
दूलनदास जी (धर्मे)
|
सिध्यादास जी (हरगाँव निवासी)
|
पहलवान दास

संख्या २०४ड शब्द, रचयिता—पहलवानदास बाबा, निवासस्थान—धरमे (रायबरेली), कागज—आधुनिक पीला, पत्र—१२, आकार—८½ × ६¾ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१५, परिमाण (अनुष्टुप)—१८०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १९७५ वि०, प्राप्तिस्थान—महंत श्री गुरुप्रसाद जी, स्थान—हरिगाँव (सिध्यादास बाबा की कुटी), डाक०—पर्वतपुर, जिला—सुलतानपुर।

आदि—श्री गणेशाय नम ॥ शब्द साहेब पहलवानदास कृत लिष्यते ॥

नहि का नाम रटना गुरदीन लखाइ ।
मनहि मा बोलि जीभ न डोलि बारह बार कहिन समुझाइ ॥ १ ॥
यह रटना रिष मुनि मन भावा राधा महादेव मन अरुझाइ ॥ २ ॥
नानक नाम कबीर रटा है गोरष सिद्धि भये रट लाइ ॥ ३ ॥
अनभौ सचर तौं सधि उदर परम पुरिस पीतम दरसाई ॥ ४ ॥
पहलवानदास के सतगुर सिध्या पायउँ परमनिधि बिसरि न जाइ ॥ ५ ॥ १ ॥

साईं हम तुमसे गाँठ जुरी ।
लागि लगन कोउ अंत न पावइ बिन रसना रट रसन दुरी ॥ १ ॥
पिय पटुका चित चूँदर अटकी परी प्रेम अवरे भमरी ॥ २ ॥
सुनै श्रवन विन लखै नयन विन ते मानै यह बात फुरी ॥ ३ ॥
पहलवानदास के सतगुर सिध्या बाजी गगन मा धुनि बँसुरी ॥ ४ ॥

अंत—

बोल रे हरि नाम सुवना ।
नाम हरि का बोलु तोता तौं तोइ सुवास सलोना ॥ १ ॥
अबही भजिते सत्य सजिले आगू नहि कछु होना ॥ २ ॥
नाम जिकरि गहि सिकरि चढ़ि चलु उहाँ न माया टोना ॥ ३ ॥
पहलवानदास के गुर सिध्या पायऊ यहै सिखोना ॥ ४ ॥

इति श्री सब्द साहेब पहलवानदास कृत संपूरन सुभ मस्तु ॥ सब्द ॥ ३८ ॥

श्रावण मासे कृष्ण पक्षे तिथौ ॥१३॥ चंद वासरे ॥ श्री सम्वत १९७५ ॥ दोहा ॥ लेषक गुर प्रसाद कवि वासा रसई ग्राम ॥ जो प्रति देषा सो लिखा सिद्धि करै श्री राम ॥ १ ॥

विषय—भक्ति तथा ज्ञानोपदेश वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—रचनाकाल का पता नहीं । लिपिकाल सं० १९७५ वि० है । रचयिता पहलवानदास है जो प्रस्तुत कुटी के प्रवर्तक बाबा सिध्यादास के शिष्य थे । ग्रंथ स्वामी से पता चला कि ये रायबरेली जिले के अन्तर्गत धरमे ग्राम के निवासी थे ।

संक्षिप्त विवरण में उल्लिखित पहलवानदास यही हैं । उनका दूलनदास जी का शिष्य भूल से लिखा गया है ।

संख्या २०५क इश्क गर्क ग्रंथ, रचयिता—बाबा पानपदास, कागज—देशी, पत्र—३, आकार—८$\frac{1}{10}$ × ५$\frac{6}{10}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—२५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री रामप्रसाद जी बहुगुना, अध्यापक, आइ० टी० कालेज, लखनऊ ।

आदि—अथ लिषत इसक गर्क ग्रंथ ॥

बजाए इसक पौसीदे तन ।
जहीरे मुबत लाए मन ॥
कादरां दिल्ल बइर्दानी ।
मुरस दई गुफत फुरमांनी ॥
गुफतई फिकर दुरवेसा ।
न मेल्लक जिकर जिकरानी ॥
मनें पुरसीदिय मुरसद ।
कुजा मक्कां नर बानी ॥
बषाने आब आतीस बाद ।
बजाए जाय पेमानी ॥
अजायब लह एक दरियाव ।
अग वाहा गुसल कर दम पाय ॥
बुबीनम नूर नूरानी ।
सफर वो जाफसानी ॥
निजारा नूर का फल के ।
बजानम फलक एक फल के ॥
तुसदक पानपा होवें ।
महर मदरगाह का जोहै ॥ १ ॥

अजब दुरवेस दरगाही । आलम की चाह न चाही ॥
हरफ एक अलफई जाना । जो आलम नाहि पहचाना ॥
हू चाहै ऐन का साथी । वो डाली गैन की बातें ॥
बजाए जाय ऐनल हक्क । बुबीनम आतमा बेसक्क ॥
मजैए पंज हैरानी । मजं एक याद बज्जानी ॥
कुरसी अरसता दानी । बिन सीनद हुकम अमानी ॥
दरीचो अरस की वरीक । बजाए जा तरह मानी ॥
मसायक सेष नादाना । नही वोह राह पेहचानो ॥
दरे दह रब का षाना । दुरवेसौ लहा मक्काना ॥
पानप गुफतई गुफतार । मुरसद पुरमे इतबार ॥
आलम गफलतें बिसियार । मैं तेरी याधना दानम ॥ २ ॥

अंत—

हुवा है याद को कैफी । पढी एक नाम की सैफी ॥
नहीं तसबीवो जुबांनी । गजक एक जिकर की भानी ॥

अजयब गाह वो गहे । सवाले अगन निगाहे ॥
कि होवैं गौहरो बाए । बजानम धार सितारा ॥
बुबीनम मस्त जो होवैं । तवाफे डालिए दोवैं ॥
मुरसद गाह निगाहे । निगाहे गाह दिषलावैं ॥
बुगो 'पानप' गुफतारा । इगानम षुदा हमारा ॥ ३ ॥
बजुज इक नाम सहारा । तमाम आलमे गारा ॥
करू हरद्म की सुमारा । कि हरदम नाम लगावैं ॥
चचल दिल वो ठहरावैं । सुषमन घर पिगल आवैं ॥
जुबा बिन राग वो गावैं । अधर अल्लाह मकांना ॥
पौहचैं बाद का जामा । तबैं अल्लाह मेहरबांना ॥
कि होवैं रस्त वो गुस्ता । मजैं पचीस एक सता ॥
गुफत इक मुरसद से जाना । कि तानप ने सभर माना ॥ ४ ॥

इति इसक गरक बाबा पानपदास जी का लिषतं पढत सुणत सबद विचार करत मोछ मुक्त फल पावत सतगुर के चरनार बिदग नमसकार नमसकार ॥

—पूर्ण प्रतिलिपि

विषय—भगवद् प्रेम वर्णन ।

सख्या २०५ख कडखे, रचयिता—पानपदास, कागज—देशी, पत्र—२६, आकार—६ ५/८ × ५ ३/१० इंच पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, परिमाण (अनुष्टुप)—२९६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री शंभुप्रसाद जी बहुगुना, एम० ए०, हिंदी अध्यापक आई० टी० कालेज, लखनऊ ।

आदि—लिषत कडके पानपदास जी के ॥

सुर्त सुलझाय ले मन समझाय ले राम लौलाय ले दाव आछा ।
सत जन कहत है ठोक प जोष कै अरे मन समझ मत छाडकाचा ॥ १ ॥
रली क्या कर रह्या रलेगा खाक मे आद की साष सुण सुन षीजो ।
सुरत के तार सूं जीव चढ जायगा तनक ठहराय तिहूँ लोक सूझौ ॥ २ ॥
अधर मैं ओड सिरमौड सब जीव की सत जन सूरमा जाय लाग्या ।
चद और सूर घर येक मे सम किये अगन के तेज सूं ब्रह्म जाग्या ॥ ३ ॥
कला उलटी धरी इडा घर पिगला सुषमना आन अमरणा गावे ।
तत्त झनकार दिन रैन सुणता रहे मोहमाया नही रहन पावैं ॥ ४ ॥
सुन की सिषर पर चद बिन चादणी द्यौस बिन सूर परगास हुवा ।
दास पानप कहै सत जानें कोई गयौ संसार सब हार जूवा ॥ ५ ॥ १ ॥
कौन तिरिया भाई कौन तिरिया कहो प्रेम की भक्त बिन कौन तिरिया ।
सकल ससार यौह नेम साधत रहे भरम के जाल मै फद मारिया ॥ १ ॥
यौह मन फिरै जैसे चक्र कुलाल को सोच विचार कुछ नाहि फेरा ।
मन असथिर बिना अरे नर मूरषा कौन कारज कहो सह्या तेरा ॥ २ ॥
राम मुष सु कहे सुर्त निस दिन बहै ऐसा मतमद ये तो नाहि सूझै ।
तत हरजन कहै द्रोह तिन सूं करै नरक मैं पडन की बूझ बूझै ॥ ३ ॥
अभौ तहकीक कर प्रेम के पथ कूं जनम हीरा फेर बनै नाहीं ।
तत्त तिरकुटी रहे सुर्न सूं पाइये लेह दीदार कर षोज माही ॥ ४ ॥
राम धुन लग रहै पलक ना विसरिये सुर्त को तार लग सार बाजैं ।
सुणत मुकता लहै दास पानप कहै सेज सूनी जाहा ब्रह्म जागैं ॥ ५ ॥ २ ॥

अत—

यो रहै आकबत षैर इमान कायम ॥ १ ॥
धणी कीं याद क हिरदै मै साधकै सोई जन सूरमा संत सायम ॥ २ ॥

बूझ सतगुर लियौ परम तासू लह्यौ जीभ बिना जिकर निस दिन पढ़ायम ॥ ३ ॥
सुर्त औ निरत कूं बांध त्रिकुटी धरै पाच ले तत तिस घर समायम ॥ ४ ॥
"दास पानप" कहै तत्त आतम लहै यौ रहै आकबत बेग ईमान कायम ॥ ५ ॥३०

विषय—निर्गुन भक्ति सबधी ज्ञानोपदेश ।

विशेष ज्ञातव्य—रचनाकाल और लिपिकाल अज्ञात है। रचयिता पानपदास है। प्रस्तुत रचना द्वारा इनका कोई परिचय नही मिलता ।

सख्या २०५ग पद, रचयिता—पानपदास, कागज—देशी, पत्र—५५, आकार—६८/१०×५८/१० इच, पक्ति (प्रति पृष्ट)—१३, परिमाण (अनुष्टुप)—६२६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री शभुनाथ जी बहुगुना, एम० ए०, हिंदी अध्यापक, आई० टी० कालेज, लखनऊ ।

आदि—

ये अनरा गुन निरगुन कर भरतारा ॥ टेक ॥
निरगुन तो अंतरगत व्यापी तू ढूंढ फिरी जगसारा ॥ १ ॥
आतमराम सकल घट पूरन सो है पुर्ष तुम्हारा ॥ २ ॥
जाको सेवा पतब्रत पाइये सोतं संघ विसारा ॥ ३ ॥
योहू बिभचारी मानत नाही 'जन पानप' कूक पुकारा ॥ ४ ॥

तू तो बस ले अपने देस रे हसा तेरा मिलन कब होई सी ॥टेक॥
जुगली देषन भूलिये हसा योहू तो सब वगलन का साथ रे हसा ॥ १ ॥
षोज ले जगमग देमडो हसा वोहु तो दोहु दलौ के बीच रे हसा ॥ २ ॥
जाने कूपचतावडो अनजाणं सुष जो विहाय रे हसा ॥ ३ ॥
जाण जुगत हसा मिले ह्वा तौ झिलमिल झिलमिल होय रे हसा ॥ ४ ॥
कहै पानप चितचेत ले हसा पचनोय क्या होय रे हसा ॥ ५ ॥
सोधो सब्द बवेकी साधू अकल पुरस ले गवन औराधू ॥टेक॥
सुन में सब्द रहै भरपूरा सकल निरतर सदा हजूरा ॥ १ ॥
मुष बिन जपो अजपा जापा जतनी उलट निरष लियो आपा ॥ २ ॥
बाजे बसो अनहद बीना तिसना आस सुनत भई छीना ॥ ३ ॥
काम और क्रोध लोभ सोई मारै ब्रह्म अगन अतर पर जारै ॥ ४ ॥
जुगती हरजन समद बिलोवै । वा समदर मै पवन समोवै ॥ ५ ॥
पवन समोये होय उजाला । चहु दिस बिजरी के सो चमकारा ॥ ६ ॥
द्वादम लउटै पद्म झयझकै विरला पावै सतगुर मिल कै ॥ ७ ॥
पानपदास भजो हर ऐसै तासूं नाहिन व्यापै सासा ॥ ८ ॥

अत—

अरी सषी निकट निरंतर ठाव हो ।
होरी षेलै ताल सौं ॥ टेक ॥
नाही अगर कुमकुमा केसर हू जिया के संग झकझोरी ।
नाही अबीर गुलाल सषीरी रग विना रग वाढ्यौ हो ॥ १ ॥
षेलत है विभचारी नारी आनन के संग होरी ।
आन सो षेल कौन फल पायो इनकी मत बुध थोडी हो ॥ २ ॥
बद्रीनाथ द्वारका पुहुकर तुरक मके कूं दौडी ।
घर मै पिया तज बाहर ढूंढै ये सब मन की बौरी हो ॥ ३ ॥
मै अपना पिया घर मैं पाया सुरत निरत दोय जोडी ।
दोय अमिल मिल भ्यया उजाला मिट गई सकल अंधेरी हो ॥ ४ ॥
पिया सूं लाग रहे मोरे नैना नैना जीवन मोरी ।
कहै पानप आनंद मैं षेलूं मनसा अंतर फेरी हो ॥ ५ ॥१२६॥

नमो देव देवं नमो ब्रह्म ज्ञानी नमो सेव सेव नमो तत ज्ञानी नमो संत सतगुरं जिन्हो तंत चीन्हा नमो दास पानप जिन्हो तत चीन्हा ॥ ६० ॥

विषय—निर्गुन भक्ति वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—रचनाकाल और लिपिकाल का कोई पता नही । रचयिता का नाम पानपदास है । प्रस्तुत रचना मे इनका और कोई परिचय नही मिलता ।

रचना का नाम नही दिया है परन्तु पदो मे होने के कारण 'पद' नाम रख दिया है ।

पदो मे कुछ शब्द राजस्थानी के भी मिलते है यथा 'देस' के लिए 'देसडा' जाने के लिये जाणै आदि । अत प्रकट होता है कि रचयिता राजस्थान की ओर का रहनेवाला था ।

सख्या २०५घ पदावली, रचयिता—पानपदास, कागज—आधुनिक सफेद, पत्र—१५४, आकार—८३/४ × ६३/४ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—१६१७, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री शभुप्रसाद जी बहुगुना, एम० ए०, अध्यापक, आई० टी० कालेज, लखनऊ ।

आदि—

अगर कुमकुमा केसर हु पिया के रग झकझोरी ।
नाही अबीर गुलाल सषी री रग विना रग बाढो हो ॥ १ ॥
षेलत है विभचारी नारी आनन के सग होरी ।
आन सु षेल कौन फल पायौ इनकी मत बुध थोडी हो ॥ २ ॥
बद्रीनाथा द्वारका पहुकर तुरक मके कूं दोडा ।
घर में पिया तज बाहर ढुढै ए सब मत की बोरी हो ॥ ३ ॥
मै अपना पिया घर मै पावो सुर्त निर्त दोय जोडी ।
दोय अमिल मिलन भयौ उजाला मिट गई सकल अधेरी हो ॥ ४ ॥
पिया सु लाग रहे मोरे नैना नैना जीवन मेरी ।
कहै पानप आनद मे षेलूं मनसा अतर केरी हो ॥ ५ ॥ १ ॥

० ० ०

रामकली

रूप अरूपी राम हमारा रूप अरूपी राम ।
देह धरे जो राम कहावे तासू न हमरो काम ॥ टेक ॥
विनसन हार देह धर आयो साहिब केहि बिध कहिए ।
साहिब कूं दूजा कर जानें तो नरक कुड मे जईए ॥ १ ॥
षोजो षोज षोज तब पायो ब्याप रह्यो सर्व माहि ।
निपट निकट कोई हरजन जानै ताको सीस मुकाम ॥ २ ॥
देषत अकल कला सुं देष्या ताहि भजूं अष्टजाम ।
पाचौ का गुर पकड लिया तब मन पायौ विसराम ॥ ३ ॥
अतरजामी अतर देष्या उलटी दिष्ट समान ।
कहै पानप जब सुर्त बिचारी परस्यो निरमल धाम ॥ ४ ॥१४॥

अत—अब हम पथ भक्ति को पायो ।
सबै पथ मै बिसर गया गुर अगम को पथ बतायो ॥ टेक ॥
गोरष दत्त भरथरी गोपी पथ गह्या निरवावे ।
सोई गुर ताका मै चेला बहु मोहि पथ बतावै ॥ १ ॥
नारद पीपा और कबीरा काहा पथ नानक पहुंचा ।
मै मैला यहु सब जग मैला वै राम सुमर भय सूंचा ॥ २ ॥
अष्टावकर जलधर फक्कर कान्हा दास मुरारी ।
कौन पथ चलवै जाय पौहचै पथ कहीए अतभारी ॥ ३ ॥

भर भर दिष्ट अदेषं देषं अकल पुर्स परमोधं ।
परम पुरस सोई दरसन पावै निस दिन तन मन सोधौ ॥१४॥
सत अनत पहुच गए चरनौ पाया पद निरबाना ॥
कहै पानप सो गुरपथ बतावै वा घर मै मोहि जानां ॥ ५ ॥१५॥
:o: :o: :o:

राग कल्याण

भूला लोग भरम नही जानै मरम न जानै हो ।
भेद अभेद नाम उजियारा गुर बिना ना पहिचानै ॥ टेक ॥
हिंदु दौड देहरा धावे मुसलमान मसीता ।
दो के मधे धणी न सूझै आगे बडी मरम की भीत ॥
जासू भेटे परम पद पावं कुछ कर मिलनै की चिता ॥ २ ॥
काया महजद मै मन मुल्ला नमाज वजी कै बोध्या ।
हुा वर तषत साह आलम का होवै जम की तलब रसीदा ॥ ३ ॥
देह देहरा आतम देवा अहर्नी अह कर पूजा ।
तिन देव मिल जोती झलकै देवन दीषै दूजा ॥ ४ ॥
पांनप कहै सुनौ भाइ साधो षोज करो क्यौ न कोई ।
तन मन षोजै ब्रह्म परगासै परगट परचा होई ॥ ५ ॥२४॥

विषय—निर्गुण मतानुसार भक्ति और ज्ञानोपदेश वर्णन ।

संख्या २०५ड बाणी या सबदी, रचयिता—पानपदास, का० ज—दर्शी, पत्र—१३३, आकार—६$\frac{१}{१०}$ × ४$\frac{६}{१०}$ इंच पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२ परिमाण (अनुष्टुप)—१२६७, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री शंभुप्रसाद जी बहुगुना, हिंदी अध्यापक, आई० टी० कालेज, लखनऊ ।

आदि—॥ ॐ राम जी सत ॥ लिषत बाबा पानपदास जी की बाणी सबदी ॥ १ ॥

हर घट मै गीता कहे तासू परचा नाहि ।
कहु "पानप" बिनु प्रभू के परचे ये सबै नरक कू जाय ॥ १ ॥
सत साष गीता कहे साह दो भरे कुरान ।
कहे पानप साषी षडे होय दरगे परवान ॥ २ ॥
या जग मै है बडा अधेरा साहद षडा पुकारै ।
कुरान कहे गीता कहे पानप ताकूं कोय न विचारै ॥ ३ ॥
विद्या नाम अराध की भई अविद्या दूर ।
आतम षोजै पानपा हर आठौ पहर हजूर ॥ ४॥
पढ पढ पढ पत्थर भया लिष लिष लिष भया ईट ।
अतर मै लागी नहीं नेक प्रेम की छीट ॥ ५ ॥
अछर एक विचारया नाही पुसतग पढे घनेरे ।
कहै पानप बिन प्रभू के भेटे ये पडे काल के घेरे ॥ ६ ॥
पढ गुनै क्या होत है पढे गुनै ससार ।
कहै पानप चाहै मुकत कूं तो हरदम नाम सिभार ॥ ७ ॥
गीता पढी तो क्या हूवा अछर नाहि विचारया ।
परम आतम दरसन सू उधरे पानप सो सत जोग वारा ॥ ८ ॥
भगत नही कुछ गावणा पढणा भगत नही ।
अंतर धुन मथ थिर कर पानप साचा भगत सोई ॥ ९ ॥
बिना विचार बबेक बिन पढै गुनै क्या होय ।
आतम तत चीन्हा नहीं पांनप नरक पड़त है सोय ॥१०॥

आतम तत कूँ षोज ले परगट सब के आगे ।
कहै पानप अलष दरस ताकूँ होई तनक सुरत जो लागै ॥११॥
:o: :o: :o:

अछर येक अतर पढ़ लिया ताका सब विसतार ।
पानप अंछर परष सुरत सूँ पढणा दिया विसार ॥ २८ ॥

॥ इति गीता को अग सपूर्ण ॥

अंत-- ॥ अथ पारसी का अग लिषत ॥

तुर्क नमाज अरु रोजे राख्या ओर मके चल जावै ।
कहै कुरान कुरा निदे मै पानप दिल का षोज न पावै ॥ १ ॥
जिन्हो दिल म दिल कू षोजा दिल मै रूह पिरोई ।
कहै पानप जहा जहा नजर पसारी तहा तहा अल्हे दीषै सोई ॥ २ ॥
कहो मुनाबी बात का क्या कीजै इतबार ।
कहै मुफसल षाय कै कहै पानप कहणा सार ॥ ३ ॥
बईमान याद से गाफिल फुरमाया नही करता है ।
रूह पकड़ कर दिल नहीं देष्या कहै 'पानप' दोजग भरता है ॥ ४ ॥
:o o :o.

नही जगत यो हराम का रान सर्व का सोय ।
हिदू तुर्क दोउ ये भले 'पानप' हरका कोई अन होवे ॥६७॥

सबदी

विषय--भक्ति और ज्ञानोपदेश ।

विशेष ज्ञातव्य--रचनाकाल, लिपिकाल अविदित है । रचयिता का नाम पानपदास है । अन्य वृत्त दिया नही ।

संख्या २०५च शब्द (?) रचयिता--पानपदास, कागज--देशी, पत्र--६०, आकार--६ ५/१० × ५ ५/१० इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--१३, परिमाण (अनुष्टुप)--५८५, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, प्राप्तिस्थान--श्री पं० शम्भुप्रसाद जी बहुगुना, एम० ए०, हिंदी अध्यापक, आई० टी० कालेज, लखनऊ ।

आदि--

हरकू भूला कर्म कमावे सो राकम है भाई ।
कहै 'पानप' हरनाम विसारया वेह राकस दोजग जाई ॥ १ ॥
जैसे नाम लिषै बसतरमें ऐसे नाम हिर्दै मे धारै ।
कहै पानप जो मनसा लागे तो निहचै भौ जल तारै ॥ २ ॥
मूरष नाम लिषै बसतर मै नाम हिरदै मै नाही ।
कहै पांनप ये गाफल मर्दै निहचै नरक समाई ॥ ३ ॥
सत मिलै तो मुक्त बतावै क्रियावत होय सो चित लावै ।
चित कूँ षोजै सुर्त समावै कहै पानप सोई मुक्ता होवै ॥ ४ ॥
बिन हरनाम बात सब थोथी जेती साधना साधे ।
कहै पानप योह साधन साची जो अकल पुरुस ले गगन अराधे ॥ ५ ॥
अकल पुरुस लै गगन अराध अलग माहि ठहराय ।
कहै पानप परतीत धर जम न सतावै ताहि ॥ ६ ॥
जब सूँ लग्या तभी सूँ परगट दिन दिन अधक तमासा ।
मनसा अगम बिलभी पानप चहू दिस मै उजियासा ॥ ७ ॥
चहूदिस मै उजियासा देष्या पाँचो घेर बसाया ।
गगन मडल मै पल येक ठहरै अनहद नाद सुनन मे आया ॥ ८ ॥

जोमर है जीवत जन कोई सो हर दरसन पावै ।
जीवतड़ा मन मनसा भटकै पांनप राम हाथ नहीं आवै ॥ ९ ॥
हर सुमर्न (? सुमरन) येक पल नहीं विसरै और हिरदै मै लौ लावै ।
कहै पानप मनसा सूँ सुमरै तब उधरन की गत पावै ॥१०॥
भक्त भुलाई भ्रम कूँ धाई क्यो न सहै जम त्रासा ।
पानप कहै पार ब्रह्म घट मै ताकी धरी न आसा ॥ ११ ॥

अंत—मरकट कैसी मूठ पकड जीवज के हाथ सिहाया ।
कहै पानप सतगुरु विना योंही जनम गवाया ॥४७४॥
दरसन सूँ आनद है और आनद क्यौंही नाहि ।
दरसन बिन आनद कहै पानप नेहचै नरक समाय ॥४७५॥
यौंही फकीरी जगत मे सोवणा और षाणा ।
अंत की बार कहै जन पानप जम के हाथ बिकाणा ॥४७६॥

विषय—चेतावनी और ज्ञानोपदेश वर्णन ।

संख्या ०२५छ सोरठे, रचयिता—पानपदास, कागज—देशी, पत्र—२, आकार—६ ३/४ × ५ ५/८ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, परिमाण (अनुष्टुप)—१४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री युत शंभुप्रसाद जी बहुगुना, हिंदी अध्यापक, आई० टी० कालेज, लखनऊ ।

आदि—अथ लिषत सोरठे ॥

मनकूँ अंतर ल्याव मोती हंसा षोज कै ।
ताकै मध समाव कहै "पानप" सबद हरजन लहै ॥ १ ॥
साची कहतं बात भावै कोई कुछ करौ ।
मोकूँ साच सुहात मिथ्यामोह न भावहीं ॥ २ ॥
ब्रह्म विष्णु महेस जगत माहि येई बड़े ।
वोह अगम चवथा देस पार ब्रह्म जाहां बसत है ॥ ३ ॥
सबं सयानफ त्याग होय अयाणा जगत सूँ ।
अकल सूँ षटदल बेध कहै "पानप" कारज भगत सूँ ॥ ४ ॥
सबकी गाठी लाल गाठ षोल देष्या नहीं ।
तासूँ फिरै कंगाल "पानप" माया आपणी बिसरया ॥ ५ ॥
ब्रह्मा विष्णु महेस ये नहीं जानै नानकूँ ।
"पानप" अगम चवथा देस कोई हरजन पहुँचे धामकूँ ॥ ६ ॥
कहै पानप काया येक सी हममै तुममै येक ।
हर दरसन परगट रहै मूरष सक्यौ न ताकूँ देष ॥ ७ ॥
सक्यौ न ताकूँ देष चौडे माही आतमा ।
अकल सूँ परवेस कहै "पानप" तोहि लगी धातमा ॥ ८ ॥
अंधा सब संसार आप आप षोजै नहीं ।
बह बह मरै गवार हर दरसन घट मैं रह्या ॥ ९ ॥
कहै "पानप" विन हरनाम भौ तिरन उपाव न दूसरा ।
अगम मै सुर्त बसाव मुष जिन भजै सोई तिरै ॥१०॥
जग को सयानफ त्याग आप अयाणा होय रौह ।
आप आपमै षोज परम तत्त कूँ तब लहै ॥११॥

॥ सोरठे समाप्तं ॥—पूर्ण प्रतिलिपि

विषय—आत्म साक्षात्कार द्वारा ब्रह्म मे लीन होने का उपदेश ।

संख्या २०५ज होली, रचयिता—बाबा पानपदास, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—६८⁄१०×५५⁄१० इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—५२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री शंभुप्रसाद जी बहुगुना, हिंदी अध्यापक, आई० टी० कालेज, लखनऊ।

आदि—लिषत होली ॥

जग मै जीवना मन सुपनै जेहा जाण। जग मैं जीवणा ॥
भौजल माहि काल को फदा ना रहीये रुच मान ॥ टेक ॥
माता पिता सुत भवन भ्राता तिन्हे देष मन भूल बावरे।
जाहा सूं आया ताहा कूं जाना तू कर चलने का सूल ॥ १ ॥
यह ससार चेहर की बाजी बाजीगर ता माहि।
अतकाल वोहु होइ सहाई तू तासूं कर पहचान ॥ २ ॥
गुर का सब्द हिरदै धर राषो दुरमत डारं धोय।
योहु मन पकड अकल धर मारिये तौ बहुर न मरना होय ॥ ३ ॥
'पानप' सुपना योहु निज कर जाना साच गही लो धाइ।
अब मेरा मन निहचल हूवा बैठो गवन गजाय ॥

रग होरी हो रग होरी
जहां षेलै सत सदा होरी
ये गुन गाइ कियो रग गाढो षेलत है उची पौरी ॥ टेक ॥
आयो फाग वसत तुलानो चेतनता तन मै दौडी।
चाह भई पिया के सग षेलूं बूझत हू बतवै कोरी ॥ १ ॥
पाचौं का मन अत मधमाती स्वादो के सग भई बौरी।
सतगुर दियो बताय जतन येक पकड लई करती चोरी ॥ २ ॥
पाचौ मिली एक मत कीनो षेल षेल अनुठोरी।
बाजत ताल बिरदग झाझ डफ कर विन मानो घनघोरी ॥ ३ ॥
प्रेम रग प्रीतम पर छिडकू प्रीतम के रग हू रगी।
विन रसना अनराग उठावै प्रीतम की यह रीझ भई ॥ ४ ॥
दशवै द्वार षेल रचै हे हर हर हर माची रौरी।
'पानप' कूं येही चाव बडो है हमहू षेलें उहु ठौरी ॥ ५ ॥ २ ॥

अत—

जिसका तू बदा और तिसकूं नही याद करता,
दौड दौड और और भरमहो कूं धावै है ॥ १ ॥
साहब तो हजूर नही दूर घट मै व्याप रह्यो,
देषता है सही पै परतीति नही ल्यावै है ॥ २ ॥
देषता है कौन दिष्ट ज्ञान की सूं देषै कोई,
एकही अलेष जल थल पूरन सर्ब मही है ॥ ३ ॥
सेवै चितलाइ और चितवन मै बास करै,
यो ही भक्त साची दरबार हर के सही है ॥ ४ ॥
मुष सु कहै राम विसराम जीव पावै नही,
मन मनसा बहै तातै सब बात बही है ॥ ५ ॥
बूझ सतगुर सूं पावै मनसा गगन कूं चढावै,
हर हर जिभ्या बिन गावै सेन बिरले जन लही है ॥ ६ ॥
मानुष सा जन्म रतन पाइ कै गवाव मूढ,
पर्मरथो या सत ससारी समझाई है ॥ ७ ॥
त्रिकुटी सज्म अधर छाजा जाहा बाजै अनहद बाजा,
हर आपही बिराजै जग जाणता नहीं है ॥ ८ ॥

देषता है येक और दूसरा न कोई यार,
संतो ने बिचार कै योहु साची बात कही है ॥ ६ ॥
कहै पानपदास कोई साधु मन फेर पावै, बासना बसाव
भौदू विस्मभर (? विश्वभर) तो योही है ॥१०॥

विषय—भक्ति और ज्ञानोपदेश वर्णन।

संख्या २०६ अंक कौतूहल (संक्षेप लीलावती), रचयिता—पीतमदास, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—६॥ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२५, परिमाण (अनुष्टुप)—१८७, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८८८ वि०, प्राप्ति-स्थान—श्री पं० महादेवप्रशाद जी मिश्र, ग्राम—मिसिरवलिया, डाक—रुद्रनगर, जिला—बस्ती।

आदि—

....नो अढ़ाई सोइ।
सुधो जानि हिसाव यह मनके रुपया होइ ।१५

मनतें छटाक के दाम

जे रुपिया मन वस्तु दरि आकत ई धरिलेउ।
चालीस भजि आना सोई कहि छटाक देउ ।१६
अथ वस्तु वहुत दरि सेरनि की जेसे रुपये की ७ सेर।

दोहा

मनके सेर लगाइ धनु दरि भजु रुपिया सोइ।
दरि भागै चालीस गुने तौहू रुपये होइ ।१७
दरिते सव रुपये गुनौ मन करि देउ वताइ।
चालीस तें रुपये भजौ दरिते मन गुनि गाइ ।१८

अथ रातिव हिशाव

अश्व गजादिक जीव जे जाको राति वदेत।
शाल भरे को होइ जो ताको जानो हेत ।१९
एक दिवस के सेर जौ नौ गुन मन सो शाल।
दिन आने नोगुन गुने ढाई रुपये माल ।२०
दरि तोले की होइ जो गुनि रत्तिन करि सोइ।
भाग छानवे को लियो देउ दाम जो होइ ।२१

अंत—इच्छा थोरी होइ फल पावै जह अधिकता।
व्यस्त त्रिराशिक सोइ दूजी विधि यह जानिये।

दोहा

अपनी इच्छा होइ जो ताकी जाति जो होइ।
तहिलै गुनिये और पै इच्छा भाजक सोइ ।४२
लब्ध अंक फल मानिए सो सवसो कहि देउ।
व्यस्त त्रिराशिक भांति है समुझि चित्त मे लेउ ।४३
'लीलावति' सक्षेप यह अंक कुतूहल नाम।
गुरु व्यौहार जु काज नित क्रय विक्रय के काम ।१४४
संवत वसु वसु वसु शशी कातिक तृतीया सेत।
'पीतम' विरच्यौ पीत सो 'वैजनाथ' के हेत ।१४५

इति श्री संक्षेप लीलावती अंक कुतूहल गुरु व्यौहार पीतमदास कृत समाप्तं।

विषय—अंक कुतूहल। गणित (गुरु) विषय वर्णन।

रचनाकाल

संवत वसु वसु वसु शशी कातिक तृतीया सेत ।
पीतम विरच्यौ पीत सो वंजनाथ के हेत ।१४५

संख्या २०७ रामककहरा, रचयिता--पीताबर, कागज--देशी, पत्न--४, आकार--८$\frac{1}{2}$ × ४$\frac{2}{10}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)--१०, परिमाण (अनुष्टुप)--५५, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि, नागरी, प्राप्तिस्थान--श्री बिहारी पडित, स्थान व डाक०-सहजोरा, जिला-रायबरेली ।

आदि--ॐ श्री गणेशाय नमः ॥

॥ दोहा ॥

वरनौ वदन विचित्र अतिवदि गौरि गौरीश ।
गुरु गणपति शिवराम रवि "पीतावर" के ईश ॥

॥ सोरठा ॥

कर अक्षर सो प्रीति अक्षर ब्रह्म समान सो ।
हरदम जप ईश प्रीति वरन मिलावत ब्रह्म कह ॥
करताराम सत्य जिय जानी । हे मन भजु प्रतीत द्रढ मानी ॥
खजरिराम सबही की लेही । करनी बूझि तही तस देही ॥
गर्ववास जेइ दीन्ह अहारा । तेहि रामहि भजु करि येतवारा ॥
घर वनहु सोइ भगवाना । अस विचारि हरि भजहु सुजाना ॥

अत-- ॥ छद ॥

एकराम अखड मडल व्याप्तेन चराचर ।
गुणरहित गुण गण निर्विकार निरीह गोचर गोपद ।
अचित अज अद्वैत लोक अनेकपति धरनीधर ।
सो एक राम अनतपथ जपतगत निरतर ॥
केहि विधि पिताबर मदमति सो राम की महिमा कहै ।
जो अपर को भग विधि मरीखे सुभ सहसानन लहै ।
प्रतिमुखहि जिव्हा सहस शारद बैठि बानी गावई ।
दिन प्रति निरतर राम महिमा कहत पार न पावई ॥

॥ दोहा ॥

जलसीकर अरु जलधि लष धूरियेक विस्तार ।
यहि लवराम रमे रहै वरनि सकै को पार ॥
राम ककहरा भगति रस शुनि समुझै नर कोइ ।
सुलभ होइ जो भेद यह आवागमन न होइ ।

इति श्री राम ककहरा समाप्तम् ॥ शुभ ॥

विषय--'क' से 'ह' तक के प्रत्येक अक्षर पर चौपाइयाँ रचकर राम गुणगान किया गया है ।

संख्या २०८ स्वप्न विचार, रचयिता--पिताबर राय, कागज--देशी, पत्न--१२, आकार--८ × २ इच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--३, परिमाण (अनुष्टुप)--६३, खडित, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागर, लिपिकाल--स० १८२६ वि०, प्राप्तिस्थान--श्री प० ओकार नाथ जी पाडेय, ग्राम व डाक०-हैसर बाजार, जिला-बस्ती ।

आदि--

.........लखै स्वप्न दरस रघुनाथ ।
वरष एक मो फल मिलै सुनो सत्य 'रघुनाथ' ॥ ५ ॥

दुतिजा मैं सप्ना लखै अष्ट मास फल होय ।
तृतिजा मे जो देषई तीनि मास मो सोय ॥ ६ ॥
चौथ मास सपना लषै अर्द्ध मास फल पाय ।
अरूनोदं जो देषई तुरित होय रघुराय ॥ ७
ईष्ट स्वप्न जो देषवी गुप्त करव वह बात ।
अति मगल तेहि पुरुष कह देव दान उठि प्रात । ८
गऊ वृषभ हस्ती तुरग सैन अटारी देष ।
नौका रोहन लाभ फल सपना कहब विसेष । ९
भोजन वीना ग्रहन पुनि करुना लाभ बखानि ।
एही भांति औरो सुनो दीनबंधु गुन खानि ।१०
परै कीट निज अग मो जग मग कछु होय ।
भूषन विष्टा लिप्त तन अगम गम्य सुभ सोय ।११
राजा हय हस्ती लषै कवन रत सुधारि ।
ताको कुटुम बढै सदा सपना कहव विचारि ।१२
दक्षिन भुज पर सेत अहि डंसै केहू विधि आय ।
यह सप्ना फल धन मिलै कहै "पितमर राय' ।

अंत---सूज चंद मडल गिरन मक्ष सधु जायत नात ।
निर्त गीत बाजादि पुनि इसव सूचक वात ।५१
मल अरु मूत्र रहित रहे देषै स्वप्न सुभाय ।
समय पाय सुभ असुभ सब होत चराचर राय ।५२
असुभ स्वप्न जो देषवी तुरित न्हान कहु जाव ।
रक्त सार अस्नेह युत आहुति करव वितावं ।५३
पूजि परम प्रिय भूसुरहि एक सत अष्टम बार ।
जप जपाइव विप्र मन गाइत्री सचार ।५४
सुनि सकर मुष वचन तव विहसे सारगपानि ।
सिथिल गात भे मगन मन बारवार बषानि ।५५

इति भादो शुक्ल सप्तम्या समत १८२६ ।

विषय---स्वप्न विचार विषय वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य---ग्रथ आदि मे (एक पत्र) खंडित है । कुल बारह पत्रे उपलब्ध है ।

सख्या २०६ रघुराज विनोद रचयिता--पुरंदर कवि, (स्थान-जयपुर), कागज---देशी, पत्र---३६, आकार---६॥। × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ट)---२५, परिमाण (अनुष्टुप)-१३५०, पूर्ण, रूप---प्राचीन, पद्य, लिपि---नागरी, रचनाकाल---स० १६८१ वि०, मुद्रणकाल---सन् १८६६ ई०, प्राप्तिस्थान--श्री प० पुरुषोत्तम उपाध्याय, ग्राम-शेखपुरा, डाक०-तेजीबाजार, जिला-जौनपुर ।

आदि---श्री गणेशाय नम अथ रघुराज विनोद कवि पुरन्दरकृत छप्पै

जय वितुंड मुख तुंड चंड गहि विघन विकर्मन ।
जय अबुद्ध नर बुद्ध करन जय वर वर्न वर्सन ।
जय दरिद्र दल दाह दीह जय दनुज निकन्दन ।
जय महेश विधु विष्णु इन्द्र आदिक सुखवन्दन ।
जय अशेष सशय समन एकदंत चव द्वरन ।
जय जयन्ति गिरिजा सुवन आठ सिद्धि नव निधि करन ॥ १ ॥

॥ दोहा ॥

जय जय देवी सरस्वती जय जय गौरि गिरीश ।
जय रघुपति यदुपति जयति जय रवि जयति हरीश । २ ।

जाको ध्यावत रैन दिन मानुष देव अदेव ।
ता श्री हरि को ध्यान धरि कहत चित्र के भेव । ३ ।

। चौदह वन्ध चित्रम सोरठा ।

महाधीर रघुवीर मरयादा सुठि शील के ।
मरकत श्याम शरीर मनसा पुजवत जनन की । ४ ।

त्रिपदी चतुः पदी अश्वगति कपाट बधचित्र

अंत—

जनके बीच रामसुत रहै । कहनी वेस पुरवर कहै ।
जिसके वुधि को है लवलेश । सोई जानैं इसको देश । लव ।

० :० ०

वाधवपति रघुराज दिय रहट नाम ढडग्राम ।
धडीमाल सो लसत है रैयत सुखी तमाम ।

विक्रम के उनविश तीन मे वघेल भूप विश्वनाथ काज लागि आये जयपुर को ।
साल दस के मैं राम सादी कियो रीमा जाय आप फिरि मान्यो हमे जैसे निज गुरु को ।
जोधपुर उदयपुर आदि सब नृपनते मान को कराय राख्यो मित्र करिअ को ।
ग्राम धन दाम विसराम त्यो अराम दै कै सैहि मकै साल आप राज लियो सुरको । ६ ।

·० ०: ०:

चित्र किये रघुराज हित सिरवन अनेक प्रकार ।
हनुमत हरि अष्टक कियो निज हित पर उपकार । ८
शुरू भयो वनईस मैं वाधो पतिहित मोद ।
पूरण जयपुर मे भयो यह रघुराज विनोद । ६
पूरण पूर्निमा मैं भयो चैत्र चद्र शुभवार ।
वनइस स इकतालिसे विक्रम साल विचार ।१२
सबही रस के कवित हे चित्र आदि लिखि दीन ।
रामनरेश विनोदहित अन्त पहेली कीन्ह ।१३

:० ० ०

बाधव जयपुर जोधपुर भूपन के यश छद ।
चित्रदेव रति और बहु किये पहेली बद ।१८
कविता करिवो कठिन है चूकि जात सब कवि ।
ताहि सुधारत सुजन है हँस तजिहैं सब अम्बि ।१६।।

। इति ।

विषय—जयपुर जोधपुर नरेश के यश छद तथा चित्र (देवगति) एव पहेली आदि का वर्णन ।

रचनाकाल

पूरण पूर्निमा मैं भयो चैत्र चद्र शुभवार ।
वनइस सै इकतालिसे विक्रम साल विचार ।। २

विशेष ज्ञातव्य—ग्रथ म पहेलियाँ और चित्रवध आदि का भी समावेश है ।

सख्या २१० रसिक रमायन, रचयिता—पुरुषोत्तम, कागज—देशी, पत्र—१२, आकार—$९\frac{४}{१०}$ × $८\frac{१}{१०}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, खडित, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—प० श्रीराम जी वैद्य, ग्राम—खजुरि, डाक०—गौरीगज, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—

. . . .

......ये । वसी सर्वथा होइ । शांकीनी नाम बाधिया ॥

इति श्री पुरुषोत्तम विरचितायां वसीकरन सहोता मोहनांनि समाप्तम् ॥

सुवरसन औषधी के जरी पान से षाइ तौ महा अस्थभन होइ ॥ सा कल्मष सो सुक्र मो मोचन होइ ॥ सेत सरिसौ के जरी पात फूल तीनि उत बीज कन्या के कातल सूत्र मा गाडा वनाइ जावत गाडे रहइ तावत अस्थभन होइ ॥

:o :o o·

आवं के आठि त्रिफला भ्रिंगराज के मूल के रस लेइय एक जरी कादव लोह चूरन चवरा सहित सिलाघसि पाकवार धूम होइ ॥

इति श्री पुरोषतम विरचिताया रसिक रसायन लोमस तन समाप्त ॥

अथ पुरषोतम विरचिताया रशिक रशायन चतुर्दश विद्या समाप्तः ॥

अंत—पहिले राष पिसाइ छानि कर रस निचोडवि कीजै तीनि वस्तु मिलाई इकातर कपरा को रग दीजै वरठइवौ मेह मे कोई वार नीर नहि भोजै ॥ अन्योभेद ॥ वस्तु दिमोना आवै ॥ गुगुल लेइ वसलोचन को पीपर को पानी करि ॥

.o: .o. ·o·

—खंडित

विषय—मोहन, उच्चाटन मंत्र सिद्ध करने तथा अन्य औषधियों का वर्णन ।

सख्या २११ जैमिनी पुराण (अश्वमेध) रचयिता—पुरुषोत्तम 'दास', निवासस्थान—दादर ग्राम, कागज—देशी, पत्र—१६२, आकार—१३ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—४००६, पूर्ण रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १६५८ वि०, लिपिकाल—सं० १८६५ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० महादेवप्रसाद जी मिश्र शास्त्री, ग्राम-मिसरौलिया, डाक०—रुद्रनगर, जिला—बस्ती ।

आदि—श्री गणेशाय नम ॥ अथ जैमिनि पुरान ॥

प्रथमहि प्रनवौ पुरुष पुराना । आदि अंत हम प्रभु अवसाना ।
निर्गुन सगुन जानि नहि जाई । रूप स्वरूप म रहे समाई ।

o o :o:

वंदौ चरन कमल चित धरहू । कछु प्रसाद प्रभु हम कह करहू ।
वेद सहस मुक करहि प्रमाना । अचल अमूरत प्रेम निधाना ।
आदि अनादि अचित असूझा । जा कह कृपा भई तेहि बूझा ।

:o o· :o.

दोहा

नमित विप्र पुरसोतमा कहि दासन्ह के दास ।
तुव प्रसाद कछु पावो करौ कथा परकास । १

.o. :o· .o.

ब्रह्म रुद्र अरु गनपति जग जननीजस लेहु ।
पुरसोतम हरि सेवक बुधि प्रकास कछु देहु ।

जवु दीप भारत कर खडा । कनउज कर पाती परचडा ।
सप्त पुरी मह उत्तम थाना । कौसलेस सवही कोउ जाना ।
रामपुरी सरजू के तीरा । नाम अयोध्या निर्मल नीरा ।
सरग द्वार पाप कर नासन । जहवा रामचद्र कर आसन ।
तेहिते दक्षिन जोजन चारी । आदि गोमती कलि विषहारी ।
सुर नर मुनि सब दरसन करई । कोटि जन्म कर पातक हरई ।

नारायन पुर नगर सुदेना । तहा वास वस वडउ नरेसा ।
कुरुदेव ब्रह्मादि समाना । उन सरवरि कोउ राउ न राना ।
तहवा नगर बसं एक 'दादर' । जहवा जती सती कर आदर ॥
राजा रूपमाल तह रहई । वस सुवास पडित तह अहई ।
चतुर दिसा जाकर जस वाजा । दाता रूपमाल तह राजा ।

ंस वस अति निर्मल रूपमाल तेहि नाम ।
राम भगत पुरसोतम वसहि ते 'दादर' ग्राम ।

गुरु रघुनाथ के चरन मनाए । जेन्ह व्याकरन नीकछौ पढाए ।
भल कै वेद पुरान विचारा । राम नाम विनु नहि निस्तारा ।
पुनि जो पिता का अग्य सुलीन्हा । पुरुषोत्तम दास द्वारका वीन्हा ।

सम्वत सोरह स अट्ठावन । निर्मल चैत्र मास कर आवन ।
सुक्ल पक्ष प्रतिपदा सुहावा । श्री गोविंदकर कथा सुनावा ।
उत्तम देत चद्रकर वारा । मेषक सूय वसन्त प्रचारा ।
हरि प्रसाद पुरसोत्तम दासा । अस्वमेध कर कीन्ह प्रकासा ।

दोहा

अक्षर होइ असगत तत प्रभु तोहि सब लाज ।
पुरसोत्तम विनती करत हारि विनु को मोहि साज ।

अत—कहै विप्र पुरसोतम रिषि के राम अधार ।
हरि तजि आनन्द भवे राम नाम पुकार ।१५४

यहि विधि अस्वमेध भ तहिया । मो मै सब विस्तर सो कहिया ।
नीके यज्ञ कीन्ह प्रतिपाला । विछुरतहहि अब दीनदयाला ।
नृप जदुपति सो बात जनावहि । विदा देहु हम घरहि सिधावहि ।
इद्रदेव तुम जाहु तुरता । अब सब देव लोक सब सता ।
राजा चले देस परिवारा । चलि सभ इद्री महर भडारा ।
अपने अपने देसन गयऊ । मुनि रिषी तब सगहि हरि लयऊ ।
वनसपती जे चलि वन माहा । आपन आपन आश्रम जहां ।

गुप्त गोदावरि दडक रन्या । कथा सुनहिते मानुष धन्या ।
भूंखे आतम करि सनमाना । धन्य सत जे कथा वषाना ।

दोहा

पुरुसोत्तमजन भिक्षुक दाता श्री भगवान ।
यह ससार पालता दान देह कल्यान ।१५५

इति श्री महाभारते अश्वमेधे के पार्वने जज्ञ सपूरनो नाम छवनोऽध्याय ॥ इति जैमिनि पुराण भाषा सपूर्ण ॥ सवत् १८६५ ॥

विषय—महाभारत (अश्वमेध खड) का हिंदी पद्यानुवाद । जैमिनि पुराण विषय वर्णन ।

रचनाकाल

सम्वत् सोरह से अट्ठावन । निर्मल चैत्र मास कर आवन ।

विशेष ज्ञातव्य--ग्रंथ पूर्ण है। ५६ खंडो में ग्रंथ की पूर्ति की गई है।

संख्या २१२ दोहा, रचयिता--पुरुषोत्तमदास, कागज--आधुनिक, पत्र--३, आकार--८३/४ × ६३/४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--२०, परिमाण (अनुष्टुप)--१६, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, लिपिकाल--सं० १६५०, प्राप्तिस्थान--महंत श्री गुरुप्रसाद दास जी, स्थान व डाक०--बछरावाँ, जिला--रायबरेली।

आदि--ग्रंथ लिख्यते दोहा पुरसोतमदास कृत ॥

का काम की आस तजि सदा रहै निहकाम।
पुरसोतम हरिनाम जपि पाए अबिचल धाम ॥ १ ॥
खा खरदूखन से गए दसमुख औ शिशुपाल।
पुरसोतम तू क्यो बचै सब जग खायौ काल ॥ २ ॥
गा गुर कीजे वेगिही लीजे सो उपदेस।
पुरसोतम जेहि नित जपत गिरजा सहित महेस ॥ ३ ॥
घा घायल सतगुर किए मारो नाम की चोट।
पुरसोतम सूरासोई छूट शरम का कोट ॥ ४ ॥
ना नारद सनकादि शिव सबको यह मतसार।
राम नाम सुमिरन करत पुरसोतम भे पार ॥ ५ ॥

अंत--सब तीरथ फल होत है गुर चरनोदक लेत।
पुरसोतम गुर दडवात अर्वनि अटनि फल देत ॥३६॥
मरनो है जाउर नही जीवत मर न कोइ।
पुरसोतम जीवत मरै मारवो फेरि न होइ ॥३७॥
हीरा है हरिनाम को जान् काण को मोल।
सूरनि सो सुमिरन करो पुरसोतम मति बोल ॥३८॥

इति दोहा पुरसोतमदास कृत सम्पूरनम् ॥

विषय--ज्ञानोपदेश वर्णन।

संख्या २१३ नादोदधि रचयिता--पूरनमिश्र, कागज--देशी, पत्र--१२, आकार--१३॥ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--६, परिमाण (अनुष्टुप)--३२८, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, रचनाकाल--सं० १७७० वि०, लिपिकाल--सं० १६०१ वि०, प्राप्ति-स्थान--श्री प० चक्रपाल जी त्रिपाठी, ग्राम--राजापारा, डाक०--लालगंज, जिला--प्रतापगढ़।

आदि--श्री गणेशाय नमः

जे शुभ मगल दायनी वागेश्वरी प्रवीन।
वीना पुस्तक धारिनी राग रंग लव लीन। १
भैरव पुनि हिंडोल लै मेघ बहुरि श्री राग।
दीपक कौशिक रागए गावै सुमति विभाग। २
सर्व रागिनी राग को माला सरस सोहाय।
कठ करै जो प्रेम सो दिन दिन दुति अधिकाय। ३

छप्पै

भैरवी को तिया प्रथम भैरवी वषानो।
पुनि विभाकरी होइ त्रितिय गूजरी सो जानो।
होइ चौथ गुनकरी पाच बिलावली राजै।
एन पावहुके पुत्र कहै जेहि सुनि दुष भाजै।
पुनि पुत्रनिहू की तिय कहो होइ एकते एक सरिस।
एहि विधि वरनो राग सब सरस्वती मति निज वरिस। ४

कहौ भैरवी पुत्र देव गंगाधर उजागर ।
पुनि विभाकरी सुत विभास अतिही गुन आगर ।
पुत्र गूजरी सुनहु बहुरि देशाष सुमति अति ।
प्रगट पुत्र गुन करी केर गधार धर्म्म सति ।
पुनि बेलावली सपूत सुत बेलावल जानै जगत ।
जाके गान सुजान मुनि मुनि मति निज रतिय गति । ५

अत—अहि वानी जो गाइए सोइ झुमरा होइ ।
सदा चारिपद जानिए 'पूरन' वरनै सोइ ।
गान भेद के अग जेते सव कहो पाइ प्रसग ।
जाहिराग को गानहै ताहि राग को भेद ।
सो रागाग कहाइए 'पूरन' कियो निवेद ।

इति अष्टादशभेद साहद नाहद सपूरन

अथ विहद नाद यथा दोहा

जह लो सुनिये श्रवन धुनि विनु मुष भाति अनेक नाद विजित होइ ।
नाद ब्रह्मन लीन जो कृति कहियत है सोइ ।

अथकृत दोहा

जोग यज्ञ जप तप विना मिलै ताहि लवलाइ ।
साधा सघ सरूप जो परम जोति मनलाइ ।

इति अनहद नाद

दत्त हेतु यह सत विचारी । कीन्हो नादोदधि हितकारी ।
परम सुमति सिष्य सुजान । जाचत भेद नाद को ज्ञान ।
पूछ्यो तिन्ह म तासो कहा । वाइस भेद सर्व तिन लहा ।।
सत्रह से सत्तरि परिमाना । सम्वत पूस मास शुभ जाना ।
जन्म याहिको जानवि सोई । तिथि सत्तिमी वार सुभ होई ।

इति श्री पूरण मिश्र विरचिताया नादोदधि सपूर्ण सुभमस्तु सम्वत १६०१ वैशाख ।

विषय—'नाद भेद वर्णन ।

रचनाकाल

सत्रह सै सत्तरि परिमाना । सम्वत पूस मास शुभ जाना ।

सख्या २१४क कवित्त (?), रचयिता—प्रयागदत्त (तीर्थराज), ग्राम—बाहाअोत (बस्ती), कागज—देशी, पत्र—५०, आकार—८ × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण, (अनुष्टुप)—१८८, खडित, रूप—प्राचीन (जीर्ण-शीर्ण), पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री प० जगदेव जी पाडेय, ग्राम-पुर वेद, डाक०-अमाढ, जिला-बस्ती ।

आदि—आसिरवाद छद घनाक्षरी

ध्रुवन चलहि जव लगि तारे नभ सग मेरु न चलहि जव लगि भूमि पावते ।
धाराधर जव लगि चलै न धरा को छोडि जव लगि रविचद चलै नाहि ठावते ।
'प्राग दत्त' जव लगि मेघ रहि नभ जल जव लगि पतिव्र डरै नाहि चावते ।
तव लगि जदुनाथ सिह चिरजीव रहो जव लगि अघ निचलहि हरि नावते । १

अथ वीर रश वरननम

वषतर पहिरत फाटि चद्रभाल अग जोर जग जीतिवे को लालो लहरै लगै ।
भुजा अत्र गाहिवो को फरकि फरकि उठै जदुनाथ सिह के कृपान लहरै लगै ।
'प्राग दत्त' भारी भीर सग हाल वदन के दल के उमड धराधर कहरै लगै ।
चिघरो वराह भै भभर दिगपालनन के उगिलै फेनाली जीभि झरै जहरै लगै । २

अथ दानवीर वरननम

अमित दै पन्ना पोषराज गज गौहर दै हीरन को कोश दै करोरि मुकुतान को ।
नीलमनि मानिक गौमेदक हजार दीने हेम के अभूषन दै लाल जड़ितान को ।
'प्रागदत्त' भया जदुनाथ कोह क्यो न दान वारात सकल जश देव शरितान को ।
हाथिन के हल के तुरंग रग रगन के पालकी चढाय विदा दिज देवतान को ।

अंत--

उमडि घुमडि नभ गरजि गरजि रहे कारे कारे वदरान दस दिसि ताय ले ।
कुहू लै अध्यारी कारी संग वेन सूझत है सोरहो सिगार भीजि हमैं को वचाय ले ।
'प्राग दत्त' वहि वयसि थेरि हम किशोरी कुज गयन फिराय हमहू को सग लाय ले ।
उर सो भरीहौ सुनि वीनती अहीर वारे चूँदरी न भीजै आधी कामरी ओढाय ले ।

अरुन उदोत लाली पकज को कोश वेश,
देखे पर लागै ना वरोवरी प्रवाल है ।
आवदित होत है गुलावन के दल देखे
मद करि डारे नव पद्दलव रसाल है ।
'प्रागदत्त' कहत नषाली की वनक मोहै
मेहदी के वुद रचि राखे लाल लाल है ।
ललित हथेरी शुभ चिन्ह दरशात मानो
इद वधू वृद फने रेशम के जाल है ।

विषय--वीर तथा शृगार रस की स्फुट कविताएँ ।

सख्या २१४ख सरजू शतक, रचयिता--प्रयागदत्त, निवासस्थान--बाहाजोत (बस्ती), कागज--देशी, पत्र--१, आकार--९ × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)--९, परिमाण (अनुष्टुप)--७, अपूर्ण (खडित), रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, प्राप्तिस्थान--श्री प० जगदेव पाडेय, ग्राम-पूरे वेद, डाक०-अमोढा, जिला-बस्ती ।

आदि--

. . . . . . वात सोसै ।
विनती वहुतेरी प्रयाग किए हम तांकि नहो कोऊ देत असीसै ।
निकलक भए कवहू न कहू दुष दुद सहे वहुते दिन ही सै ।
शरजू पग पाहि गिनै न कछू जिन पाप औ पुन्य दोऊ सम दीसै ।३७

सिद्धि श्री त्रिपाठी पयागदत्त कृते शृ गार रश वरननो शरजू शतक ग्रथो त्रितीए तरंग ।

मध्य--

शरजू असनान को महातम

।। कवित्त ।।

कलि की अवाई जानि भारी टरवार लागै झनझुन एक वारगी हलै लगै ।
वडे काटे कीरा उतिराने मारु पछिन के विकल छुधा सो होत मज्जा निगलै लगै ।
'प्रागदत्त' कहि वाके वस कोऊ औध आयै शरजू नहाय पाप पुजन दलै लगै ।
नर्क कुड . . . .

--आद्योपांत उद्धृत

विषय--सरयू वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य--ग्रथ का केवल एक पत्र ही उपलब्ध है ।

संख्या २१५ सार सग्रह, रचयिता--प्रवीन कवि, कागज--आधुनिक (पीला), पत्र--१६, आकार--१३ × ८६/१० इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)--२७, परिमाण (अनुष्टुप)--

७०५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६४४ वि०, प्राप्तिस्थान—पं० कृष्णविहारी मिश्र, ब्रजराज पुस्तकालय, गधौली, जिला—सीतापुर।

आदि—श्री गणेशाय नम. अथ सार सग्रह लिख्यते कवित्त ॥

राजन के राज महाराज श्री गोशाई हरिवश को जो वश सो प्रसस जग गायो है ।
तिनही मैं परम उदार महाराज सिरी चतुर शिरोमनि जू सुष सरसायो है ।
जा सुत सुघर वर लाला श्री अनद लाल तिनही को हुकुम जरूर जब पायो है ।
देषे सुने कवि कविताई जिनकी सकल सुकवि प्रवीन सार सग्रह बनायो है ॥ १ ॥
सीलता सत्य सबीलता साहस सुदरता सुघराई निकेत है ।
ओज उदारता माधुरता अति धीरज धर्म सुजान सहेत है ।
राधिका वल्लभ लाल सो प्रीति अनीति को त्यागी सुनीति ही लेत है ।
ऐसे प्रवीन गुनीन के गाहक आनद लाल सदा सुष देत है ॥ २ ॥

प्रवीन कवि के कवित्त

मद मद चलनि अनद की करनहारी काले केश केली ते हियेन को हरत है ।
तारे तेरे विमल विशाल कजरारे नैन बैन मद मधुर पहुप से झरत है ।
अमल दशन कलहसनि प्रवीन कवि अरुन कपोल शोभा अधर धरत है ।
तेरे अग अंग अनुकरन मयक मुषी मेरे मन मोहन को मन पकरत है ॥ ३ ॥

अत—इस इश्क के दरियाव मे जो गोता खाता है ।
है मरजी वा आय होती है जब मोती लाता है ।
आवाज सुनके जगल से आता है ।
सहता तीरकारी तब मागा जाता है ।
परवीन पुरुष मारिस्ता पर लुभाता है ।
जरता है तन वदन से जब प्यार पाता है ।
वीरे का पात दुरदी जर्दो दिखाता है ।
वह चूर चूर होने से तौ रग लाता है ।
खुश हुस्न के चमन में जो कोई जाता है ।
पुरजेर गुल खिल खिलाता है ।
देख अजव गजब सा नैनो का नाता है ।
रसराम आशिको का दिलदार दाता है ॥८२॥

इति श्री सुकवि प्रवीन कृत सार सग्रह ग्रथ समप्त शुभ मस्तु श्री सम्वत् १६४४ ॥ भाद्रपद २४ भौम लिखत इद पुस्तक परार्थ ॥ श्री रामाय नम ॥

विषय—शृगार विषयक निम्नलिखित कवियो के कवित्तो का सग्रह—

१ प्रवीन कवि, २ हरिनाम ३ जलालदी ४ प्रवीन राउ पातुर ५ वृजचद कवि ६ सेनापति ७ मडन ८ आलम ९ देवन कवि १० मैन कवि, ११ परवत कवि, १२ कविलाल, १३ महा कवि, १४ महाराज कवि, १५ ईश कवि १६ मधुसूदन कवि, १७ बेनी कवि, १८ छैल, १९ तुलसी २० मतिराम २१. नदलाल कवि, २२ भगवान कवि, २३ भीषम कवि, २४ बोध कवि, २५ सेनापति कवि २६ मनभव कवि, २७ मनोहर कवि, २८ चद कवि २९ दामोदर कवि, ३० अनत कवि, ३१ व्यास जी कवि, ३२ केशव पुत्र वधू, ३३ पेम कवि, ३४ कबीर, ३५ कमाल, ३६ बलिराम कवि, ३७. सिरोमनि, ३८ अहमद, ३९ नेवाज, ४० देवाल, ४१ हरिकेशव कवि, ४२ बलभद्र कवि, ४३ चितामणि, ४४ जगजीवन कवि, ४५ ससिसेखर, ४६ मकरद, ४७ पूरन कवि, ४८ दत्त कवि, ४९ आनदघन, ५० सुजान कवि, ५१ सोमनाथ ५२ सपि सुष कवि ५३ भूषन कवि, ५४ एदिल कवि, ५५ श्रीधर कवि, ५६ गग, ५७ ब्रह्म, ५८ जदुनाथ, ५९ शेख, ६० मोहनलाल, ६१ करुनानिधि, ६२ लक्षन कवि, ६३ श्रीपति, ६४ जगदीश

६५ मुकुंद कवि, ६६ हुसेन कवि, ६७ जैन दी, ६८ पुरो, ६९ गोविंद, ७० सूरदास, ७१ नदन, ७२ महीराम, ७३ दूलह, ७४ बिहारी, ७५ कल्यान, ७६ दिनेश, ७७ व्रजजीवन, ७८ नागर, ७९ सोभा कवि, ८० निधान, ८१ कविंद, ८२. प्रह्लाद कवि, ८३ जसवंत, ८४, पृथ्वीराज, ८५ वल्लभ रसिक, ८६ भोरे कवि, ८७ जगनदेव, ८८. दयादेव, ८९ अमरेश, ९० निपट कवि, ९१ ईश्वर, ९२ मनसुख, ९३ जोइसी, ९४ रामनरायन, ९५ सदानंद, ९६ मिश्र कवि, ९७ सकलकवि, ९८ नाथ, ९९ जैदेव, १०० रहीम, १०१ हरिजू, १०२ धर्म्मी कवि, १०३ वर्णधर, १०४ सेवक, १०५ केसोदास, १०६ देवीदास, १०७ गिरधर, १०८ अग्रदास, १०९ तत्ववेता, ११० सुंदर, १११ मतिराम ११२ पतीराम ११३ नेवलराम ११४ अभिराम ११५ अमृत कवि, ११६ किसोर, ११७ व्रजराज, ११८ मुरलीधर, ११९ ग्वाल, १२० दुखराम कवि, १२१ दयाराम, १२२ कुलपति, १२३ कान्ह कवि, १२४ ध्रुवदास, १२५ घनस्याम, १२६ मान कवि, १२७ हरिजन, १२८ कृष्ण कवि, १२९ धनराय, १३० शिव, १३१ वृंद, १३२ शुभ, १३३ मुरति, १३४ वीर, १३५ रसखान १३६ हरिनाथ, १३७ टोडर, १३८ सिद्ध, १३९ नंददास १४० बलि जू १४१ नरहरि, १४२ भूधर कवि, १४३ रूपराम १४४ परमेस १४५ बिसंभर १४६ ताज, १४७ देव, १४८ राम कवि १४९ उदय राय, १५० ऊधौ १५१ रस रासि ।

संख्या २१६क जानकी विजय, रचयिता—प्रसिद्ध, कागज—देशी, पत्र—१२, आकार—९$\frac{४}{८}$ × ६$\frac{४}{८}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—१८०, पूर्ण रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८९८ वि०, प्राप्तिस्थान—ठाकुर, अचल सिंह जी, ग्राम—खजुरा, डाक०—बछरावा, ब्राच खजुरो, जिला—रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नम·

॥ दोहा ॥

चरित राम सत कोटि किये विविध मुनिन विस्तार ।
अद्भुत चरित विचित्रवहु गुप्त प्रगट समार॥ १॥
भरद्वाज मुनि सन कहा बालमीक इतिहास ।
नाम विचित्र रामायन विजय जानुकी जासु॥ २॥

छंद

जै जति जै जगदंबिका जननी अखिल जग जान की ।
अति अमित जासु प्रभाव पावन गम्य नहि गति ग्यान की॥
गुन नीति पांचौ तत्व मय भव निर्गुन सगुन रूप शो ।
परशिद्धि त्रिभुवन विभव भूषित अमित सति सरूप शो॥

सोरठा

परत परम भव कूप शुरमिनि अहमित जोग जे ।
चिदानंद मय रूप ज्व लगि जानन जानुकी ।

अंत— ॥ दोहा ॥

उग्र सरूप स्व त्यागि तव सौम्य शुभग तनधारि ।
राम वाम दिसि वास लिष बहुरि विदेह कुमारि॥२०॥
शुर शव वर्षत शुमन गन वानन व्यौम निमान ।
चले अवध प्रभु जान वढि जै जै होत वषान॥२१॥

॥ दोह ॥

सियाराम राजत अवध जग अभिराम अपार ।
चरित चारु लीला ललित करत अनेक प्रकार॥२२॥

॥ छंद ॥

लीला ललित सिय राम की अति गुप्त ग्रंथन जो रही।
पावन करन हित निज गिरा परसिद्ध भाषा करि कही॥
पद कंज जानुकी प्रीति जुत जे सुनहि सादर गावही।
सौभाग्य श्री संपति सकल कल्यान कीरति पावही॥

इति श्री जानुकी विजै समाप्त शुभ भूयात ॥ १८९८ ॥ पौष मासे कृष्ण पक्षे तिथौ दसम्यां सनि वासरे ॥ देषा सो लिषा मम दोष न दीप्रते पंडित जन सो विनती मोरि। टूट अछर लेव जोरि ॥ श्री जानुकी मातृ जगत की जानै सकल जहान। जाकी कीरति निज मुष सकर कीन्ह वषान ॥ श्री रामचंद्र की जै करुना अैन

विषय—सहस्त्र वदन रावण का श्री जानकी जी द्वारा मारे जाने का वर्णन।

संख्या २१६ख जानकी विजय (अद्भुत रामायण), रचयिता—परसिद्ध, कागज—देशी, पत्र—६, आकार—१३ x ५ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—१४४ खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८९१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० चक्रपाल जी त्रिपाठी, ग्राम राजापुर, डाक०—लालगंज, जिला—प्रतापगढ़।

आदि—श्री गणेशाय नम. अथ जानकी विजय लिख्यते ॥

छंद

जय जयति जय जगदंबिका जननी अषिल जग जानकी।
अति अतुल जासु प्रभाव पावन गम्य नहि गति ज्ञान की।
गुण तीनि पानौ तत्त्व मै नव अगुण सगुण स्वरूप ज्यौ।
'परसिद्धि' त्रिभुवन विभव भूषित अषिल शक्ति स्वरूप ज्यौ॥ १

सोरठा

परत परम भव कूप सुर नर मुनि मन मोह वस।
चिदानंद मै रूप जब लग जान न जानकी। १

दोहा

जग अविनासिनि जानकी राम वाम दिसि सोह।
सुर नर मुनि सुमिरत सदा होत विगत मद मोह। २
चरित नराकृत कीन्ह वहु स्वामि सुभग तन धारि।
जनि कीजै मनु मरम कछु जानि सो राजकुमारि। ३
सप्त रिषिन भ्रम भयो जिमि सो महिमा नहि जानि।
विजय जानकी ग्रंथ कर कहु परसिद्ध वषानि। ४

चौपाई

जब रघुवीर मारिहन रावन। निज रजधानी कीन्ह प्रभु पावन।
सीय समेत सुभग यक आसन। राजत भयो राज सिंहासन।
सुर नर मुनि गन सकल अनंदे। आइ राम पद पंकज वंदे।
शिव विरंचि सनकादिक देवा। सवन सप्रेम कीन्ह प्रभु सेवा।
सम सियराम रूप जग जानी। ब्रह्म शक्ति कहि विन . .।

—खंडित

अंत—

जय जय जग पावनि सीय सती। अविचित्र अगोचर ज्ञान गती।
परमातम अनंद अनंद मई। छिति पालन लै वल मत्तगई।
मनसा इंद्री आनमत्। वहु रूप परमा परमातमत्।
तुम्हरे चलते विधि सृष्टि कृता। सम रक्षक विष्णु महेश हुता।

तुम्हरे बल शेष धरै धरनी । तुम्हरे बल तेज तपै तरनी ।
तुम्हरे बल पवनहि तेज गहा । तुम्हरे बल वारि प्रवाह बहा ।
दश हाथ शो षोडश केरि कला । तप तेज प्रकासक सो सकला ।
जड जगम थावर जीव जिते । तुम्हरे बल व्यापक है सबते ।
तुम्हरी महिमा अवगाह महा । श्रुति शारद शेष न लेष लहा ।
तुमको जग जान न कौन अहा । तुम्हही वश विष्णु महेश रहा ।
मन मगन सबै भव कूप परे । विषया मद मोह जो धाइ जरै ।
लषि आकर कोर क्रिया जिन्हही । भव सभित व्यापत ना तेन्हही ।
करुना तन कोमल कारन है । जग जाल हियो रवि वाहन है ।
जननी जन त्रातक हो तुमही । थतव आन अघोर कहो नवही ।
हन है अघ भूरि भडार भरे । शरणागत पाहि पुकार परे ।
'परसिद्धि' पदाम्बुज प्रीति चहे । तुम्हरो जन जीवन लाह लहै ।

दोहा

यहि विधि अस्तुति प्रेम जुत कीन्ही विविधि वषान ।
अभैदान दे देवतन परम विकल भय जान ।१९
उग्र रूप सो त्यागि तब स्वामिन सुभग तन धारि ।
राम वाम दिसि वाम लिए बहुरि विदेह कुमारि ।२०
सुर सब बरषत सुमन गन बाजत व्योम निसान ।
चले अवधपति अवधपुर जय जय होत वषान ।२१
सिया राम राजा अवध जग भा परम सुषार ।
चरित चार लीला ललित करत अनेक प्रकार ।२२

छद

लीला ललित सियराम यत अति गुप्त प्रघटित जो रहा ।
पावन करन निज हित गिरा परसिद्धि भाषा करि कहा ।
पद कज जानकि प्रेम जुत जे सुनहि शारद गावहा ।
सोभाग्य सो संतत सकल कल्यान कीरति पावहा । ६

दोहा

एक सहस औ आठ शत सम्बत दश अरु तीनि ।
सुकुल द्वितीया माम मधु भाषा कथा नवीन ।२३

इति श्री राम चरित्रे श्री जानकी विज अदभुद रामायणे समाप्त शुभमस्तु ११ ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दश्या .० .०.

विषय—जानकी चरित्र वर्णन ।

रचयिता ने प्रस्तुत ग्रंथ में यह बताने का प्रयास किया है कि जानकी जी ही ने राम रूप में विजय पाई थी और समस्त लीला उन्हीं की थी । उसी के साथ रामचरित्र का भी संक्षिप्त विवरण दिया गया है ।

रचनाकाल

एक सहस औ आठ शत सम्बत दश अरु तीनि ।
सुकुल द्वितीया माघ मधु भाषा कथा नवीन ।२३

संख्या २१८ग जानकी विजय (अदभुत रामायण), रचयिता—परसिद्ध, कागज—देशी, पत्र—३, आकार—११॥ × ४॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—१८२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८१३ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री ठा० कामदेव सिंह जी, ग्राम-सिटारी, डाक०—लालाबाजार, जिला प्रतापगढ़ ।

आदि—श्री गणेशाय नमः अथ जानकी विय छन्द

ॐ जयति जय जय जगदीश .न की ।
अति अतुल जासु प्रभाव पावन गम्य नहि ग्यान की ।
गुण तीनि प .... स्वरूप जो ।
प्रसिद्ध त्रिभुवन विभव भूषित अखिल शक्ति स्वरूप जो ।
शो र . जानि मन मोह वश ।
चिदानंद मग्र रूप जब लगि जानि न जानकी । २

दोहा

जा . म दिशी लोह ।
सुर मुनि शा मुनि .र मदा होत विगत मद मोह । ३
चरित नरा कृत कान्ह धारि ।
जनि कीजै मन मोह कछु जानि सुराज कुमारि । ४
शत ऋषिण भ्रम भयो जिमि सिय महिमा नहि जानि ।
'विजय जानकी ग्रथ' को कहत प्रस वखानि । ५
राम-चरित सतकोटि किय त्रिविध मुनि विस्तार ।
अद्भुत कथा विचित्र यह गुप्त प्रगट ससार । ६
भरद्वाज मुनिवर कहत वाल्मी इतिहासु ।
नाम अदभुत रामायण विजय जानकी जासु । ७

चौपाई

जब रघुवीर मारि रण रावण । निज रजधानि कीन्ह प्रभु आवन ।
सिया समेत सुभग यक आसन । राज भये राजत सिंहासन ।
सुरनर मुनिगण सकल अनदे । काम राम पद पकज वदे ।
शिव विरचि सनकादिक देवा । सबन सप्रेम कीन्ह प्रभु सेवा ।
सम सिय राम रूप युग जानी । ब्रह्म सक्ति कहि विनै वखानी ।

अन्त—

हम है अघ भूरि अडार भरे । सरणागत पाहि पुकार परे ।४०
'प्रसिद्धि' पदाबुज प्रेम चहै । तुम्हरे जन जन्म नरै निवहै ।४१

दोहा

यहि विधि स्तुति प्रम युत विबुधन जबै वखानि ।
अभै दान दिय देवि तव परम भयाकुल जानि ।४२
उग्र स्वरूप सो त्यागि तव सौम्य सुभग न धारि ।
राम वाम दिसि वाम लीय बहुरि विदेह कुमारि ।४३
सुर सव वर्षत सुभ गण बाजत व्यौम निशान ।
चले अवध प्रभु यान चढि जय जय होत धान ।४४
सियाराम राजा अवध जग अभिराम अपार ।
चरि चारु लीला ललित करत अनेक प्रकार ।४५

छन्द

लीला ललित सिय राम यह अति गुह्य ग्रंथन जो रही ।
पावन करन हित निज गिरा 'परसिद्ध' भाषा करि कही ।
:०· ०. ०.

दोहा

एक सहस अरु आठ सै सव दस अरु तीनि ।
शुक्ल द्वितीया माम मधु भाषी कथा नवीन ।४७

इति श्री जानकी विजय रामायण अद्भु चरित्रे सहस शीरा रावण निधनो कथायां समाप्तो :०:

विषय—जानकी विजय वर्णन ।

रचनाकाल

एक सहस अरु आठ सैं सत्र दस अरु तीनि ।
शुक्ल द्वितीया मास मधु भाषी कथा नवीन ।४७

संख्या २१६घ जानकी विजय (रामायण), रचयिता—परमसिद्धदास, कागज—देशी, पत्र—१२, आकार—१२ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—६, परिमाण (अनुष्टुप)—१८६, **पूर्ण, रूप**—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८१३ वि०, लिपिकाल—सं० १९१६ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री भैया हनुमन्तप्रसाद सिंह, रियासत अठदमा, जिला—बस्ती ।

आदि—श्रीमते रामानुजाय नम. अथ जानकी विजे ॥ छंद ॥

जय जय जयति जगवंदिका जग जननि अखिल जग जानकी ।
अति अतुल जासु प्रभाव पावन गम्य नहीं गति ज्ञान की ।
गुण तीन पाचो तत्व मय मम नृगुण सगुण सरूप सो ।
प्रसिद्ध तिभुवन विभा भूषित अमित सक्ति अनूप सो । १
परत पार भव कूप सुर मुनि अहंमित जोग जे ।
चिदानंद मय रूप जब लगि जानु न जानकी । २
जडप विनासिनि जानकी राम वाम दिसि सोह ।
सम मुनि सो सुमिरत सदा होत विगत मद मोह । ३
नरकृत चरित कीन्ह बहु साम्य भुवन तन धारि ।
मुनि मन मोह कीन्ह कछु जान्यो राज कुमारि । ४
सप्त रिषिन मम भ्रम भयो सिय महिमा नहि जानि ।
विजै जानकी ग्रथ करि कह्यो प्रसग वषानि । ५
जव रघुवीर जीति रन रावन । निज रजधानि कीन्ह प्रभु आवन ।
सिया समेत सुभग यक आसन । राजत भूप राज सिंहासन ।

० ० ०

वरी विदेह कुमारि को भंजि पिनाक पुरारि ।
सुर नर मुनि हित राज तजि रह्यो वर्ष दस चारि । ६

अंत—सिया राम राजत अवध जग अभिराम अपार ।
चरित चारु लीला ललित करत अनेक प्रकार ।२६

छंद

लीला ललित सिय राम की यह गुह्य ग्रथन जो रहा ।
पावन करन हित निज गिरा 'परसिध' भाषा करि कहा ।
पद कंज जानकी प्रीति जुत जे सुनहि सादर गावही ।
सौभाग्य श्री सपति सहित कल्यान कीरति पावही ।३०
येक सहस औ आठ सैं सवत एक औ तीनि ।
सुकल यकादसि मास नभ भाषा कथा प्रवीन ।३१

इति श्री परसिधदास भाषाकृत जानकीविजे संपूर्ण । संवत १९१६ अगहन ।

विषय—भक्ति विषयक काव्य ।

रचनाकाल

येक सहस औ आठ सैं सवत एक औ तीनि ।
सुकल यकादसि मास नभ भाषा कथा प्रवीन ।३१

संख्या २१६ङ जानकीविजय रामायण, रचयिता—परसिद्ध, कागज—देशी, पत्र—१०, आकार—११॥ × ४॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—१८०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८१३ वि० लिपिकाल—सं० १९३८ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० तारापसाद जी, ग्राम—हरनी, डाक०—उसवा, जिला—बस्ती।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥

अथ जानकीविजय लिष्यते ॥

दोहा

रामचरित सत कोटि किये विविध मुनिन्ह विस्तार ।
अदभुत चरित विचित्र अति गुप्त प्रगट संसार । १

हरिगीतिका छंद ॥

जयति जगदंबिका जननि अखिल जग जानकी ।
अनि अतुल जासु प्रभाव पावन गम्य नहि जात जानकी ।
गुण तीन पाचौ तत्व मय सब अगुण सगुण रूप जो ।
परसिद्ध तृभुवन विजय भूषित अमित शक्ति सरूप जो ।

सोरठा

परमाया भव कूप सुरमुनि अहमित जा गए ।
चिदानंद सदाहू जब लग जानि न जानकी ।

दोहा

जगत विलासिनि जानकी राम वाम दिशि सोह ।
सुर नर मुनि सुमिरत सदा हरत विघ्न मदमोह ।

पुन

चरित नरा किय कीन्ह बहु शोभा शुभग तन धारि ।
जानकि विजय मन माहु कछु जानि सो राजकुमारि ।

अंत— हरिगीतिका छंद

लीला ललित सिय राम की यह गुप्त ग्रन्थन जो रही ।
पावन करन हित निज गिरा परसिद्ध भाषा कर कही ।
पद कंज जानकि प्रीति जुत जे सुनहि सादर गावहीं ।
सौभाग्य श्री संपति सकल कल्याण कीरति पावहीं ।२३

दोहा

एक सहस अरु आठ सै सम्वत दश अरु तीनि ।
शुक्ल दुतीया मास भाषा कथा प्रवीन ।२४
जानकि विजय एह गुप्त है प्रगट न जाना कोइ ।
जो नर सार्धा से सुनै मुक्ति होइयै सोइ ।२५
जानकि विजै जो सुनत हैं अस्थिर करि जो ज्ञान ।
पूजत मन वाछा सदा होत कल्याण ।२६

इति श्री वलमीकि रामायणे जानकी विजै नाम शहस शीश रावणस्येत द्वीपाद्विपतीम्वध समाप्त भूयात् ॥ सम्वत १९३८ शक ॥

विषय—जानकी चरित्र तथा महिमा वर्णन ।

रचनाकाल

एक सहस अरु आठ सै सम्वत दश अरु तीनि ।
शुक्ल दुतीया मास भाषा कथा प्रवीन ।२४

संख्या २१७क भँवरगीत, रचयिता—प्रागनि, कागज—देशी, पत्र—१६, आकार—११ × ४।। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—३६१, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १९२५ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दुर्गाप्रसाद जी कुर्मी, ग्राम—मेहरी, डाक०—इटवा, जिला—बस्ती।

आदि—श्री गणेशाय नमः

अथ भँवर गीता राग विलावल ।।

आयसु दीन्हो सखा सुजानहिं ।
स्यदन चढौ सिधारौ वृज को सुद्धि रावरो आनहि ।
कैसे है जसुदा जननी जिन्ह पालि कियौ वरवीन ।
मोहि आछत अव होत होहिगी पर पूतन आधीन ।
गहियो पाय नन्द वावा के कहियो यही सनेसो ।
जो तुम्ह कियो महा कृत हम सो गनि न सकत गुन सेसो ।
समाधान कीजेहु गोपिन के दीजेहु निर्मल ज्ञान ।
कहियो जोग जुक्ति सो 'प्रागनि' सगम त्रिकुटी ध्यान । १

राग सारग

सिष निज गाढ़े कर गहियो ।
पालागी दोऊ भैया की मैया सो कहियो ।
मै हौ तिहरे पय के पोषे सुरति करत रहियो ।
जोग सनेस सुनाइ त्रियन को प्रीति रीति लहियो ।
सीतल वचन सीचियो रस ही दहिन फिरि दहियो ।
देषि दसा उन्हहू को मोहू को दोस दियो चहियो ।
'प्रागनि' वृज नामिन के हिय को प्रेम सिधु थहियो । २

अंत—

उधौ तुम सो कही निरतर निज भक्तन मै रहत हौ ।
वेद अतीत तकौ मति काई यहे हमारौ मत हौ ।
हौ निर्लेप निरजन निर्गुन कारन ते वसु धारो ।
कर्म रहित जो आपन इक्षा प्रगट तहा जुग चारो ।
देह अदेह तकौ मति कोऊ ज्ञान द्रिष्टि जेहि होऊ ।
छाडे देह वहुरि नहि पैहौ जन्म जगत मे सोऊ ।
यह मत है देवन्ह कह दुर्लभ मधुप हिये मह राष ।
प्रागनि तो सो फेरि कहौगो देइ यकादश साषि ।५३

दोहा

फिरि नरदेह विभौ सहित होनो दुसर नाहि ।
हरि भजि सजि परलोक तकि अकथ नयो वह ताहि ।
रहिवे को तन धन नही कछु नहि चलिहै साथ ।
कछू साज नहि सग चलिहि जोगवत रहत अकाथ ।।
दियवे वँवो धर्म तप अत होत हित येइ ।
इत पाही उत वास है सुष चाहै करि लेइ । ३

इति श्री प्रागनि कवि कृत भाषा भवर गीता संपूर्ण सवत १९२५

विषय—गोपी उद्धव सवाद वर्णन ।

संख्या २१७ख भवरगीता, रचयिता--प्रागनि, कागज--देशी, पत्र--२६, आकार--६॥ × ४॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--८, परिमाण (अनुष्टुप)--३४८, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, प्राप्तिस्थान--नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी (दाता--श्री पं० जमुना प्रसाद जी, ग्राम-मुबखरी, डाक--हरिहर पुर, जिला-बस्ती) ।

आदि--श्री गणेसाय नम. लि. भवरगीता पुस्तक प्रागनि कृतः

राग विलावल ॥

आयसु दीन्हो सबा सुजानहि ॥
स्यन्दन चढो सिधारो ब्रज को सिद्ध रावरी आनहि ।
कैसे है जसुदा जननी जिन्ह पालि कियो परवीन ।
मोहि आछत अब होहिगी परपूनन आधीन ।
गहियो पाय नद बवा को कहियो यहै सदेसो ।
जो तुम कियो महाकृत हमसो गनि न सकत गुन सेसो ।
समाधान कीजेहु गोपिन को दीजो निर्मल ग्यांन ।
कहियो जोग गुजुति से 'प्रागनि' त्रकुटी सजय ध्यान ।
सिष निजु गाटे के अहियो ।
पालागन होऊ भैया को मैया सो कहियो ।
हम है तिहर पै के पोखे सुरति करति रहियो ।
जोग सदेस सुनाइ तियन को प्रीति रीति लहियो ।
कहियो कछू न फेरि उनहू सो वहे सो सब सहियो ।
सीतल वचन सीचियो रस ही दहो न फेरि दहियो ।
देषि दसा उनकी मोहू को दोस दियो चहियो ।
'प्रागनि' वृजवासिन के हिय को प्रेम सेष्यु अहियो ।१२

अत--ऊधो तोसो कहो निरतर निज भगत हत हौ ।
वेद अतोतन को मत कोऊ यहै हमरो मतु है ।
हो निर्लेप निरजन निर्गुन कारन न वपु धारो ।
कर्म रहित हो आनि इछा प्रगटत हौ जग चारो ।
. दहत को मर्म ग्यान दिस्टि को कोउ ।
छाडे देह बहुरि नहि पहे जनम जगत मे सोऊ ।
यह मत न देवन को दुर्लभ ऊधो गुप्त हिये मो राषो ।
'प्रागनि' तो सो फेरि कही दय येकादस साषो ।

इति श्री भँवरगीता पुस्तक प्रागनि कृत समाप्ति सुभ मस्तु सन ११६५ साल ।

विषय--श्री कृष्ण चरित्र वर्णन ।

संख्या २१७ग भ्रमरगीत, रचयिता--प्रागनि, कागज--आधुनिक सफेद, पत्र--२, आकार--८$\frac{3}{4}$ × ६$\frac{1}{10}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--७, परिमाण (अनुष्टुप)--२६, खडित, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, प्राप्तिस्थान--नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि--

. . . .
. .तिहारी प्रीति जाय नही वरनी ।
चातिक मोर चकोर मृगिनि जन हेसियनि तिहारी धरनी ।
यक रसना हौ कौन बापुरो सकै न वेद वखानी ।
नद नदन जे कही वतकही तै उन आपनी मानी ।
जो कबहूँ हौ कोटि तमानों उधौ जीवन पाई ।
गोपिन के गुणज्ञा पलटे पलटो दिहो न जाई ।
यहे निरतर कहि के मोहन कछु करुणा सी कीन्ही ।
प्रागन प्रभु व्रज के चलिबे को मोको अज्ञा दीनी ॥६२॥

सब मिलि यहै आसिषा देहु ।
जासो मेरो नद नदन सो बाढ़ै अधिक सनेहु ॥
पावौ वास ब्रक्ष ह्वै वन मे मागो यह फल येक ।
नित प्रतीत होइ सीस पर मेरे पद रज को अभिषेक ।
मृग मयूर मर्कट जीवादिक देह धरे हित जौन ।
कालिदी ब्रदावन वासी करी तपस्या कौन ।
जलचारिन देषी जल लीला वन वासिन बन केलि ।
प्रागन देह धरै बड़ भागी मुक्ति पाइ सो ठेलि ॥६३॥

॥ राग गौरी ॥

अब मोहि देहु आयसु देवि ।
हो तिहारो दास सब दिन सर्वदा पद सेवि ॥
चित्त तेन विसारियो तुम परम दीन दयाल ।
पाइ दरसन आपके सब मिटे जग जजाल ।
जौन मै कछु कही ढीठै कृष्ण अयसु मानि ।
छमापन ते सबै कीजिय आपनो करि जानि ।
काह विनती करौ 'प्रागन' विमल बुधि न आहि ।
भयो वदी नद नदन वेद वदत जाहि ॥६४॥
ऊधो अत न होइ अहीरी ।
कहा हमारी त्रिष मी वतिया जान कह रावरी सीरी ॥
ग्रथहु मे बरने बहु अतर बासु नगर षेर को ।
कहो समान होइ धौ कैसो सीच स्वामी चेरो को ॥
छोटे बड़े भय दुनिया मे जेते बुधि विसेष ।
भ्रगु लता हरि हतो हृदय मे मन मे धरो न तेष ।
आगी जरे होत हे काही कोऊ धो उनसो जान ।
तौ तुमही सो कही जानि कै 'प्रागन' प्रभुहि समान ॥६५॥
कहौ हम कोन बडाई जोग ।
हम करी कान्ह सँग ढीठ तिन मानत सब लोग ॥
पति छाडे पितु मातु भ्रात हू सुतन बिचारे चीर ।
वेद उलघन करि हम जैसी भुगतन बीर ॥
अपनहि आनि शुनायो शिव धनु हमको तौन उपाय ।
के तौ कटुक कहौ तुमही सो जात न आपु सुभाऊ ॥
अत बड़े तुम दूहू भाति सो नवहु सो अचरज कौन ।
मुख सो कहौ कौ विधि 'पागन' तुम करण को मौन ॥६६॥
ऊधौ भागन ही ते आये ।
दीनो दरस हमै करुणाकर लोचन जरत जुडाए ॥
सुनत रहत हे सदा समीपी काहू पुन्य न पाए ।
सिव को ग्यान ध्यान सिद्धिन को श्री मुख वचन शुनायो ॥
ये कै पंगत भई मधुप जी बज की त्रिपन सतायो ।
कौवल नैन की कृपा चाहियो दूरि निकट भल पायो ॥
'प्रागन' प्रभु चिरजीव वीर दोउ रहो मधुपुरी छायो ॥

॥ राग आसावरी ॥

सोचु भयो ऊधौ के पोचु निपट कीन्हो ।
चलत बार तीनि दिन की अग्या प्रभु दीन्हो ॥

ताते खटमास भये पूछे का कहि हौ ।
क ....॥

:o: :o: :o:

—अपूर्ण

विषय—गोपी उद्धव सवाद वर्णन ।

संख्या २१७घ भ्रमरगीता, रचयिता—प्राणनि, कागज—देशी, पत्र—३०, आकार—६ १/२ × ३ ७/८ इञ्च, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—२८६, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्रीयुत भद्राम प्रसाद जी श्रीवास्तव, स्थान—किला रायबरेली, पोस्ट—रायबरेली, जिला—रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नम ॥ अथ भ्रमर गीता लिख्यते ॥
॥ श्री कृष्ण उवाच ॥

सिष निज गाढे कै गहियो ।
पालागन दोउ भया को मैया सो कहियौ ॥
हौं तौ तिहारो पै को पोषो सुरति करत रहियो ।
जोग सदेस सुनाय त्रियन को प्रेम प्रीति लहियो ॥
कहियो ना कछु उन गोपिन. . . .
:o: :o.   o:
ताछिन नद षरिकते आये ।
लोचन सजल पुलकत ऊधो कर गहि कठ लगाये ॥
ता पीछे बैठे येक आसन समाचार अनुसारे ।
नीके है वसुदेव देवकी प्रीतम परम हमारे
नैन जोति वृज जोति तियन की कुसल क्षेम वल केसौ ।
कहियो तात इहा आवन को कछु हँ कह्यो सदेसो ॥
बडे सपूत भए प्राणनि प्रभु कोविद परम कहाए ।
वचन तात अब भये मनहु हम ते ऐसे फल पाये ॥ ५ ॥
जिय के ऊधो लागि विचारी ।
करुनामय सर्वज्ञ कहावत वडे निठुर गिरधारी ।
प्रगट करी न मनहि मे राष्यो पै बहुतै दुष पायो ।
ता पीछे सदेस कृष्ण को करिकै विनय सुनायो ॥
हौ गोपाल तिहारो निस दिन बेचहु तहा विकाऊ ।
जुग जुग अचल रहैगी कीरति प्रति पाले को नाऊ ॥
बातन समाधान काहे को जाको सरवसु जात ।
प्राणनि विकल पनि के प्यासे वोसन कहा अघात ॥ ६ ॥
चरचा ही मे निसा सिरानी ।
भोर भये बोले पुर तमचुर मुषरित विपुल विहग ।
सुवल सुवाहु कान्ह को लीला करत आपने रग ॥
छुटे मधुप कज कोशनिते करत मधुर सुर गुज ।
मानहु व्रजवासिन को वदत वेष धरे मुनि पुंज ॥
गोदोहन मथान वेनु रव लाग्यो चहु दिसि होन ।
प्राणनि गोपी गुण गोपाल के करत गान प्रतिभौन ॥ ७ ॥
.o: .o.   :o:

अंत—वृजवासी मोते नहि न्यारे यह करि कै परतीति ।
हौं निसुवासर तहा वसत हौं जहा निरतर प्रीति ॥
गोपी अरत्रि अनिहौ ऊधौ कहा कहैगो वेद ।
घट घट व्यापक है पुरषोत्तम स्वास हमारे वेद ॥

ताकी रिचा सकल है गोपी जैसे वारि तरंग ।
जब पूरन अवतार धरत हौ तबहि अवतरन सग ।।
इनको सोचु कहा है करिवो उधो मोहि बताऊ ।
प्रागनि तिन गोपिन की कीरति जक्त तरेगो गाइ ।।२१।।
तुम्हते कहौ निरतर वातै भक्तन निकट रहतहौ ।
भक्त हेत निर्गुन कारन ते सगुन दे हौ धारी ।
कर्म रहित अपनी इछ्या ते प्रगट होत जुग चारी ।।
देह अदेह निकट है मेरे ज्ञान दिष्टि .

.०. :० .०

—अपूर्ण

विषय—गोपी उद्धव सवाद वर्णन ।

संख्या २१८क परिक्रमा प्रकरण, रचयिता—प्राणनाथ या महामति, कागज—देशी पत्र—१० आकार—१० × ६ इच, पक्ति (प्रतिपृष्ठ)—२१, परिमाण (अनुष्टुप)—२१०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १९५५ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री हरवश राज, ग्राम—नजराना, डाक—सिरसी जिला—बस्ती ।

आदि—श्री कीताव प्रक्रमा के प्रकरन

प्रथम भोम

वडा चोक से भाले तहे वडे दरवाजे अदर ।
वडी वैठक इत गिरोह की आगुर सोई के मदर । १
दस स्याम सेत के लगते दस मदिर सामी हार ।
इन चोक को रोसनी मावर नही अनकार । २
कैन कम के वटाव इन मोम मे देषत ।
दिन पडा षेले वन मे पड़ा आरोगे इत । ३
इन चोक म साथ जो वोहोत वे बैठत ।
आवत जात वन थे वैठत इत अल वत । ४
लाड वाई के जूथ की ई वोहोत षेल करत ।
वाहेर अदर चोक मे वन मोहो लो सुष लेवत । ५

० ०. .०:

ऐ दूजी भोम जो 'अरस' की ईत वोहोत वडी विस्तार ।
ऐ नेक नेक के हेत हो जुवा कहा कहे सिफत सुमार ।१४

भोम तीसरी

वैठे हक हादी भोम तीसरी जित आवत नूर जलाल ।
ईत दोऐ पहर की बैठक ओर सेज्या सुष हाल । १

.०' '० :०'

दूजी भूमि की चेहवचा सुनी वठत इत अन्हाऐ ।
सिनगार हमे रूहम के इत जुवा वहयो न जाये ।

अत—

दसमी भोम चादनी

दसमी भोमे चादनी ऐसी भाह अतंत ।
कै कदेले कुरसिया वोस सोभा लेत तषत । १
कै वैठक मोहल चादनी हकहारी इत आवत ।
साथ सब रूहन कों सुष मन चाहे देवत । २

क्यो कहू न सुपेनीकी उजल जोत अपार ।
दोसो हासो चादनी नाही रोसन नूर सुमार । ३
ए जो गुमटिया गृहवाऐ की नगीने एक अगले से दोऐ ।
वारे हजार गुमटिया सोभा लेत अति होए । ४
चारो तरफे चह वचे ऐ सोभा अति सुदर ।
जल गिरत फुहोर मोतिओ चारो चादनी अदर । ५
गुर वाऐ फुन चेह वचे ऐ सोभा जुदी जुगत ।
अतर आवे षाल के ए सुष देषो अनत । ६

.c

केहे केहे जुवा इत क्या कहे तेज जोत रोसन नूर ।
सोतो इन जिमी जरेभी आकास नमाऐ जहूर ।१९
ताथे महामति कहे ऐ मोमना क्या कहे जुवा इन देह ।
रूह अल्ला षोले अतर लीजो लजत सव ऐह ।२०

प्रश्न १० चौपाई १९४ दसो भोम के प्रागे पीछे के तमाम हुऐ ।

विषय—धनीजद (धनदेव जी सस्थापक प्रनामी सप्रदाय) के दसो भोम के निवास का वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—भाषा उर्दू । अरबी, फारसी के शब्द अधिक है ।

सख्या २१८ख प्रनालिका रचयिता—प्राणनाथ या महामति, कागज—देशी, पत्र—६६, आकार—१०×६ इच पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२१ परिमाण (अनुष्टुप)—१४८६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य-गद्य लिपि—नागरी लिपिकाल—स० १९५५ वि० प्राप्तिस्थान—श्री हरवश जी राय, ग्राम—रजनाली डाक०—मिर्मा, जिला—बस्ती ।

आदि—

निज नाम श्रीकृष्ण जी ।। अनाद अछरातीत ।।
सो तो अव जाहिर भऐ सव विधि वतन सहित ।।
श्रीमत तारतम की परनालिका लिषो हे सो सुरू हुआ ।।
जव पाच तत्व तीन गुन चौदा लोक ।।

सेष साई आद दे के वेकुठ लो । पिड ओर वह्माड ।। वेराट पुरुष विद रूप ।। ता परे त्रगुन अहकार । तापरे महतत्व गाइत्री वेद ए नाद रूप ता ऊपर महा विस्न आद नारायन आदि पुरुष ताके पद महा माया महा सून्य मोहतम यह विस्तार जव कछू ना हतो । तव कहा हे के एक अद्वैत अषडानद पूरन व्रह्म सदा सर्वदा हे तिनको आद अत नाही हे ।।

चौपाई

जव प्रलै प्रक्रती होई । ना रहे अद्वैत विना कोई ।।
एक अद्वैत मडल इत । धनी अगनाके अग इत । १
अव सुनियो मूल वचन प्रकार । जव नही उपजी मोह अहकार ।
नाही निराकार नाही सुन्य । ना निरगुन ना निरजन । २
ना ईस्वर ना मूल प्रक्रती । ता दिन की कहू आपा वीती ।

कुरान के पद की चोपाई

:o: .o. :o:

सव जिमी मोहोल हक के सव ठोरो दीदार ।
सब अलेषे अषड वहै 'महामत' अरस अपार । १

:o: .o. :o:

जो कछु वीच अरस के सो सव जात षुदाए ।
ओर षिलोने वगीचे सव जाते के इप्तदाऐ । ४

तो या परकार श्री राज को अग श्री ठकुरानी जी हे ।
ओर श्री ठकुरानी जी को अग बारा हजार सखी ह ॥
:०: ˙० :०.
ऐक साहवी अरस की ओर वाहिदत्त का इसक ।
ऐ दिषलावने रहन को पेहेले दिल मे लिया हक ।

रुहे वेनिआज श्री वीच वका बार हजार आमन आप अरसकी साहिवी अपार ।११
प्रसग प्रस्न पेहिलो सपुर्ण ॥

अत— चोपई

सोई महल सोई मदिर सोई अपनो रस रग ।
सोई भाग मेवा मीठाइया सोई अपने धनी सग । १
सोई विध विध के विलास सोई पुरुष राज तलाव मानिक सोई जमुना जी सातो घाट ।
सोई मष भोम सुष मंदिर सब अरसा वाग वन पाट ॥ २
.०: ,० ०˙

जब श्री जी साहेब जी चौदा वरस के भए तब सामलिया ठाकुर सो बोना चाली भई ॥ सत्ताईस बरस के भये तब भाग जी माई की माई छेनाद साष मे हतो ॥ श्री देवचद जी सो अग्यारा बरस की जुदागी भई । फेर श्री जी साहेब जी नौतन पुरी आए । सवत् १७१२ श्री देवचद जी धाम पधारे अतरधान हाऐ श्री जी साहेब के हिरद आन बसे ॥ तब श्री जी साहेब से तीस वर्स के भऐ हते । .० ० फेर जूनागढ आऐ । .०. .०. फेर नौतन पुरी आए । .०. .० धोराजी मे ब्याह कियो । दीप बदर भोज नगर आयो । ० सवत् १७३७ की साल मो विहारी जी और श्री जी को दा निरोह भयो । सुरत आनदाबाद आयो मेरता आगरा मथुरा वृदावन हाए दिल्ली आयो । ०. .० ऐक श्री प्राननाथ जी ॥ ओर नवधा की तरवार हे ॥

.० ०˙ ०
श्री जी साहेब ने बगसीस ऐक वात मे करी ।
त्रिजिया अमनदन वुध जी ब्रह्म अष्ट सिरताज ।
हुकुम हाथ छत्र साल के दियो भो अपनो राज ।
:०. ० ०

जुगल सरूप को मूल बागो अद्भुत लाठी हाथ मे लेके सब साथ को प्रनाम ॥ निज नाम श्री कृष्ण जी अनादि अछरातीत ॥ सोतो अब जाहर भयो सब विध वतन सहीत ॥ आकडी तारतम की सातो सपूरन भई । समत १६३८ सा पगटे देस मारवाड मे उमरकोट गाउ उतपन्न ॥ समत सत्र से वारोतरे हुए धनी अलष ।

रहे वरस चौहत्तर नून भए ऐक मास ।
सोय चले मेहे राज का उमत षासलषास ।
:० .० :०.
ईत ऐक दिन ता पीछे मंदिर मे पोहोचाए मोमिन ।
०. ० :०:
साथ सोपा श्री राज को जाहिर मे श्री महाराज ।
.०. :०. ०.
तव महाराज सो कहा मे देषत हो तुम ।
निस वास्ते सबा साथ की सोप कर चलत हे हम ॥१०
आवो बापा को कहे को वेठारे पास ।
जाहिर ते बातुन भए नैना भऐ निरास ।११

श्री श्री किताव प्रनालिका सपूरन समाप्त सवत् १९५५ साल ॥

विषय—धामी (प्रनामी) सम्प्रदाय की वार्ता, श्री राज तथा ठकुरानी (राधा कृष्ण) की लीला का वर्णन तथा प्रनामी सम्प्रदाय के महात्माओं की जीवनी आदि का वर्णन। द्वैत का खंडन तथा अद्वैतवाद का निरूपण आदि सत मतानुसार ज्ञान वैराग्य तथा ज्ञानोपदेश का वर्णन।

संख्या २१८ग बीतक, रचयिता—महामत (?) स्वा० प्राणनाथ, कागज—देशी, पत्र—१५८, आकार—११ × ८ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—४१२८, अपूर्ण (खंडित), प्राचीन (जीर्ण शीर्ण), पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री महंत जी रजनौली मठ (प्रनामी सम्प्रदाय) ग्राम—रजनौली डाक—सिरसी, जिला—बस्ती।

आदि—श्री जी साहिब की जे।

श्री निजनाम श्री कृष्ण जी अनाद अछरातीत।
सो तो अब जाहिर भऐ सब विधि वतन गहीत। १
अथ तीनो सरूपो की बीतक लिखते। श्री राज जू।
भविष्य पुरान पे राजा कहे जुग चार।
बचन जोहे व्यास के ताके करो विचार।

सतरह राजा सतजुग मे ० ० ०· अब कहो त्रेता के उनतीस नाम ब्रह्मा, मारीच, कश्यप . उनइस भए द्वापर मे। प्रथम इदु नाम, तापर भयो चद्रमा फेर पुरवा राजा अब कहो कलजुग के प्रथम तो जदू नाम। ता ऊपर अजेपाल फेर महीपाल। तापर गध्रप सेन। वीर विक्रमाजित। विक्रमाचन्द्र भोज तापर गोरी पातसाह सुलतान अलीउद्दीन नसीरदी महमूद तापर सुरवाहोए, तिमिरलग बाबर हमायूं अकबर सलीम साहजहा औरगजेब।

श्री महामत कहे ऐ साथ जी शास्त्र कहे यूंकर।
आगे अपनो बीतक सो लीजो चित धर।२८

चौपाइ

अब कहू फेर मूल मिलावे की बीतक।
जेसी अग्या सुनी की सो बाता बुजरक। १
पेहले मूल अद्वैत मे भोम जहा दिसक।
तहा प्रेम खद मे भया हुकुम हक। २
ऐह षेल देषा नवी इधर उपजाई दोए।
आषर और सयन को आद अनाद फल कहो सोय। ३
ताके तीन तकरार कहे सो भयो तीनो हिंड।
ताकी बीतक जुदी जुदी माया मिथा नट ब्रह्मड। ४

अंत—

एक पहर रात लो होत होए मनुहार।
कोई आवत कोई जात हे सो कहालो कहो प्रकार।७५
सिगासन से श्री बाई जी जुगल सरूप सोहाऐ।
आनद सरूप सुतेज को कहा लो कहो बनाऐ।
श्री महामतक हे ए साथ जी भया चरचा का वखत।
अब तुम सुनीयो चित्त द लाल आगे आए बेठे दिन तखत॥७७॥

विषय—सत मतानुसार ज्ञानोपदेश वर्णन।

संख्या २१८घ श्री प्रकाश किताब की प्रकरण, रचयिता—प्राणनाथ (इन्द्रावती) (धामी पथ के प्रवर्तक), कागज—देशी, पत्र—६, आकार—६ × ४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—६, परिमाण (अनुष्टुप)—१११ पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री महंत जी रजनौली मठ (प्रनामी सम्प्रदाय), ग्राम—रजनौली, डाक०—सिरसी, जिला—बस्ती।

आदि—

......हे निसले ओछो अमारी सार तो मोह जल सूं उतरूं पार ।
ऐ माया छे अति बलवती । उपनी छेम धनी थकी ।
मनि जन नेमना व्याहार । सिव ब्रह्मादेक नव लहे पार । ४
सुक सनकादिक ने नव टली । लछमी नरायन ने करी वली ।
विस्नु वैकुंठ लीधा माहे । सागर मिथर नमू क्या काहे । ५

:o: :o: :o:

साखी

कहे इन्द्रावती वल्लभा ऐ माया छे अति छल ।
हवे जु धमास्यूछे अमसूं एहनो कह्यो न जाऐ वल । ८
एहना आऊध अमृत रूप रस छल वल वल अकल ।
अगिन कोटन कोमल चंचल चतुर चपल ।

अंत—दई परदषिणा अति घणी करू डंडवत प्रणाम ।
सहू साथणा मनोरथ पूर जो मारा धरमी श्रीधाम ।८४
मन ना मनोरथ पूरेण कीधा मारा अनेक वार ।
यो वारने जाए इंद्रावती मारा आतम ना आधार ।८५

श्री प्रकास कीताव की प्रकरण

विषय—भक्ति और ज्ञानोपदेश वर्णन ।

संख्या २१९ बभ्रुवाहन की कथा (जैमनी पुराण), रचयिता—प्राननाथ, कागज देशी, पत्र—३८, आकार—१० ६/८ × ५ ४/८ इंच पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—९ परिमाण (अनुष्टुप)—७२२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८६८ वि० प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—श्री गणेशाय नम. अथ जैमुन पुरान भाषा प्राननाथ कृत वबुरवाहन ॥

॥ चौपाई ॥

जगत मातु पितु सभु भावनी । करैंहि कृपा सुत सेवक जनी ॥
जसु तनैं जग विदीत गनेसा । मोह अषिलता मम नादता दिनेसा ॥
करी बार बदन कृपा करि भुरी । वारनौ स्वाम विमल जसु रूरी ॥
जग सोपान परम अतिपावन । प्रेम समेत सुनोहु मन भवन ॥
पुनि जन्मैजय नृप प्रिवानी । पुछत जैमुनी रिषिहि वाषा षनी ॥
वाहुरि कथ मुनि अग्र चलावहु । कहि प्रभू सुजसहि कलुष नसावहु ॥
सुनि प्रभु वचि हसेउ मुनि नथा । वरानन लागी किष्ण गुन गथा ॥
भिषम भुप निसचरा भरा । सयन सहिथ पारथ जेहि मारा ॥

॥ सोरठा ॥

लिन्हो पुर सब लुटि रक नाल के थानीक भे ।
गई बिपति सब छुटि प्रमुदित निज निज उर सकल ॥

मध्य— ॥ दोहा ॥

रुधिरा लपटे सुभट भट भय रौउद्र रस भेसु ।
किधो रजो राज रितु कन्हन्ह सोरिभित टेसु ॥

॥ चौपाई ॥

मुरं नदरुन सुर वारुरा । तेज पुज समरथ परिपुरा ॥
घयलरा हौ विर व्रीकेता । परेवा अचेत समर के षेता ॥
जेहि माथे परथ मष किन्ह । ललित तुर प्रदक्षिन किन्ह ॥
सो व्रषकेत परोमहि माहो । चेत रहित पुगदल थीर नाही ॥

अंत— ॥ छद ॥

कलिकाल सित कराल पन्नग कल कुट महामही ।
भारनि कथा भगवन कि करनि हलहल कितही ।
गोपाल लाल चरित्र पावन कहहि सुनहि जे गवही ।
जन प्रान नाथ मनाथ तेत्र चारि मजुल पावही ॥

॥ दोहा ॥

धर्म पाप परितापघन वादाव घटनि घटान ।
मनभवन पावन कथा पावन प्रचड प्रमन ॥

इति श्री वरुर वाहन कथा सपुरन सुभा समस्तु जैसि प्रति देषी तैसि लिषि मम दोस न दिजिग्रता वाकता स्रोतक विनती मोरि टट ग्रछर वाचत जोरी समता १८६८ मिति सवन वादि १३ दिन त्रेमपति लिषते सीववाकस सीघ चौहान ॥ श्री ता राम . . . .

विषय—वभ्रुवाहन की कथा का वरणन ।

सख्या २२० ना मेष मालिन या चौवेला रचयिता—प्रानसुख, स्थान—कठैरा नगर (ओडछा), कागज—दशी, पत्र—१०, आकार—९$\frac{7}{10}$ × ६$\frac{7}{10}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—२२५ पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८५७ वि०, प्राप्तिस्थान—प० द्वारिका प्रसाद जी शुक्ल "शकर" (रिटा० जज), कार्यवाहक सभापति—द्विवेदी साहित्य सघ, रायबरेली, पसु टाऊन—रायबरेली ।

आदि—॥ चौवेला ॥

श्री गनपति सरसुति गुर ध्याऊ विमल बुधि कर मोरि ।
रचौ तरगभेष मालि, कौ देऊ सो अछिछर जोरी ॥
लाला लालित लाडिली लालन ललिना प्रेम समारा ।
सललि सनेह भरौ हे सागर पैरत पावै पारा ॥ १ ॥
०: ०. ०.

मध्य—लई चीकन की पहिर कचको छनिया सुजन सम्हारी ।
चारी वद लगाइ षंचक फिरकै ताहि निहारी ।
षोलौ सिदु किया को तारौ जाते गहन काडे ।
हात पाउ अरु गर सीस कौ षडो घन मुषगाडे ॥१६॥

अत—श्री वत्स कुल कहत कटेरा नग्र ओडछ वासू ।
सगुन उपासक नाम "प्रान सुष" राधा वल्लभ दासू ।
अठारा सै सताउन सवतु भादौ सुद परवाना ।
राज विरमाजीत न्रपत के रचत रग सुषदाना ॥७७॥

इते श्री सनेह सागर लीलाया श्री प्रधान कठेरा वारे प्रान सुकवि रचिताया मालिन तरग सपूर्नः समासमापता ॥ जेठ सुद १० ॥

विषय—श्रीकृष्ण और गोपियो की लीला विहार ।

रचनाकाल

अठार सै सताउन सवतु भादौ सुत परवाना ।
राज विकरमाजीत न्रपत के रचत रग गुषदाना ॥७७॥

विशेष ज्ञातव्य—प्रस्तुत ग्रथ निम्नलिखित ग्रथो के साथ एक हस्तलेख मे है—

१ सनेहसागर—हसराज वख्शीकृत ।
२. कातिक तरग—रामदास कृत ।

संख्या २२१ व्यवहारवाद, रचयिता—प्रियादास (?), कागज—देशी, पत्र—११०, आकार—९६/१० × ६८/१० इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—२४७५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १९०४ वि०, प्राप्तिस्थान—टैगोर पुस्तकालय, विश्वविद्यालय, लखनऊ।

आदि—श्रीमते रामानुजाय नमः ॥

जयतः श्रीरामचन्द्रो जयति कमलम् स्तस्य पत्नी च शंभुः ॥
जयति श्री भक्तराजी विमल मतिकरः श्री प्रियादास ईशः ॥
जयति श्री धूम्रकेतुः प्रसुर नख रुचाऽज्ञानतामिस्त्रहारी ॥
जयति श्रीयाज्ञवल्क्यो मनु नृपः शुद्ध धर्मः पुचारी ॥ २ ॥

॥ अथ मनु याज्ञवल्क्यानुसारेण व्यवहारपादो निरूप्यते ॥

व्यवहार नृपः पश्योद्विद्वद्भि ब्राह्मणै सह ॥ धर्म शास्त्रानुसारेण क्रोध लोभ विवर्जितः ॥ १ ॥ राज्याभिषेक जुक्त जो है राजा ताको प्रजा पालन परमधर्म है सो प्रजापालक धर्म विना दुष्ट को दंड दीन्हे नही ह्वै सकै औ दुष्ट सुष्ट विना व्यवहार देषे नही जानि परै तेहिते पंडितन को लैकै राजा रोज रोज व्यवहार देषै व्यवहार कौन कहावै की दुइ वादी वाद करत है तौने मा जो झूठ कहत है तौने को निरनै करिकै जौन साच कहत है तौने को स्थापन करब सो व्यवहार धर्मसास्त्र के अनुसार न क्रोधलोभते विवर्जित ह्वै कै राजा देषै इहाँ क्रोध न विवर्जित कहिनि तेहिते मत्सर मदई इ आइगे औ लोभते विवर्जित कहिनि तेहिते काम मोह यही आइगे ॥ १ ॥

अंत—औ जो राजा के मरजी के अनुसार ते पंडित लोग अन्यथा निआउ करै तौ पंडित राजा दोहुन का दंड चाही औ राजा आपन दंड वरुनाय देइ दे या सकल्प कै कै ब्राह्मन का दै रापै औ जौने वादी का न्याय छान कै कै सुद्ध ह्वैगा है औरि वा फेरि न्याय कै उजुर करै है तौ फिरि न्याय कै कै हराय कै दून दंड लेई जो असुद्ध देषि परै तौ फेरि शुद्ध कै देई जो कौनो राजा का नि. . .ष होय औ दुसरे राजा के इहाँ जाय तौ वही राजा . आ उ देषै औ जो राजा अन्याय कै जी का दंड लेइ तौ जेती द्रव्य होय तेकर त्रीसगुन द्रव्या वरुन का सकल्प कै ब्राह्मन का देइ औ जैसो दंड लीन्हिसि होय तेकर बहोरि देइ ॥ इति मिति पुम वदि १३ भोमे कास· १९०४ के साल ॥

विषय—मनुस्मृति और याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार व्यवहारधर्म का प्रतिपादन।

संख्या २२२ हित चौरासी की टीका रचयिता—प्रेमदासि या प्रेमदास, कागज—देशी, पत्र—२४२, आकार—९६/१० × ७१/४ पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१७ परिमाण (अनुष्टुप)—४११४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य गद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १७९१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री चंद्रभान जी विद्यार्थी एम० ए० लखनऊ, विश्वविद्यालय, लखनऊ।

आदि—श्री राधावल्लभोजयति ॥ श्री मद्धरिवंश चंद्रो विराजते मनमनसि ॥ श्री हिते जू कृत चतुराशीति पदस्य अक्षरार्थ मन सवोदनार्थाय लिख्यते ॥

॥ दोहा ॥ श्री

वंयासकि रूप हित रसिकनि के आधार ।
तिनिको करो प्रणाम नित देहु विमल मति चारु ॥ १ ॥
उग्यौ श्री हरिवंश शशि खिली चादनी भक्ति ।
रसिक कुमुद फूले अमी श्रवत प्रेम आशक्ति ॥ २ ॥
प्रेम सरोवर विवि मिलनि फूल्यौ कमल विहार ।
पीवत रस कलहंस नित श्री हरिवंश उदार ॥ ३ ॥
श्री हित जू के पद कमल फूलौ चित ह्रद चारु ।
प्रेम दासि मन अलि तहा करहु नाम गुजार ॥ ४ ॥
:o: :o: :o:
वाणी श्री हरिवंश की प्रेम रूप निर्धार ।
तिहि वरणत भूलो न उर जानत रसिक विचार ॥ २४ ॥

कीजे तिलक कवित्त वेंध ममुझत होय अवार ।
तातें वचननि मे कहो लीजो सदा विचार ॥२५॥

अर्थ ॥ कोई जोई प्यारो करें सोई मोहि भावें इति ॥ प्यारो उचित अनुचित करें जो सो सब भाव ॥ उचित अनुचित यह क्यों लख्यो कोई सदेह करे ताको उत्तर ॥ करिबे मे दोइं ही है उचित कै अनुचित ॥ उचित तो प्यारे विनहू करे सोऊ भलो लगे ॥ अनुचित तौ प्यारे ही की भली लगे ॥ अनुचित इहा कहा अरु उचित कहा उचित कहा सो सब कहत है ॥ नाइक नाइक की क्रिपा करे सो उचित और अनुचित यह जो दास्य भाव की क्रिया करे सोऊ मोहि भावे प्रेमाधिक्य ते इति ॥

अत--

कवित्त

रस सिंहवागी तामें अक्षर अभूत तरु गोदे सरस मालारु शाखा अनुप्रास है ।
उक्ति जुक्ति पत्र चारु उपमा अपार फूल अर्थ फल प्रियालाल रस सुविलास है ।
रसिकनि हियो भूमि तामे राजे कल्पवृक्ष रूप नीर सीच्यौ गिरा हित हित शाशि है ।
उत्तमहि फलदेत रुचि रुचि अनुसार 'प्रेम दामिनी' के सुख छाया मे निवास है ॥ २ ॥

०. ० ०.

रसिकनि सो विनती करो जो नित रस मे लीन ।
जो मे कीनी धृष्टता सो क्षमियौ परवीन ॥ ६ ॥
सवह सै इक्यानवे सवत माधो मास ।
यह प्रबध पूरण भयो शुक्ल द्वैज वुधवार ॥ ७ ॥

इति श्री सपूर्ण ॥ शुभमस्तु ॥ श्री ॥ श्री ॥

विषय--हित हरिवश कृत चौरासी पदा की टीका की गई है ।

रचनाकाल

सत्रह सै इक्यानवे सवत माधो मास ।
यह प्रबध पूरण भयो शुक्ल द्वैज वुधवार ॥

विशेष ज्ञातव्य--टीका के अत में श्री हित वनचद जी श्री हित रूप लाल जी और श्री हित हरि जी सत्य कृत चौरासी पदा की फलस्तुति भी दी है । फलस्तुति मे प्रथम दो व्यक्तियो के दो छप्पय और अत के व्यक्ति का एक कवित्त है ।

प्रस्तुत हस्तलेख के अत मे हित हरिवश जी के फुटकर पद, कवित्त, छप्पय, कुडलिया और अरिल्ल भी दिए है ।

सख्या २२३ लीलावती (दस्तूर मालिका), रचयिता--फतेहसिह निवासभूमि--जालौन (काल्पी), कागज--देशी, पत्र--४८ आकार--८ X ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)--१५, मतर्वे चम्पाय प्रेस (मेरठ) मे प्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)--६५०, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य लिपि--नागरी प्राप्तिस्थान--श्री प० चद्रिकाप्रसाद जी उपाध्याय, ग्राम--पच पट्टी, पो०--जगमरगज जिला--प्रतापगढ़ ।

आदि--श्री गणेशाय नम ॥ अथ लीलावती भाषा लिष्यते ।

दोहा

गुरु प्रसाद कहि पुस्तक है नाम धरी गुन देषी ।
सव लेषन को गुरु कहे कवीधन को उपदेस । १
श्री गनेस जी करी क्रीपा कीन्हा उक्त प्रवेश ।
जीस कारन दस्तूर सव भाषा करें सुदेश । २
विद्या की इच्छा करो सुमिरो श्री गनेस ।
वसै सरस्वती कठ मै आवें उक्त प्रवेश । ३
बुधि प्रवेशन अरि दलन सकट हरन निदान ।
गौरीजा सुत नीहव सदा सुमीरत मन महं आन । ४

श्री जु साहिब के सरन परनासं सव दुख ।
महाराज जु चक्कवं जो को जो असथा . । ५
हिरदं स सुत सभा सिघ गुनधाम ।
अव......यकं कपत सकल जहान । ६
वुध प्रकाश........वते जीते सब अस्थान ।
दुरजन वचं न भुवन.....षक भूप समान । ७
सबं प्रजा अनंद सो करं स भ काज ।
देत असीस सो नीत नीत सदा अटल राज । ८
'फतेसिघ' कौ करी कीया दीयो सरस्वती ग्यान ।
लेषन को दस्तूर सव भाषा करो प्रमान । ९
:o: ·o· o
लाइ अक ते भागु हरि अत अक गुन लेइ ।
एक अक तर सुन्य सव सुन्य सुन्य सब होइ ।२५
एक अक तर सुन्य सव सुन्य सुन्य सब होइ ।
आदि अत दोउ गुनें सुन्य सव धर नोइ ।२६
'फते सिघ' सछेप गुर कहत यथा अनुमान ।
जाही सरस्वती दाहिनी ताको आवं ज्ञान ।२७

अत—प्रथमहि वेद विधि भनं रसतीआ वद वषान ।
भैभम चेट नाव तं जदी गुनो नोज जान ।
सालो वजद ५छ के राहकीम निरधार ।
कलपदान धोई तज हा जो कोई मद वीस्तार ।
गनकर सहीत ली वाज मे लीख खान दफतार ।

जोत रूप भगवान विधाता । पुरान पुरुष प्रानन के दाता ।। १ ।।
अलष इस जगदीस गोसाइ । जल थल मु व्यापक सब ठाइ ।
सनकादिक सुख नारद गाता । जाको ध्यान धरही मन राता ।। २ ।।
जाको सीव विरची नित ध्यावे । ध्याननहु ते दरसही पावे ।।
भेष अनेक धरत जगमाही । जुगजुग म दीनकर की छाइ ।। ३ ।।
हहै सब मु और वर सवते न्यारा । सकल जग का सीरजन हारा ।। ४ ।।

दोहा

नीरगुन रूप अविनाम हय धरत सगुन ही रूप ।
जलचर वनचर मनुष सरीर लेत सत के हेत ।। १ ।।
:o: o .o:
..रूप अवी नाम हये 'भोपत' प्रभु करार ।
होइ कलजुग अत म सो नीस्कलक अवतार ।। २ ।।

।। चवपा ।।

बहुरी गुरू गनेस को ध्याऊ । जीन प्रसाद से हरिगुन गाउ ।
श्री भागवत कथा मन भाइ । वेदव्यास नारद मुनि गाइ ।। ६ ।।
जीनसु सुनी हत वसुदेवा । जीन चीत लायो हारी सुषसेवा ।।
जब परीछत कीनी सेवा । तब प्रसन्न भये वसुदेवा ।।१०।।
कथा पवित्र पुनीत मुहाइ । पदवी वडी परीछत पाई ।
दसम स्कद की कथा मनभाई । जामु हारि चरित्र सुषदाइ ।।११।।
सो सब वृज भाका मु कही । जो नर नारी सुने चीत दई ।।
जो चीत दये सुने सुनावे । पुरन परमभक्त पद पावे ।।१२।।

अत—

दुरन पुत्र जद काल रीमान्यो । पाडव हातन जनडरु आन्यो ।।
मोह ग्यान मो सस्त्र चलायो । रोषी जनहार आन बचायो ।।२०।।

।। दोहा ।।

सुन के सुष बोले तब राजा तु बडे भाग ।
भोपत प्रभु वा समे बोधे अती अनुराग ।। ५ ।।

अध्या ।। २१ ।।

सुनो कथा अब तुमे सुनाऊ । नीरमल गुन गोवीद को गाऊ ।।
द्वापर सकल परवेसा । उग्रसेन ये कहतो नरेसा ।।
श्री मथुरा राज के धनी । सत्य .. .. ।।

—अपूर्ण

विषय—श्री कृष्ण जन्म वर्णन ।

सख्या २७१. बारहमासी, रचयिता—भोला, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—६।। × ६।। इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—७०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६३६, प्राप्तिस्थान—श्री प० उमाशकर जी शुक्ल, ग्राम—मुडेरा शुक्ल, डाक०—सिरसी, जिला—बस्ती ।

आदि—श्री गणेशाय नम ।। बारहमासी लिष्यते ।।

।। दोहो ।।

सुमिरि सारदा सरस्वती गनपति को शिरुनाइ ।
साध सत गुरु चरन गहि 'भोला' हरिगुन गाइ ।। १

चौपई

मास अषाढ पथिक घर आये । मन अनद सब करहि बधाये ।
धवल धाम रचि सुदर छावहि । हर नागर हित सहित चलावही ।

छद

चलहि नागर भवन सबके नारि मंगल गावहीं ।
हम स्याम के बिन दरस आली कैसे मन समुझावही ।
तन रोग जोग न होत अपने तासु मत कहि कीजिये ।
कहु कौन औसर जाहु आली मोहि सो सिष दीजिये । २।

दोहा

कह्यौ सदेसो सकल विधि जथा जोग अनुहारि ।
ऊधो सुष यहि जन्म को लैगे कृष्ण मुरारि । ३
सावन स्याम न मोरि सुधि लीन्ही । रहि परदेश विपति मोहि दीन्ही ।
पछी वचन कहै करि कट कोरी । हमहि सुनाइ निसाभरि टेरी ।

अंत— दोहा

मधुवन आई घूमि मैं ह्वीदौ श्री घनश्याम ।
ऊधौ भोला श्याम बिन रटै निरंतर नाम । २४
वेद भेद की उक्ति ते बुद्धि समान करि गाइ ।
बिगरी करी बनावही चतुर सुनै चितु लाइ ।२५

इती श्री बारहमासी भोला कृत समाप्त ॥ सवत् १९३६ ॥

विषय—भक्ति विषयक बारहमासी का वर्णन ।

संख्या २७२. रस रत्नाकर, रचयिता—भौन कवि, कागज—देशी, पत्र—२२, आकार—११ ७/१० × ७ ६/१० इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—३३, परिमाण (अनुष्टुप)—९९८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—संवत् १९४१ वि०, प्राप्तिस्थान—पं० कृष्णविहारी जी मिश्र, ब्रजराज पुस्तकालय, गंधौली, जिला—सीतापुर ।

आदि—श्री गणेशाय नम: (लिखा नही छूटा हुआ है) सामान्य नायका को उदाहरण
लाज भरी भाग भरी सुदर सोहाग भरी राग भरी रति मै पिया की सुषदाइका ।
राजै रति रूप षरी सील भरी सौगुने है गुनगन आगरी करत हाय भायका ।
भौन कवि कहत विलोकति ही जासु अग प्रगटै अनग रस रासि उपजायका ।
बैन मन भायका मनोरथ सहायका सुचित चोप चायका वषानै ताहि नायका ॥ ४ ॥

दोहा

सोई नायिका त्रिविध है कवि पडित अनुमीय ।
स्वीया परकीया बहुरि गनिका कही त्रितीय ॥ ५ ॥

अंत— सांत रस को उदाहरण

सिसुता विनीत भई नाहक सिसुन साथ माया के प्रपच मै वृथा ही दिन ध्वै गए ।
युवा पाइ योग के जतन की जिकिरि तजि भोग के बिलास मे बिलाइ पन ह्वै गए ।
भौन कवि कहै वत (तत?) काल आयो तीजो पन तऊ न विचार्यौ मूढ दत सब च्वै गए ।
कीन्ह्यौ ना भजन हरि उजरो भयो न मन ऊजरो चहत तन सेत केस ह्वै गए ॥४३०॥

इति श्री महापात्र षुसाल चद तदात्मज श्री भौन कविकृत श्री महाराज कुमार श्री ठाकुर रामबक्स हेत कृते रस रत्नाकरोयं ग्रंथ समाप्ति मगमत सुभमस्तु श्री सम्वत् १९४१ भाद्रमासे सुक्ल पक्षे तिथौ प्रतिपदायां गुरौ लिखित मिद पुस्तक बलदेव मिश्रेण सच सुभ श्री कृष्णाय नम:

विषय—नायिका भेद और नवरस वर्णन।

विशेष ज्ञातव्य—रचना सरस और सुदर है, इसमे सदेह नही। इसके साथ निम्नलिखित रचनाएँ और है—

१ शृगार सौरभ—रामजी भट्ट।

२ रसवल्ली—गनेश कवि।

संख्या २७३क. दोहावली या अलख प्रकास, रचयिता—बाबा मगलदास, निवासस्थान—हरिदासपुर (रायबरेली), कागज—आधुनिक पीला, पत्र—३१, आकार—१०$\frac{1}{8}$ × ८$\frac{4}{10}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—६८२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री ननकू मुराई, ग्राम व डाक०—हरिदासपुर, जिला—रायबरेली।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ दूहावली अलख प्रकास लिख्यते ॥

प्रथम सुमिरि ओकार को सोह सब्द मनाइ।
मगल तासो लखि परे जो घट रह्यो समाई ॥ १ ॥
नहद नाद निहोरि कै जो निसुदिन घहराइ।
मगल राराकार सुनु रही गगन धुनि छाइ ॥ २ ॥
सब्द सुनै अलखहि लखै सुरति चढाइ अकास।
ताको मगल विप्र यह बरनत अलख प्रकास ॥ ३ ॥
उमा पुत्र को सुमिरिये जेहि पूजत सब देव।
मगल याते सिद्धि सब करु गनपति की सेव ॥ ४ ॥
गुरू चरनन की धूरि को अजन नयन लगाइ।
मगल तासु प्रताप ते हरि मूरति दरसाइ ॥ ५ ॥
सारद मात को सुमिरि कै जन मगल वर मागु।
बुद्धि बढै बानी खुलै हरि चरचा मे लागु ॥ ६ ॥
जक्त जननि अघ दलनि तुम करनि सुबुद्धि प्रकाम।
जन मगल की जीभि पर करहु सरस्वती वास ॥ ७ ॥

अत—सब मे व्यापक राम है जल थल घट घर माहि।
ज्यो पथरी मे आगि है कोइ नहि देषत ताहि।
कोइ नहि देषत ताहि जबै सज्जन ढिग आवै।
चकमक देइ लगाइ ताहि मे अग्नि देषावै ॥
कहि 'मगल' मन मूढ भजन काहे नहि ताको।
भक्तन के रछपाल वेद गुन गावहि जाको ॥ ३ ॥
राम राम राम श्रीराम दरी के चाहत भोग बिलास।
सगुन भजौ मन श्री रघुवस कुमार।
बिसरि गइ वा दिन की बताया जा दीन कयो है कारर ॥

विषय—भक्ति विषयक दोहो का सग्रह।

संख्या २७३ख कवित्त रामायण, रचयिता—मगलदास, निवासस्थान—हरिदासपुर (रायबरेली), कागज—आधुनिक पीला, पत्र—१८०, आकार—८$\frac{6}{10}$ × ५$\frac{3}{10}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१५, परिमाण (अनुष्टुप)—२०८३, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १९६३ वि०, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी (दाता—श्री गोपाल चद्र सिंह जी, सिविल जज, रायबरेली)।

आदि—

•o :o .o:

भूति मृगराज छाल लपटे भुजङ्ग गले मुन्डन को माल है।
जोगी कर भेष कीन्हे डमरू त्रिशूल लीन्हे नन्दी जाके वाहन सोहत चद्र भाल है।
कहै जन मङ्गल अर्द्धंग सग पारबती आदि सक्ति जगमग जोति जाकी ज्वाल है ॥ २ ॥

राम के भजन बिन कैसे सुष पैहो नर राम के भजन बिन यह तन पशु की समान है ।
लागी है जजाल फाँस चहु वोर राह नही भ्रमत फिरत मृग ब्रह्मा भुलान है ।
अंतकाल जमदूत भारी दुख देत काल कठिन कराल लीन्हे हाथ मे कमान है ।
कहै जन मङ्गल अजहू चेत बावरे तु गुरु सरणबिन कहु न ठेकान है ॥ ३ ॥
राम नाम प्रहलाद लिषत पढत नित हिरण्यकशिप सुनि बहुत रिसान है ।
षम्भ बाँधे प्रहलाद चहूँ वोर षल दल कठिन कृपान काढे ठाढ बलवान है ।
जन के कारण प्रभु नरसिंह रूप धारे षम्भ फारे चटपट प्रलै की समान है ।
कहै जन मङ्गल उबारे प्रहलाद प्रभु असुर सघारे तारे जानत जहान है ॥ ४ ॥

अंत—

रायपुर बरेली के निकट हरदास पुर उत्तर तरफ डेढ कोस को प्रमान है ।
तेहि पुर पछ पास सुभग तड़ाग यक तेहि तट सुभ महाबीर को अस्थान है ।
तहाँ 'द्विज मगल' सुमिर महाबीर जी को सियाराम जी को गुण करत बखान है ।
जो कोइ पढैगे सुनैगे मन चित्त धरि तेहि पर कृपा नित करिहै हनुमान है ॥४१॥

इति श्री स्वामी पूर्णानन्द सिष्य मङ्गल बिप्र ...क्य श्री कवितावली रामायण घनक्षरी उत्तर काण्ड समाप्तम् सम्पूर्णम् सुभमस्तु श्री सम्बत् ॥१९६३ शाके॥ १८२८॥ चैत्र मासे कृष्ण पक्षे तिथौ सप्तम्या ॥ ७ ॥ वृद्ध बासरे लिखनार्थ पन्डित वोङ्कार दत्त त्रिपाठी हरिदासपुर निवासी ॥

विषय—कवित्त छदो मे श्री रामचरित्र वर्णन ।

संख्या २७४. भारतवर्षीय वृत्तान्त प्रकाश, रचयिता—प० मगन लाल, संशोधक—प० कालीचरण, कागज—प्राचीन, पत्र—१२९, आकार—८ × ५ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२३, प्रकाशित (लखनऊ नवलकिशोर छापाखाना मे), पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सन् १ ... , मुद्रणकाल—सन् १८८९ ई०, प्राप्तिस्थान—ठा० विक्रमाजीत सिंह, ग्राम—भादर डाक—भादर, जिला—सुलतानपुर ।

आदि— भारतवर्षीय वृत्तान्त प्रकाश

एशिया खड मे दक्षिण की ओर हिदुस्तान देश एक बहुत चौडा प्रायद्वीप है वह इस प्रकार से स्थित है कि उत्तर मे हिमालय पर्वत और दक्षिण मे हिदुस्तान का महासागर और पूर्व मे ब्रह्मपुत्र नद बह्मा का देश और बगाले की खाडी है पश्चिम सिन्ध नदी जिसे अटक कहते है वह बडे प्रवाह मे बहती है ।

० ० ०

प्राचीन इतिहास वेत्ताओ का इस विषय मे कि हिदुस्तान के सबसे पहले निवासी कौन है मतान्तर है पर यह जान पडता है कि इस देश के प्राचीन निवासी हिदु लोग है क्योकि इसी कारण से इस देश का नाम हिद वा हिदुस्तान रक्खा गया और आगे समय मे इस देश के राजा भी हिदू लोग ही थे जिनके ठीक ठीक वृत्तान्त किसी के पास नही मिलते है, इसका कारण यह है कि नूह के समय मे जो प्रलय हुआ था उसके पीछे माजरन्नहर के निवासी लोग पजाब के मार्ग होकर हिदुस्तान मे आए थे और गगा के समीपवर्ती देशो मे बसे थे ।

० ० ०

जब बारह वर्ष व्यतीत हो गये तब युधिष्ठिर अपने भाई श्रीकृष्ण बलराम समेत अपना राज्य लेने की इच्छा करके दुर्योधन के पास आये परतु दुर्योधन ने उसे राज्य न दिया तब युधिष्ठिर ने युद्ध का सामान किया दोनो ओर के दल इकट्ठे हुए और यह ठहरा कि जो जीते सो गद्दी पर बैठे,

अंत—

२ अगस्त सन १८५८ ई० को एक आज्ञा पत्र के जारी होते ही हिदुस्तान का राज्य कम्पनी बहादुर के हाथ से जाता रहा और लदन देश की महारानी जो वास्तव मे हिदुस्तान देश पर आज्ञा का बल रखती है आपही हिदुस्तान का हाकिम और आज्ञा दायक हो गई और

उन्होंने एक आज्ञा इस प्रकार की प्रचलित की कि सब विरोधी चाहे सिपाही हो चाहे प्रजा हों अमुक अवधि तक अपने अपने घरो मे आ जावे उनका अपराध क्षमा किया जावेगा। इस प्रकार से वे लोग जंगलो पहाडो और वनो मे प्राण बचाते फिरते थे अपने २ घरो मे चले आये और खेती और जमीदारी के काम मे लगा गए अब इस देश की प्रजा अत्यत वृद्धि और बहुत प्रसन्न और सुख से रहती है प्रति दिन बस्ती बढती जाती है प्रत्येक पेशेवाले अपने अपने पेशे मे वृद्धि करने लगे उपद्रव सब प्रकार से शान्त हो गया और सब मनुष्य श्रीमती महारानी के विषय मे कि जिस का तेज सर्वदा वर्द्धमान रहै असीम देने और चैन से रहते हे ॥

भारतवर्षीय वृत्तान्त प्रकाश नाम ग्रन्थ समाप्त ॥

विषय—भारतवर्ष का इतिहास प्राचीनकाल से लेकर विक्टोरिया तक का वर्णन किया है।

सख्या २७५ पद, रचयिता—मगनानद, कागज—आधुनिक पीला, पत्र—४, आकार—६ × ५३ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—८०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि—   राम

अपार ध्वनि ओकार सुन। नहि सभै ऐसा वनि।
सरस श्रवण अपार दरशै। मिलै अमृत ध्वनि॥ २॥
ध्वनि सुनि पिय खबर की। तब सुरति चेतन बनी॥ ३॥
भई विरहिनि सुरति निसि दिन। रटै स सत गुरू मनी॥ ४॥
सत्य पर से मद भई सत् सत्य सतहि सनी॥ ५॥
सत्य मे दमकी प्रभा आनद अम्बुधि जनि॥ ६॥
होइ मगन आनन्द मे यह कह्यौ सतगुरू धनी॥ ७॥
जबल राम चरण चित दीन्हा।
छूट यो आति जनित ससृति सब बन प्रमोद घर कीना॥
नित्यानद विहार एक रस वृद्धि होइ नहि छीन्हा॥ ३॥
सपत शिव सनकादिक नारद ब्रह्मादिक परबीना॥ ४॥
प्रगट एक रघुवीर राम मोइ ज्यो पट सूत्र नवीना॥ ५॥
स्व सवेद्य गुरुकृत नैन मेरे ऐसा देस हमारा है॥ १॥
बिना मत्र है यत्री बाजे बिना भान उजियारा है॥ २॥
बिन रसना यह शब्द उचारै गुरभी बीन सितारा है॥ ३॥
वहा जाय मन मगन भयो है नाम रूप की पटारा है॥ ४॥
सोइ तहा एक छितिया बिनु रकार विसतारा है॥ ५॥
काल कर्म गुण सर्स नहो मृत्यू यम ते न्यारा है॥ ६॥
'मगनानद' भेद सो पावै जो गुरु मग पग धारा है॥ ७॥

अत—भेद विन आदर नहि कोई॥ १॥
जो जानै पद सत् चिद आनद दूम हुआ न होई॥ २॥
आपहि आपु मे सब भास चिद विलास है सोई॥ ३॥
सर्व यह चेतन जोई आपुहि अन्य ब्रह्म नहि जानै आपुहि जानै सोई॥ ४॥
'मगनानद' कछु यतन नही है आप मिटै सुख होई॥ ५॥
द्वैत नही भासै कोई॥ ५॥

अस्ति भाति पिय पूरन सोई॥ १॥
अस्ति भाति पिय नाम रूप ये पच अस श्रुति गुरून ही गोई॥ २॥
तीन अश सत चिद आनद पल युगल अश भ्रम कल्पित होई॥ ३॥
ज्यो मारु थल भ्रम जल भासै ताते भूमि न गीली जोई॥ ४॥
नाम रूप किय त्यो व्यभिचारी ताते चेतन हानि न कोई॥ ५॥
मगनानद अलख अविनाशी आपै आप द्वितीय सब खोई॥ ६॥

विषय—ब्रह्म ज्ञानोपदेश वर्णन ।

संख्या २७६क रस राज, रचयिता—मतिराम, कागज—देशी, पत्र—३२, आकार—९ X ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१७, परिमाण (अनुष्टुप)—६५२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १७६० वि०, प्राप्तिस्थान—हिंदी साहित्य पुस्तकालय, मौरावाँ, जिला—उन्नाव ।

आदि—श्री गणेशाये नम लिष्यते रसराज ॥

॥ दोहा ॥

होत नायका नायकहि अलंबित सिंगार ।
ताते बरनो निज मति के अनुसार ॥ १ ॥
उपजतु जाहि विलोकि के चित्त बीच रति भाव ।
ताहि बषानत नायका जे प्रवीन कविराव ॥

॥ उदाहरन ॥

कुंदन को रंग फीको लगै झलक ऐसी अंगनि चारु गाराई ।
आषिनि मैं अलसानि चितौनि मैं मंजु विलासन की सरसाई ।
को विन मोल विकात नही मतिराम लहे मुसुकानि मिठाई ।
ज्यौं ज्यौं निहारिए नेरे ह्वै नैननि त्यों त्यों खरी निकर सी निकाई ॥ २ ॥

अंत— व्याधि उदाहरन

बरषा सो जगो निसि वासर विजोवनीन वाढे प्रवाह नदी नाव न उतारिवो ।
सह्यौ जातु कौन पै सुकवि मतिराम अति विरह अनल जालनि सो जारिवो ।
जैयन समीप को उदैयतु समानि को हमको तो ही ता उ ता हेरत हरि हारिवो ।
कियौ कहा चाहतु है सो कह्यो न कुअर कान्ह नह्यो अब याके उपचारनि को करिवो ॥

दोहा

देषि परै नहि दूबरी सुनिए स्याम सुजान ।
जानै परै परजंक पर अंग आंच अनुमान ॥४१३॥

इति श्री रसराज ग्रंथ मतिराम विरचितया संपूर्न सुभ मस्तु ॥ जादिस पुस्तक द्रस्या तादिस लिषतं मया ॥

जदि सुधमसुधा ॥ मम दोषो न दियते ॥ संवत १७६० ॥ **फाल्गुन सुदी १३ बुधवार ॥ मु ॥ लिषा कवनरैन मुनशी का संवत नाम दुंदभी के अंत ॥**

विषय—नायिका भेद वर्णन ।

संख्या २७६ख रसराज, रचयिता—मतिराज, कागज—देशी, पत्र—८७, आकार—८॥। X ५ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—६०५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८५१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० शिवबालक राम जी, ग्राम—कपुरीपुर, डाक०—करहिया, जिला—रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नम ॥ अथ रसराज काव्यग दोहा ॥

होतु नायका नायकहि आलंबित शृंगार ।
ताते बरनो नायका नायक मति अनुसार । १

नायका लक्षण ॥ दोहा ॥

उपजत जाहि विलोकि कै चित्त बीच रस भाउ ।
ताहि बषानत नायका जे प्रवीण कवि राउ । २

उदाहरन

कुंदन को रंग फीको लगै झलक ऐसी अंगनि चारु गोराई ।
आषिन्ह की अलसानि चितौनि मे मंजु विलासनि की सरसाई ।
को विनु मोल विकाय नही मतिराम लहे मुसक्यानि मिठाई ।
ज्यौं ज्यौं निहारिए नेरहू नैननि त्यों त्यो षरी निषरै सी निकाई । ३

उदाहरन दोहा

रध्रजाल मग ह्वै कढै तिय तन दीपति पुज ।
झिझियाके सो घट भयौ दिन ही मे वनकुज ॥
तरुन अरुन एडीन की किरिन समूह उदोत ।
वेनी मडल मुकुत के पुज गुज रुचि होत । ५

अथ नायक भेद

अत— अथ जडता लक्षनम् ॥
उत्कठा ते होत है अचल चित्त अरु अग ।
तासो जडता कहत है कवि कोविद रसरग ।४१५

उदाहरन

जाने ना सुवास रहे रग राग ते उदास भूलि गई सुरति सकल खान पान की ।
कवि 'मतिराम' एक अनमिख नयन ह्वै के देखि नहि जान और समुझन न आन की ।
थोरी सी हसन सो ठगोरी ऐसी डारि कै मारो कोऊ गोप न किसोरी वृषभान की ।
तवते विहारी वह भई है पषान कैसी अजने निवारी कैसी भार के पखान की ।४१६

दोहा

अनमिख लोचन वाल वह प्यारे नद कुमार ।
मीच गई अरि वीच ही विरह अनल की झार ।४१७
समुझि समुझि सब रीझिहै सज्जन सुकवि समाज ।
रसिकन के रस को कियो नयो सकल 'रसराज' ।४१८

इति श्री सुकवि मतिराम विरचिताया रसराज काव्य सपूर्ण शुभ भूयात् सवत्सरे १८५१ ॥

विषय—नायिका भेद वर्णन ।

सख्या २७७क नामग्रथ, रचयिता—मदन साहब, कागज—देशी, पत्र—६, आकार—६॥ × ३॥ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—८५ पुग, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६१५ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री जगन्नाथदास जी मठाधीश, मठ—धनकसार, डाक०—वादीपुर, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—श्री सतगुराय नम वचन श्री मुख साहेब मदन नाम प्रकास
नाम निरतर जीउ सरद भूत परकास
छीर मध्ये जस घीउ ज्ञान सबन गुर भाषि निज
विन गुर कोइ न पाव कोटि जन्म जो धरि मर
काहु रक कह राव जिन गुर काहु न निस्तर ।
राम ते वडा न केउ तेनहू किय वसिष्ट गुर ।
राम मिलन को भेउ विन गुर ते दुजा नहीं
गुर है रछिक जीउ काटि फद पर्थाय कर
आनि मिलावै पीउ परमारथ वाते कवन
सिव विरचि वडा तवनि महिमा गुर नहि कहि सके
'मदन' वेचारा कवन चाहे गुर महिमा कहै
राधापति गुर धनि है धनि हमारो भाग
जेहि टुक नजर निहारित भजा नाम अनुराग
होत नाम अनुराग के चित चरन डीठ मोन
गुर पुरा पद पाइके ग्यान को दीछा लीन
ग्यान को दीछा लेत ही भजा ग्यान परकास
आदि अत उतपति प्रले वूझत भै अब नास
चारि भेद परकासिया तीनि ज्ञान को भेद

चौथा भेद विज्ञान को ताको किया निषेद
चारो भेद प्रकास ते मिटा जो मन का मूल
डार पात फल लखि परा 'मदन' गहा जब मूल
चार भेद सोइ परचै दीन्हा । गुर कवीर जो निरनय कीन्हा ।
ताको अब जो कहौ मै भेदा । कोइ सत जन करै निषेदा ।

अंत—चारि भेद की साषी गुर कवीर जो दीन ।
'मदना' बूझै मूढ जन बूझे सत प्रवीन ।
'मदन' परम गति जो मिलै है अजन गुर पद रयेन ।
जहवा के तहवा मिल न कछु लेन न देन ।
मदन जासु पद मे मिलै छूटे जम के त्रास ।
नाम अनुरागी कारने कहा नाम परकास ।

इति ग्रथ नाम प्रकास समाप्त सवत् १९१५

विषय—नाम महिमा तथा भक्ति एव ज्ञानोपदेश वर्णन ।

संख्या २७७ख नामप्रकाश, रचयिता—मदन, कागज—देशी, पत्र—१५, आकार—१० × ७॥ इच, पक्ति (प्रति पृष्ट)—८ अप्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)—१०५, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—चद्रभूषणदास जी उदासी, कुटी, ग्राम—जगनीपुर, डाक०—जमातली, जिला—प्रतापगढ ।

आदि—

. समरथ लो वहे ताको करो विचार ।

चौपाई

त्रिगुन षेल गुर दिया गवाही । समुझि लेहु तुम चित वढाही ।

साषी

समुझो चित्त चढाय के धरो नाम कड़हार ।
आड अटक फिर न रहे उतर जाव पार ॥

तीजा भेद

तीजा भेद मै कहो वाखिरा । जाहि भेद से मिले कवीरा ॥
गुर कवीर का सब घट वासा । गुप्त प्रगट कछु अजव तमासा ॥
जहाँ सत तहाँ प्रगट भेऊ । जहाँ असत गुप्त तहा रहेऊ ॥
गुप्त प्रगट कैसे क बूझ । विनु गुर ग्यान आँषि नहो सूझै ।
सवकी कहै कवीर कहावै । जेहि लषि परै सो मो मन भावै ॥
साषी आदि कहा अब कहत है अत कहेगा सोय ।
सो वक्ता जेहि लषि पर त .

—अपूर्ण (खडित)

अंत— साषी

कहै कवीर यक प्रेम विना सब दुनिया है अन्ध ।
अक्षर बूझै प्रेम तें तब छूटे जम फन्द ।
जाग्रित स्वप्न सुषोपति तुरिवो गई हेराय ।
यह मिलना विज्ञान को घट घट कहीं न जाय ।
चारि भेद की साषी गुर कवीर को दीन ।
मदन न बूझे मूढ जन बूझे सन्त प्रवीन ।
मदन प्रम गति जो मिले है अजन गुर पद रेनू ।
जहवाँ के तहँवा मिले न कछू लेन न देनू ।

मदन जासु पद मे मिलै छूटि गये जम त्रास ।
नाम अनुरागी कारने किया नाम प्रकास ।

इति ।

विषय—सत मतानुसार भक्ति तथा ज्ञानोपदेश वर्णन । साषी के चार भेदो का सांगोपांग वर्णन ।

संख्या २७७ग साषी शब्द (?), रचयिता—मदन, कागज—देशी, पत्र—१०८, आकार—१० × ७।। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, अप्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)—६४८, अपूर्ण (खंडित), रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री चंद्रभूषण दास जी, कुटी, ग्राम—जामीपुर, डाक०—जामताली, जिला—प्रतापगढ़ ।

आदि—

. . . . . . घोना ।
चारि वेद जाको बिम्बु पायौ नाहिं भेद रम्भु ।
अक्षर विवि जुगति साधि जुग जुग अरुझानों ।
लषि न परेउ आदि अन्त जहा अचल राजवन्त ।
मानो सरिता समुन्द्र बुन्द मे छिपानों ।
काल षड़ा कालि आजु जग मरन ले समाज
बिभर्मन मे परेउ गाज कोई न बचानों ।
जैसे चक्की दरेर कोई न बचा हेर फेर
बचैगा सोई जो मत कीलही लँपटाना ।
धंनि धनि सतगुर के सरँन परन तरन जरा मरन
तरँन तारँन सोक हरन दुख हरत नानों ।
दया रूप मिले राम सब विधि भये सुफल कांम
पाय अमर धाम 'मदन' नाम मोह समाना ।१।
पारायन पद पुरुग पुरातम प्रभातम गुर निकट षडो ।
जो छल छोडि गहेउ सरनागत ताको सर्वविधि काम सरो ।
पारग छुइ पारस भइ छिन मो जो जन सरनन आनि गिरो ।
ज्वे भृंगी गति और कीट मत आपुस मों करि तोइ उडो ।
हस उवारन वन्म के कारन ग्यान पगट जग चारि करो ।
सो नर मूढ कहा नहिं मान भौ जलते कहि विधि उबरो ।
मुष हृदया केहि अन्त्रावाद से आदि हियो सग भूलि गयौ ।
सो दयाल अब मिलेउ 'मदन' मोहिं रहेउ चारि जुग को बिछुऐ ।। २ ।।

अंत—

. . . . ।
रैन देवस रवि ससि गँमि नाहीं जहाँ गुर प्रताप ततु वित मे समाईला ।
काहू को सोक नहि मरिला सोक बसि काहू की हरष नाही हरष बढाईला ।
हरष सोक दोउ सायर लहरि मँन शब्द सुर्गन हिलिमिलि के थिराईला ।
कहो जो अगम गति कहत नहि बनत जम रे गूंगे कै गति सैने बुझाइला ।
'मदन' समुझि मत मत गति राधापति तजि के दुर्गति साँचे राम को रिझाइला ।।११६।।
मन न रहत बसि करिये कर्म कम धावत विषे रस बहु समुझाईला ।
कपटी कुटिल सठ निरदई वधिक जस मन को मता सोइ प्रगट देखाईला ।

—अपूर्ण

विषय—सत मतानुसार भक्ति तथा ज्ञानोपदेश वर्णन ।

संख्या २७८. अर्जुन विलास, रचयिता—मदनगोपाल कवि (स्थान—फतूहाबाद) कागज—देशी, पत्र—३५६, आकार—१० × ६॥ इंच पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, ५६०७, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—१८७६ वि०, लिपिकाल—सन् १२७० फ०, प्राप्तिस्थान—राज पुस्तकालय, किला—प्रतापगढ़, जिला—प्रतापगढ़।

आदि—श्री गणेशाय नम अथ अर्ज्जुन विलास ग्रंथ प्रकाम हेतु वर्नन ॥ वरवै छद ॥
वरनौ चरन सरोरुह गौरीनद ॥ ग्यान गिरा गतिदानी आनंद कद ॥ १

अथ उत्पत्ति यथा ॥

रस रिषि वसु इवु सवत मे ग्रथ मजु मदन गोपाल वुध कीन्हे जो प्रकास है।
भूप विरदावली सवृद्धवेस वसावलि मत्री मित्र सभा सैन धाम ग्राम वास है।
व्याकरन नीति न्याय जोतिसादि धर्म सास्त्र जत्र मत्र काव्य कोस वैदक विकास है।
गुन अभिराम जामै लालित ललाम छवि धरि अर्जुन महीप नाम अर्जुन विलास है।

:o: :o: .o.

दोहा

कोविद मदन गोपाल जब विरचि ग्रथ अभिराम।
अर्जुनसिह महीप सो कहि प्रकास हित काम। ७
:o. :o: :o:
ग्रथ कियो आरंभ जब कोविद मदन गोपाल।
भूप दिग्विजै सिह को जन्म भयो त्यहिसाल।१४
:o: :o: :o:

अथ अर्जुन विलास पडित मदन गोपाल कृत लिष्यते ॥

॥ कवित्त गणेशजी को सर्वकल्यान दडक ॥

मंगलमै तुड पुड सिदुर को विदुल सं सिधुर वदन सुभ सोहै चद्रषड है।
अग अरुनारे भारे भुजन सुधारे सस्त्र फरसादि फल भषन अषड है।
कबु गीव ऊँचो उर उदर उदार ऊलो मुक्तामनि माजन को जोति जालमड है।
जैसे तम चड को विहड कार मारतड तैसोई विघन भुड षडी वक्रतुड है। १

:o. o· .o·

मंद मदन कवि सुजस चहि ग्रथ रचत नृपहेत।
प्रथमहि षल उपहाससहि जिमि लघुकरि गुर चेत।
जद्यपि सुकवि प्रनीत सुभ ग्रथ भूमि मे भूरि।
नीति विषै तद्यपि करौ निज मति छमियो सूरि। ५
.o: :o .o
कान्यकुब्ज श्री नाभिभो शक्ल नाभि भव तुल्य।
विद्यापति धनपति विदित भे तिनके नर कुल्य॥
नाभि वस पुनि वसकर गगाराम प्रसिद्ध।
वसे 'फतूहावाद' मै विद्या धन जन रिद्ध।११
तिनके गृह सुर महस सुचि भये सकल सुज्ञान।
छहलौ सतए भे 'मदन' एक परम अज्ञान।१२
:o: :o· :o.
विदित जगत जनवार को वस वसत गुजरात।
तिनमै राजकुमार कौ सुनी अकोना वात।१४
'माधोसिह' महीप तव भए तेज जसधाम।
राज कियो कुछ वर्ष पुनि भाइहि लषि गुन धाम।१७
वुधिवल सहस गणेश के नाम 'गनेससराइ'।
जोगराज के काज को सेवक निज अरुभाई।१८

अयौ यकौना राजत्यहि राजनीत समुझाइ।
आइ आपु अनिरासपुर लीन्हो राज बसाइ।१६

:०· ·०· :०:

'माधोसिंह' महीप के सुत 'कल्यानजुत' साहि।
राज कियो जब सुर गभहि पितु ग दै पद ताहि।२३
हृदयज भूप कल्यान के प्रानचंद महिपाल।
अरिनकाल अथिन कलप वृक्ष प्रजन पितु आल।२४
तिनके जुगल कुमार भे जेठ नृपति हरिवंस।
छोटे सिंहे वसत मन मनु पुत्रन के अंस।२५
गेह पुर हरिवम जब 'छत्रसिंह' भे भूप।
कलि में द्वापर के सहस धर्मचलाय अनूप।
फतेसिंह के तीनि सुत जेठे सिंह अनूप।
पुनि पहार अरु रूपसिंह तीनि उवीर सरूप।
पंच भूत ते पाँच सुत जाए सिंह अनूप।
जिनकी करनी को करी कविन कंठ मनिरूप।
ककुलति सिंह दलेल जू रामसिंह जसवंत।
सिंहसरो साँवलहरी पाँचौ सुभ गुनवंत।
नवलसिंह महाराज भे ककुलित सिंह तनूज।
पृथीपाल पीछे पहुमि माधवराउ अम दूज।
तिनके सुत जाए जुगल बडे बहादुरसिंह।
पुनि अर्जुन अर्जुन दुवो को सरि अरि गर्जसिंह।

अंत—इमि लहि धन मान को अर्जुन सिंह समीप।
आसिष मदन गोपाल तव दिए सुखद अवनीप।२३

·० ० ०·

दोहा

है प्रसन्न यह आसिषै दियो ग्रंथ जसधाम।
ह्वैहै पुत्र अनूप तव तेजवंत गुन ग्राम।२६

इति श्री मन्महाराज राजा अर्जुनसिंह विरचिते सर्व सारो द्धारे अर्जुन विलासे सप्तम समाया मदन गोपाल सन्मान आसिषग्रंथ महाराजको प्रदान वर्णनाम सतावनो प्रस्ताव ..... सन् १२७० साल।

विषय—व्याकरण, नीति, न्याय, ज्योतिष, काव्य, वैद्यक आदि विषयों का वर्णन।

रचनाकाल

रस रिषि वसु इंदु संवत मै ग्रंथ रुजु मदन गोपाल बुध कीन्हे जो प्रकास है।

संख्या २७६ बानी, रचयिता—मनमोहन दास, कागज—देशी, पत्र—६५, आकार—५॥ × ४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—६६५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—१९०७ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० धरणीधर जी दुबे, ग्राम—दुबौली, डाक०—कलवारी, जिला-बस्ती।

आदि—श्रीमते रामानुजाय नमः ॥ श्री गुरुभ्योन्म

श्री गुरु चरन सरन हौ आयौ॥
लोक वेद कुल कान मुजारा सकल प्रपंच बहायौ॥
मगन भयो अवनी पर डोलत समय सोक नसायौ॥
आस त्रास सब मिटो जगत की भक्त भाव उर जायौ॥
रूप माधुरी दृगन परी प्रभु प्रेम नेम सरसायौ।
सरस रंग रस मातौ छाकौ लोग कहत बौरायौ।

करत कूहि किन करहु मगन मन काल व्याल कौ षायौ ।
'मोहनदास' निसक भयो जव घुमड निसान वजायौ । १
नमो नमो श्री गुरु चरना ।
जवते सरने लियौ नरहरि कौ त्रविधि ताप सब मिली हरना ।
जिनकी पदरज सिर परसत ही द्रग्र ग्रजन कीने करुना ।
'मोहन' मन ग्रानद भयो ग्रव श्री रघुवर के गुन गनना । २
भगवत रसक सरन हौं ग्रायौ ।
ग्रभय भयौ जव ही या दिन तें पद सरोज सिरनायौ ।
वदन चद तें षसौ सुधा कन सो उठाय कर षायौ ।
मगन भयो ग्रवनी पर डोलत श्री रघुवर जस गायौ ।
इहि विध प्रभु पुनीत जस गावत श्रवन सुनत सुष पायौ ।
मोहन दास करन सेवत नित सुष सतोष वढायौ । ३

ग्रत—करें मन श्री विद्रावन जव हेत ।
सर्व भात जव ही वन ग्रावें सुष सागर कौ सेत ।
हिय हुलसत विलसत पिय प्यारी हरष वढावत चेत ।
यह रस रीन निरतर सेवत 'मोहनि' कहि कहि देत ।

दोहा

बाचक सव साधक भऐ सगी भए सव कोय ।
श्री 'मोहन' भगवत भक्ति कौ सदा रहत गुण जोय ।

इति श्री मनमोहन दास जी कृत वानी सपूर्ण । सवत् १६०७ ॥

विषय—भक्ति विषय वर्णन ।

सख्या २८० धर्मसार, रचयिता—मनरगलाल, कागज—देशी, पत्र—२६२, ग्राकार—११$\frac{1}{10}$ × ६$\frac{5}{10}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (ग्रनुष्टुप)—३६३०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८११ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर, ग्रहियागज, टाट पट्टी मोहल्ला, लखनऊ ।

ग्रादि—ॐ नम सिद्धेभ्य ॥ ग्रथ धर्मसार ग्रथ लिख्यते ॥
॥ स्तुति छद मालनी ॥ सवैया ॥ २३ ॥
श्री जिन देव सिद्धारथ नदन के जुग पाद सरोज निहारे ।
पोत भवोदधि के सुथरे जगजीव ग्रनेकन पार उतारे ।
ग्रतम तीरथ के करता मद मान महान विदारण वारे ।
सो प्रभु सनमति सनमति दायक दूरि करौ दुख दोष हमारे ॥ १ ॥

:o. o .o.

वहुरि ग्रपने शरीर मैं वात पित्त कफ जनित कोई रोग उदै भया ॥ तथा ग्रौरहू फोड़ा फुणगिनी ग्रादि रोग भया ॥ ताके दूरि करणे की चिता ॥ तथा पर केर के रोग देखि ऐसा विचारना ॥ जो ऐसा रोग मेरेहू कदाप्प होय जाय तौ बडा दुष होवैगा ॥ इत्यादि एकागृ ध्यान करना ॥ सो पीडा चितवन ग्रार्ति ध्यान है ॥ ३ ॥ वहुरि भोगन की वाछा करि ग्रातुर जो पुरुष ताके भोजन की इक्षा वास्ते वारवार सकल्प विकल्प परिनाम राखें ॥ सो निदानवध ग्रारति ध्यान है ॥ ४ ॥

ग्रंत—

कनवज नगर वसत सुभ थान । जयन धर्म धारक भविजान ॥
वसत सुसज्जन जन तिह ठौर । जिन मारग सरधानी जोर । ३ ॥
पल्लीवार कनौजी लाल । तासु पुत्र सोमन रग लाल ॥
मै मतिहीन गृथ यह कीन । जिन ग्रनुसार वचन परवीन ॥ ४ ॥

पंडित जन सूं अरज करेव । भूल चूक अक्षर जो रहेव ।।
ताहि सुधरि लेहु बुधिवत । मोधिक ना अति हीन लहत ।। ५ ।।
सवत उगनिस सतक वखांन । ता ऊपर ग्यारह धरि मान ।
फाल्गुण सुक्ल पक्ष सुभ जान । तेरसि दिन पूरण यह मान ।। ६ ।।

इति श्री धर्म्मसार गृथ भाषामय सपूर्ण ।। श्री

विषय—जैन धर्म का सार वर्णन किया गया है ।

रचनाकाल

१६ ११
सवत उगनिस सतक वखाँन । ता ऊपर ग्यारह धरि मान ।।
फाल्गुण सुक्ल पक्ष सुभजान । तेरसि दिन पूरण यह मान ।।

सख्या २१८क पद्मनाभि चरित्र, रचयिता—मन (? चित्त), शुद्ध सागर, कागज—देशी, पत्र—४२, आकार—१०$\frac{3}{8}$ × ४$\frac{3}{8}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—६१६, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६१३ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—श्री जिनाय नम ।। अथ श्री श्रेनिक भवानुवध पद्मनाभि चरित्र लिष्यते ।
।। सवैया ।। तेईसा ।। २३ ।।

श्री जिनराज महा सुष दायक कर्म महा रिपु जीति लियो है ।
सिद्ध समूह वसै सिव लोक जु होइ गुनज्ञ स्वु शुद्ध हियो है ।
पच अचार आचारज पालत पाठक जन पियूष पियो है ।
साध मुनी पद पच अनूपम मगल हेत प्रनाम कियो है ।। १ ।।

।। दोहरा ।।

वरतमान दस क्षेत्र मे भूत भविष्यत नाम ।
पूर्वापर सुविदेह जिन सबको करो प्रनाम ।। २ ।।
अष्ट कर्म रिपु जीत के अष्ट महागुन पाय ।
तीन काल गत सिद्ध सब होहु हमे सुषदाय ।। ३ ।।
पचाचार क्रिया धरन आचारज महाराज ।
रस गुन गुन युत नमत हम होइ आतमा काज ।। ४ ।।
द्वादशाग पाठी सवै सरभज गुन अवधार ।
उपाध्याय वदत लहो जिन वानी को पार ।। ५ ।।

अत—

पदमनद हरिचद सिष्य नै धता वध रची गँभीर ।
चित्त शुद्ध सागर नर भाषा करके वाँधी सिव सुष सीर ।।
सो जन मन वच काय लायकै पढै सुनै पावै भव तीर ।।७७।।
:o o .o:
इंद्रप्रस्थ गुर थान कहे हम है गुलाल कीरत अभिधाम ।
दिसा सघ दिग्वम्त्र धार गण पुष्कर माथुर गछ वषान ।
सिष्य भए सतोष जलधि गुर तिनके चरकज को ध्यान ।
चित्त शुद्ध सागर जिन वानी स्व परप्रकास न उपजै ज्ञान ।।७६।।
:o: o: ·o·
यावत वात वलै जगधारत यावत सिद्धि जो छाजत ।
तावत ग्रथ रहो जग मे थिर जाके सुने सब पातक भाजत ।।८१।।

इति श्री श्रेनिक भवानुवद्ध भविष्यते महापद्मनाभि चरित्रे भट्टारक श्री गुलाल कीर्त्ति जी शिष्य ब्रह्म सतोष सागरस्य शिष्य मन शुद्ध सागरे विरचिते पच कल्यान प्राप्त षष्टम प्रछेद ।।६।।

इति श्री श्रेनिक चारित्र समाप्तम् ।। मिती पौष मासे शुक्ल पक्षे द्वितीयां चंद्रवासरे लखनऊ मध्य पसारी टोले मे श्री पार्श्वनाथ के मंदिर मे लिखायत लाला मिठू लाल श्रावक तत् पुत्र बनारसीदास की वहू पठनार्थ ।। श्री पार्श्वनाथ के पंचायती मंदिर के सकल जैनी सुध्यथर्थ वा सकल भवि उपकारतार्थ सुभंभूयात् ।। समत १६१३ ।। श्रीः प० पच्चीस से जैन तीर्थकर महा पद्म नाभि चरित्र वर्णन ।

संख्या २८१ख सिखर माहात्म्य (जैन रचना), रचयिता---मनशुद्ध सागर, कागज---देशी, पत्र---६१, आकार---११३/८ × ७३/८ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)---१५, परिमाण (अनुष्टुप)---३४१२, पूर्ण रूप---प्राचीन पद्य लिपि---नागरी, रचनाकाल---सं० १८४५ वि० (?) अस्पष्ट है, लिपिकाल---सं० १८८८ वि०, प्राप्तिस्थान---श्री दिगंबर जैन मंदिर (बड़ा मंदिर), चूड़ीवाली गली, चौक, लखनऊ।

आदि---ॐ नम ।। सिद्धेभ्य । अथ सिखर माहातम ।।

।। छप्प ।।

श्री समेदवत चरण कमल जुग सब सुष लाइक ।
श्री शिवलोक विलोक ग्यान मग होत सुनाय ।
अनमित सुष उद्योत कर्म्म वरी घन घाइक ।
ज्ञान भान परगास पद सब तुष दाइक ।
ऐसे महत अरिहत जिन सेवहु निस दिन भाव सो ।
पावो प्रमान अविचल सदन वीतराग गुन चाव सो ।। १ ।।

।। दोहा ।।

अर्हत प्रभु को सुमिरि के सिद्ध चरन चित लाइ ।
अष्ट करम मल त्यागि के अष्ट महागुन पाइ ।। २ ।।

अंत---

काष्ट संघजन आम्नाय । माथुर गछ मध्य सुखदाइ ।।
पुष्कर गण गुरु भूल वखान । लोहा चारिज कृपा निधान ।।६०।।

o. o .o

इंद्रप्रस्थ पट्ट पदवी धार । नाम गुलाल कीर्ति सुषकार ।
तिनके शिष्य ब्रह्म व्रतवान । ह सनाप जलधि अभिधान ।।

:o. .o. .o.

तिनको शिष्य अलपधी धार । मन सुधाब्धि सज्ञा विस्तार ।। ६ ।।
तिन इह सिखर महातम ग्रंथ । भाषा किया जानि शिव पथ ।।

o o o

वान वेद .. शशि गए विक्रमार्क तुम जानि ।
अस्वनि सित दशमी सुगुरु ग्रंथ समापत ठान ।।६८।।
भूरवि शशि सुर मेर शम प्रापु ग्रंथ की होइ ।
पढ़ै पढावै सुनै जे शिवपद पावै सोइ ।।६६।।

इति श्री काष्टासंघे लोहाचार्य विरचिते तीर्थ महात्म्येषु समेदाचल महात्म्य भाषायां मन सुद्ध सागरे वर्णन महावीर चरित्र संपूर्णम् संवत् १८८१ पौष शुदी ।।१०।।

विषय---जैन धर्म संबंधी । इसमें शिखर माहात्म्य का वर्णन है ।

रचनाकाल

वान वेद .....शशि गए विक्रमार्क तुम जानि ।
अस्वनि सित दशमी सुगुरु ग्रंथ समापत ठान ।।

संख्या २८१ग. शिखर माहात्म्य, रचयिता—मनशुद्ध सागर, कागज—देशी, पत्र—१८६, आकार—८३/४ × ४३/४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—३५४४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १६०२ के पूर्व, प्राप्ति-स्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर, (बड़ा मंदिर), चूड़ीवाली गली, चौक लखनऊ।

आदि—श्री वीतरागाय नमः ।। अथ शिषिरि महातम ग्रंथ भा लिष्यते ।।

।। छप्पै छंद ।।

श्री ससेवित चरण कमल जुग सब सुषलायक ।
श्री सिद्ध लोक त्रिलोक ज्ञानमय होत सुनाइक ।
अनमित सुष उद्योत कर्म्म वैरी घन घाइक ।
ज्ञान ध्यान परगास पद सब सुखदाइक ।
ऐसे महत अरिहत जिन सेवहु निसि दिन भाव सो ।
पावौ प्रमान अविचल मदन वीतराग गुन चाव सो ।। १ ।।

।। दोहरा ।।

अर्हत प्रभु को सुमिरि कैं सिद्ध चरण चुतुलाइ ।
अष्ट कर्म मल लागि कैं अष्ट महा गुण पाइ ।।
:०. '०. .०:
लोहाचारज मुनि कहो प्राकृत सस्कृत रूप ।
काल दोष बुधि हीन अति भाषा रची अनूप ।।१०।।

अंत—लोहाचारज कृत निरषि मन मर्कट वस हेत ।
नर भाषा मैंने रची जान्यो पुन्य निकेत ।।६४।।
मनधर ग्रंथ सुनै भविक मन सुषसागर जोइ ।
क्षेत्र वध अनुबध कर इह फल निहचै होइ ।।६५।।

इति श्री काष्टासंघे लोहाचार्य विरचिते तीर्थ माहात्म्येषु समेदाचल माहात्म्य भाषायो मन शुद्ध शागरेण वर्णन सिद्ध कूट सुकातोपरि महावीर जिन सुमोक्ष गयन नाम पचविंसतिमोध्यायः ।।२५।। पुस्तक लिषी नवावगंज मध्ये सुवस्थान षेमकरन श्रावग पल्लीवाल गुजर गोठी इष्वाकवंसी कास्यप गोत्री तस्य पुत्र भ्राता लाल तस्यात्मज पुत्र जुगलदास ने लीषी आपने पठनार्थं हेत मि० ज्येष्ठ वदी दसमी वार गुरुवार का पूरी करी ।।

जलते रक्षा... ....यह धरि चेत ।। ३ ।। श्री ।।

पुस्तक सिनुलाल मगनीराम के पाथे की समत १६०२

विषय—शिखर माहात्म्य वर्णन (जैन धार्मिक ग्रंथ)।

संख्या २८२. बारामासा, रचयिता—मनगुप्त, कागज—देशी, पत्र—२, आकार—६१/२ × ५३/४ इंच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—१३, परिमाण (अनुष्टुप)—१६ पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि—लीषत बारामासा

चेति हू नर चेति मुग्ष क्या पड़ा है चेतना ।
नह चही तूं है चला चल क्यो मा हरि सैं हेतना ।। १ ।।
बस करौ बैसाष मनमावेदी के मारग तजो ।
बार बार नहिं जन्म पावो चरन रघपति के गहा ।। २ ।।
जेठ जीवन जात छिन पल जमा मैं दिन घटत है ।
छोडि कैं छल छिद्र प्यारे क्यो ना जादौपति रटत है ।। ३ ।।
आया जो अगम असाढ आधो हो रहो हुसियार ही ।
आडना कोई होये तेरा आनि जम जब मारही ।। ४ ।।

सूंपन सा ससार सावन सोवत का सुष देषय ।
जात ना छिन बार लागें जगत नासाव देषया ॥ ५ ॥

अंत—जिनि इह बारामास गायो सो वा नर तौ है सही ।
चेतना तौ चेत मुरष टेरि मन सुष नैं कही ॥१३॥

विषय—हरि भक्ति का उपदेश किया गया है ।

सख्या २८३ हनुमान छवीसी, रचयिता—मनियार कवि, निवासस्थान—काशी, कागज—देशी, पत्र—७, आकार—८॥ × ५॥ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, प्रकाशित, मतवै हसनी (फतेहगढ) द्वारा, परिमाण (अनुष्टुप)—६८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री प० विश्वनाथप्रसाद जी मिश्र, ग्राम—भसाला माफी डाक०—लोटन, जिला—बस्ती ।

आदि—श्री गणेशाय नमः अथ हनुमान छवीसी लिष्यते ॥ सोरठा ॥
गणपति चरन मनाय नाय सीस गिरिजेस पद ।
वरणो कथा सोहाय महिरावण भज्जन करणि ।
क्षत्रीवर मनियार काशीवासी जानिये ।
जापैं पवन कुमार दयावन्त निसु दिन रहत ।

कवित्त

पव्य पर पविज्यौ तमिश्वर पर रवि ज्यो है अनल की धार पर ज्यो जल की तरग है ।
राम दस माल पै ज्यौं स्याम सिसुपाल पैं ज्यो वारिद विसाल पै ज्यौं कुम्भज उत्तग है ।
केकी व्याल वृद पैं तुषार अरविन्द प ज्यो 'यार' ज्यो गजेद्र पैं मृगेद्र की उमग है ।
अग्नी तूल ढेर पैं ज्यौ वायु घन घेर पै ज्यो निश्चर वटेर प त्यौं वाज वजरग है । १
दीन दुष मेटन चपेटन दनुज वन तरु के उषेटन उलेटन पहार के ।
अवतार रुद्र के उलघन समुद्र के विदारन है उद्र के विदित छुद्र झार के ।
पर काज धावन है यार मन भावन है पावन है वेरी महिरावन सुरारि के ।
दसमुष भजन है साधु मुष रजन है वदौ पदकुज जुग अजनी कुमार के । २

अत—

दूरि ही ते देषि कपि भालु जे जे काल करि
कूदन कटक लागी करुणा निधान की ।
'यार' कवि राए धाय पाय अकुलाय परे
कहे दीनवधु भले लीनी सुधि प्रान की ।
उठे न उठाये छाये प्रेम उर जलद सीस
लागो प्रभु चरण पे झरि असुआन की ।
वारिज ते वारिज मिलत अति आनद सो
भेंट देत मानो ल लै मुकुतान की ।२६

दोहा

यह हनुमान छवीसिया कृत कविवर मनियार ।
सकठ गत नर पढत ही तुरितैं होत उवार ।

इति हनुमान छवी कवि मनयार कृत समाप्त ।

विषय—श्री हनुमान जी की शक्ति तथा भक्ति वर्णन ।

सख्या २८४क धम परीक्षा भाषा, रचयिता—मनोहरदास, निवासस्थान—धामपुर, कागज—देशी, पत्र—८८, आकार—१०$\frac{3}{8}$ × ६$\frac{3}{10}$ इच, पक्ति (प्रति पृठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—२४२०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १७७५ वि०, लिपिकाल—स० १८५६ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—॥ ॐ ॥ ॐ नमो धर्माय ॥ अथ धर्म परीक्षा भाषा लिष्यते ॥

॥ सोरठ ॥

प्रणमूं अरिहन देव गुरनि ग्रथ दया धरम ।
भव इधि तारन एह अवर सकल मिथ्यात मणि ॥ १ ॥
:० ०: :०.
होणहार कारण मिल्यो हीरामणि उपदेश ।
कारण विना न भव्य जन काज होइ लवलेस ॥ ६ ॥
.० ·० .०
सत्रह सेह पिचोत्तरे पोष दसो गुरु वार ।
सुभ वेला ग्रह सुभ लगन कीयो मुहूरति सार ॥ ८ ॥

॥ सवइया ३१ ॥

कविता मनोहर षडेलवाल सोनि जाति मूल सगा मूल जाको सागानेर वास है ।
कर्म्म के उदैतें धामपुर मैं वसन भयौ सबसौ मिलाप फुनि सज्जन कौ दास है ।
व्याकरण छद अलकार कछु पढ्यो नाही भाषा मे निपुण कछु बुद्धि कौ प्रकास है ।
वाई दाहिनी न कछु समझ सतोष फुनि नित जिन दोहो जाके एक जिन ही कौ आस है ॥ ६ ॥

अत—

देस दाडूरो परवत तलो । तहा धामपुर सोभा भली ।
चहूदिसि सोभित वाडी बाग । करे कोकला पचम राग ॥
० ० ०:
जेठमल सुत विवीचद दाता दीन दयाल ।
सज्जन भक्ता गुण उदधि दुरजन छाती साल ॥२२३॥

॥ सवया इकतीस ॥

रावत साल वाहन आगरे को वुधरत हिरद मरन निन जान रस पीयौ है ।
जगदत्त मिश्र गौड हिसार को वासी सुभ विद्या ने जगत मै सार जस लीयौ है ।
वेग राज पडित ब्राह्मण नगर माहि ज्योतिस का पाठी सरस्वती वर दीयो है ।
ईतने सहाई भए दोही जिन राज जू की तव मे विचार कर भाषा वुधि कीयो है ॥२१६॥

॥ षटपद छद ॥

नगर धामपुर माहि करी भाषा बुध सारू ।
धर्म परिषा मित्र ग्रथ विजन धरवारू ।
ना कछु कीरत हेत ना कछु आरत धन पछन ।
जथा सकति मतिमद रच पद पद रस सचन ।
पढ़ै सुनै उपजै सुबुधि हृद कल्याण सुभ सुष धरण ।
मन रहिस मनोहर इम कही सकल सघ मगल करण ॥२३२॥

इति श्री धर्म परीछ्या भाषा मनोहर दास कृत सपूर्ण ॥ श्री सवत १८५६ वर्षे मिती भाद्र कृष्ण त्रियोदशी ॥१३॥ गुरुवारार ॥ समाप्त ॥ शुभ भवतु ॥

विषय—जैन धर्म विषयक रचना । मनोवेग और पवन वेग नामक दो मित्रो के कथनोपकथन के रूप मे एक रूपक कथा का वर्णन है जिसमे विविध मत मतातरो के गुण दोष वर्णन किए गए है ।

रचनाकाल

सत्रह सैह पिचोत्तरे पोष दसो गुरुवार ।
सुभ वेला ग्रह सुभ लगन कीयौ मुहूरति सार ॥

संख्या २८४ख. धर्म परीक्षा, रचयिता—मनोहरदास, निवासस्थान—धामपुर, कागज—देशी, पत्र—१८५, आकार—१०३/८ × ६५/८ इन्च, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, परिमाण (अनुष्टुप)—३२६८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—संवत् १७७५ वि०, लिपिकाल—सं० १८८७ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर (बड़ा मंदिर), चूड़ीवाली गली, चौक, लखनऊ।

आदि—श्री चितामणि पार्श्वनाथाय नमः ॥ अथ धर्म परीक्षा लिष्यते ॥

॥ सोरठा ॥

प्रणमूं अरिहंत देव गुर निरगंथ दया धरम।
भव दधि तारण एव अवर सकल मिथ्यात मणि॥ १ ॥

:o: o :o:

होनहार कारण मिल्यौ हीरामणि उपदेश।
कारण विना न भव्य जन काज न होइ लवलेश॥ ६ ॥
पंच सकल प्रेरक भए जानहु मन वच काय।
सत्य पुरुष आग्या भई श्री जिनराज सहाय॥ ७ ॥
संवत सई पचोत्तरइ पौस दसमि गुरुवार।
शुभ वेला शुभ ग्रह लगन कियौ महूरत सार॥ ८ ॥

॥ सवइया ॥

कविता मनोहर षंडेलवाल सोनी जात मूलसंगि मूल जाकौ मागानेर वास है।
करम के उदै तै धरमपुर मैं वसन भयो सब स्यो मिलाप फुनि सज्जन को दास है।
व्याकरण छंद अलंकार कछु पढ्यौ नाहि भाषा मैं निपुन तुछ बुद्धि को प्रकास है।
वाइं दाहिनी कछु समुझै न संतोष लिए जिवकी दोहाई जाके जिनही की आस है।

.o. .o. o

॥ चौपाई ॥

दिन मनि ताप जगत को करे। निशपति शीतलताई धरै।
ज्यौ दुर्जन सबको दुष देइ। सज्जन सुजस जगत मैं लेइ॥२५॥

॥ सोरठा ॥

सज्जन जन की रीति जैसे चंदन बावनो।
दुष दै घसै सुप्रीति वासै तो भी यह गुणो॥२६॥
देश दादुरो परवत तनी। तहा धामपुर सोभा भली॥
चहु दिशि शोभित वाडी बाग। करै कोकिल पंचम राग॥७१॥

o o .o.

जेठमल्ल सुत विधिचंद दाता दीनदयाल।
सज्जन भगता गुण उदधि दुर्जन छाती साल॥७६॥

.o. o :o.

रावत सालिवाहन आगरे को वुद्धिवंत हिरदै सरल तिन ज्ञान रस पीयो है।
जगदत्त मिश्र गौड हिसार को वासी शुभ विद्या वलि जगत मैं सार जस लीयो है।
वेगराज पंडित ब्राह्मण नगर माहि ज्योतिग को पाठी सरस्वती वर दीयो है।
इतने सहाइ भए दोही जिनराज जू की तब मै विचार करि भाषा बुद्धि कीयो है॥८१॥

॥ षटपद कवित्त ॥

नगर धामपुर माहि करी भाषा वुधि सारु।
धर्म परीक्षा मित्र अर्थ विजन धरि वारु।
ना कछु कीरति ना कछु आरति धन वछन।
यथा सकति पंडित रची पद पद रस सचन।

पढ़ै सुनै उपजै सुबुधि ह्वै कल्याण शुभ सुख धरण ।
मन रसि मनोहर इम कहै सकल सघ मगल करण ॥८५॥

इति श्री धर्म परीक्षा भाषा मनोहरदास सागानेरी षडेवाल कृत सपूर्ण ॥ मुनि वसु वसु शशि विक्रमहि सरद रितु भवि जान । सित दुतिया ऊर्जयत जत की पार्श्वनाथ जिन धाम ॥ २ ॥

विषय—जैन धर्म सबधी रचना । इसमे मनोवेग तथा पवनवेग नामक दो मित्रो के कथनोपकथन के रूप मे एक रूपक कथा का वर्णन किया गया है जिसमे विविध मत मतातरो का गुण दोष दिखाया गया है ।

रचनाकाल

सत्रह सई पचोत्तइ पौस दसमी गुरुवार ।
शुभ वेला शुभ ग्रह लगन कियौ महूरत सार ॥

संख्या २८४ग धर्म परीक्षा, रचयिता—मनोहरदास, निवासस्थान—धामपुर, कागज—देशी, पत्र—१२४, आकार—१० ३/८ × ६ ४/८ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, परिमाण (अनुष्टुप)—३२२४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १७७५ वि०, लिपिकाल—स० १९०९ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर) चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—श्री जिनाय नम. ॥ अथ धरम परिक्ष भाषा मनोहरदास कृत लिष्यते ॥

॥ सोरठ ॥

प्रणमो अरिहत देव गुरु निरग्रंथ दया धरम ।
भवदधि तारन एव अवर सकल मिथ्यात भणि ॥ १ ॥

:०· ·० ०·

होनहार कारण मिल्यो हीरामन उपदेस ।
कारन विना न भव्य जन काज न होइ लवलेस ॥ ६ ॥

:०. .० :०:

सत्रह सै पचोतरं पोस दसं गुरुवार ।
शुभ वेला ग्रह सुभ लगन कियो महूरत सार ॥ ८ ॥

॥ सवैया इकतीसा ॥

कविता मनोहर षडेलवाल सोनी जात मूल सगी मूलि जाको सागानेर वास है ।
कर्म के उदते धामपुर मे वसन भयौ सब स्यूं मिलाय फुनि सज्जन को दास है ।
व्याकरण छंद अलकार कछु जानै नही भाषा मै निपुन तुछ वुद्धि को प्रकास है ।
वाई दाहनि न कछू समुझै सतोष लिए जिन दोही जाके एक जिनजी की आस है ॥ ६ ॥

अत— ॥ दोहरा ॥

विक्रम राजा को भये सात अधिक सो हजार ।
वरष तबै यह सस्कृत भई कथा सुभ सार ॥७०॥

॥ चौपाई ॥

देस वादुरो परवत तली । तहा धामपुर सोभा भली ॥
चहुं दिसि सोभित वाडी बाग । करै कोकिला पचम राग ॥७१॥

:० ० ०:

जेठ मल्ल सुत विधिचद ते दाता दीनदयाल ।
सज्जन भक्ता गुण उदधि दुर्जन छाती साल ॥७६॥

:०· :० :०:

सो तो पहुचै सुभग गती वाजै सुभग वजाय ।
विधिचद सुभग भोगवै धर्म ध्यान चित लाइ ॥७६॥

हीरामणि उपदेस तै भयो सास्त्र सुभ सार ।
दुष्ट लोक को मति हसो हिरदै धरि जो विकार ।।

।। सवैया ।। ३१ ।।

रावत सालवाहन आगरे को वुद्धिवत हिरदै सरल तैन ग्यान रस पीयो है ।
जगदत्त मिश्र गौड हिसार को वासी सुभ विद्या वल जगत मैं सार जस लीयो है ।
वेग राज पंडित ब्राह्मण नगर माहि ज्योतिक को पाठी सरस्वती वर दियो है ।
इतने सहाई भये दोही जिन राजजू की तब मैं विचार करि भाषा वुद्धि कियो है ।।८१।।

।। षटपद छद ।।

नगर धामपुर माहि करी भाषा वुध सारू ।
धर्म परीषा मित्र अर्थ विजन धरि वारू ।
ना कछु कीरति ना कछु आरत धन वछन ।
यथा सकति पडित रची पद पद रस सचन ।
पढै सुनै उपजै सुवुधिह्वै कल्याण सुभ सुष धरण ।
मन रहसि मनोहर इम कहै सकल सघ मंगल करण ।।८२।।

इति श्री धरम परीक्षा भाषा मनोहरदास कृत सपूर्ण ।। मती भादो सुदी ६ ।। सनिश्चर वार संमत् १९०९ ।।

विषय—जैन धर्म सवधी रचना ।

मनोवेग तथा पवन वेग नामक दो मित्रो के कथनोपकथन के रूप मे एक रूपक कथा का वर्णन है जिसमे विविध मत मतान्तरो का गुणदोष वर्णन किया गया है ।

रचनाकाल

सत्रह सै पचोतरै पोस दसै गुरुवार ।
शुभ वेला ग्रह शुभ लगन कियो महूरत सार ।। ८ ।।

सख्या २८५ फूलचरित्र, रचयिता—मनोहरदास, कागज—देशी, पत्र—६, आकार—६ × ४।। इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८ परिमाण (अनुष्टुप)—४५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, लिपिकाल—स० १८५९ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० आद्याप्रसाद जी मिश्र, ग्राम—अचकारी, डाक०—बेलवार जिला—जौनपुर ।

आदि—

दोहरा फूल चरीत्र

१

पुरवीता प्रीतम जानी कै तन मन जोवन दीन्ह
धन श्रम सोभा केवला कीस मे नेछावर कीन्ह

२

वीरह दगधी तन देत है सही न सकै सरीर
सही न सकत उठी उठी तकत कवल ढरे ससनीर

३

वान वीरह को हे सखी जेही लागे सो जान
केतीक धीरजहौ धरौ की छीन छीन नीसरै प्रान

४

आपु भला तो जग भला चीत मती करहु उदास
फुल परास कह नसो सुनु राखु पीआ प्र आस

५

राती पीया हो रोऐ के देवस गवायो सोए
पीआ विनु तदा उर मौ गीव व्याकुर भ्रम मती होए

अंत— २८

कनक कछौटी बाधि कै कसीऐं प्रीतम आऐ
रस हो का पति आइहै मधु चाखो चीत लाए
२९
प्रेम पथ पगु राखिए जौ मन सचा होए
पीआ के प्रीती गुलाब है जौ पै जाने कोए
३०
बालापन बीतत भौ काम केतकी आए ।
रूप मजर की हो नही पीआ फूल तुरो मनलाए
३१
फुल चरित्र के भेव सुनी कहे मनोहर दास ।
मम मीली के हथी कदर राख् पीआ पर आस

समत १८५९ साल मीती चइत सुदी ९ ..

विषय—फूल चरित्र वर्णन ।

प्रत्येक फूल के नाम पर एक एक दोहे की रचना की गई है । इस प्रकार छदो की सख्या इकतीस है ।

संख्या २८६. शत प्रश्नोत्तरी, रचयिता—मनोहरदास निरजनी, कागज—देशी, पत्र—२६, आकार—८$\frac{3}{10}$ × ५ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—५४६, खडित, रूप—प्राचीन, गद्य पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—ठा० महादेव सिह जी, ग्राम—रजनपुर (गगासिह का पुरवा), पो०—तिलोई, जिला—रायबरेली ।

आदि—

.०. ०. ०

......जडता दिषाई है । प्रथम चैतन्य पव कहिये है । एक चैतन्य शुद्ध ॥ १ ॥ दूसरो चैतन्य साक्षी ॥ २ ॥ तीजो चैतन्य प्रमाता ॥ ३ ॥ चौथो चैतन्य प्रमाण ॥ ४ ॥ पचमो चैतन्य प्रमिति ॥ ५ ॥ दृष्टात ॥ जैसे एक सरोवर ता महि अनेक कूल करे ॥ कूल कूल प्रति अनेक धोरे ॥ धोरे धोरे प्रति अनेक षेत क्यारी ॥ सु सरोवर को पानी कूल मे आयो ॥ कूल को पानी धोरे मे आयो ॥ धोरे वरहे की पानी षेत मे आयो ॥ पानी क्यारी मे क्यारी के आकार भयो ॥

अत—

फल सो विराभाव परमाता । अह ब्रह्म फल कह्यो विष्याता ॥
स्वरूप माझ दुै फल ए नाही । विकल रहित रहै सो ताही ॥ ७ ॥

इति शत प्रश्णोत्तरी भाषाया मनोहरदास निरजनी कथ्यते नवम खड ॥ सोरटा ॥ हौ मे हौ तू नाहि । हौ तू हौ मै हौ कही । सब हौ हौ तू माहि । हौं तू हौ तू एक है ॥ १ ॥ राम

विषय—सुप्रसिद्ध अद्वैतवादी स्वामी शकराचार्य कृत प्रश्नोत्तरी की हिंदी मे गद्य पद्य टीका ।

संख्या २८७क. अखरावट, रचयिता—मलिक मुहम्मद जायसी, कागज—देशी, पत्र—१७, आकार—९$\frac{1}{10}$ × ६$\frac{3}{10}$ इन्च, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—२३८, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—

....
... . ठाउ न सुर सबद ।
तहां न पाप न पुन्य महमद आपुहि आप यह ॥ २ ॥

॥ चौपाई ॥

आ अलखहि लेहुत जहाँ । नाउ न ठाउ न मूरति तहाँ ॥
पूर अपूर न पाप न पुनू । गुप्त स. त सुन्न अन सुनु ॥
अलख अरूप असब्द अभाँतो । सूर न चंद न दिवस न राती ॥
आखर सुरन बोल अहकार । अकथ कथा का करै विचार ॥
कुछौ कही तो कछु नही अहाँ । पुनि कुनाह कुछुक होइ रहाँ ॥
पुनि उरेह आरभ बषाना । हुतो आप मह आपु समाना ॥
असन बसन मासन प्रडा । निकलक सो आषु अषंडा ॥
मेटि न जाइ पुन्य अरु पापु । दुष सुष अनेद सतापु ॥
तबते भएउ नरक वैकुंठा । भल औ पोच साच औ झूठा ॥

॥ दो० ॥

नूर महमद देषा भा निर्हाचत जिवह ।
पुनि इबलीस सचारा डारत रहै तेहि कोह ॥

अत—
॥ चौ ॥

वड करतार जिन्है करि राजा । पवन वयन करि किरपन छाजा ॥
ता कह नहि जिन पहि साजा । रह मेघ वन हित उपराजा ॥
वही मेघ होई विगसै धाई । वही माह कि जाई विलाई ॥
पवन मेघ होइ जो जग छाई । वहै चर्माक घन मह घहराई ॥
लिहे चलावै जेहि दिसि लोई । जस जस नाव तस तस नोई ॥
भिआरी अस जितवन वाज । तेहि मह घन घन सो दर गाजै ॥
तरपि उठै सो ओकी फूटी । परै कगाज वहुत कै टूटी ॥

॥ दो० ॥

आगि पानि औ माटी पवन तिहूँ कर मूल ।
किरिनि केर सहज गुण वोगै के अस्थूल ॥५१॥

॥ सो० ॥

लिषा हे सीतलदास महमद कृत अषरावती ।
ग्रथ केर एह नाम औ ममला आगे लिषव ॥
राम राम . . . .

विषय—'अ' से लेकर 'ह' तक प्रत्येक अक्षर पर कविता कर ब्रह्म ज्ञानोपदेश किया गया है।

विशेष ज्ञातव्य—रचना खडित है। सख्या १ तथा १८ से २० तक के पत्रे नही है।

रचयिता मलिक मुहम्मद जायसी है, जो अपने प्रसिद्ध ग्रथ पद्मावत के कारण **प्रसिद्ध** है। इन्होने अपने गुरु के सबध मे निम्नलिखित वर्णन किया है—

पा पायो मोहदी गुर मीठा । मौला पथ जो दरसन दीठा ॥
नाउ पियार सेष बुरहानू । कालपी नगर कहै अस्थानू ॥
औ उन दरस गोसैया क पावा । अलहदाद गुर तिन्है लषावा ॥
अलहदाद गुरु गुर सिद्धि नवेला । सयद महमद के वे चेला ॥
सयद महमद मँहदी साँचा । दानि भाल सिधि दीन्ही वाचा ॥
जुग जुग अमर हजरति ख्वाजे । हजरति नवी रसूल नेवाजे ॥
दानिआल तौ परगट कीन्ह । हजरति ख्वाज वि . . . . ।

यह वर्णन १३वे पत्रे मे है। आगे के पत्र लुप्त हो गए है। इसी रचना के साथ आगे इसी रचयिता की रचना 'ममला' भी है जिसका केवल एक ही पत्र उपलब्ध है।

संख्या २८७ख. पद्मावत, अखरावती, कहरानामा और मसला रचयिता—जायसी (मलिक मुहम्मद), (स्थान—जायस, रायबरेली), कागज—आधुनिक, पत्र—१२५, आकार—१३$\frac{4}{10}$ × ८$\frac{1}{4}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—३१, परिमाण (अनुष्टुप)—४६०२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० ९४७ हिजरी, प्राप्तिस्थान—श्री महंत गुरु प्रसाददास जी, स्थान व पोस्ट—बछरावाँ, जिला—रायबरेली।

आदि—श्री गणेशाय नम. लिष्यते पोथी पदुमावती काव्य मलिक मोहमद की मता निर्गुन भक्ति का राम श्री जगजीवन साहेब ॥

॥ चौपाई ॥

बरनौ आदि एक करतारू । जिन जिउ दीन कीन्ह ससारू ।
कीन्हिसि प्रथम जोति परगासू । कीन्हिसी परवत और कविलासू ॥
:o: .o o
सन नौ से संतालिस अहे । कथा अरभ बैन कवि कहे ॥
सिंघलदीप पदुमिनि रानी । रतन सेनि चित उर गढ आनी ॥
o .o' o

श्री गणेशाय नम. लिष्यते अखरावत मलिक मुहमद की वानी

॥ सोरठ ॥

साई के रानो वहो आघुरीकाया भरी ।
महमद रहा न ठाउ दूसर कहा समाइ अब ॥
आदिहि अंत सो एक गोशाई । जेइ सब षेल कीन दुनिआई ॥
तस कीन्हिसि जस जाइ न कहा । चोदा भुवन पूरि भरि रहा ॥
.o. o o.
तुम वह कहान मे वह कोई । जत कुछु है सब ठावहि सोई ॥
o. o' o.
सुनु चेला जस सब ससारू । वोहो भांति तू ज्ञान विचारू ॥
.o. o o

॥ अथ लिष्यते कहरानामा मलिक मुहमद जी का ॥

सुनहु मीत हौ कीरति बषानौ महाराज समहराई रे ।
कोई केवट होइ नाव चलावत कोऊ लाग कहराई रे ॥ १ ॥
कोऊ गुन धारि सीष पथ ढेले चने डोरि गहि षाचे रे ।
तीर तीर उथले सो पथा गहि रेते भल वाचे रे ॥ २ ॥

अंत—श्री गणेशाय नमः अथ लिख्यते मसलानामा मलिक मुहमद क

यह मन अलह त्रियाते लाई । जेहि का षाई तेहि का गाई ॥
बात बहुत जौ कहै बनाई । छूछ पछोरे उडि उडि जाई ॥
जीवन थोर बहुत उपहास । अधुरी ठकुरी पीढ वतास ॥
'o: o 'o.
होनहार सो होइ है बहुत किहे अभ्यास ।
जो राचा है ताग दम टूटहि ताग पचास ॥

इति श्री ममलानामा मलिक मुहमदक समाप्त ॥

विषय—पद्मावती । चित्तौर की रानी पद्मावती की कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

९ ४७
सन नौ से संतालीस अहे । कथा अरभ बैन कवि कहे ॥

अखरावत—गुरु चेला के सवाद से ब्रह्म ज्ञानोपदेश ।

कहरानामा—ज्ञानोपदेश वर्णन ।

मसलानामा—कहावतों का प्रयोग कर ज्ञानोपदेश किया गया है ।

संख्या २८७ग. मसला रचयिता—मलिक मुहम्मद जायसी (स्थान—जायस, रायबरेली), कागज—देशी, पत्र—१, आकार—८ ५/१० × ६ २/१० इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—१८, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—

यह मन अराह मिया सो राई ।
जिह की षाई तिहि की गाई ॥
बात बहुतक हे बनाई ।
छूछ पछार उडि उडि जाई ॥
जीजन थोर बहुत उपहाँस ।
अधरी ठकुरी पीठ वतांस ॥
तोरा अन्धाउ होसि का कोधी ।
बेलन कूदा गोने कादी ॥
पुन्य पाप ते कोउ न तरा ।
भूपी डाइनि तामस भरा ॥

॥ दोहा ॥

अब साँई सो नेह करु फेरि न यह सजोग ।
कोल्हू ते षरी उतरी भई बैल ही जोग ॥ १ ॥

॥ चौपाई ॥

निश्चै तोर रूप मे हेरा । आवे अब कि जाइ पवेरा ॥
विनसाई नहो और सोहाई । घर घिउ होतौ रूषा षाई ॥
सकहू कछु नेकी ले साथा । षाजा भात अडावा पाता ॥
आपु देष औरे सो सिषा । दे चारी परदेसहि भीष ॥
करिलै आजु अहे जो करना । धधा छाडि आषिर है मरना ॥
रूप निरंजन छाडि के माया देषि लोभान ।
कुत्ता चौक चटाइक चाकी चाटन जाइ ॥

अंत—

॥ चौ० ॥

जासो प्रेम सो धै धे परे । राज छाडि धुर विनिया करे ।
पढै वह परनेम न जाना । सौ गुलाम सूना षरिहाना ॥
विना प्रेम जो जीव निवाहा । सूने गाउ मश्रौव काहा ॥
प्रीतम प्रेम कोई कहै आना । धान का षेत पयारहि जाना ॥
पाँच भूत कोई सुमति न करै । सहजै राज जरो वै षरै ॥

॥ दो० ॥

बुधि विद्या के कटक मो हौ मै का विस्तार ।
जेहि घर सासु तरुणि है वहुवर कौन सिगार ॥

॥ चौ० ॥

अतर समुझु करसि का वठ । कालिहणी वणिया आजुहि सेठ ॥
करनी करहु रहह का वैसा । जिसकी लाठी तिसका भैंसा ॥
पुन्य पाप एक रूप न जानी । दूध क दूध पानी क पानी ॥
मागि लेहु चहहु कुछु मागा । रा .... ॥

:o: :o: :o:

विषय—मसलो अर्थात् कहावतो का वर्णन ।

संख्या २८८क. करखा, रचयिता—मलूकदास, कागज—देशी, पत्र—१३, आकार—$६\frac{२}{१०}$ × $६\frac{७}{१०}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१९, परिमाण (अनुष्टुप)—३२४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—डा० त्रिलोकीनारायण जी दीक्षित, प्राध्यापक (हिंदी विभाग), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—करषा
सरनि हो सरनि प्रभु सरनिदाता ।
भजन सुमिरन ग्यान ध्यान विग्यान जप जोग बैराग मन नहि समाता ।
नेम जम दया व्रत दान तीरथ क्रिया जनम गुन कर्म नहि नाम गैए ।
प्रेम परतीत विस्वास उ(?र) प्रीति नहि स्वय आनंद तुम्है केऊ रिझेए ।
प्रानमन वुधिचित अह जेउ आनमा तुम्हार प्रकास यतंनि होई ।
आपुही गहो परमान जब आपनो तुम्हरी क्रिपा तुम्है लहै सोई ।
मधं वाहर सकल राम रमिता अकल नेत कहि नेत जेहि वेद गावै ।
चलो आयो जुगै जुग वात निमान मी भगतनु को "मलूक" गायो ।।

अत—
आदमी का पित्त क्या है जिसका मैं कवित्तकरौ यदि करों उसको जिन्ह पैदा मुझे कीया है ।
गर्भवास पाला आतसमेन जार मुझे तिसको जो विसारो किस काम ऐसा जिया है ।
जानति इस दुने को जो दीनते वेदीन ते वदीन करै धाक ऐसे षाने जो ईमान वेचि लिया है ।
कहता "मलूक" मै विकाना हरि मूरति पर जेसके दीदार सो जुडाइ जाति हिया है ।।

विषय—ज्ञानोपदेश ।

सख्या २८८ख. ज्ञानपरोछि (? ज्ञानपरीक्षा), रचयिता—बाबा मलूकदास, कागज—देशी, पत्र—१०, आकार—$१०\frac{१}{४}$ × $६\frac{९}{१०}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १७८४ के लगभग, प्राप्तिस्थान—डा० त्रिलोकीनारायण जी दीक्षित, प्राध्यापक (हिंदी विभाग), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—राम मलूक सहाइ ।। लि. ग्यान परोछि ग्रथ सुभवकि

अथ दोहा

उपदेष्टा ईस्वर प्रभु श्री हरि परमानद ।
व्याप करन सब जगत के त नमामि पद वद ।।
सुनिए ग्रथ ग्यान कहि भषौ । सोई नाम ग्रथ को राषौ ।।
तामे मोछ तन सिर सार । साधु विचारै वारवार ।
वर्नाश्रम के धर्म जेते हित पहरि सतुष्ट ।
वैराग आदि सहजे भए साधन कहे चतुष्ट ।।

चतुर्थसाधन

ब्रह्मादि विभौ सब जेतो । और सकल लोकन में तेतो ।।
काक विस्टा सम लषि करै त्याग । सो कहिए निर्मल वैराग ।।
प्रभु को रूप सति कै जानै । जग परपच नास सो मानै ।।
एहि प्रकार की जाके टेक । ताको नाम जो कहियत विवेक ।।
त्याग वासनन को कर सोई सम परवान ।
इद्री को निग्रह करै सो दम निस्चै जान ।।
अत—जाका मन परपकु हे ग्यान जोग के माह ।
सो दाता है सिध को यामे भ्रम कछु नाह ।।
गुरदेवन के भगत जे सुलभ ताहि को होइ ।
कहे मलूका याको लहै ससै रहे न कोइ ।।
इति श्री ग्यान परोछि सपूर सुभमस्तु ।।

विषय—ज्ञानोपदेश ।

संख्या २८८ग. ज्ञानबोध, रचयिता—मलूकदास, कागज—देशी, पत्र—६०, आकार—६$\frac{९}{१०}$ × ६$\frac{७}{१०}$ इंच पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—१५३, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी और कैथी मिश्रित, प्राप्तिस्थान—डा० त्रिलोकीनारायण दीक्षित, प्राध्यापक (हिंदी विभाग) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—श्री रामजी सहाई ॥

धन धन पुरुष अलेष । जीन धरो नाना वेष ॥
जाकी माआ अगम अपार । शाहेब बडा सिरजन हार ॥
जाका वोर नही अत । गहीर गभीर है भवत ॥
पुरवै भगत जनके काम । दीन देआल राजाराम ॥
परमादीक (?ब्रह्मादीक) नया वही भेव । अगर अमर हही सुषदेव ॥
मोही शकल वीरज की नारी । अतो अनुप है कृस्न मुरारी ॥
जेलही बालको के साथ । आदी अनादी दीनानाथ ॥

अंत— **॥ दोहा ॥**

श्री गुर अंब्रित वचन सुनि भयो मिषि सुनि चैन ।
ह्रिदै ग्रंथि गई छूटि कै बोलेउ गदगद बैन ॥
महाराज तुव कृपाते विगत भयो संदेह ।
निजपन भै उदभै भयो जानो देह अदेह ॥
यह कही पुनि तुस्नी भयो मिषि संदेह नेवारि ।
स्री गुर हतुस्री भएछ सेषि तत्त विचार ॥
कहै मलूक को थाल लहै हरिगुन जलधि अगाध ।
कहो जथामति ग्यानबोध गुर गोविंद परसाद ॥

इति स्री ग्यानबोध वैराट वरन पनपचम वेस्राम लेषत दयालदास सेषे ५ मलूक ॥

विषय—भक्ति और ज्ञानोपदेश ।

विशेष ज्ञातव्य—इसके साथ निम्नलिखित रचनाएँ और है—

१ करखा—मलूकदास ।

२ प्रभुतारैदास गोष्टि—भैनदास ।

संख्या २८८घ. ज्ञानबोध, रचयिता—मलूकदास, कागज—देशी, पत्र—६०, आकार—७$\frac{३}{४}$ × ८$\frac{१}{२}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—१२१५, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, प्राप्तिस्थान—डा० त्रिलोकीनारायण दीक्षित, प्राध्यापक (हिंदी विभाग), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—श्री सतगुर सहाए ॥ पोथी ग्यान बोध कीत वावाजी बाबा मलुकदास जीव ॥

॥ दोहा ॥

हरी भगतन्ह के काज होत जुग जुग करी सहाए ।
सो सभ सेसन कही एकही कहो कछुक अब गाए ॥

रमेनी

भगत वछल सतन्ह सुषदाई । जन के दुष ने वारहु भाई ॥
जन के दुष आप दुह्य पावै । वाधा होइ तौ जाही छडावै ॥
वदी छोडी कौशन के वाना । शो तौ तीनलोक मो जाना ॥
जौ बालक पालै महतारी । तैशी रछा करही मुरारी ॥
हरके परान वशही जनमाही । गरुड वीशारी छडावही जाही ॥
जहां जहं परै शतन्ह के गाढा । जानौ राम काल के ठाढा ॥
राम राम परहलाद पुकारा । पीतही वाधी परवत शोडारा ॥

अंत— ॥ दोहा ॥

श्रीगुर अम्रित बचन मुनि भयो सिष सुन चैन ।
ह्रिदै गिथ गइ छूटकै बोल्यो गद गद बैन ।
महाराज तुम्र क्रिपाते विगत भयो सदेह ।
निज पन भयो उदै जानेव देह ग्रदेह ॥
यह कहि पुनि तुसन भए ग्रटके उपकम विचार ।
श्री गुर तुस्न भए सिष सदेह निवार ॥
कहि मलूक को थाह लहै हरागुन जलध ग्रगाध ।
कह्यो जथामत ज्ञान बोध गुन गोविंद परसाद ॥

इति श्री ज्ञानबोध बैराट स्वरूप वर्तन पचम विश्राम सपूरन परा मलू जी कीत

विषय—ज्ञानोपदेश और भक्ति ।

विशेष ज्ञातव्य—ग्रंथ मे रचयिता की साखियो, पदो और रमैनियो का सग्रह है ।

संख्या २८८ड ज्ञानबोध, रचयिता—मलूकदास, (स्थान—कडा मानिकपुर), कागज—देशी, पत्र—१०२, आकार—१०¾ × ६½० इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—२१६३, अपूर्ण (केवल प्रथम पत्र नही), रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी और नागरी, लिपिकाल—स० १७८४ वि०, प्राप्तिस्थान—डा० त्रिलोकी नारायण दीक्षित, प्राध्यापक (हिंदी विभाग), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—. . . . .

हरि भक्तन के काज हित जुग जुग करी सहाई ।
सो सिव सेसन कहि सकै कहौ कछुक अगाई ॥

॥ चौपाई ॥

भक्त वछल सतन सुदाई । जनका दुष नेवारहि भाई ॥
जनके दुष आपु दुष पाव । बाधाहोइ तौ जाइ छोडावै ॥
वदीछोड कृष्ण का बाना । सोतौ तीन लोक से जाना ॥
जेउ बालक पालै महतारी । तेसे रछ्या करहि मुरारी ॥
हरि. . न वसहि जनमाही । गरुर त्रिमारि छोडावन जाही ॥
जह जह परै भक्त को गाढा । जानहु राम कालिका ठाढा ॥
राम राम प्रहलाद पुकारा । पितै बाधि परवत तें डारा ॥
तातो वाउ न लागन पाई । उपरहि राषि लीन्ह रघुराई ॥
तव लै असुर षमते बाधा । काढे षरग फुलावै काधा ॥

अत—नारायन भगि आदिहो नारायन मधि प्राहि ।
नारायन रहिहै सदा नमो मलूका ताहि ॥
श्री गुन अबित वचन सुनि भयो सिष मन चैन ।
हिदै गथि गई छूटिकै वोलेउ गदगद बैन ॥
महाराज तुव कृपाते विगत भयो सदेह ।
निजपन भै उदमै भयो जानो देह अदेह ॥
यह कहि पुनि तुस्टी भयो अटको पम विचार ।
श्री गुरहु तुस्टी भए सिष सदेह निवारण ॥
कहै मलूक को थाह लहै हरिगुन जलधि अगाधि ।
कहो कथामति "ग्यान बोध' गुर गोबिद प्रसाद ॥

इति श्री ग्यान बोध बैराट वरनन पचम विश्राम ५ सपूरन सुभ मस्तु सवत १७८४ सतरहसै चौरासी वृति का आरभ करिया वार मगल वरि वदिमास असुनि ॥ सुदी नौमी वार मगल क लिषि सिधिभई जे मलूक ॥

विषय—भक्ति और ज्ञानोपदेश।

विशेष ज्ञातव्य—प्रस्तुत ग्रंथ के साथ निम्नलिखित रचनाएँ और है—

१ ज्ञान परोछि—मलूकदास ।
२ विभै विभूति—मलूकदास ।
३ सुखसागर—मलूकदास ।
४ ध्रुव चरित्र—मलूकदास ।
५ मयूरध्वज चरित—मलूकदास ।
६ परिचयि बाबा मलूकदास—मुथरादासकृत ।

संख्या २८८च. ध्रुवचरित्र, रचयिता—बाबा मलूकदास, कागज—देशी, पत्र—६, आकार—१०३/४ × ६७/८ इंच पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—१०५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी और कैथी मिश्रित, लिपिकाल—सं० १७८४ वि०, प्राप्तिस्थान—डा० त्रिलोकीनारायण दीक्षित, प्राध्यापक (हिंदी विभाग), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

आदि—राम मलूक सहाव। लिखित ध्रुवचरित्र सुभमस्तु।।

हरि समान नहि कोइ सोइ सुत जाणिए।
सतगुर रूप दयाल रूप सर्वग्य सवनि पर।
ईस गनेस महेस आदि पावत सवई वर।।
अंतरजामी सबन के करन करावन हार।
आदि भक्त ध्रुव को चरित कछु गाऊ सुमति विचार।। १।।
श्री नग्र उथान पाव राजा वडभागी।
जग्यदान व्रतनेम सदा हरिसो अनुरागी।।
द्वै रानी प्रिय तासु के सुरुचि सुनीता नाम।
उत्तिम कुंवर जायो सुरुचि ध्रुव सुनीत के धाम।।

अंत—ध्रुव चरित्र जो पढ़ सुने अरु हितसो गावै।
साधु संत भक्ति रस लवै कामना पुरावै।।
जोग साधि वैराग जप करि सब होइ निराम।
तीहु लोक ते जन चलै कहत मलूकादास।।

इति श्री ध्रुव चरित्र संपूरन सुभमस्तु।।

विषय—ध्रुव की कथा का वर्णन।

संख्या २८८छ भक्त बछावली, रचयिता—मलूकदास, कागज—देशी, पत्र—७, आकार—६ × ८ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—४६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८६६ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० रामलाल जी दुबे, ग्राम व पोस्ट०—दुबौली बाजार, जिला—बस्ती।

आदि—

. . . . सुखदाई। जनक दुष नेवारहु भाई।
जनक दुष आप दुष पावहि। बाधा होइ तौ जाइ छडावहि।
वंछीछोर कृष्ण को वाना। सो तो तीनि लोक मंह जाना।
जैसे वालक पालहि महतारी। तसो रक्षा करहि मुरारी।
हरि के प्राण वसै जन माही। गुरुउ विशाल छडावन जाही।
जह जह परे भक्त के गाढा। मानहु राम कानि के ठाढा।
राम नाम प्रहलाद पुकारा। गिना बाधि पर्वत ते डारा।
ताते घाव न लागे पाई। उपरहि राषि लीन जदुराई।
पुनि लै असुर खंभ लै बाधा। काटहि षर्ग फुलावहि काधा।

नरसिंह रूप तव धरा मुरारी । मारा असुर मिटा दुष भारी ।
पिता शे रूठि तपेश्या कीन्हा । अचल पद तव ध्रुव के दीन्हा ।
पांचो पडव जरन उवारे । वार न वार्काह हरि रषवारे ।।

अंत— दोहा

साधो तीनि लोक सव वंठ वाधे भला सलूक ।
गुरु गोविंद की कृपा ते भये मलूक मलूक ।
मलूका पापी पेड को सपनेहु जप तप होहि ।
भक्ति जो लिषा और को धोषे दीन्हो मोहि । २

इति श्री भक्त वछावली सपूरण । सवत् १८६६ ।

विषय—भक्त-भक्ति का वर्णन ।

संख्या २८८ज. मयूरध्वज चरित्र (मोरध्वज चरित्र), रचयिता—बाबा मलूकदास, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—१०$\frac{1}{4}$ × ६$\frac{3}{8}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१५, परिमाण (अनुष्टुप)—७५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी नागरी मिश्रित, लिपिकाल—सं० १७८४ वि०, प्राप्तिस्थान—डा० त्रिलोकीनारायण दीक्षित, प्राध्यापक (हिंदी विभाग), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—राम मलूक सहाय लिषित मयरधुज चरित्र ।।

सब परि पूरन काम राम दयाल हरि ।
सनकजन कहौ तुम्है तुम्है हौ विस्न महेसा ।
नारद सारद सेस विरचि सुक व्यास गनेसा ।
श्री गुर जी तुम ही सकल वदत हौ तुव पाए ।
भगत वछल रीति प्रीति कछु कहत है जन जस गाए ।। १ ।।
नौधा भगति प्रवीन मयरधुज है जो नरेसा ।
तासु पुत्र वड साधु तमरधुज अति वलवमा ।
सगर नगर नर नारि जे राम भक्ति लैलीन ।
सत टहल मरधा सुधा तन मन सो अधीन ।। २ ।।

अंत—कहत सुनत सुष होइ तुरित दुष दारिद नासै ।
अनिस्ट सकल छै जाइ हृदै हरि भगति प्रगासै ।
साधु सग तेहि होइ नित गुर चरनन करि ध्यान ।
दीनदयाल मलूक कहत है भगति वसि भगवान ।।

इति श्री मयरधुज चरित्र सपूरन सुभमस्तु ।।

विषय—राजा मोरध्वज की कथा का वर्णन ।

सख्या २८८झ. विभैविभूति, रचयिता—बाबा मलूकदास, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—१०$\frac{1}{4}$ × ६$\frac{5}{8}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—८७, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १७८४ वि०, प्राप्तिस्थान—डा० त्रिलोकीनारायण दीक्षित, प्राध्यापक (हिंदी विभाग), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—राम मलूक सहाय । लिषत विभै विभूति ।।

दोहा

निरकार अविनासी प्रनउ दुइ कर जोरि ।
जाकी सरनि सदा सुष भ्रमै नही मात मरि ।।
पार ब्रह्म की अकथ कहानी । समुझ सकहि नहि पडित ग्यानी ।।
भजै अननि जो त्यागे आसा । भाउ समान लहै विस्वासा ।।
सहित कामना सुमिरे कोई । सोईछा ताको प्रभु होई ।।

सोई जैसे पगति रिषि मुनी जनको । बूझि लेइ तिन तैन कमन की ।।
विस्न सतोगुन राजस ब्रह्मा । सिव तामस गुनबौ मनि कर्मा ।।
सनक सनबन, आदिक साधू । हरि को मारग कहत अगाधू ।।
वेषन कहन सुनन ते न्यारा । अंतर वाहेर पोषनिहारा ।।
सकल त्यागि ऐसो प्रभु ध्यावै । हरि समान महिमा सो पावै ।।

अंत--
ऐसे हरि को जोजन वांदत । ताजन को मन सदा अनंदिता ।।
विजन होइन हो सकामा । हरि को सइ जाइ हरि धामा ।।
पावै पद निर्वान सो जीवन मुक्ति रिसाल ।
हरि सग हरि उरमे रहै हरि तेहि सदा दयाल ।।
विभौ विभूति समाजय सकलतत्व को सार ।
कहै मलूक हरिचरन भजि लहै सो अपरपार ।।

इति श्री विभं विभूति सपूरन सुभ मस्तु ।। राम मलूक सहाय

विषय--भगवत् विभव का वर्णन ।

संख्या २८८ञ् सुखसागर, रचयिता--बाबा मलूकदास, कागज--देशी, पत्र--८८, आकार--१०$\frac{3}{4}$ × ६$\frac{3}{4}$ इन्च, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--१५, परिमाण (अनुष्टुप)--१६५०, पूर्ण, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, लिपिकाल--सं० १७८४ वि०, प्राप्तिस्थान--डा० त्रिलोकीनारायण जी दीक्षित, प्राध्यापक (हिंदी विभाग), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

आदि--राम मलूक सहाइ लिषत सुष सागर
आदि परम गुर सति सरूप । सेवा भगति दीप नहि धूप ।।
विधि निषेद को नाहो मान । अपना आपुहि करे वषान ।।
निरगुन गुन नह तीन भा उपरम गुर गन कहै ।
महा विस्न जह लीन महा ब्रह्म अरु महासिव ।।
कारन परम कहे गुर भले । परम तत परम गुन मिले ।।
परम तत निबेद न कीजे ? कारन परम गहे विधि लीजे ।।
परम अस्टाग गुन भेद वने जेऊ । अनादि भेद वेदात केहतेऊ ।।
परम तत परम गुन मेल । परम गुरु अपरपर षेल ।।
परम तत के नाम कहे गुन । कारन परम जानि राष उर ।।
अपरम पर कछु जानि न जाई । गति अविगति कहा समाई ।।

अंत---
सुनि सरूप अकास कहाही । काल चक्र गति तह कछु नाही ।।
सुछिम काल वरनि नहि जाई । सुनि असुनि सब तहा समाई ।।
सबद सरूपी एकम एक । अकल कलागति अलष अलेष ।।
हरि अनादि गति अविगति निर्गुन सगुन प्रमान ।
भगत के हितकारी प्रगटत प्रीति समान ।।
अनत कोटि ब्रह्मड धरि सब विधि प्रत आस ।
जानै अपनी आपु गति कहत मलूकादास ।।

इति श्री सुष सागर सपुरण सुभमस्तु ।।

विषय--भगवत की लीलाओं का वर्णन ।

संख्या २८६ नवरत्नमाला, रचयिता--मणिकानाथ, कागज--देशी, पत्र--४१, आकार--१० × ६$\frac{3}{4}$ इन्च, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)--१२, परिमाण--(अनुष्टुप) ११०७, खडित, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, प्राप्तिस्थान--पं० दयाराम जी दुबे, ग्राम--माहपुर, पोस्ट--पर्वतपुर, जिला--सुलतानपुर ।

आदि—श्री गणेशाय नम. ॥

नमामि गज वत्क च सर्व विघ्नो प्रशायते ।
ससार दु:ख नाशाय शरीर हितकारिण ॥ १ ॥
अनेक शास्त्र संबध क्रियते देश भाषया ।
गोविदस्यात्मजे नारमल्लिनाथेन मत्तश. ॥ २ ॥

टीका

पथम गणेश ननस्का॰ क्रियते चि॰॰॰ ॥ सर्व विघ्नेनाशती ॥ जे शरीराशि आरोग्य लागो ॥ अनेक शास्त्रे देखो वि प्राकृत भाषा जे बोलऊ ॥ जे बालका मुर्खासि बुद्धि होय ॥ वात स्वरू पित्त स्वरूपी कफ स्वरू उपदेश होय ॥

चिकित्सा रस तैलाढ्य चूर्ण वाजि कुतूहले ।
गधवाद्वय सत्र वात प्रमिहत वैद्यक ॥ ३ ॥
एव नवरत्नमाला बालोपदेश कारण ।
हृदरत बरान्येषा नाना प्रथार्थ भाषण ॥ ४ ॥

टीका

प्रथम चिकित्सा १ तैल २ आढ्ये ३ चूर्ण ४ वाजीकरण ५ कुतूहल ६ गधवाह ७ मत्रवाद ८ धातुर्वाद ६ ॥ हे नवरत्नाजि जावे ॥

अत—

टीका

भारवाहीत्याचीनाड मूर्छा न होय ।
भयागासावशाका पामा व मूर्छा गत होय ॥ ६ ॥
.०॰ ॰ .०

इति श्री गोविदात्मज मल्लिनाथ विरचिते सर्व शास्त्र सग्रह नवरत्न मालाख्ये चिकित्सा प्रकरण नाडि परोक्षा समाप्त ॥

प्रथमरत्न समाप्त. ॥६॥ श्री गणेशायनम ॥ ॥ श्री सिद्धेश्वर प्रसन ॥ श्रीनारायण

विषय—आयुर्वेद विषय का वर्णन किया गया है । इसमें चिकित्सा, तैल, आढ्ये, चूर्ण, वाजीकरण, कुतूहल, गधवाद, धातुर्वाद और मत्रवाद नाम से नौ विषयों का बृहद् वर्णन है ।

संख्या २६०क अरस आशिक विनय, रचयिता—महा आनद साह, कागज—आधुनिक सफेद, पत्र—१७, आकार—८$\frac{1}{10}$ × ६$\frac{1}{2}$ इञ्च, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—२५५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—मु० देवनारायण जी श्रीवास्तव, ग्राम—रामपुर टढेई, डाक०—शिवरतनगज, जिला—रायबरेली ।

आदि—सति साई की दया ॥ सत्य सतगुर की दया ॥ सतगुर समरथ साई मोहन महबूब आदि पुरुष की चरन बदगी बार बार ॥ अरस आशिक विनय ॥ भाषते सतगुर समरथ महा आनन्द साह लिखते आशिक अन्नन माह ॥

बानी

सोक सदेह मिटि जाय आनीम की सरन जो शीश नवावै ।
सदा सतमग के रग मे जो रहे नाम की आस करि जो जुडावै ।
नितै गुर गुफा जो सुरति गुजा कर नाद अनहद तो सभुहि पावै ।
भँवर ज्यो पुहुप तजि जात अन्तै नही काम की आस तेही पास भावै ।
महा आनद लघु मुरक मोहन ईश जो सकल आनीश के शीश छावै ॥

अत—

अजरील जबलील बतावै ।
बेचून की राह भुलावै ॥
पीर मोहम्मद को गोहरावै ।
असी लाख पगमबर गावै ॥

ईद बकरीद का पढ़ै दुगाना ।
मरे बुत का पूजा ठाना ।।
जुमेराति का नेनिकर

·o· ·o :o·

—अपूर्ण

विषय—ज्ञानोपदेश वर्णन ।

संख्या २९०ख अरन आशिक विनय, रचयिता—महा आनंदशाह, कागज—आधुनिक, पत्र—१६, आकार—८ $\frac{3}{8}$ × ५ $\frac{1}{2}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१५६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—मुंशी देवनारायण श्रीवास्तव, ग्राम—रामपुर टढ़ई, डाक०—शिवरतनगंज, जिला—रायबरेली ।

आदि—सति साई की दाया ।। सत्य सतगुरु की दाया सतगुर समरथ साई मोहनदास महबूब आदि पुरुष की चरन वंदगी वार वार ।। अरम आशिक विनी (?) ।। भाषते सतगुर समरथ महा आनंदसाह ।। दसषत लिख्यते आशिक भगीरथ साह ।। सत्य साई की चरन वंदगी ।। दसषत लिखा ।।

शोक सन्देह मिटिजाय आनीश को ईश की शरन जो शीश नावैं ।
सदा सतसंग के रंग मे जो रहै नाम की ग्राम सों जुडावैं ।
नितै गुर गुफा जो सुरति गुंजा करे नाद औ अनहद तो समझि पावैं ।
भँवर ज्यो पुहुप तजि जात अंत नहीं आस की आस तेहि पास आवैं ।
महा आनंद नख मुश्क मोहन ईश जा सकल आनीश के शीश छावैं ।। १ ।।
तनु के माजि निह तत्त् वासा करै मिलै गुरुदेव तो भेव भावैं ।
नाम आराधना सुरति सुर साधना मिटै अंधकार उजियार आवैं ।
आपसे आपना देखु दीदारि भरि अगम औ निगम जेहि भेद गावैं ।
महा अनंद सुख सिंधु मोहन मनि वा दीप नेनन देखावैं ।। २ ।।

अंत—सुरति चढाये शीश सच्चिदानंद निहार ।
धरि गुर मारग ध्यान गगन पर आसन मारे ।
करि तुरिया भवन निवास दास जहाँ सन्त विचारे ।
महा आनंद मोहन सिन्धु वुन्द जिय तहाँ सिधारे ।। ५४ ।।
सतगुर दीनानाथ दयाजेन पर करौ ।
हरौ विषय तन सूल कम कर सिर धरो ।।
अधमोचन प्रभु का नाम धाम तुम्हरो बडो ।
महा आनन्द करत पुकार मुश्क मोहन द्वारा परो ।।५५।।

विषय—भक्ति और ज्ञान वर्णन ।

संख्या २९१ नीति सदोह, रचयिता—महादेव (स्थान—सहिजादपुर), कागज—देशी, पत्र—३२, आकार—६ × ८।। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—५७६, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १९२४ वि०, लिपिकाल—सं० १९३७ वि० ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ।। अथ नीति सदोह लिख्यते ।।

दोहा

लंवोदर दामोदर गिह वंदो सूर सदोह ।
वंदि असुर गुरु गुर विदुर रचौ नीति सदोह । १
हैकत करम अधीन और वुद्धि करम अनुसारि ।
तौभि सुजन जो कछु करे काज अकाज विचारि । २

जतन करै तो धन मिलै दैव अधीन न होइ ।
कारज सिद्ध न जतन करि तौ तेहि दोष न कोइ । ३
जतन करै कारज सरै किये मनोरथ नाहि ।
कबहु न सोवत सिंह के मुख मे मृगा समाहि । ४
करम पराक्रम सम होऊ घट बढ क्यो कहिजाइ ।
तौभि पौरुषी जस लहे अजस लहै अलसाइ । ५
आलसवस सरवस नसै हँसै उसै पुनि लोग ।
आलस तजि धरि धीर करु निज भरसक उद्योग । ६
मनुषन तनमे बसे आलस शत्रु महान ।
उद्यम सम भाई नही करत अमित दुख हान । ७

अंत—'महादेव' मतिमद ह्वै रच्यौ नीति सदोह ।
नहि अचरज जो पै कियो कृष्ण कृपा सदोह ।।४६६
.o. .o. .o
महादेव वह ग्रथ कै बीन बीन के भाव ।
दोहा छदहि मे धरयौ कछु निज युक्ति प्रभाव ।४६८
.o o .o
उनइस से चौबीस के मान मास भादोह ।
बदी द्वादशी मे भयो पूरण 'नीति सदोह' ।४७०
सोरह कोश प्रयाग से पश्चिम गगा तीर ।
वसत ग्राम सहिजादपुर महादेव धरि धीर ।४७१
.o .o o
अनुमति लै श्री कृष्ण की छपवायो प्रिय ग्रथ ।
लिख्यो ये राधाकृष्ण ने राजधर्म को पथ ।४७३

इति श्री मत्कृष्ण कृपा पात्र क्षत्री वशोदभव मदनगोपालात्मज महादेव कृत नीति सदोह सपूर्णम । सवत् १६३७ ।।

विषय—नीति सबधी उपदेशो का वर्णन ।

सख्या २६२. शृगार शतक (?), रचयिता—महेश, कागज—देशी, पत्र—११, आकार—६।। × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—२६४, अपूर्ण (खडित), रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री प० जगप्रसाद जी पाडेय, ग्राम—कुरेडीह, डाक०—रानीगज, जिला—प्रतापगढ ।

आदि— .मदधुनि किकिनी की औरे सरसाई है ।
गोरे गोल कोमल कपोल पै प्रस्वेद कन बुद से सुधा के ठरै कैसी छवि छाई है ।
छूटी लट कुच पै सुदेति शोभा असी मानो शशि पै गिरीश ही के नागिनि चढाई है ।।१४।।
पुन. । आयो ऋतुराज सग साजिकै समाज ऐसो कैमे कै बटोही बाट बाट भटकत है ।
भौंरनि की गुजनि सुकोकिल की कलख सुनिकै 'महेश' हिय बीच खटकत है ।
कौन ऐसो हितू कहै ब्रज को हवाल जाय आय आय जिय अधरात खटकत है ।
सुमन अनार कचनार झूमि झूमि झूमि डारन ते मानो ह्वै अगारे लटकत हैं ।१५।।
कूलन मै कुज मै कछारन मै जहा देखो फूले है पलास मजु सुमन सोसायो है ।
भौरन की भीर ठौर ठौर गूजि गूजि उठै कूकि उठै कोकिल करेज वरसायो है ।
ऐसी समय सोष या सयानी लीजै सबै अग अग योवन 'महेश' सरसायो है ।
मदन दोहाई कोई मान मति कीजो भाई कुँवर कन्हाई सो वसत ऋतु आयो है ।।१६।।
पुन: । वनन मे बेलिन मै कुजन लतानन मै कहत वनै न छवि छाई है उछाह की ।
पिक मै पलास मै अनार कचनारन मै बगरै विलोकिये निकाई राह राह की ।

ऐसी समय आवना 'महेश जू' विदेशै कहूं जाव तो बतावो भला मेरेहू पनाह की ।
गुजनन भौंर अरु कोकिल न कूकत पे वजत बधाई है बसत पातशाह की ।१७।।

अंत—

वह मद गयद की चाल चलै सु महाउत मैन की हूलन मे ।
सड़कै जनु साकडे की पग मे छवि यो दहरात दुकूलन मे ।
तन तो नथुनी मे लोभाय रह्यो मन झूलै बुलाक की झूलन मै ।
अति लोचन लालची मेरे 'महेश जू' डूबि गयो रस कूलन मै।।१००।।

पुनः

चुप ह्वैहै चुरी तो 'महेश' भले भुज राखिहो डारि गरे कसिकै ।
सब भूषण आज मनाय लेहों हिय हार हमेल हिये लसिकै ।
करिहै कहा लाज कहा करिये सब काज विगारत है वसिकै ।
गहियो छिन मौन यो जागती है विनती करै पायल सो हसिकै।।१०१।।

कवित्त

सोहत सुरग सारी मोतिन किनारी जडी सौरभ तरग उठै अगन तेवारीहै ।
कहत 'महेश' बार बार बलिहारी तेरी चद पै अनद है

—अपूर्ण

विषय—शृगार काव्य ।

संख्या २६३क जीवगति, रचयिता—मातादीन शुक्ल, निवासस्थान—अजगरा ग्राम (प्रतापगढ), कागज—देशी, पत्र—३, आकार—१० × ४। इच, पक्ति (प्रति पष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—५८, पूर्ण (खडित), रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६१० वि०, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—श्री गणेशाय नम अथ जीवगति

दोहा

राम सकल गुन धाम के करि कर जोरि प्रनाम ।
जीवन्ह की कछु . लिषे पुरान गुन ग्राम । १
अहकार मति ते भयो पुरुष देह मो कर्म ।
सोहकार अनादि है माया भव जय भर्म । २
सदा ब्रह्म छाया जुत सोय । तपत लोह गोलक सम होय ।
सो मिलि देह चेतना पावै । अह जीव ए.. . ।
ताहि हेतु एह भव ससार । अहकार वस दुष सुष भार ।
निर्विकार आतमा ध्रुव आहि । मिथ्या . . . . . ।
. . . .

—खडित

अंत—

काल पास सव भय छन माहीं । वूझेह वात कहत कछु नाही ।
पास हाथ जम दूतन देषी । अतुल भीत तव लहत विसेषी ।
दसन नयन नष केस विसाला । महिष रूढ वहु भाति कराला ।
कोटिन्ह जतन करत सव कोई । छन मह जीव हरत जन सोई ।
भौतिक देह छाडि वहु पीरा । करि प्रवेश जातना सरीरा ।
व्याकुल चलत अन्त जल छोडे । तदपि दूत मारत तन कोडे ।
जात जीव सव छाडि अनाथा । पाप पुन्य दुष सुष प्रद साथा ।।

दोहा

सहस उन लछि जोजनौ पथ जात जम पाहि ।
दूत वाधि लेइ जात है तीनि मुहूरत माहि ।

इति जीव गति ।

माधो तारो दीन नर सुनो कुसल का देर ।
सब प्रभुता को पद गन्यो ढरयो अरज पगनेर । १
एक एक अछर पढ़ै एक एक तजि देइ ।
या दोहा मो नाम कुल देस ग्राम लषि लेइ । २

संवत १६१०

विषय—जीवगति वर्णन ।

संख्या २६३ख ज्ञान दोहावली, रचयिता—मातादीन शुक्ल, निवासस्थान—अजगरा (प्रतापगढ़), कागज—देशी, पत्र—८, आकार—८॥ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, प्रकाशित हो चुका है, जग बहादुरीय यंत्रालय बलरामपुर द्वारा, परिमाण (अनुष्टुप)—१०४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १६०३ वि०, मुद्रणकाल—सं० १६२२ वि०, प्राप्तिस्थान—राज पुस्तकालय, जिला प्रतापगढ़, प्रतापगढ़ ।

आदि—श्री गणेशाय नम अथ ज्ञान दोहावली लिख्यते ॥

दोहा

माधो तारो दीन नर सुनो कुशल का देर ।
सब प्रभुता को पद गन्यो ढरयो अरज पगनेर ।

अथ ईश्वर गति ॥

रन वन व्याधि विपत्ति मो वृथा डरै जनि कोय ।
जो रक्षक जननी जठर सो हरि गयो न सोय । १
मनुज विविधि भेषज करत व्याधि न छाडत साथ ।
खग मृग बसत अरोग्य जन हरि अनाथ के नाथ । २
जो जाके बस मो परै तासो कहा बसाय ।
ताको सुख दुख देन मो ईश्वर एक सहाय । ३
बात बहत रवि तपत घन बरषत तरु फल देतु ।
इच्छा ते जेहि ईश की करहू नाहि ते हेतु । ४
जाकी रक्षा जाहि विधि हरि तसी मति देत ।
दै चपेट बडवाल करहि लरकहि गोद सब लेत । ५
हरि इच्छा कहु दोष गुन गुनै दोष कहु होय ।
अगिनि दाह जिमि शरदहि जिमि जवास घन जोय । ६

अंत—एक एक अक्षर पढ़ै एक एक तजि देय ।
आदिहि दोहा नाम कुल देश ग्राम लषि लेय ।१६
सम्वत एक सहस सहित नव सै तीनि समेत ।
रची ज्ञान दोहावली चैत पचमी श्वेत ।१७

इति ज्ञान दोहावली समाप्ता सम्वत १६२२

विषय—भक्ति तथा ज्ञानोपदेश वर्णन ।

रचनाकाल

सम्वत एक सहस सहित नव सै तीनि समेत ।
रची ज्ञान दोहावली चैत पचमी श्वेत ।१७

संख्या २६३ग ज्ञान दोहावली, रचयिता—मातादीन शुक्ल, निवासस्थान—अजगरा ग्राम (प्रतापगढ़), कागज—देशी, पत्र—१३, आकार—९ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ से प्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)—६८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १६०३ वि०, मुद्रणकाल—सं० १६३१ वि०, प्राप्तिस्थान—पं० शिवमूर्ति दुबे ग्राम—सोनारी, डा०—बरसठी, जिला—जौनपुर ।

आदि—ज्ञान दोहावली श्री महाव् अजीत सिंह साहेब ने श्रीमत्सुकुल मातादीन से बनवा कर स्थानग लखनऊ मतवग्र नवलकिशोर में छपवाया संवत् १९३१ श्री गणेशाय नमः अथ ज्ञान दोहावली लिख्यते ।

दोहा

माधो तारो दीन नर सुनो कुशल का देर ।
सब प्रभुता को पद गन्यो ढग्यो अरज पगनेर ॥

अथ ईश्वर गति

रन बन व्याधि विपत्ति मो वृथा डरै जनि कोय ।
जो रक्षक जननी जठर सो हरि गयो न खोय १
मनुज विविधि भेषज करत व्याधि न छाडत साथ
खग मृग बसत अरोग्य बन हरि अनाथ के नाथ २
जो जाके वश मो परै तासो कहा वशाय
ताको सुख दुख देत मो ईश्वर एक सहाय ३
बात बहत रवि तपन घन बरषत तरु फल देतु
इच्छा ते जेहि ईश को करहु ताहि तं हेतु ४
जाकी रक्षा जाहि विधि हरि तैसी मति देत
दै चपेट वह बालकहिं लघुहि गोद सब लेत ५
हरि इच्छा वह दोष गुन गुनै दोष कहु होय
अगिन दाह जिमि शरप तहि जिमि जवास घन तोय ६

अंत—गुन अवगुन तस लखि परै जस जासों मन लीन
कमल मुदित रवि तापहूँ निरखि सुधाकर दीन १४
पुत्र चीन्हिये वट्ठई दुर्दिन परे कलत्र
काज परे सबको लखिय विपति चीन्हिये मित्र १५
एक एक अक्षर पडे एक एक तजि देय
आदिहि दोहा नाम कुल देश ग्राम लखि लेय १६
संवत् एक सहस सहित नव सै तीनि समेत
रचो ज्ञान दोहावली चैत पंचमी श्वेत १७

इति ज्ञान दोहावली समाप्ता प्र० आषाढ वदी ५

गति	ईश्वग	कालग	दानग	कर्मग	स्वभावग	नीग	६
दो०	१२	८	१०	६	१९	१७	७२

विरहानल ज्वाल तें बाल बेहाल सुनो तेहि काल जो हाल करी
लिखि शेश महेश हुताशन श्वेन निशाचर पूजन ध्यान धरी
सुनिकै कछु और धपी गरुड भस्मासुर वारिध व्याधि हरी
कहि दीन प्रवीन मो अर्थ कर जिनकी जग मो अतिवृद्धि खरी

इति संवत १९३१ लिखितये नागर ब्राह्मण मुरलीधर शुभ भूयात्

विषय—ज्ञानोपदेश वर्णन ।

रचनाकाल

संवत एक सहस सहित नव सै तीनि समेत ।
रचो ज्ञान दोहावली चैत पंचमी श्वेत ॥१७॥

संख्या २६३ख. नानार्थ नव सग्रहावली, रचयिता—मातादीन शुक्ल, निवासस्थान—ग्राम–अजमरा (प्रतापगढ), कागज—देशी, पत्र—५, आकार—६ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ से प्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)—३८, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, मुद्रणकाल—सं० १६३१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० शिवमूरति जी दुबे, ग्राम–सोनाई, डाक०–बरमेठी, जिला–जौनपुर ।

आदि—

....................नूर ६ रन १० ॥

१ २ ३
दानि बरको अन्न घर को पूर चद को शरन
४ ५ ७
बांक नाम को देवधाम को शब्द गध को हरन
८ ६ १०
पापि जन कह जात तन बर कौन है कह मरन
तीनि अच्छर को कह्यौ कवि सकल उत्तर करन ८४
२० २
करन काह नष्ट को कहत वरन शिव वाचक को है
३
आखर कवन प्रसिद्ध बचन निषेध कर जो है
४ ५
नाथ साथ को रहत कवन इन्द्रिन को नायक
६ ७
को जात्रा को नाम कवन थल हर सुखदायक
८
करि बिचार चित मो धरहु काह सकल बल को शामन
उत्तर करण कहि दीन यह कसन सर तन भग मन ८५
गम नाग १ म २ न ३ गन ४ मन ५ गमन ६ नग ७ गमन ८ मग न ६

अथ पहेली

देह रहित मनसिज नही कन्या सुत नहि व्यास ।
भूत नही लागै सबहि बुड़ते होइ निरास ८६ जाड़ा
यह अचरज कहि दीन लखि द्वोय स्वभाय द्वोय भाय ।
बोलय एक नहाय कै एक ताप बतलाय ८७ नगारा

अंत— कसेरी

माधो तारो दीन नर सुनो कुशल का देर
सब प्रभुता को पद गन्यो ठरयो अरज पग नेर १००
एक एक अच्छर पढे एक एक तजि देय
यह दोहा ये नाम कुल देश ग्राम लखि लेय १०१
सेवर साज बराबक चावरी मूगवरी रिकवों छवि सारैं
काँद परो रघुई तोरई कद्दू साग भया कटहार को टारैं
खोआ औ खाँड खराब करैं दधि दूध महो लहि कौन विचारैं
दीन सुधारि अरारि को दारि द्वै चारि जौ आमि टिकोरहि डारैं १०२

इति नानार्थ नव सग्रहावली सपूर्णम सवत १६३१ मिती वैशाख शुक्ला ५ लिखतं नागर ब्राह्मण मुरलीधर शुभम्

विषय—दृष्टिकूट, पहेली तथा अन्य अनेक अर्थयुक्त पदो का सग्रह ।

संख्या २६३ड. रस सारिणी, रचयिता—मातादीन शुक्ल, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—६३/४ × ४३/४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—१३६, अपूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ रस सारिणी लिष्यते ॥

॥ दोहा ॥

मदन कदन सुत गज वदन विघ्न हरन जन पाल।
एक रदन गुनगन सदन पाहि बाल ससि भाल ॥ १ ॥
उदाहरन संक्षेप तें जासों बढ़ै न ग्रंथ।
बाल हेत रस सारिणी भाषा करी सुग्रंथ ॥ २ ॥

॥ अथ नवरस ॥

रस शृंगार अरु हास्य कहि करुणा रौद्र अरु वीर।
भयानक बीभत्स पुनि अद्‌भुत शांतहि धीर ॥ ३ ॥

॥ उदाहरन ॥

लक्ष्मी लषि लोभी जोई हसत निगम को पेष।
शोक करत मष पशुन्हसो क्रोधो क्षत्रिन्ह देषि ॥ ४ ॥
पुलकित लषि रावनँहि रथ बधि चोराय अति भीत।
म्लेच्छ रुधिर जुत छिति वसन सो सहाय पट पीत ॥ ५ ॥
रस प्रधान शृंगार है कहौं भेद कछु तासु।
आलंबन उद्दीपनो द्वय विभाव है जासु ॥ ६ ॥
रस उपजै आलंब जेहि आलंबन सौ विभाव।
उद्दीपन सौ विभाव है जो रस रुचिहि बढाव ॥ ७ ॥

अंत— शठ लछन

कोटिन कपट उपाय करि रमैका नायिका साथ।
चतुर व्याज विधि सो तिन्है शठ भाषत कविनाथ ॥८६॥
सकल अचार रहित अभय उपपति नायक होय।
वेश्याभोग रसिक सदा वैसिक जानहु सोय ॥ ६ ॥
उत्तम मध्यम अधम ए वशिक तीनि प्रकार।
उतम जानहु करहि जो कुपित नारि उपचार ॥१०॥

॥ अथ विरह की दस अवस्था ॥

अभिलाषा चिंता स्मरन गुन कीर्तन उदवेग।
कहि प्रलाप उन्माद रुज जडता निधन अनेग ॥१०॥

॥ अथ आठौ सात्विक भाव ॥

स्तंभ स्वेद रोमांच स्वरभंग कंप जो जानि।
विवरन आसू प्रलय वसु ८ सात्विक भाव बषानि ॥१०१॥
निंदक दुर्जनजद.... . ...

:o: :o: :o:

—अपूर्ण

विषय—नवरस और नायिकाभेद का संक्षेप में वर्णन।

संख्या २६३च. रस सारिणी, रचयिता—मातादीन शुक्ल, निवास स्थान—अजगरा (प्रतापगढ), कागज—देशी, पत्र—११, आकार—६॥ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, जंग बहादुरसिंह यंत्रालय, बलरामपुर से प्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)—१४३, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १९०३ वि०, मुद्रणकाल—सं० १९२२ वि०, प्राप्तिस्थान—राज पुस्तकालय, किला प्रतापगढ, जिला-प्रतापगढ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥ दोहा ॥

मदन कदन सुत गजवदन बिघ्न हरन जन पाल ।
एक रदन गुन गन सदन पाहि बाल शशि भाल । १
उदाहरन सक्षेप अति बढै न जाते ग्रथ ।
बाल हेतु रस सारिणी भाषा रची सुपथ । २

अथ नवरसा ॥

रस शृंगार अरु हास्य कहि करुणा रौद्र पुनि वीर ।
भयानको वीभत्स पुनि अद्भुत शातहि धीर । ३

॥ उदाहरन ॥

लक्ष्मी लखि लोभा जोई हसत निगम को पेखि ।

मध्य—शोक भरत भख पशुन्ह को क्रोधित क्षत्रिय देखि । ४
पुलकित रत लखि रावनहि दधि चोराय अति भीत ।
म्लेच्छ रुधिर जुत क्षिति दशन सो सहाय पटपीत । ५
रस प्रधान शृंगार है कहौं भेद कछु तासु ।
आलबन उद्दीपनो है विभाव द्वै जासु । ६
रस उपजै आलबन जेहि आलबन सु विभाव ।
सो विभाव उद्दीपनो जो रस रुचिहि बढाव । ७
नायिकादि आलवनो उद्दीपन रितु माल ।
प्रियजन भूषन काव्य वन विधु चदन स्वर ताल । ८

अंत—

अथ विरह की दश अवस्था

अभिलाषा चिन्ता स्मरन गुन कीर्तन उद्वेग ।
अरु प्रलाप उन्माद रुज जडता निधन अनेग ।९९
निदक दरजन जदपि है तदपि दशा नहि योग ।
पशु खर शूकर हरन भय कृष्ण तजत नहि कोय ।१००
एक सहस नव से त्रिजुत सवत मिति वदि ज्येठ ।
तेरसि तिथि शनि दिन रचो रस सारिणी सुश्रेष्ठ ।१०१
माधो तारो दीन नर सुनो कुशल का देर ।
सब प्रभुता को पद गन्यो हरयो अरज पगनेर ।१०२
एक एक अक्षर पढै एक एक तजि देय ।
या दोहा मो नाम कुल देश ग्राम लखि लेय ।१०३

इति रस सारिणी पूर्तिमगात्. . . . सम्वत् १९२२ ॥

विषय—नवरस विशेषकर शृंगाररस का वर्णन ।

रचनाकाल

एक सहस नव सै त्रिजुत सवत मिति वदि ज्येष्ठ ।
तेरसि तिथि शनि दिन रची रस सारिणी सुश्रेष्ठ ।१०१

सख्या २६३छ रस सारिणी, रचयिता—मातादीन शुक्ल, निवासस्थान—अजगरा (प्रतापगढ), कागज—देशी, पत्र—१९, आकार—८ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ से प्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)—१६८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १९०३ वि०, लिपिकाल—स० १९३१ वि०, प्राप्तिस्थान—प० शिवमूरति दुबे, ग्राम—मोनाटे, डाक०—बरसठी, जिला—जौनपुर ।

आदि— रस सारिणी

श्री मद्बाबू अजीत सिह साहेब ने श्रीमत्सुकुल मातादीन से बनवाकर स्थान लखनऊ मुंशी नवलकिशोर के यत्रालय में छपवाया सवत् १९३१

श्री गणेशाय नमः दोहा

मदन कदन सुत गज बदन विघ्न हरन जन पाल
एक रदन गुन गन सदन पाहि बाल शशि भाल १
उदाहरन सक्षेप अति जाते बढ़ै न ग्रथ
बाल हेतु रस सारिणी भाषा रची सुपथ २

अथ नवरसा

रस शृगार अरु हास्य कहि करुण रौद्र पुनि वीर
भयानको वीभत्स लहि अदभुत शातहि धीर ३

उदाहरन

लक्ष्मी लखि लोभी जोई हसत निगम का पेखि
शोक करत मख पशुन्ह का क्रोधित क्षत्रि न देखि ४
पुलकित रन लखि रावनहि रुधि चोराय अति भीत
म्लेच्छ रुधिर जुत क्षिति दशन सो सहाय पटपीत ५
रस प्रधान शृगार हे कहो भेद कछु तासु
आलवन उद्दीपनो हे विभाव द्वै जासु ६
रस उपजै आलब जेहि आलवन सुविभाव
सो विभाव उद्दीपनो जो रस रुचिहि बढाव ७
नायकादि आलबनो उद्दीपन ऋतु माल
प्रिय जन भूषन काव्य बन विधु चन्दन स्वरताल ८

अथ विरह की दश अवस्था ।।

अभिलाषा चिन्ता मरन गुन कीतन उद्वेग
अरु प्रलाप उन्माद रुज जड़ता मिलन अनग ९९
निदक दुरजन जदपि है तदपि कहा नहि गाय
पशु खर शूकर चरनभय वृथा तजन नहिं दोय १००
एक सहस्र नव से त्रिजुत सवत मिति वदि ज्येष्ठ
तेरसि तिथि शनि दिन रची रस सारिणी सुश्रेष्ठ १०१
माधो तारो दीन नर सुनो कुशल का देर
सब प्रभुता को पद गयो ढरयो अरज पगफेर १०२
एक एक अक्षर पढ एक एक तजि देय
या दोहा मो नाम कुल देश ग्राम लखि लेय १०३

इति रस सारिणी पूर्तिमगात् आषाढ वदी १३ सवत् १९३१
विषय—नवरसो एव उनके भेदाभेद का वर्णन ।

रचनाकाल

एक सहस नव से त्रिजुत सवत मिति वदि जेठ
तेरसि तिथि शनि दिन रची रस सारिणी सुश्रेष्ठ १०१

सख्या २९३ज. राम गीताष्टक, रचयिता—मातादीन शुक्ल, निवासस्थान—अजगरा (प्रतापगढ), कागज—देशी, पत्र—७, आकार—८॥ × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, जग बहादुरीय यत्रालय, बलरामपुर से प्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)—९१, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, मुद्रणकाल—१९०२ वि०, प्राप्तिस्थान—राज पुस्तकालय, किला प्रतापगढ, प्रतापगढ़ ।

आदि—ईश्वर की दया सें यह अपूर्व ग्रथ राम गीताष्टक नामक श्री ५ महाराज अजीत सिह साहेब ने श्री मत्सुकुल मातादीन से बनवा कर नगर बलरामपुर मे जगबहादुरीय यत्रालय मे. . .छपवाया सम्वत् १९२२ श्री गणेशाय नमः अथ राम गीताष्टक लिप्यते ।। ।। सोरठी रागे ।।

रघुवर प्रेम कसे बनि आवै ।
जब निज तन सुधरन नर तन धरि सो सपनेहु नहि भावै । १
सहन शील सतोष दया हरि भजन भलो श्रुति गावै ।
कोह क्रूरता द्रोह मोह तन पोह नही मन धावै । २
ठवर अवर दिशि गमन अवर दिशि कवन भवन पहुँचावै ।
निज अचरज विपरीत देखि एह रीति भीति सतावै । ३
नयन कोन मम आर निरखि सुनिके निहोर अपनावै ।
कौतुक तोर मोर न थोर हित अब प्रभु ओर न लावै । ४
अममजस सब भाँति पाप करि दाप ताप तिहुँ तावै ।
श्री रघुनाथ अनाथ नाथ बिनु को हिय तपनि बुझावै । ५
विषय लीन मति हीन दीन की बिगरी कवन बनावै ।
अगुन गीध गृह गज गनिका गति सुनि भरोस दृढ आवै । ६

अत—

हे मन मरत नाहक धाय ।
दुख हरन सुख करन रघुवर चरन सरन विहाय
विषय आशा फाग फसि इत उतहि जनम गवाय
रोग शोग वियोग व्याकुल भोग योग न आय । २
काज कछुक न सरत शठ हठ करत पुनि बिललाय ।
निलज लजत न नेकु फिरि फिरि गाइ गीतहि गाय । ३
पाप करत न डरत हरिहर पट तरत बवराय ।
कहाँ सनि कहँ आस कन कर धरत जो वहि जाय । ४
करव कछुकन तरव जातन सरव सुख अधिकाय ।
हाल धलआ देह माँह कहै नाजि तोरि विकाय । ५
अबहि ते अकुलान ग जम जातना नियराय ।
फस्यो वृक बिनु मेढ पाये पाल पहुको आय । ६
उचित शम दाम दान जप तप निगम आगम गाय ।
आपु सम सब लोक जानहु सहज शोक नसाय । ७
अजहु भल है भजहु चित दै तजहुँ जग की वाय ।
दीन जानि स्वतीन करिहै कहुँ कोशल राय । ८

इति सम्वत १९२२ आषाढ लिखितय राम गीता ॥

विषय—भक्ति तथा आत्मप्रबोध वर्णन ।

संख्या २६३क राम गीताष्टक, रचयिता—मातादीन शुक्ल, स्थान—अजगरा (प्रतापगढ), कागज—देशी, पत्र—११, आकार—६ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—८८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १९३१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० शिवमूर्ति दुबे, ग्राम—मोनाई, डाक०—बरसेठी, जिला—जौनपुर ।

आदि—रामगीताष्टक श्री महाराज आजीत सिंह साहेब ने श्रीमसुकुल मातादीन से बनवा-कर मुंशी नवलकिशोर प्रेस के यन्त्रालय में छपवाया ।

संवत् १९२१

श्री गणेशाय नम ॥ अथ रामगीताष्टक लिख्यते ॥
रघुवर प्रेम कैसे बनिआवे
जब निज तन सुधरत जन तनधरि सो सपनेहुँ नहि भाव १
सहनशील संतोष दया हरिभजन भलो श्रुति गावै
कोह क्रूरता द्रोह मोहतन पोह नहीं मनधावै २
ठवर अवर दिशि गमन अवर दिशि कवन भवन पहुँचावै
निज अचरज बिपरीत देखि एह रीति सतावै ३

नयन कोन मम ओर निरखि सुनिकै निहोर अपनावै
कौतुक तोर मोर न थोर हित अब प्रभु भोर न लखै ४
असमजस सब भाँति पापकरि दाप ताप तिहुँ तावै
श्री रघुनाथ अनाथ नाथ विनु को हिय तपनि बुझावै ५

अंत—हे मन मरत नाहक धाय
दुखहरन सुख करन रघुवर चरन सरन विहाय
विषय आसा फास फँसि इत उतहि जनम गँवाय
रोग शोग वियोग व्याकुल भोग योग न आय २
काज कछुक न सरत शठहठ करत पुनि चित लाय
निलज लजत न नेकु फिरि फिरि गाइ गोर्ताह गाय ३
पाप करत न डरत हरिहर पट तर ववराय
कहाँ मनिकन ओस क न कर धरत जो बहिजाय ४
करव कछुकन तरव जाचत सरव सुख अधिकाय
हाल घलुआ देंह मोहि कहै नौजि तोर विकाय ५
अर्बाह ते अकुलात गैजम जात नौ नियराय
फरयो वृक विनु मेढ खाये पाल पहुँचो आय ६
उचित शम दम दान जप तप निगम आगम गाय
आप सम सव लोक जानहु सहज शोक नशाय ७
अजहुं भलहै भजहु चितहै तजहु जग की वाय
दीन जान खलीन करिहै कवहुँ कोशल राय ८

इति संवत् १९३१ लि० ना० मुरलीधर

विषय—भक्ति एव ज्ञानोपदेश वर्णन ।

संख्या २९३ञ रामायण माला, रचयिता—मातादीन शुक्ल, निवासस्थान—अजगरा (प्रतापगढ), कागज—देशी, पत्र—२३, आकार—९×५॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ से प्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)—१७४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १९९६ वि०, मुद्रणकाल—स० १९३१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० शिवमूरति जी दुबे, ग्राम—मोनाई, डाक०—अमेठी, जिला—जौनपुर ।

आदि—यह अपूर्व ग्रथ रामायण माला नामक श्री ५ मद्दाव् अजीत सिह साहेव ने श्री मत्सुकुल मातादीन से बनवाकर स्थान लखनऊ मतवअ मुशी नवलकिशोर मे छपवाया संवत १९३१

श्री गोपाल चरन सरन विघ्न हरन हिय आनि
हरिगुन गन वरनन करो होय सकल अघहानि

चौपाई

मधु शुचि ग्रह तिथि अदिति वलीना दशरथ गृह नर तन हरि लीना
घर घर बाजे अनद वधाये अमित दान महि देवन्ह पाये

दोहा

कौशल्या के राम सुत भरत केकई जात
लछुमन अरु शत्रुघ्न द्वौ लहो सुमित्रा मात
रामचंद्र अरु लखन तें वाढी प्रीति अपार
भरत अवर शत्रुघ्न तें पिड भाग अनुसार

चौपाई

कछु दिन मह मुनि साथ सिधारे मारग मध्य ताडुका मारे
कौशिक मख रक्षा करि हेतू असुरन वध्यो भानकुलकेतू
गौतम नारि तारि रघुनाथा मिथिलापुर पहुँचे मुनि साथा
भव धनु भंजि विवाह्यो सीता परशुराम कर मद अपनीता

दोहा

जनक सुता पट वरष को पंचदश राम
करि विवाह आए अवध चतुर वध संग वाम

चौपाई

बारह वरस बसत पुरवासा राजदेव की परी प्रतीता
भरत मात [illegible] वर नृप ते लीना
चौदह वरस राम बन रहही भरत नरेश सिंहासन लहही
सुनि पितु वचन चले बन रामा संग भये लछिमन अरु वामा

अंत——राम राज करि दश सहस वरिस सिया छिति लीन
उदासीन ह्वै समय लखि राज तनय कह दीन
चतुर सुतन्ह आठौ दिशन्ह जथा उचित दै राज
निज पद गये विमान चढ़ि रघुपति सहित समाज
उत्पति विस्तर कथा जत रामायन वहु ग्रंथ
वरिस मास तिथि उक्ति है या सो अधिक सुपंथ
अवतारन के भेद ते कथा भेद वहु होय
सकल सत्य निज निज [illegible] शंका करे न कोय
लघु विशाल सो भेद नहि वस्तु भली जौ होय
यद्यपि पत्तण बडे [illegible] आम्र तजत नही कोय
जोजन चारि प्रयाग ते उत्तर अजगर ग्राम
ता सुइनहु अवधते दक्षिन जह मम धाम
माधो [illegible] दीन [illegible] कुशल [illegible] देर
[illegible] नेर
[illegible] देय
या दोहा सो नाम [illegible] लखि लेय
अट्ठारह [illegible] मिति वैशाख
रामायन माला [illegible] सित पाष

इति श्री रामायन माला संपूर्णम ।।

विषय——[illegible] ।

[illegible]

अट्ठारह स [illegible] संवत मिति वशाख
रामायन माला रची [illegible] सित पाष

विशेष ज्ञातव्य——[illegible] तथा अयोध्या से आठ योजन दक्षिण स्थित है । [illegible] की रचना [illegible] थी ।

प्रस्तुत ग्रंथ [illegible] लिखा गया है ।

प्रस्तुत ग्रं[illegible] तथा [illegible] नव संग्रहावली [illegible] है ।

संख्या २६३ट [illegible] माला, [illegible]——[illegible], निवासस्थान——अजग[illegible] (प्रतापगढ़), कागज——देशी, [illegible] पंक्ति (प्रति पृष्ठ)——१३, [illegible] परिमाण (अनुष्टुप्)——७०८, पूर्ण, रूप——प्राचीन [illegible], लिपि——नागरी, [illegible] लिपिकाल——सं० १९२० वि०, प्राप्तिस्थान——[illegible] ।

आदि——।। श्री गणेशाय नमः ।। अथ रामायण माला ।।

:

॥ दोहा ॥

श्री गोपाल चरन सरन विघ्न हरन हिय आनि ।
हरि गुन गन वरनन करो होय सकल अघ हानि ॥

चौपाई

मघ शुचि ग्रह तिथि अदिति वलीना   दशरथ गृह नर तन हरि लीना ।
घर घर बाजे अनद बधाए   अमित धन महि देवन पाए ।

दोहा

कौशल्या के रामसुत भरत केकई जात ।
लछुमन अरु शत्रुघ्न द्वौ लहो सुमित्रा मात ।
रामचद्र अरु लखन ते बाढी प्रीति अपार ।
भरत अवर शत्रुघ्न तें पिड भाग अनुसार ।

चौपाई

कछु दिन मह मुनि साथ सिधारे   मारग मध्य ताड़ुकहि मारे ।
कौशिक मख रक्षा करि हेतू   असुरन्ह वध्यौ भानु कुल केतू ।
गौतम नारि तारि रघुनाथा   मिथिलापुर पहुँचे मुनि साथा ।
भव सुनु भजि विवाह्यो सीता   परशुराम कर मद अपनीता ।

दोहा

जनक सुना षट वरिष की वरष पचदश राम
करि विवाह आए अवध चतुरवधु सग वाम ।
अत——नव सै छासठि वरस करि जनक सुता वनवास ।
पुत्र जुगल दै राम कह महि मिलि कीन निवास ।
राम राज करि दश सहस वरिस सिया छिति लीन ।
उदासीन ह्वै सकल लखि राज तनय कह दीन ।
चतुर सुतन्ह आठौ दिशन्ह जथा उचित दै राज ।
निज पद गयो विमान चढि रघुपति सहित समाज ।
जद्यपि विस्तर कथा जुत रामायण बहु ग्रथ ।
वरिन साम्य [illegible] उचित है या मो अधिक सुपंथ ॥
अवतारन्ह के भेद ते कथा भेद वहु होय ।
सकल सत्य निज निज विषय शका करै न कोय ।
लघु विशाल मो भेद नहि बस्तु भली जौ होय ।
जद्यपि पनस वडे वडे आम्र तजत नहि कोय ।
जोजन चारि प्रयाग ते उत्तर अजगरा ग्राम ।
तासु दून है अवध त दछिन जह मम धाम ।
माधो तारो दीन नर सुनी कुशल का देर ।
सव प्रभुता को [illegible] गन्यो ढरचो अरज पग नेर ।
एक एक अछर पढै एक एक तजि देय ।
या दोहा मो नाम कुल देश ग्राम लषि लेय ।
अट्ठारह सै छानवे सवत मिति वैशाख ।
रामायन माला रची एकादशि सिति पाख ।

इति श्री रामायन माला शपूर्णम ॥
विषय——रामचरित्र वर्णन ।

रचनाकाल

अट्ठारह सै छानवे सवत मिति वैशाख ।
रामायन माला रची एकादशि सिति पाख ॥

संख्या २६३८. रामायण भाषा, रचयिता—माधोदीन शुक्ल, निवासस्थान—अजगरा (प्रतापगढ़), कागज—देशी, पत्र—११, आकार—१०×६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप्)—१५४, अपूर्ण (खंडित) रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—उन्नीसवीं शती, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी (दाता—श्री पं० शीतलाराम त्रिपाठी, ग्राम व डाक—अजगरा, रानीगंज, जिला-प्रतापगढ़) ।

आदि—

पुर पहुचे मुनि साथा ।
सब धनु भंज किन्हेउ सीता । परसुराम का मद अपनीता ।

दोहा

जनक सुता षट बरिस की बरिस पंच दश राम ।
करि बिवाह आयो अवध चतुर बधु संग बाम ।

चौपाई

बारह बरिस बसत पुर बीता । राज देन की परी प्रतीता ।
भरत मात विधि बस बुधि हरना । कठिन जुगल बर नृप ते लीना ।
चौदह बरिस राम बन रहही । भरत नरेश सिंहासन लहही ।
सुनि पितु वचन चले बन रामा । संग भये लछमन अरु बामा ।
बरिश अठारह की रहि सीता । सत्ताइस के राम पुनीता ।

दोहा

तीनि दिवस जलपान करि चउथ दिवस फल खाय ।
शृंगबेर गंगा उतरि भारद्वाज पहँ जाय ।
चित्रकूट पचये दिन गयेऊ । नहि गिरि दशन बहुत दिन भयेऊ ।

दोहा

फिरि सुमंत पुर गति ते पहुंचे अवध मलीन ।
अति बेहाल सुत बिरह बस दशरथ तन तजि दीन ॥

अंत—जब से चौपाई ... लगि जनक सुता बरवास ।
पुत्र जन्म द्वै राम कहं गहि मिलि कीनि निवास ।
राम राज करि दश सहस बरिस सिद्ध किनि तीन ।
उदासीन होय समय लखि राजतनय कहं दीन ।
चतुर सुतन्ह आठो दिशन जथा उचित है राज ।
निज पद गयो विमान चढ़ि रघुपति सहित समाज ।
जद्यपि विस्तर कथाजुत रामायन बहु ग्रंथ ।
बरिस मास तिथि उक्ति है यासो अधिक सुपंथ ।
अवतारन्ह के भेद ते कथा भेद बहु होय ।
सकल सत्य निज निज विषय शंका करहु न कोय ।
जोजन चारि प्रयाग ते उत्तर अजगरा ग्राम ।
तासु दून है अवध ते दक्षिन जहं मम धाम ।
माधो तारो दीन नर सुनो कृपाल का देर ।
सब प्रभुता को पद मत्यो हरचो अरज पगनेर ।
एक एक अक्षर पढ़ एक एक तजि देय ।
या दोहा सो नाम कुल देस ग्राम लखि लेय ।
अठारह

. ।

—अपूर्ण

विषय—रामकथा वर्णन ।

संख्या २६४ भगवत गीता (भाषा), रचयिता—माधव, कागज—देशी, पत्र—६८, आकार—९ X ४॥ इंच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—७१४, अपूर्ण (खंडित), रूप—प्राचीन (जीर्णशीर्ण), पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री प० गुरु प्रसाद जी, ग्राम—धरमपुर, डाक०—परशुरामपुर, जिला—बस्ती ।

आदि—

.... ..भगवत गीता भव डारिनि धोई ।

दोहा

बंदौ व्यास बिसाल बुधि फुलित कमल अधियान ।
भारत रूपी तैल महू धारयौ दीपक ग्यान । २
तोत्र बेद कर कल्पतरु दास ते मुद्रा ज्ञान ।
दुहनहार गीता अमृत तव नमामि भगवान । ३
सर्व उपनिषध गाइ अरु दुहनहार जदुबीर ।
अर्जुन बच्छ सुभोगता ज्ञानी गीता छीर । ४

सोरठा

सुत बसुदेव मुरारि कंस और चडूर रिपु ।
देवकि आनद कारि नमो जगत गुरु कृष्न जू । ५

सवैया

भीषम द्रोण तटाजल जयद्रथ कोरु जहा नरसीरुह जानो ।
रवल्प सुग्राह कृपा बरधार तहा करन मरजाद प्रमानो ।
अस्वस्थाम बिकमकर दुर्जोधन व्यागर्नियो जिय जानो ।
सो उतरे निश्चै करि पाडव असे नदी हरि केवट जानो । ६

० ०. ०:

दोहा

गंगा बोल बचन वर पग चढ गिरिवृद ।
जास कृपा तेहि बदिए 'माधव' परमानद ।

० ०. ०

श्री कृष्णार्जुन सवादे अर्जुन विषादो नाम प्रथमोध्याय ।

अंत—दोष सहित निज धर्म लषि रहे न क्योहु त्यागि ।
दोष भरे आरभ सब धूम सहित ज्यो आगि ।४८
बुद्धि लगावै कहु नही जीते मन तजि आस ।
परम सिद्धि निःकर्म की पावै करि सन्यास ।४९
सिद्धि पाइ परब्रह्म को जैसे पावे सार ।
कहौ सुनौ सक्षेप सो नेष्टा ज्ञान विचार ।५०
जक्त रहे बधि सुद्ध सो धीरज सो मन धारि ।
सब्द आदि विषया तजै राग द्वेष को मारि ।५१
एकातहि लघु असन करि वाक काय मन जीति ।
ध्यान जोग ततपर सदा यह विराग की नीति ।५२
क्रोध काम वल दर्प अरु त्यागि देइ अतमेइ ।
ममता तजि निरमल रहै सांति ब्रह्म मे तेई ।५३
ब्रह्म पाइ परसन्न मन सोच करै नहि चाह ।
सब जीवन को सम लषै पावै भक्ति प्रवाह ।५४

विषय—गीता का भाषानुवाद ।

संख्या २६५. मदालसा, रचयिता—माधवदास कायस्थ—देशी, पत्र—८०, आकार—६॥ × ४॥ इंच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—११०५, पूर्ण रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १७५८ वि०, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी (दाता—श्री पं० रघुनंदन पांडेय, ग्राम—चांदि, डाक—अमेठी, जिला—मुलतानपुर)।

आदि—श्री गणेशाय नम श्री सरस्वत्याय नम श्री रामाय नम ॥ अथ मदालसा लिख्यते ॥

> इह इतिहास को मन म भाया ॥ जसो जो कछु कहिवो आयो ॥
> अब गाऊ मदालसा कहानी । सारा अवतरन तास समाना । १
> सो मारकंडेय पुरान म गायो । जउन पिता अपना समझायो ।
> येक भयो नर है ह वंश माही । सज्जन सा छाना नाही । २
> ताके जुरिविधुज भयो कुवारा । सर्व अति प्रवीण शस्त्र कु सभारा ।
> सो क्रीड़न फिर अहन प्रकारा । जसा बाबा हाड़ राय हारा । ३
> अनेक राजपुत्रन के माही । खेलत रितिधुज चिता नाही । २
> देखि तिनकी क्रीडा निवारा । आय दोउ नाग नाग कुवारा । ४
> होइ ब्राह्मण रूप सुजाना । सजि सिगार तरुण वय बाना ।
> बैठे रिपिवृज निकट ज आई । तिनका मान दिया अधिकाई । ५
> जानि विप्र सुर पूजा ठानी । सरधा अति प्रीति प्रवानी ।
> यो प्रातकाल उठि खबर आवहि । स रा समय निज धाम सिधावहि । ६

अंत—

> इह जु मारकंडे पुराना । ताके तीन छंद परिमाना ।
> ताके तीन खंड मझारा । कह्यो मदालसा चरित्र उदारा । ४
> सो इह प्राकृत करि गायो । जब दूजन मरा चित भ्रमायो ।
> जे चित कु स्वभाव सिरजनहारा । ता पावै कम जात पसारा ।
> जो पुतरी कु बाजीगर नमावै । ता मटको कसे बेनहि पावै ।
> नही तरधोवा कहा बखाना । कैसे जाग्र अधिरल लाला । ६
> भोगीन में भोगी सिरदारा । सो कहा जोग को नहि विचारा ।
> जानि अजानि कछु कह्यो विचारी । अब हरि भरि चूक निवारी । ७
> ज्यो २ नचावे रामजी त्यो नाच माधौ दासा ।
> श्री दामोदर के सिष को राम तुमारा आस । ८ ।

इति श्री मदालसा कथा संपूर्न समाप्ता   सं० १७५८ ॥

विषय—रानी मदालसा की कथा का वर्णन।

विशेष ज्ञातव्य—प्रस्तुत ग्रंथ मारकंडेय पुराण के तीन खंडों में मदालसा चरित्र का पद्यानुवाद है जिसे रचयिता ने "सो इह प्राकृत करि गायो" में गाया हुआ बताया है।

संख्या २६६. शृंगार लतिका (सटीक), रचयिता—मानसिंह द्विज देव (राजा मान सिंह, अयोध्या नरेश), निवासस्थान—अयोध्या, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—८॥ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—२००, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, गद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्रीमान महाराज कुमार सदन, अयोध्या।

आदि—श्री शृंगार लतिका अवतरण ॥ बागजेबे को कारण ॥

दोहा

> सुनत सलोनी बात यह तन मन सबै भुलाय ।
> रितुपति के दरसन हित बाढ़ो उर में चाय । ८

टीका

अब सत की अवाई जानिके देखिबे की अभिलाषा जनावै है। यह सलोनी बात के सुनते ही तन मन भुलाय कै रितुपति के दरसन के हेतु उर में चाय कहे आनंद बाढ्यो।

लटपटी पाग सिर सोहत उनीद नैन 'द्विज देव' ज्यों त्यों कै संभारत सवै वदन ।
षुलि षुलि जाते पट वायु के झकोर भुजा डुलि डुलि जाती अति आतुरी सो छनछना ।
ह्वै कै अवतार मनोरथ ही के रथ पर 'द्विजदेव' होत अति आनद मगन मन ।
सूने भए तन कछु सुनेई सुमन लषि सूनी सी दिसान लख्यौ सूनेई गवनन ।
चहकि चकोर उठे सोर करि भोर उठ बोलि ठोर ठोर उठे कोकिल सुहावने ।
षिलि उठी एकै वार कलिका अपार हिलि हिलि उठे मारुत सुगध सरसावने ।
पलक न लागी अनुरागी इन नैनन पै पलटि गये धौं के तरु मन भावने ।

टीका

ता समै लटपटी पाग को सिर मे साजत कहे वाधत उनीदे अगन सो ज्यौं त्यौं . तदपि वधु आसाने अरु कछु सिथिल अग आपने वस नाहि हे पै उर रस की लालसा सौं ज्यौं त्यौं करि चलाई ।

अत—
नित नाहक मोहि षिझायो करै वह पानि अजौं न मिटी उर तें ।
वसि आपु विदेस रहे सजनी हरि वीस विसे यह दीन्ही सिषै ।
'द्विज देव जू' कीजे कहा उपचार विचारत ही दिन वीतें सवै ।
नित मो मुषचद मलीन करै यह कारि कारी कुहू कुहू कै ।
प्रति पद जामे होत ध्यान राधा माधव को ।
पढत सुनत चित गलत जाहि उर रहै न भव को ।
रसमय अति सुषदानि रसिक जन सो सुषमा मानी ।
निज मति को अनुमानि जानि रचि दीन्हो वानी ।
'द्विज देव' सींचि मधु वैन सों कियो जासु परकास भुअ ।
सुभ ता सिगार लतिका विषे द्वितिय सुमन अवतार हुअ ।

शुभम् भूयात ॥

विषय—कृष्ण भक्ति विषय वर्णन ।

संख्या २६७ फलित भाषा, रचयिता—माया विप्र (स्थान—गगटा ग्राम), कागज—देशी पत्र—११, आकार—१३॥। × ७॥। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—१५४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—१८६२ वि० (?), लिपिकाल—१६१५ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० महादेव प्रसाद जी मिश्र, ग्राम—मिसरवलिया, डाक०—रुद्रनगर, जिला—बस्ती ।

आदि—श्री गणेशाय नम ॥ अथ फलति भाषा लिष्यते ॥

दोहा

राम सिया सकर उमा विनय धरा कर जोरि ।
वालक हित भाषा कथौ वुद्धि देहु अति थोरि । १
ससकृत छहलै कहौ फलित ग्रथ से आनि ।
छमिहै वुध परहि समुझि स्वारथ पर जिय जानि । २
लघु सग्रह विस्तार नहि कार्जेन्ह के असलोक ।
'माया विप्र' भाषाकरत सकल हितारथ लोक । ३

अथ राशि विचार

चौपाई

आला मेष ओवा वृष माना । काहा मिथुन भने वुध जाना ।
जाहा कर्कतिह भाटा पुनि । पाटा कन्या तुला राजा सुनि ।
नौजा वृश्चिक भाद्याधन । षाधा मकर गोशा कुम्भ सुन ।
रावा मीन राशि वर हौहे । 'माया विप्र' वुध पूछि कहौहै ।

अथ चद्रमा विचार

चौपाई

आदि चद्र [illegible] अति [illegible] । [illegible] चद्र बहुत मन भरता ।
[illegible] [illegible] कर [illegible] । पचए ज्ञान छठयें सपति लहै ।
[illegible] राज [illegible] [illegible] । अठए [illegible] काल लै आवे ।
नवए दश धर्म [illegible] मन कारज । [illegible] [illegible] [illegible] हारज ।

[illegible]

अपने [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] मे लीन ।
[illegible] [illegible] ने [illegible] [illegible] मान जन [illegible] प्रवीन ।

अंत—

अथ [illegible] [illegible] विचार

[illegible]

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] चामुन अक करीहै ।
[illegible] [illegible] [illegible] एक [illegible] [illegible] [illegible] दिसि जानु परीहै ।
[illegible] जो [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है अति [illegible] [illegible] रिहै ।
'[illegible]' [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] कर प्रगट [illegible] [illegible] ।

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] रहा प्रभानु ।
पोष [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] लोग ।
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ग्रह जोग ।
'[illegible]' [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है [illegible] ।
'[illegible]' [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ।

इति श्री [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥

विषय—[illegible]

[illegible]

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] रहा प्रभान ।

संख्या [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]—देशी, पत्र—१५, आकार—[illegible] × [illegible] [illegible] [illegible] [illegible], परिमाण (अनुष्टुप)—[illegible], [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—

बल कृष्ण [illegible] तु [illegible] बढाती
सालम [illegible] [illegible] [illegible] के बढा काम बनाता :
बदाम [illegible] हरदम [illegible] मुख बदन [illegible] ज्याता ५
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] दीया [illegible] आव ·
माजू [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] लगाव ६
पाव [illegible] के [illegible] [illegible] ने [illegible] [illegible] [illegible]
आठ आना के [illegible] [illegible] है [illegible] दाम ये [illegible]

अंत—मीत [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] नहीं [illegible]
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] सुगीत
मत [illegible] पत [illegible] पीया जो याही जगत की रीति
याही जगत की [illegible] [illegible] लीजिये
मेर [illegible] [illegible] पर [illegible] अध [illegible] दीजिये
मालीराम न [illegible] बनाया मनस्यु बात उपाइ

सुणी न आप्या देषी जोसकु साची कर दरसाई
म्हर हुइ सुरसत माता की रगत नइ बणाइ ६

इति ख्याल वीणजार को सपूरणम ।।

विषय—पश्चिम देश के एक व्यापारी का वर्णन है जो व्यापार करने चला था पर एक सुंदरी ने उसे अपने रूप जाल में फंसाकर अपना दास बना लिया।

बंजारे का ख्याल वर्णन।

संख्या २९८ख ख्याल जोरी का, रचयिता—मालीराम, कागज—देशी, पत्र—९, आकार—७॥ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—१४४, अपूर्ण, रूप—प्राचीन (जीर्णशीर्ण), पद्य, लिपि—कैथी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि—श्री गणेशाय नम ।। अथ जोगी को ख्याल लीषते टेर :
आये म्हे मो त्यारा व्योपारी जी मो त्यारो करा वीहार :

दोहा

सुरसत सुमरु गजानदम गणपत लगु पाय
लीक्ष्मीनाथ बाव मेरी सुण हरदम कर सहाय
उसतादा की करा बदगी वीद्या दई सिषाय १
मोती पाच चरका ....

।। रेषता ।।

तुह वावला नाहक सोगन षाव मेर रूप को देष के तेरी भुप रीज :
मेरा नाव सरना आव इत सहम हनइ रूठ बेल षवर पाउ लाज :
जोरी मान कना कहु फायद की मुषडा टषु नर्का नही आर कीजे
कीती वार हुई निहोरा काम लीहरु पीया रोक लेवो मोती आप दीजे

।। मदान जुरी को ।।

मोती नथ क वीच पुराय दुआ मुरका माल पडा लगनाय देरी
रुपीया दील चयेजद भेजर फेर काम पड तो दुकान तेरी
कीती नार आव मेरा नाव सुन के मन मोदा दील चाये जसा देष तेरी
मालीराम कहता येता नाम कहना घुघट दुर कर देया अरज हमारी

अंत—रागी रह राग वीन की सो जु वरषा वीन मोर
रग सु मोक देना वो वीन साजी क जोर
दारु वीना सेज फीकी ज वीना अधेर चोर
वीना अधेर चोर जोर चलता नही
तु जलदी आ सो ल्याव तुम नाद कही १०
. आसोम ल्यावो दोसत पेआवा चल नारी
कर करन मा सेज हो गइ कही न्होरी . माली राम
.... ।

—अपूर्ण

विषय—जोडी को ख्याल। पुरुष स्त्री का वाद विवाद।

संख्या २९९क. समरसार रचयिता—मिहिर, कागज—देशी, पत्र—११, आकार—६१⁄१० × ४६⁄१० इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—८८, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—पं० दयाराम जी दुबे, ग्राम—साहपुर, डाक—पर्वतपुर, जिला—सुलतानपुर।

आदि——श्री गणेशाय नम ॥ अथ समरसार भाषाया लिख्यते ॥
उर्धगनिअंग अन्तर राशि लिए कवित नियति निश रेषा ।
चारि वृशूल न पूरब क विधि रेप लिष रवि रिछ विशेषा ।
चन्द्र वृशूल न मध्य मिल पुर सर्वश ले हरि एक निमेषा ।
आठ विंब कवि जाट का मग ह शार हमे पुर हारत देषा ॥
प्राम नछत्रहि आदि गन गनि तारतेइ नहि तिनिनै भाजै ।
जागत गाउ रहै यक तीन का शेष विचक्षण डाक मा शाजै ।
शोवत जम्म रह पुर नायक नारि शभागन अगना लाजै ।
शर्बम लेय भली विधि शो रिपु के शिर उपर गाज अश गाजै ॥
अन——दिनश शिक्ष आदि दैक शाक रिक्ष लै नमै ।
नगादि शेष मर तौ विपक्ष होय पलायनो ।
दि शुन्य शेष जानो चतुर्गुण चोवाशिते ।
मगशेष साखिवो सो छोडि आवना अनी ॥२१॥
इति श्री समरसार भाषाया [illegible] लिख्यते छन्द शवैया ॥ २५ ॥ इति जाग्र चक्रम ॥१५१॥

विषय——समर [illegible] वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य——यह नाम [illegible] में प्रयुक्त हुआ है——

'चतुर्घार' चतुरस्त्र लिख पूर्वादि तिथि नछत्र पुनि सात ।
शान दक्षादि मास मान [illegible] मध्य वेदा गुणवर ।
हर शनि शशि गुरु नग शर [illegible] कुज बुध करि जाहर ।
'मिहिर' कहहि तिथि वार दिशि रिक्ष मिलै एक ठाव तुर ।
ताहि धार [illegible] करि प्रवेश धावे चतुर ॥ १ ॥
[illegible]

संख्या २८८ग्र [illegible], कागज——देशी, पत्र——४, आकार [illegible] × [illegible] भाषा (गद्यपद्य)——३२, अपूर्ण, रूप——प्राचीन [illegible] स्थान——प० प्राणदत्त ओझा, ग्राम [illegible] ।

आदि——श्री गणेशाय नम ॥
उक्ष तिर्यग अन्तर [illegible] रवि [illegible] तीन सुरेषा ।
चारि त्रिशूलनि [illegible] के [illegible] लिखो [illegible] विशेषा ।
चद्र त्रिशूलनि मध्य [illegible] सबल ले हरि एक न मेषा ।
आठ त्रिवे कवि जाट को [illegible] सो रमापुर हारत देषा ।
ग्राम को राशि [illegible] तिथि आनि मिलाव ।
[illegible] विचारि के धावे ।
एक रहै [illegible] नृप सोवन पावे ।
तीनि रहै [illegible] चारि [illegible] सुप्त बतावै ॥ २ ॥
अन——चद्र आदि [illegible] मर पाव ।
'मिहिर' [illegible] बिन प्रयाम धरि लाऊ ॥ १० ॥

बाद्दश ने गन चारि पच्चीस [illegible] नमते सुनु पडित ।
राज मिल [illegible] वह मडित ।
गज बाजि मिलै [illegible] मे [illegible] ते गनने कर खडित ।
वर्ष पचास रहै एक [illegible] धन पुत्र उदडित ॥२४॥
इति श्री युद्ध सारक चिन्तावली लिख्यते ॥ सम्वत १९१५ ॥ शाके १७८० ॥
.o: o :o:

मधु मास ते पूरव होत उदै दिसि चारि के वाम गर्क क्रम सोहै ।
तेहि ते श्रव्य मारग फेरि चलै एक जाम टिको पुनि जात चलो है ।
एहि भातिन ते सिव प्रसाद भनै तेहि केर प्रभाव कहै कवि को है ।
सन्मुष बीर क प्रमाण हरै जेहि वाम परै तेहि को जम जो है ।।

.o: .o: :o:

—अपूर्ण

विषय—युद्ध ज्योतिष वर्णन ।

सख्या ३००. साषी, रचयिता—मुकुददास, कागज—देशी, पत्र—४, आकार—८।। × ६।। इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—६६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, प्राप्तिस्थान—श्री मठाधीश राजनौनी मठ (प्रनामी धर्म), ग्राम—राजनौनी, डाक०—मिरसी, जिला—बस्ती ।

आदि—

साषी

अकथ कहानी कहत हौ सुनो सत दै कान ।
सत गुरु चरन प्रताप ते प्रगट दीन कर ग्यान ।

चौपाई

सतगुर ब्रह्मानद हमारे । भव समुद्र के पारन वारे ।
प्रम पार सुष बहुविध दीन्हा । तिन्हके चरन छत्र हम कीन्हा ।
प्रगटी निजानद दुइ साषा । नाद विदु एक अतर भाषा ।
साषा नाद कहिहे जो कोई । प्राननाथ सतगुरु है सोई । ३
साषा विदु कही जो दूजी । नाद ग्यान को सो नहि पुजी ।
नाद ग्यान विषै हम सवझा । विद विषै हम जाहि न कवझा ।

.o. .o. :o:

कुल मुल आनद है मेरो । फल है नित विहार धर्म केरो ।
प्रेम लछ को मनन वतावा । पदमावती निज पुरी सोहावा ।
थारो प्रान नाथ निज ऊधो । अछर अतीत पुरष जग नीधो ।
निजानद सप्रदा मारी । माहा बीस्न जीए उर धारी ।११

दोहा

प्रगटे पुरन परम श्री देव चद निज नाम ।
तीनते पघटी सप्रदा परमहस निजकाम ।

o. :o: .o.

ताते भव नीधी छार को कीन्हो अतीत पयोधि ।
श्री प्राननाथ तिनते भये वेद भेद रोज सोधि ।१४
तिन दीनो छत्र साल को अदनी सेवक समाज ।
परषि वासना वोध करि दीने दो पव राज ।१५

अत—वारे हजार सषी रग राजै सचितानद प्रवान ।
तिनकी सोभा कहत न आवै कोटि सुरुज लजीग्रान ।२१
विनु सतगुर वोहोषे नहि कोई अनेक कथै जो ग्यान ।
श्री प्राननाथ सतगुर की दाया 'दास मकुन्द' उर आन ।२२

विषय—भक्ति तथा ज्ञानोपदेश ।

सख्या ३०१ काकशास्त्र, रचयिता—मुकुददास, कागज—देशी, पत्र—१३८, आकार—६ × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१७, परिमाण (अनुष्टुप)—२०५३, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य पद्य, लिपि—कैथी, रचनाकाल—स० १६७५ वि०, लिपिकाल—स० १८७६ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० रामकरन शर्मा (डाक्टर), ग्राम—गभिरन बाजार, डाक०—रानीपुर, जिला—जौनपुर ।

आदि—श्री गनेसाए नम श्री जमुना

चौपाई

बरनौ गनपति मन चीत लाई । जेही सुमीरत म न्दी मती पाई ।
सब दीन बदो सारदे माता । बदो सकर सब सुख दाता ।
बदो हरी ब्रम्न के पाए । सकल व्यापी रही जाके माए ।
मरग प्रीतु पातल क देवा । दस दीगपाल करो तो सेवा ।
बदो चाद सुज सुजगन तारा । बदो त्रीगुन जोती अपारा ।

दोहा

सरब देवता बदी कै बहु बीधी चरन मनाई ।
कोकसास्त्र कछु बरनौ अछर देहु मेराई ।
बदौ कृस्न पद रवीतारा । ता दीन बीप्र कथा अनुसारा ।
तीथी बेरम सोम दीन बासर । हरनी नछत्र हम ही मन त्रासा ।
सीध जोग कर उपना पाई । रही बाधी कथा सीध भै आई ।
साह सलम जगत सुलताना । तीनके नीवासु आगर असथाना ।
सोरह सै पचहत्तर सबत सुनौ दह दीस ।
सोनदत फतर मह देखा एक हजार पचीस ॥

॥ चौपाई ॥

नदी कोस्ट पडित एक भैऊ । पहिले ग्रथ कोक उन कहेऊ ।
गीन पुत्र कवी अति मनभाना । काम कलाह रस उन्ह भल जाना ।
उनके मत ग्रथ हम देखा । कछु सछेप बीचारी बीसेखा ।
कामत तुमे बरनो सोई । सुनत रसाल रसिक सब होई ।
रसीकर तोक तीती बरनो तारा । कामकला रती रस श्रौगाहा ।
बहुत ग्रथ बीचारने होए बहुत दीन खेप ।
बालबोध के कारने कीएउ कथा सछेप ।

अंत—

तेजरी का दवा

तीलोए थोपे २५ मनमत पसा भरी २५ पुगो प २५ साजी पसा भरी गवार का पडा-मफुक

इती श्री कोक सपूरने सवत १८७६ श्री मथुरा जीम लीखी बगाली घाट प ब्राह्मन जयदेव न लीखो राम

विषय—श्री पुष्प ... का वर्णन ।

संख्या ३०२ ... कागज—आधुनिक नीला, पत्र—१०, आकार— ... × ... पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—१२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी प्राप्तिस्थान—... सभा, वाराणसी ।

आदि—श्री गणेशाया नम ॥ अथ सारगीता लीषते ॥

उर्जुन उवाच

श्रीकृष्ण भगवान प्रत आर्जुन प्रश्न करता हे ॥ यह संजीऊ कर को स्वारुप ॥ स्थन महतमा सुनने को इछ है ॥ सो तुम कृपा करी नीरुपन करो ॥

तापर त्याग महा गभीर । अगरवाल गुन आगर धीर ॥
गर्ग गोत उतिम गुन सार । अष्टावस गोतनि सिरदार ॥
अनषचूर है मेरी अल्ल । अनष मोहि लागं ज्यौ सल्ल ॥
:o: :o: :o:

मंडन को परपोता भलौ । पारस पोता को जस चल्यौ ॥
वरिगह मल्ल को सुत गुणधाम । लाल विनोदी मेरो नाम ॥
:०: :०: :०:
संवत सत्रह से संताल । सावन सुदि दुतिया रविवार ॥
सुभ दिन कथा संपूरन करी । प्रथम जिनेंद्र तनी गुन भनी ॥६८॥

॥ सोरठा ॥

कही विनोदी लाल सारद गुर परताप ते ।
पूरन भई रसाल अद्‌भुत कथा सुहावनी ॥७३॥

इति श्री प्रथम जिनेंद्र स्तवन श्री भक्तामर चरित्रे भाषा लाल विनोदी कृत चौपई बंध अठतीसमी कथा सपूर्ण ॥ सवत १९०६ पोथी लिषी जग्गी मल श्रावग अपने पठनार्थं हेत लिषी ॥

विषय—आदिनाथ तीर्थंकर के विषय मे स्तोत्रो का सग्रह तथा तत्र मत्र ।

रचनाकाल

सवत सत्रह से संताल । सावन सुदी दुतिया रविवार ॥

संख्या ३६२ख भक्तामर चरित्र, रचयिता—विनोदीलाल, कागज—देशी, पत्र—२०७, आकार—११$\frac{3}{4}$ × ६$\frac{3}{4}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—५२७८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १७४७ वि०. लिपिकाल—स० १८६३ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर (बडा मदिर), चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—ॐ ॥ श्री वीतराग जी सहाय ॥ अथ भक्तामर चरित्र भाषा लिष्यते ॥

॥ दोहरा ॥

ॐकार अर्द्ध सविंदु है वदौ मन वचकाय ।
नमो नमो पुन फिर नमो बहु विधि सीस नवाय ॥ १ ॥
जामै गर्भित पचपद महामत्र नवकार ।
ताको प्रनमो प्रथमही मुक्ति भुक्ति दातार ॥ २ ॥

अत—

सवत सत्रह सं सताल । सावन सुदि दुतिया रविवार ॥
सुभ दिन कथा सपूरन करी । प्रथम जिनेंद्रतनो गुन भरी ॥६८॥
:०. :० :०:
सकल कथा पूरन भई वानी विमल विसाल ।
विश्व भूषन प्रति देषिकै रची विनोदी लाल ॥७१॥
पढत सुनत आनद वढै ज्यौं दुतिया कौ चद ।
पुन्य वढै पातिक घटै उपजै परम आनद ॥

॥ सोरठा ॥

कहो विनोदी लाल सारद गुर परताप तं ।
पूरन भई रसाल अद्‌भुत कथा सुहावनी ॥७२॥

इति श्री प्रथम जिनेंद्र स्तवन श्री भक्तामर चरित्रे भाषा लाल विनोदी कृत चौपई वध अठतीसमी कथा समाप्त ॥ मिती वैसाष सुदी ॥ ५ ॥ संवता ॥१८६३॥ पोथी लिषी वनीराम अगवाल ने लषन के मध्य लषनऊ मो राज जापना नसुद्दोहइदर ॥ कथा की संख्या इसलोक ॥ ३७६० ॥ सुभ ॥

विषय—जैन धर्म सबधी कथाओ का वर्णन ।

रचनाकाल

संवत सत्रह सं संताल । सावन सुदि दुतिया रविवार ॥

संख्या ३६२ग. श्रीपाल विनोद या श्रीपाल चरित्र, रचयिता—विनोदीलाल, कागज—देशी, पत्र—५५, आकार—१३$\frac{२}{८}$ × ६$\frac{६}{८}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, परिमाण (अनुष्टुप)—१७८७, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १७५० वि०, लिपिकाल—सं० १८८७ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर (बड़ा मंदिर), चूड़ीवाली गली, चौक, लखनऊ।

आदि—ऊँ नमः सिद्धेभ्यः ॥ श्री नाभिनंदन चरनांबुजाय नमः ॥ श्री वग्वादिनीभ्यौ नमः श्री गुरुभ्यौ नमः अथा श्री श्रीपाल चारित्र भाषा विनोदीलाल कृत कथा लिख्यते ॥ सुभं ॥

श्री नाभिनंदन जिनंद पदंबुजानां वावम्यहं त्रिविधि मुर्द्धनि धृष्ठ पाठे ।
श्री सिद्ध चक्रव्रत पावन मुक्ति श्रेणी श्रीपाल भूपति विनोद कथां सुवक्षे ॥ १ ॥

:o: :: :o:

॥ दोहरा ॥

वंदौ श्री अरिहंत पद वसु गुण सिद्ध मनाइ ।
अचारज उवझाइ फुनि साधु चरन चितु लाइ ॥ ४ ॥

अंत—

संवत सत्रह सं पचास । दूंज उज्यारी अगहन मास ।
रवि वासर पाई सुभ घरी । ता दिन कथा सपूरन करी ॥२४॥

:o: :o: :o:

नवरंग साहि वली के राज । आलमगीर साहि सिरताज ॥

:o: :o: :o:

तिसरौपन मेरो भयो आई । तातें वुधि कहां ठहराई ॥
साठो वुधि नाठो सव कहै । यह कहवत सव जग मे यहै ॥२६॥
तापर वरष अधिक दस गए । हम सतरहा वहतरा भए ॥
वृद्ध वृद्ध वालक सम आहि । वूढे वारे सव कहैं ताहि ॥२७॥
तापर लाल विनोदी नाऊ । भोग देत मैं वहुत लजाऊं ॥

:o: :o: :o:

जाति वानियो अगरवार । गोत अठारह मैं सिरदार ॥
गर्ग गोत जदुवंस प्रधान । अनपचू मुझ अलल महान ॥
परदादे को मंडन नाम । कुल मडन हुवो सो धाम ॥
दादो पारस तासु समान । जथा नाम तैंसरे गुण जान ॥
दरिगह मल्ल तात मुझ तनो । सील सुमेर सुवरसन मनो ॥
ताको अनुज विनोदी लाल । मैं यह रचना रची विसाल ॥

:o: :o: :o:

संजम तासु कथानकं सुभ तरं स्वर्गोभवे पंचमः ॥१३४७॥

इति श्री सिद्ध व्रत विधाने श्रीपाल विनोद नाम कथा लाला विनोदी कृत भाषा चौपाई वंद्ध श्रीपाल मोक्ष वर्ननो नाम पंचम सर्ग सर्व कथा संपूर्ण ॥ संवत १८८७ वदी १३ ॥

विषय—जैन धर्मानुयायी श्रीपाल का चरित्र वर्णन।

रचनाकाल

संवत सत्रह सं पचास । दूंज उज्यारी अगहन मास ॥
रविवासर पास सुभ घरी । ता दिन कथा संपूरन करी ॥२४॥

संख्या ३६२घ. श्रीपाल चरित्र या श्रीपाल विनोद, रचयिता—विनोदीलाल, कागज—देशी, पत्र—५२, आकार—१४$\frac{३}{४}$ × ८$\frac{१}{४}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—१७३८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १७५० वि०, लिपिकाल—सं० १८९४ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर (बड़ा मंदिर), चूड़ीवाली गली, चौक, लखनऊ।

आदि—ॐ नमः सिद्धेभ्य नमः ॥ अथ श्रीश्रीपाल चरित्र भाषा विनोदी लाल कृत भाषा लिख्यते ॥

श्री नाभिनंदन जिनद पदवुजानां । वादम्यह त्रिविधि मूर्द्धनि धृष्ट पीठे ॥
श्री सिद्ध चक्रवत पावन मुक्ति श्रेणी । श्रीपाल भूपति विनोद कथा सुवक्षो ॥

.o. .o: :o:

॥ दोहा ॥

बंदौ श्री अरहत पद वसु गुण सिद्ध मनाइ ।
आचारज उवझाय पुनि साधचरण चितु लाइ ॥ ४ ॥
नाभि नदन श्री आदि जिन जुगला धर्म निवंब ।
श्री वृषभनाथ वृषभांक जिन वंदौ त्रिभुवन चंद ॥ ५ ॥

:o: .o: :o:

अब श्रीपाल नरिंद्र की वरनौ कथा रसाल ।
मन दै सुनियो भविक जन कहत 'विनोदी लाल' ॥२८॥
आठ सहस वनिता वरी भुज सौ तिरौ समुद्र ।
ताकी कथा गभीर अति कहन को मो मति क्षुद्र ॥२६॥

:o. :o: :o:

ताके उर कन्या अवतरी । सो मैं रतन मजूषा धरी ॥
मेरे तात ने व्याही आइ । लछन अग सकल गुन चाइ ॥६७॥
तह ते यह मोको लै चल्यौ । जन पत्र पर चढि लै भल्यौ (? भग्यौ) ॥
धवल सेठ यह पापी महा । मोको देष पाय मनगहा ॥६८॥
इन मालिभसो करायो सोर । मछ येक उठियौ यहि ठौर ।
यह देषन कौ दौरो जाय । दियौ समुद्र मे याहि गिराय ॥६९॥

अत—

सवत सत्रह सै पचास । द्वैज उज्यारी अगहन मास ॥
रवि वासर पाई सुभ घरी । ता दिन कथा सपूरन करी ॥
करी चौपई बद्ध बनाय । विचि विचि दोहा छद मिलाय ॥
कहो अडिल्ल सोरठा धरे । अहि प्रियात त्रोटक विरतरे ॥१३॥
या विधि सो रचना विस्तरी । सस्कृत की मैं भाषा करी ॥

:o: ·o :o:

नवरग साहि वली के राज । आलमगीर साहि सिरताज ॥
आलमगीर कहावै सोय । जाहि लाज आलम की होय ॥१५॥
दीनदार दिल्ली पातिसाहि । ताकी उपमा दीजै काहि ॥
पै मगल सम जग मै भयौ । फेरत आनि उदधि लौ गयौ ॥१६॥
राजनीत जाकै सब होय । माफिक सरे कही है सोय ॥
ऐसो भयौ न होहै और । पातसाहि साहिम सिर मौर ॥२०॥
भयो चकत्ता वस उद्योत । साहि अकब्बर को परपोत ॥
जहागीर को पोता वली । साहिजहा सुत प्रगटयौ वली ॥
नाम जाम को नवरगा साहि । और साहि सब कपं जाहि ॥
ताको कविजन देय असीस । दिन दिन तेज वढै जगदीस ॥२१॥
जाकै राज महासुष पाय । नीकी कथा विचित्र बनाय ॥
नाम कथा श्रीपाल विनोद । पढत सुनत मन होय प्रमोद ॥२२॥

:o· o: :o:

तिसरो पन मेरो भयो आय । ताते वुद्धि कहा ठहराय ॥
साठो बुधि नाठो सब कहै । यह कहावत सब जग मै यहै ॥२६॥
तापर वरष अधिक दस गये । हम सत्तरा वहत्तरा भये ॥

:o: :o: :o:

तापर लाल बिनोदी नाऊ । भोग देत मैं बहुत लजाउ ।।
कोविद लोग हसैगो मोहि । तातें कविजन विनवो तोहि ।।२८।।
जाति वानियो अगरवार । गोत अठारह मैं सिरदार ।।
गर्ग गोत जबुवंस प्रधान । अनघच् मुझ अलिल महान ।।२९।।
परवावे को 'मंडन' नाम । कुल मंडन हुवो सो धाम ।।
दावो पारस तासु समान । जथा नाम तैसो गुण जान ।।३०।।
दरिगह मल्ल तात मुझ तनो । सील सुमेर सुदरसन मनो ।।
ताको अनुज विनोदी लाल । मैं यह रचना रची विसाल ।।३१।।
व्याकर्णादि अमर नहि पढो । काव्य छद पिंगल नहि रटो ।।
भक्ति भाव सो जौन्यो करी । लघु दीरघ की सुद्धि नही परी ।।३२।।

:o: :o: :o:

वत्स देस गगा तट थान । साहिजादपुर नगर प्रधान ।।
उत्तम ठौर महा सुष वास । तह मैं वैठो करी बिलास ।।३६।।
काष्टासंघ जैन मत सार । तिन मे माथुर कक्ष उदार ।।
पुष्कर गण गुण गण अधिकार । कुमार सेनि गुर की आमनाय ।।३७।।
लाल विनोदी तिनको दास । तिन यह कीन्हो परम विलास ।।
नाम याहि श्रीपाल विनोद । कीन्ही मन धरि अति अनमोद ।।३८।।

:o: :o: :o:

श्री श्रीपाल कथा अवतार कथने श्री सिद्धं चक्राभिधे ।
महात्मे व्रत सत्तमे सुचरिते धर्मोपदेसान्वते ।।
साध्यौ भव्य जनस्यकर्ण हृदयेमानव संप्राप्यते ।
संजम तासु कथानक सुभ तरु स्वर्गोभवे पंचमः ।।४७।।१३४७।।

इति श्री सिद्ध चक्रव्रत विधाने श्रीपाल विनोद नाम कथा लाल विनोदी कृत भाषा चौपई वद्ध श्रीपाल मोक्ष वर्ननो नाम पचमो स्वर्ग कथा सपूर्णन मिती जेठ सुदी ।।२।। सवता ।।१८९४।। लिषो वेनी राम अपने पढने निमित्त और जो कोई पढं ताको पुन्य की प्राप्त होय ।। पोथी लिषी लखनऊ मध्य लखनऊ मो राजन सुदी हइदर जायनाका सुभ नाम ।।

विषय—जैन कथा साहित्य के अन्तर्गत श्रीपाल राजा की कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

सवत सत्रह सै पचास । द्वैज उज्यारी अगहन मास ।।
रविवासर पाई सुभ घरी । ता दिन कथा संपूरन करी ।।

संख्या ३६३ कोकशास्त्र, रचयिता—विप्र (?), कागज—देशी, पत्र—३६, आकार—७६/१० × ५३/४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—६, परिमाण (अनुष्टुप)—५६७, अपूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य पद्य, लिपि—कैथी, रचनाकाल—सं० १६७५ वि०, प्राप्तिस्थान—डा० महादेव सिंह जी वैद्य, ग्राम व डाक०—मनिक मऊ चोवारा, जिला—रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नम· श्री रामजी सहायः पोथी कोक साश्तर लीष्यतेः

वरनो गनपति विघन विनासा । जेहि सुमिरत गति मति परगासा ।।
सब दिन सुमीरो शरशती माता । वदो सकर सुधी वुधी दाता ।।
वंदो हरी विप्र करपाश्रा । जगती व्यापित जाकी माश्रा ।।

:o: :o. :o:

वरणो किसुन पछ रवीवारा । जेहि दिन 'विप्र' कथा अनुसारा ।।
तिथि तेरसि हम तेहि दिन पावा । हस्त नछत्र हमही मन लावा ।।
सीधी जोग कर उपमा सोई । यह बिधि काम सिधि तह होई ।।
साह सलेमा जग सुलताना । आही नेवास आगरा थाना ।।
सेर जहागीर औ सुलताना । तीन पाय पटणा नीज थाना ।।

॥ दोहा ॥

सोरह सौ पचहतरी ममत हम जो सुना दहवीस ।
साराद पत्र हस देष्या यक हजार पचीस ॥

॥ चौ० ॥

नादीकेन पडीत यक अंऊ । पहीजे कोक ग्ररथ उन्ह कीएऊ ॥
पुर्णा पुत्र कर्वो ग्रनी मन माना । काम कला रम उन्ह भल जाना ॥
उनके मने ग्रथ हम देष्या । कछु सक्षेप वीचार विशेषा ॥
कामकला वरनो रवी सोइ । सुरात रिशाल रसीक वम होई ॥
रशीक नीति विरावो नरनाहा । कामकला रती रस ग्रौगाहा ॥

॥ दोहा ॥

बहुते ग्रथ वीचारते होय बहुत दिन छेप ।
बालबोध के काररो कीयऊ कथा सक्षेप ॥

ग्रत—भगरा का सीरा गारी कै गुर का सीरा मो तीनौ मे साठौ गोली रोज षाइ तौ बाल सीम्राह होइ ॥

॥ नगुन मतरी का लिष्यते ॥

:o: °o :o:

विषय—कामशास्त्र का वर्णन ।

रचनाकाल

सोरह सौ पचहतरी समत हम जो सुना दहदीस ।
साराद पत्र हम देष्या यक हजार पचीस ॥

संख्या ३६४ समरसार भाषा तिलक, रचयिता—विश्राम शुक्ल, कागज—देशी, पत्र—५६, आकार—७½ × ८¾, इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—६, परिमाण (अनुष्टुप)—७३०, खंडित, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८५५ (सम्भवतः), प्राप्तिस्थान—ठाकुर श्री अचल सिंह जी, ग्राम—मजुरा, डा०—बछरावा, प्राच—खजुरौ, जिला—रायबरेली ।

आदि- - . .भूरिश· ॥ वक्ष्ये युद्ध जयोपाय धार्मिकाना पहीजिताम् ॥ १ ॥

:o: .o :o:

॥ अथ जय पराजय चक्रम ॥ भाषा तिलक ॥

बार हार रेखा ठा ढ ढा ढ खिंच ॥ श्रौ छ ६ रेखा वेड वेड । लिखव ॥ आठ ८ आठ ८ आठ ८ नव एहि अकन्ह क लिखव ॥ फिरि तेहि के तरे विसर्ग स्वर नपुंसक स्वर: अ: ऋ ॠ लृ लॄ एहि स्वरन्ह क बरार कै वाकी जेहहि ॥ अ आ इ ई उ ऊ ए ऐ ओ औ अं एन्ह क लिखव फिरि तेहि के तरे तीनि पाती विषे ई कं ड ञ ण अ ञ र व व र ३ के हकारातल हि लिखव ॥ तति कै जाई के नाम कर अ ञ र अलग कै कै अक लेव ॥

ग्रत—अपने दाहिने हाथ क माथे पर राषव ॥ तति के देषव जौ पहुचा पातर देषि परै तौ छ ६ महीना तलुक मृत्यु कै भय न कहव ॥ फिरि दूनौ हाथ का सपुट कै कै माथ पर धरव ॥ तति कै ग्रोहि सपुट के भीतर देषव ॥ जौ शरिके फूल कै आभा देषि परै तो छ ६ महीना पर मृत्यु कै भय कहव ॥ फिर जल विषे आपन सिर उपराइ तौ छ महीना तलुक मृत्यु कै भय कहव ॥

:o: :o :o.

आचार्य्य जन जेहहि से सब कहत है ॥

:o: °o: °o:

इति श्री समरसारे युद्ध शास्त्रे विश्राम शुक्ल कृत भाषा तिलक समाप्तं शुभ मस्तु ॥ यादृशं पुस्तक दृष्ट्वा तादृशं लिखित मया ॥ शुद्धव पढिवा शुद्ध मम दोषो न दीयते ॥

८ १ ५ ५

नागेन्दुशर वर्णि च वतसरे सौम्य वासरे ॥ कृष्ण पक्षाश्विने मसि शिष्यार्थ लिखितमया ॥१

विषय—शुद्ध ज्योतिष का वर्णन ।

संख्या ३६५. फूल चरित्र, रचयिता—विश्वम्भरदास, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—४॥ × ३॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—५६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८८२ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० रमाकांत जी शुक्ल, ग्राम—पुरे गरीबदास, डाक०—पड्वारा बाजार, जिला—प्रतापगढ़ ।

आदि—

॥ १ ॥ पुरविल प्रीतम जानि कै तन मन जोबन दीन्ह ।
जीव धन्य केन राखिए सब नेछावरि कीन्ह । २
बिरह दग्ध तन देत है सहि नहि सकै शरीर ।
सहि नहि सकै तो उठि तकै कवल ठरै जम नीर । ३
बान बिरह का ए सखी जेहि लागै सो जान ।
केतिक धिरजा. . . . . ।
पुरविल पीतम जानि कै तन मन जोबन दीन्ह ।
मैं सहो छिन छिन निकसै प्रान । ४
आपु भला तो जग भला चित मनि करो उदास ।
सिर रासि कहु नारी सुनु राखु दिआ पर आस । ५
रात बिताए रोइ कै दिवस बितायो सोइ ।
पिअ बिन तन पाडर भए सो जिव दादुर भा मोहि । ६
जेहि दिन प्रीतम अइहै सेंदुर पहिरब माग ।
घर घर रग मजीठ को धुनक नैन लगि रग । ७

अंत—प्रेम पंथ पगु राखिए जो मन साचा होइ ।
प्रीतम प्रीन ग्राब है जिव की जाने कोइ । ३०
वालानन बिरतत भा काम के की आइ ।
रूप मंजरी देखते पिअ तो रहि तिलताइ ।३१
'फूल चरित्र' को भेद सुनि कहहि विश्वम्भर दास ।
मन मिलि कै हथ कन्दर राखु पिआ पर आस ।३२

सम्वत १८८२ शाके १७४७ इति श्री फूल चरित्र समाप्तम् ॥

विषय—खडकाव्य स्फुट रचना, फूल चरित्र वर्णन ।

संख्या ३६६ आह्निक तिलक प्रकाश, रामचन्द्राह्निक (टीका), रचयिता—विश्वनाथ सिंह जी देव (?), कागज—देशी, पत्र—६५, आकार—१० × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—२३४०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १६०७ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री लाला श्रीकंठनाथ सिंह जी, धेनुआवा, जिला—बस्ती ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥ दोहा ॥

श्री गुरु गणपति गौरि जै जै हरि गुरु प्रियदास ।
बंदि चरन रज करहु मै आह्निक तिलक प्रकास ।

शक्ति रिति जिन पुरुषन के शक्ति जो है काव्य को बीज रूप सस्कार विशेष सो रही है अरु कविता जो काव्य ताके अरु लोक के वृत्तांत ताके अरु शास्त्र आदि पद तें इतिहास पुराणादिक इनके दरसन ते प्रवीन हो है तथा काव्य गान करने वारे कवि तिन की सिक्षा करिकै अभ्यास वी नही है या प्रकार काव्य बनाइवे के वारन ते रहित ते बीजा की छाया ते बहुत गुन ते जुत जो वाच ताहि करे है परु अलभ्य साधन करि कै सिद्धि करिवे लायक नहीं अर्थात स्वतंत्र अैसो जानकी रघुनंदन विषे जो प्रेम नमस्कार करो हो । छंद स्रग्धरा । श्री रामचंद्र ।

अंत—जीव को मन करिकै गम कैसे तामे प्रमाण भागवत को यतो यतो धावति देव. . . . पुनि कैसे हौ रार रहो नही हरै कहे भय जिन काते अरा कहावे है और ए इंद्रिय तिनके विषे अरा होइ कहे अभया होइते रा रा कहा विषयो ते विषयिन करिष्यति कहे मारे यो रा रर होइ हैं कैसे

हो रा र र कैसे होइ है ताको साधे है 'अन्येष्वपि दृश्यन्ते' या सूत्र ते प्रत्यय होइहै ङित्व ते टीको लोप होइहै ॥ इति सिद्धि श्री महाराजा श्री राजा बहादुर सीताराम कृपा पात्राधिकारी विश्वनाथ सिंह जू देव विरचिते रामचन्द्राह्निके टीकायामष्टमोयाम ॥ सं० १६०७ ॥

विषय—रामचन्द्राह्निक (संस्कृत ग्रंथ) की टीका ब्रजभाषा गद्य में।

संख्या ३६७. बारहखड़ी, रचयिता—विसनदास, कागज—देशी, पत्र—२०, आकार—५३/४ × ८३/४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—१४०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १८५१ वि०, लिपिकाल—सं० १८६६ वि० संभवतः, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि—श्री गणेसाय नम ॥

प्रथम गणपति ध्याईये पाछ करीय काज ।
विघन हरन मंगल करन राषो जन की लाज ॥
दुरगा दया निधान है जग मे जोत प्रकास ।
पतत उधारण नाम हं राषो जन की लाज ॥
संवत १८५१ । सावण सुदी तिथ दोज ।
"विसनदास" बाराषडी कही देवता पूज ॥
कहो देवता पूज गुसाईं भगत नाम उचारा ।
अडतीस अक्षर वरनन की हिरदेव उजारा ॥
गुरका ध्यान धरो मन माहो किरपा भई अपार ।
विसनदास गुर की कृपा हिरदै प्रकासा ॥
क का कीनो रूप सब काम धेन को धार ।
ब्रह्मा पै वसुधा गई अपनी करन पुकार ॥
अपनी करन पुकार गई जब भोले के ढीग भेजी ।
मोपै पाप भयो अतभारी करनाकर सुन लीजे ॥
संकर शुनत तुरत उठ धाये रिष ब्रह्मा संग लीनो ।
बिसनदास भुरकर एक ठौरे सब सेतो कह दीनौ ॥ १ ॥

अंत—विसनदास झाझर को बासी दज जन कीरती गाई ।
ढढीराम सुष की किरपा सू जग विच सोभा पाई ॥

संमत १०६६ (१८६६ ?) च मिती असाढ सुदी पंचमी सुक्रवार दसषत मना बाई के हाथ के

विषय—संक्षेप में कृष्णलीला वर्णन।

रचनाकाल

संवत १८५१ । सावण सुदी तिथ दोज ।
विसनदास बाराषडी कही देवता पूज ॥

संख्या ३६८. विष्णुपद (?), रचयिता—विष्णु रसिक, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—८॥ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—७, अप्रकाशित, परिमाण—(अनुष्टुप)—३५, अपूर्ण (खंडित), रूप—प्राचीन (जीर्णशीर्ण), पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री पं० रामगुलाम जी, ग्राम—शक्लपुर, डाक०—मानधाता, जिला—प्रतापगढ़।

आदि—

रसीली तेरी चितवन जादू की भरी ॥ १
बार कहीं द्रग कोर विलोकत हर लीन्हो सुधि बुधि सिगरी ॥ २
तब ते मुहि तिहु पुरन सुहावै सुष न लहौं छिन एक घरी ॥ ३
जिन तू लखनि लखी तिन मं ते कहु प्यारे किन धीर भरी ॥ ४
'विष्णु रसिक' समगति भई सबकी सोना मोरा पुन सिवरी ॥ ५

बिछोही जीवन तें पूंछी जाइ ।। १
कैसी बिथा विरह की होई कैसिक उर घबराई ।। २
कैसे सुरत लगं भावन पै कैसिक ध्यान बढाइ ।। ३
कैसे भावन सुधि वियोग में सारी रैन सिराइ ।। ४
कैसिक कहत बात भावन की श्रवन करत बिललाइ ।। ५
कैसिक कबहुंक अनुमानतही भावन रूप करवाइ ।। ६
कैसिक भावन हितकारी कह सन्मानत हित पाइ ।। ७
'विष्णु रसिक' निर छोभि न जीवै इह कथनी न सुहाइ ।। ८

अंत—

लागी लगन कहो कस छूटै ।। १
घट को लगन लगं धृत सों जेंव नाहि मिटं जद्दपि घट फूटै ।। २
चहों कोऊ मारै चहों कोऊ तोरं चहों कोऊ अंग अंग गहि कूटै ।। ३
जीव को तार देह ते छूटै प्रेम लगन को तार न टूटै ।। ४
'विष्णु रसिक' को विष्णु रसीलो प्रान मान तन मन सब लूटै ।। ५

दोहा ।। सोरठा

रसिकन हृदय उमग रहत रसीले मिलन की ।
अतरग वहरग उभय ठौर समता लखौ ।। १
विष्णु की लखनि लखि मन हुलसात ।
करकत.. अतर ते आनद उर न समात ।। २
लखि मूरत...त्यौ औरहू प्रेम नीर अधिकात ।
द्रग झपकान मधुर मुख विहसन अत्सय उर चुभिजात ।। ३
विष्णु रसिक के द्रगन मनोहर विष्णु वदन बरसात ।। ४

दोहा

रसिक रसीले दोइ भले तीजे को कहा काम ।
ब्रह्म जीव द्वइ ते जगत माया नामहि नाम । १
लगन लगें लज्या रहै इह कहौ कैसिक होइ ।
रैन दिवस कहू मिले है इह जानत सब कोइ ।। २
लज्या हू के तजे ते जोपै सीजै काज ।
तौ तौ पावै रसिक जन तीन लोक को राज ।। ३

—अपूर्ण

विषय—ईश्वर भक्ति वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—छद अत्यत सुदर तथा सरल सरस और ओजपूर्ण भाषा मे लिखे गए है । भाषा तथा भाव का इस प्रकार सामजस्य विरल ही मिलता है । काव्य की दृष्टि से रचना अत्यत उच्चकोटि की है ।

संख्या ३६६. रति रहस्य, रचयिता—वीरभानु देव, कागज—देशी, पत्र—२३, आकार—११।। × ४।। इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—६, अपूर्ण (खडित), रूप—प्राचीन (जीर्णशीर्ण), गद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी, सभा, वाराणसी ।

आदि—

......श्लोक......४२ ।। उपराव वी पौंडुरी स्त्री ।। २ ।। एक पुरुष रमं ।। सुस्त्री कदंवकु ।। पुरुष द्वै मदोन्मत्त स्त्रीहि रमहि सुनर कदंवकु ।। ..श्लोक ४३ ।। ..यह जु है विचित्र रति विधि कहि । लिग अरु जोनि कौज्जु है परिघट्टना चालनु सु तीनि प्रकारा मद पीडन अरु वाराहादिक जिहहि रत मे दति मं नाही या यथ महाति मं छाडेहहि ।।...श्लोक ४४ ।।...... ।

हैयू लिंग करि भग के उपर ताडनु करै अथवा भग के अधस्तात ताडनु करै ।। अथवा भग के वाम वक्षिरण करि ताडनु करै ।। परि जव स्त्री मन्मथाकुल होइ तव पुरुष आपणे हस्त करि लिंगु करि ताडनु करै ।। तव स्त्री सुष ते असी चेष्टा करे । जैसे आमीले श्लोक महमहि ।। श्लोक. . . ४५ ।। . . .

दृष्टि कौ भ्रमु देषियं ।। योनिहि सकोचं ।। नेत्रनिमीलनु करै मूर्छना होइ ।। भाव को लक्षणु . . . श्लोक . . . ४६ ।।

वार वार जघ चापं ।। सीत्कार करै ।। गर्लाज करै ।। एकुलि वक्षमाण सुरत के लक्षण ।।

अन्त— . श्लोक ६८ ।। । जहाँ नायक आपुणी भार्याहि दूतत्व विखे नियोजै ।। सु जुहै दूतत्व विखे नागरिक ताहि करै । सुभार्या दूती कहियै ।। जैसे औरु कोऊ जानई । तैसे द्वय अर्थकरि जिहि धानि वचन कह्यो है । सु विश्राता दूती कहियै ।। इतनो दूती होहि ।। दासी ।। सखी ।। कुमारी ।। विधवा ।। थौडी ।। सैरध्री ।। मित्रादि कुकर्म करै स्ववश रहै । सुसैरध्री ।। मालिनी ।। गाधिक स्त्री ।। धोविनी ।। मसवा सीधनोनो।। धाई ।। पेरोसीनी ।। ए दूती होहि ।। अरु सुवासारे । ए फुणि विदग्धा हू की प्रतिमा भई रहहि ।। अन्त.पुर मध्य फुणि वासी हू की द्वारा ए लोक प्रविष्ट होहि ।। सुभैऐ प्रकारन कहैइ ।। श्री श्री श्री इति श्रीमत्तोमर वशावतस श्री मन्महाराधिराज श्री विक्रम सेन देवात्मज श्री वीर(भानु देव विरचिते रति रहस्य विवरण म्यार दारिको नाम नवम परिच्छेद ।। ९ ।।

—अपूर्ण

विषय—रति विषयक वर्णन ।

सख्या ३७०. शनिश्चर की कथा, रचयिता—वृदावन, कागज—देशी, पत्र—१२, आकार—१०.८४ × ६.६ इंच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—२१०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १७८३ वि०, लिपिकाल—स० १९१४ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगवर जन मदिर (बडा मदिर), चूडीवाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—अथ सनिश्चर की कथा भाषा लिष्यते ।।

।। दोहरा ।।

नृपति नाम सुत जग प्रगट मगल कारक देव ।
मन वच काय लगाय कै इद्र करै सत सेव ।। १ ।।
:o. .o: :o:
विस्व भूषन चरनाब्ज जग वदो सुष करतार ।
मन वछित पूरन करै महिमा अटल अपार ।।
:o: :o 'o:
जा सुत सन ग्रह देवता मन मे जानो सब कोय ।
रवि गृह के अति तेज मे अस्तु न जाको होय ।। ९ ।।
व्यतर षग गन देवना सेव करै मनु लाय ।
जा आगे सब कोय के व्याधि कलेस मिटाय ।।१०।।

अंत—

यही कथा सपूरण भई । विद्रावन मैं सो निरमई ।
जो कोई नर पढै सुनेय । ताको सनिकहू दुष न देय ।।१६३।।
सवत सत्रह से छब्बीस । अगहन(न) सुदी दसमी रजनीस ।।
ता दिन पूरन भई यह कथा । विद्रावन ने भाषी जथा ।।१६४।।

इति श्री सनिश्चर की कथा सपूरण ।।

पोथो श्री छोटे मदिर जी मे वीने नन्हे मल ने मिती कातिक वदी १४ रज सूकवार संवत १९१४ ।।

विषय—शनिश्चर की कथा का वर्णन ।

रचनाकाल

संवत सत्रह से छब्बीस । अगहग(न) सुदी दसमी रजनीस ॥
ता दिन पूरन भई यह कथा । विद्रावन ने भाषी जथा ॥

संख्या ३७१. श्री कृष्ण खण्ड, रचयिता—वैद्यनाथ, कागज—देशी, पत्र—५६ आकार—७॥ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—६, परिमाण (अनुष्टुप)—७५६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १९३७ वि०, लिपिकाल—स०१९३९ वि० प्राप्तिस्थान—श्री पं० अमरनाथ जी शुक्ल, ग्राम—उग्राडाडी, डाक०—बादशाहपुर, जिला—जौनपुर ।

आदि—

सुमिरो आदि जोति जगदंबा दुर्गा विंध्यवासनी माय ।
महाकालिका को सुमिरन करि आदि सरस्वति होहु सहाय ॥
मैं हर गावो मै सारद को कवरु सुमिरि कमच्छा माय ।
पुनि मै गावो हिंगुलाज को जिनके लोग दर्स को जाय ।
कोट कागडे की जगदंबा यहि अवसर अब करो सहाय ।
तेरे भरोसे मै गावत हौं माता दीजे पार लगाय ।
:o: :o: :o:
पुरी वखानो मै मथुरा को जहं पर कृष्ण लिहा अवतार ।
फेरि गावो गोकुल वृन्दावन जह बालक होइ किहा विहार ।
नदी वखानौ मैं जमुना को जेनकी लहरें स्याम तरग ।
पहिले आई है वसुधा मे पीछे मिली प्राग मे गग ।
:o: :o· :o:
चरण सरोरुह सवके वदौ जिनके संग विहरे नदलाल ।
कोखि वखानो मै देवकी का जह पर कृष्ण लिहा अवतार ।
गोद वखानो श्री जशुदा का जाके गोदन किहा विहार ।
जमुना मे कालीदह सुमिरो जह हरि नथे कालिया नाग ।
नाच किये ससहौ फन ऊपर वेन वजाये मधुरी राग ।
मैं पद वदौ सूरदास को पुनि वदो वृजवासी दास ।
श्री हरि भक्त को सुमिरन करि वन्दौ वावा तुलसीदास ।
:o: :o: :o:
(बादशाहपुर) दिल्लीपति है नाम नगर को तेहि के उत्तर डाडह जाम ।
(अयोध्या) रामचद्रपुर पीता हमारे झारिखड शिव मेरा नाम । (वैद्यनाथ व वैजनाथ)
(यवनपुर) मुसल्मान के नाम वेद मे सोइपुर है जिला हमार ।
(मछलीशहर) मीना पाटन के तसील मे पिटना परिगन लेव विचारि ।
सम्वत वनइस सै सैतिस मे देखो आल्ह खंड मैं जाय ।
नर की कीरति जिय समुझै यहि विधि कहिहौं हरि गुन गाय ।
सम्वत वनइस सै सैतिस में फागुन सुदी दुइज ससिवार ।
नखत धनिष्ठा श्री काशी में कीने कृष्ण खंड विस्तार ।

अंत—जद्यपि हौं मै हीन कुटिल मति सव विधि हौं ऐगुन की खान ।
पावन पतित विरह माधो के तरिहैं दास आपनो जान ।
गज की टेर सुनित उठि धाये वाहन त्यागि उवाहन पाय ।
हमरी वेर देर क्यो लखत कीधौं आई वैस वुढ़ाय ।
हे जदुनाथ अनाथ पियारे वैजनाथ जन भयो अनाथ ।
आरत हरन राधिका माधो मेरे धरो माथ पर हाथ ।

संबत् वनइस से बंतालिस सुन्दर लगा पूस का मास ।
बदी ग्रमावस भौमवार को पूरन भयो वनारस खास ।५१०

इति श्रीकृष्ण खण्ड भाषा वंद्यनाथ विरचिते समाप्तं शुभ मस्तु । १६३६ वि०

विषय—(कृष्ण खण्ड) कृष्ण चरित्र वर्णन ।

रचनाकाल

सम्बत बनइस सं सैतिस मे फागुन सुदी दुइज ससिवार ।
नखत घनिष्ठा श्री काशी मे कीने कृष्ण खंड बिस्तार ।

संख्या ३७२. पिंगल, रचयिता—व्रजनाथ, कागज—देशी, पत्र—३, आकार—६$\frac{5}{8}$ × ४ इञ्च, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—५०, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—पं० जगन्नाथप्रसाद जी, ग्राम—उसरहा, डाक०—शिवरतन गंज, जिला—रायबरेली ।

आदि—

:o: :o: :o:

. . . वर्ण छ भनत । लेहु जानि सत ।।
यथा
बासुदेव राम । दोउ गौर स्याम ।।
वारि डारे काम । भक्त लेत नाम ।।३०।।
अथ धीस छंद
तोरोई सो धीस । भाषे फनी ईस ।।
छा वर्ण ये आनि । सो छंद ले जानि ।।
यथा
भो देव वागीश । श्रीकंठ रमेश ।।
वागीश नागीश । जै जै जगदीश ।।
अथ सख नारी छंद
यदो सख नारी । भवै भूमि धारी ।।
फनी नाग राजा । छयो वर्ण साजा ।।
यथा
हरे कृष्ण केसौ । हरो मो कलेसौ ।।
गदा चक्रधारी । नमो पाप हारी ।।३२।।
अथ मदनक छंद
जुगल नगन । मदन कमन ।
जहल हुवन । कहव छुफन ।।

अंत—

एक उदिष्ट समान । भरहु अंक पूरन पर जान ।।
तजहु प्रथम जो पावहु अंक । वर्ण पताका यह अति वंक ।।
अथ मात्रा मेरु
द्वं द्वं कोठा लिषहु समान । प्रथम अंक सो अंतहु आन ।।
तासु आदि पुनि एक सुअंक । प्रथम मांहु . .निशंक ।।
पीवा अंक के शीश ते परे अंक जो होइ ।
तासो कोठा पूरिवे उबरे कहत सुकोइ ।।
अथ. पताका
उदिष्टासरि अंक अरोप । वाम भाग ते प्रलं लोप ।।
एक लोप ते इक गुए जानु । द्वं ति. . . . . ।

—अपूर्ण

विषय—पिंगल वर्णन।

विशेष ज्ञातव्य—रचयिता का नाम व्रजनाथ है जो एक दोहे मे इसप्रकार आया है—

एहि विधि करिके चरन सम कोठा कवि 'व्रजनाथ'।
एक`ऊन गुन भेद सब आवत नीके हाथ॥

संख्या ३७३. कर्मविपाक, रचयिता—शकर (?), कागज—देशी, पत्र—२५, आकार—७। X ४। इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—५००, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८५० वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० राम नारायण जी चौबे, ग्राम-मलौली चौबे, डाक०-धनघटा, जिला-बस्ती।

आदि—कर्मविपाक श्री गणेशाय नमः

॥ चौपाई ॥

जो धरं परम चीत धर्म जो ग्याना।
शो पंडित नर सोइ सुजाना।
धर्म पाप कर कीय पसारा।
गौरा शकर करहु विचारा।
जे नर जैसेहि लावहिं ध्याना।
तस मक्तहि कृत कर्म अपाना।
कैसे धातु सकल ससारा।
भाषहु 'शकर' करहु विचारा।
वीषया नीर मह जे जीति पिआवें।
अमृत पानि भोजन पावें।
एक जन्म जौ जल कहु देई।
सात जन्म सुख पावें शोई।
पुत्र नारि धन सुष सो पावें।
तो मास जे नीर पिआवें।
जो जन्मे ससारक सारा।
पावें पुत्र अति लछिमी पीयारा।
गोआ चोराई जो नर लेइ।
हरहि त्यागि मन अनतहि वेइ।

अत—

एकर सकर करहु विचार। कौने धर्म से उतरं पार।
रात गौअ वस्त्र दोज भरं। पंचा अग्नि होम विधि केरं।
सुनु गौरा तव पातष जाई। धर्म करत सब दोष नसाई।
साषी वोलै करै निआउ। षोरि अगुरि होइ बुइ...।

:o· ·o: :o:

कुर्म वीपाक कर्म वसि होइ। ईस्वर गोरा भाषही सोई।
कुकर्म काटं कर्म वीपाक। कथा वाचि निश्चै रहै पाक।

इति श्री कर्मवीपाक पोथी संपूर्ण सम्वत १८५०।

विषय—कर्मविपाक वर्णन।

संख्या ३७४क ज्योतिष भाषा, रचयिता—शकर, कागज—देशी, पत्र—२२, आकार—६॥ X ५॥ इच, पक्ति (प्रति पृष्ट)—२६, परिमाण (अनुष्टुप)—७८६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८८८ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० प्रभुनाथ जी पाडेय, ग्राम-मऊ, डाक०-बेलवार, जिला—जौनपुर।

आदि—श्री गणसय नमः अथ जोतिष भाष लिषते लग्न प्रकास ॥

दोहा

समुझि परत नहि सस्कृत जाकी जग मैं साख ।
जाने जोतिष भेद कछु बरनत भाषा भाष ॥
अथ दस कर्म निरूपते । अथ विवाह का विचार ।

कवित्त

रेवती औ उत्रा रोहिन मगसिर मूल अनुराधा हस्त सुभ स्वात उर आनिये ।
तुला वृष कन्या मिथुन गन लग्न चार सो मे बुध सुक्र गुरु सदा जानिये ।
माग अनुमाह सुभ फागुन वंसाख ज्येष्ठ परमा औ दुतीय तीज पाचं ठीक ठानिये ।
छठ अरु सातं आठ ग्यारा औ त्रदस जान परम समेत विधि. व्याह की वषानिये ॥२

अथ दुरागमन को विचार
कवित्त

चित्रा स्वाति रोहनी औ श्रवन धनिष्ठा मूल रवि गुरु सौम सुक्र बुधवार आनियं ।
कन्या धन मक्र तुला मिथुन गन लग्न पच वरजित नषत मास और जानियं ।
'संकर' कहत एते जतिक प्रमान जानि ऊनी सुभ वर्ष मे दुरागमन वषानियं ।३

अंत— अथ वे भाव फल ।
नेत्र पगन अति पीर होइ । राज समीपी तुल्ल होइ ।
रिप तास सुत चित तं नु होइ । गुदा व्यसे वहु पीर होइ ।
वर्खवत वहु विधि वषान । वे भाव केत यह फल निधान ।१२

इति श्री भाषा जोतक लग्न प्रवेम भाव फला फल वर्ननो नाम सवत् १८८८ ॥

विषय—ज्योतिष विषय वर्णन ।

संख्या ३७४ख ज्योतिष लग्न प्रकाश, रचयिता—शंकर, कागज—देशी, पत्र—२३, आकार—१०६/१० × ४५/१० इन्च, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—६०४, अपूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—पं० जदुनाथ चतुर्वेदी, ग्राम—बदली चौबे का पुरवा (मयाम), डाक०—मुसाफिरखाना, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—श्री गणेशाय नम. ॥ अथ भाषा योतिष लग्न प्रकास ग्रथ प्रारंभः ॥
समुझ परत नही ससकृत जको जग मे साष ।
ताते जोतिस भेद कछू बरनत भाषा भाष ॥
॥ अथ दश कर्म निरूपन प्रथम विवाह कवित्त ॥

रेवती और उतरा रोहिनी मृगसिर मूल अनुराधा हस्ति सुभ स्वात उर आनियं ।
तुला वृष कन्या मिथुन गणि लग्न चार सौमे बुध शुक्र गुरुवार सदा जानियं ।
मार्ग अरु माहु सुभ फागुन वैसाष ज्येष्ट परवावौ दुतिया तीज पाचं ठीक ठानियं ।
छठी पुनि आठं सातं ग्यारा वो त्रदश जानि परम समेत विधि व्याह की बषानियं ॥ १ ॥

॥ अथ द्विरागमन ॥
कवित्त

चित्रा स्वात रोहिनी औ श्रवन धनिष्ठा मूल सर्व गुरु सौ शुक्र बुधवार आनियं ।
फागुन वैसाष मार्ग परमा औ दुतीया तीज सातं पाच ग्यारा औ त्रयोदश ठीक ठानियं ।
कन्या धन मकर तुला मिथुन गनि लग्न पाच वर्जत नषत मास वार औ जानियं ।
'शंकर' कहत येते योतिक प्रमान जानि ऊनी शुभ वर्ष मे द्विरागमन वषानियो ॥

अंत— ॥ मृत भाव ॥
वाहन सुदीर्घ की घात जान । गुडा पीउ वहु विविध मान ।
कन्या, मिथुन वृष कर्क जान । अर्थ भाव मृत केत जान ॥

॥ धर्म भाव ॥

बुध नास फल मलेक्ष जान । भुज रोगी निश्चं बखान ॥
तप दान हास्य जानहु जु सोई । य धर्मभाव फल केत होई ॥

॥ लाभ भाव ॥

दरब नीक बहु बचन हो कुल उदित बेदार्थ होई ।
उज्जिल के बास बहु भाग्य ही।...........

—अपूर्ण

विषय—ज्योतिष विषय वर्णन ।

संख्या ३७५ दश अवतार, रचयिता—शंकराचार्य, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—८॥ X ३॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—६६, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १७६५ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० शिवबालक राम जी, ग्राम—कपुरीपुर, डाक०—करहिया, जिला—रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नम ॥ अथ दश अवतार लिख्यते ॥ अजपा सूर्य मंत्र । सात वार सताई नक्षित्र पंद्रह तिथि जुगे जुगि नारायण अवतरे ।

ऋषि थापे दानव सहारे ।
हरि अवतार सुणो चित लाय । वधे धर्म पाप क्षय जाय ।
.... नारायण नरसिंह रूप अवतरे
नरसिंह की माता चद्रावती । पिता ऋषि गुरु अवृत नेत्र ऋषि ।
छेत्र मुलतान पुर पठण । निरदलति हरणाकुस दानव ।
ले उधरति च्यार बेद चौदह शास्त्र अठारा पुराण ।
नव व्याकरण । सध्या तर्प गायत्री षटकर्म ।
अंत—हरि अवतार सुनहु चित लाय ।
वाधे धर्म पाप क्षय जाय ।१०
बतीस हाथ मर्द अठारा हाथ षडा ।
अमृत धारा छुरी मेधवृं वर छत्र स्वेत ।
घोडा खेत पलाण । अवतरे नाही अउतरेगे ।
माघ मासे शुक्ल पक्षे दशमी सभल दीपे ।

इति श्री शंकराचार्य विरचित दश अवतार संपूर्ण संवत् १७६५ ॥

विषय—ईश्वर के दस अवतारों का वर्णन ।

संख्या ३७६ देवीस्तोत्र, रचयिता—शंकराचार्य, कागज—देशी, पत्र—३, आकार—५॥ X ३॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—१४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८८० वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० चन्द्रशेखर जी पांडेय, ग्राम—मनहार, डाक०—करहिया, जिला—रायबरेली ।

आदि—राम जी सते देवी स्तोत्र लिख्यते ॥

कपाली काली तु करवर कपाली रस भरी । १
भवानी वानी तु सकल सुषदाता दुष हरी ।
छकी हाला ज्वाला सुभट सुरमाला वरधरी । २
सुरंगी मातंगी सम कनक अंगी छवि वनी ।
गला नारी सारी सिर लसत प्यारी सुष सरी । ३
कृपा कीजे दीजे मन सुधि जु लीजे मम जनी ।
सुरेसे वंदे वतु रति सुधि लेव तुम मुनी ।
श्री गानैनी अबे अघ हरन तेरे चरन है । ४
इही जानौ जिय मे श्रुति सकल तेरी सरन है । ५

मसानी कल्यानी सकल जगरानी जस भरी ।
समारुढं गूढ अगनि गुन गूढ बुति करी । ६
धरा धारी प्यारी असुर गुनहारी दुष हरी ।
छवीली भवलीली निस दिन रसली मनि मना । ७
उमा रामा श्यामा सिव जयति नामा ।
छिन छिन नासती गीता सीता सुख अतीता गुन गिना । ८
अखडी ब्रह्मांडी पलक लन चंडी तुम विना ।
तुही कन्या धन्या पदरज सरन्या निस दिना । ६
सदा सेवा देवा निगम नहीं भेवा वरत है ।
तुही ब्रह्मा विष्णु सिव सभ्र गनेसो अगन है ।१०
अंत—तुही कर्ता हर्ता पवन जल पृथ्वीगगन है ।
तुही वेदोव्यासी सम सुष विलासी मगन है ।११
तुही माता दाता जन सकल तेरी सरन है ।
तुही भुवतो मुवती चरन मेरे लगन है ।१२

इति श्री मत्सकराचार्द विरचिते देवी स्तोत्र संपूर्ण ।। सवत् १८८० ।।

विषय—देवी स्ताव वर्णन ।

संख्या ३७७क कवित्त, रचयिता—शंभु (शंभनाथ त्रिपाठी), कागज—देशी, पत्र—१, आकार—७$\frac{3}{4}$ × ४$\frac{3}{4}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—१६, अपूर्ण, रूप—प्राचीन (जीर्णशीर्ण), पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—श्री राम जू सहाइ ।।
लचकि लचकि जात कटि कुच कच भार ल भागनि की बलि बलि जाइए ।
ब ग .जात लखि षजन लजात "सभु" सुकुमाद. .एसी पूर पुन्य पाइए ।
याको ऐसी ए . नि कहै गोई लीजै मानि तुम हो जू वड नि रहसि रिझाइए ।
हारीहौं विहारी (? यो) हि गारीदेत न्यारी यह प्यारी ह तिहारी मनहारी करि ल्याइए ।
क्यो क्यो रह्यो अवलो जिय तूँ अब आयो वसतु कछू न वसैहै ।
"सभु" सुगंधित सीतल मद समीर नेपीर गभीर उठै है ।
औठ हरेगो करेगो कहा जब कोकिल कूकिकै कूक सुनैहै ।
औरु. . .फवैगो कछू वल सग कहूके तूहूँ कढि जैहै ।। २ ।।
खेलन द्वैहै न सग तिहारै करौ उन कोटि उपाय विहारी ।
क्यो करि खेलु बनै जल मे बुति लाडिलो की जनु केसरिगारी ।
बूडै न पैयतु "सभु" तुम्है जलमधि तिहारी छपं छविकारी ।
क्यौं घन मध्य विनै विजुरी जमुना मधि त्यो व्रषभान दुलारी ।। ३ ।।
. . .क कहै सुषमा लहरै मनके चढिवे को सीढीए पेषै ।
कन्हको टोनो कियो कछु काम ववीसुर एक इहा अब देषै ।
राधिका की त्रिवली को वनाउ विचारि विचारि इहै हम लेषै ।
यासी न औरन औरन और है तीनि षचाइ दई विधि रेषै ।। ४ ।।
मन बच करम लगनि की लिषी है किधौं हरितीनि लोक लिषी सुवदन पानी की ।
एक तीनि ग्राम की कहत रेषा तीनि सब कलनि समेत वसिगिति वृक्षि वानी की ।
छवि तीन्यो लोक की लगाई विधि याते तीनि रेष मिस तीन्यो लोक छविकी निसानी की ।
पीव जीव जरमुषवा जीव कोनो वसतु सुषमा की सीव गीव राधा ठकुरानी की ।। ५ ।।
कढि मागत वारि किधौं लछिमीहि सरोज सो आनि सिवार अरे ।
किधौं आरसी केवर तें उत "सभु" समूह पना छवि के वगरे ।

इमि राधिका के मुह की उँहि ओर विराजत वार महा सुथरे ।
मजि बंबु चल्यो विचल्यो रनतें तम वृंदमतो जुरि पीछे परें ।।
—पूर्ण प्रतिलिपि

विषय—शृंगाररस विषयक कवित्त सवैयों का संग्रह ।

संख्या ३७७ख. कृष्ण विलास या भागवत (दशम स्कंध), रचयिता—शभूनाथ त्रिपाठी, कागज—देशी, पत्र—२१२, आकार—७३/४ × ४१/२ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—२२२६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—संवत अस्पष्ट है, लिपिकाल—सं० १९२३ वि०, प्राप्तिस्थान—पं० लक्ष्मीशंकर जी वाजपेयी, ग्राम—वाजपेयी खेडा, डाक०—वेहटा, जिला—रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ।। अथ श्री मद्भागवत दसम स्कंध भाषा लिष्यते ।।

।। दोहा ।।

छवि कदंम लषि अंब के उमडत मोद अषड ।
कलरव करि करिवर वदन फेरत संडादड ।।
:o: :o: :o:
सभा मध्य बैठे हुते येक समै रघुनाथ ।
मत्री मित्र पडित सुभट बधु वृंद लै साथ ।। २ ।।
:o: :o. .o:
तेंह कवि संभूनाथ को लीन्हो निकट बोलाइ ।
सादर नजरि सुकरि हिये परम प्रेम उपजाइ । ४ ।।
दुरित हटैं जाके पढ़ें कटैं विकट भवबंध ।
कह्यौ हमैं करि दीजिए भाषा दसम स्कंध ।। ५ ।।
तिनको आयसु पाइके हिये हरषि कवि संभु ।
गौरि गनेसहि पूजिकै ताछन कियो अरंभु ।। ६ ।।
६ ७ १
साको बीति गयो तहाँ रस पर्वत औ भूप ।
सगुन उज्यारी पंचमी भादौ मास अनूप ।। ७ ।।
कान्हु कुवर वृज वधुन को वरन्यो यामैं रास ।
नाम धरचौ यहि ग्रथ को याते "कृष्ण विलास" ।। ८ ।।

अंत— ।। पद्धटिका ।।

जव सुनी गोपिकन मधुर तान ।
ह्वै गई मुरछित गुन निधान ।
ह्वै गए सिथिल भूषन दुकूल ।
कुस केसन ते छुटि परे फूल ।।७१।।
:o: :o: :o:
अरे कुशील कुमति अपकारी कहाँ अधम अव जैहै ।
कोटिन जतन किए न वाँचि है तोहि काल धरि खैहै ।
यह कहि वपटि धरचौ मधुसूदन छीनि गोपिका लीन्ही ।
छीनी अमल मनि लई अधम की बड़ी चोप सिर दीनी ।।७५।।

इति श्री मद्राव वंशावतंस राव रघुनाथसिहाज्ञया त्रिपाठी संभूनाथ कृते कृष्णलीलायां शंखधर उद्धारनो नाम पच त्रिंशोध्यायः ।।३५।।

।। दोहा ।।

ह्याँ लगि वरन्यो दसम मे रामकृष्ण के ख्याल ।
विधि वस ते फिरि ह्वै गयो सभु नाथ को काल ।। १ ।।

समाप्तं ॥ शुभमस्तु ॥ सवत् १६२३ ॥ कार्तिक मासे शुभे कृष्ण पक्षे तिथौ एकादश्यां ११ शुक्रवासरे समाप्त भवति ॥ श्री महारानी श्री वडी दुलहिनि साहेब हेत पठार्थं शुभं ॥ लिष्यतं भंरोंदस कविसरेनी ग्रामा ष्यास्ति ॥

विषय—दशम स्कध भागवत की कथा का वर्णन।

रचनाकाल

साको बीति गयो तहाँ रस पर्वत श्री भूप।
सगुन उज्यारी पचमी भादौ मास अनूप॥

संख्या ३७७ग जानक चद्रिका, रचयिता—शभुनाथ, कागज—देशी, पत्र—४८, आकार—६॥ × ५॥ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—१०८०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८८८ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० प्रभुनाथ जी पाडेय, ग्राम—मऊ, डाक०—बेलवार, जिला—जौनपुर।

आदि—श्री गणेशाय नम. अथ यातक चद्रिका लिष्यते ॥

मेष वृष मिथुन कर्क सिंह कन्या तुला वृश्चिक सु धन मकर कुभ मीन जानिए। क्रमही . जानि औचर स्थिर दु स्वभाव पुनि एकहै पुरुष एक नारी पहिचानिए॥
. . . . (पढ़ने मे नही आता, अक्षर उड गए है)।

अथ त्रिशास

गुरु बुध कुज शनि शुक्र धरि तातर धरिए अक।
पच पच वसु मुनि विशिष क्रमते कहे निसक।५१
विषमरास के होइ जो क्रमते गनि एताहि।
समको उलटो जानिए सत कवि कहत सराहि।५२
पुनि असन की रीति सो टिकै जासुतर आइ।
ताही ग्रह की रासि को सो प्रगटत होइ जाइ।५३
विषम रासि की होइतौ विषम रासि को लेइ।
समको जो ग्रह होइतो समही मे मन देइ।५४

इति श्री शभुनाथ क्रिते जातक चद्रिकाया अमभावफलम् प्रथम प्रकासः॥

अत—

भोगी मानी धनी विनीत। आनद सहित अलापै गीत।
पूजै विप्र सदा गुरु देवा। करै जनक जननी की शेवा।
रूपवत अति परम उदार। रुचै सुगध कुसुम के हार।
जलमय होइ पाँचई वर्ष। अठई वरष वडे ज्वर कर्ष।
वरस वाइसौ मे दुषु पावै। पुनि चौवीस वरष जव आवै।
पूरव दिशा गमन तव होइ। गनिकै कहत गनक सव कोइ।
आश्वन शुक्ल द्वोज गुरुवार। नषत कृतिका कहत उदार।
सायकाल मरै नर सोइ। जो ससि मीन रासि को होइ।१२

इति श्री शभुनाथ विरचिते जातक चद्रिकाया नाम एकादश प्रकाशः सवत् १८८८॥

विषय—जातक चद्रिका भाषा (ज्योतिष विषय)।

संख्या ३७७घ मुहूर्त चिंतामणि या मुहूर्त मजरी, रचयिता—शभूनाथ कवि (स्थान—बैसवारा), कागज—देशी, पत्र—६८, आकार—८६/१० × ५९/१० इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—१६८३, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८०३ वि०, लिपिकाल—स० १८५२ वि०, प्राप्तिस्थान—प० रामेश्वर त्रिपाठी महत, मोहल्ला—सूर्जपुर रायबरेली, जिला—रायबरेली।

आदि—श्री गणेशाय नम. ॥

सघन अघन के दलन को तुव समान को होइ।
हरज विनायक को हरै विघन विनायक तोहि॥ १॥

:o: :o: :o:

अति सुवेश मय आचरन वेशन को सिरताज ।
सब सुषकर वगिसर जहा वंश भूप को राज ॥ ३ ॥
:o: :o: :o:
प्रगट भयो तेहि देश मे जाको वेश प्रभाऊ ।
अरिकुल मरदन सुषसदन मरदन रंश्रा राउ ॥ ५ ॥
तेहि मरदाने राय के प्रगट भयो अचलेश ।
जाके गुन गन की कथा वरनि सकत नहि सेस ॥ ६ ॥
जेत पत्र जग जिन लयो सव समूह नसाइ ।
निज वसि करि तुरकान बल करेहु मुठी मे आइ ॥ ७ ॥
सभा मध्य वैठे हुते एक समै अचलेश ।
तिन कवि संभूनाथ को कीन्हो इहै निदेश ॥ ८ ॥
जैसे जातक चद्रिका करि दीन्ही करि नेहु ।
त्यों मुहूर्त चितामन्यो भाषा मे करि देहु ॥ ९ ॥
तिनको आयसु पाइकै तब कवि संभूनाथ ।
गनपति गिरिजा गिरीस को गुर को नायो माथ ॥१०॥
सवत वीति गए तहाँ अग्नि व्योम वसु चद ॥१८०३॥
ग्रंथ मुहूर्तमंजरी करी प्रगट सानंद ॥११॥

अत—अथ गृह प्रवेश विधि

॥ घनाछरी ॥

तानिए वितानि मुकतानि सो समेत गान मंगल के कानन सुधासी पीजियतु है ।
वेद धुनि सुनत नगर सुर पूजि गुरजन पुरजन सो असीस लीजियतु है ।
गनक चितेरे और लोगये घनेरे नेरे योहित पुरोहित दान दीजियतु हैं ।
विहसत वदन सुमन दुरदन चढि नूतन दसन कों गन कीजियतु हैं ॥१५॥

इति श्री मन्महाराजकुमार श्री अचलसिहाज्ञाया त्रिपाठी संभूनाथ विनिर्मितायां मुहूर्त-मजर्यां गृह प्रवेश प्रकरण समाप्त ॥ कवित्त सख्या ॥ ८८७॥

अथ आशिर्वाद ॥ घनाक्षरी ॥

जौलौ कौल नायकु कलानिधि कलपतरू कमठ की पीठि मे निवास जौलौ सेस को ।
देव मुनि मनुज दनुज गंधरव जौलौ मषन मे अग्रभाल पूजत गणेश को ।
जौलौ हिमगिरि पर गिरिजा समर्त्ता सभ जौलौ अमरावति अमल अमरेश को ।
मानसरवर जल प्रफुल्लित कौलौ जौलौं तौलौं राज राजे राजवशी अचलेश को ॥

॥१८५२॥ माघ शुक्ल सप्तम्या चद्रवासरे ॥ लिषित नंदकिसोर त्रिवेदी मिदं पुस्तकं ॥ यादृशं पुस्तकं द्रष्ट्वा तादृशं लिषितमया । यदि अशुद्धम शुद्धंवा मम दोषो न दीयते ॥१॥ श्री गणेश जू सहाइ सदाँ ॥ श्री महादेव जू सहाइ सदाँ ॥ रामच जू सहाइ सदा ॥

विषय—मुहूर्त चिंतामणि ज्योतिष ग्रथ का हिंदी मे पद्यबद्ध टीका ।

रचनाकाल

संवत वीति गए तहाँ अग्नि व्योम वसु चद ॥१८०३॥
ग्रथ मुहूर्तमजरी करी प्रगट सानद ॥११॥

संख्या ३७७ड. मुहूर्तमजरी, रचयिता–शभुनाथ, कागज—देशी, पत्र—६५, आकार–१२$\frac{3}{4}$ × ५$\frac{4}{5}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—११ परिमाण (अनुष्टुप)—१६०६, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८०३ वि०, लिपिकाल—स० १८८६ वि०, प्राप्तिस्थान —प० रामजियावन जी, ग्राम व पोस्ट–निगोहाँ, जिला–लखनऊ ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ मुहूर्तमर्य्यंज लिख्यते ॥

॥ दोहा ॥

सघन अघन के दलन कों तुंद समान को होहि ।
हरज विनायक को हरं विघन विनायक तोहि ॥ १ ॥
:o: :o: :o:
अति सुदेसमय आचरज देसन को सिरताज ।
सब सुख कर बगिसर नगर वयस नृपति को राज ॥३॥
अमल चरित तेहि देसको ज्यों सुरसरि को सोत ।
जहाँ धरम आचार सुष दिन दिन दूनो होत ॥ ४ ॥
प्रगट भये तेहि देस मे जाको देस प्रभाव ।
अरिदल मरदन सुखसदन मरदन रंया राव ॥ ५ ॥
तेहि मरदाने राय ते प्रगट भये अचलेस ।
जस कदंब जाके विमल वरनि सके नहि सेस ॥ ६ ॥
जयत पत्र जग चिन्ह लयो सत्रु समूह नसाय ।
निज बस करि तुरकारादल करचो मूठि मे आय ॥ ७ ॥
सभामध्य बंठे हुते एक समै अचलेस ।
तिन्ह कवि संभूनाथ को कीन्हो यहै निदेस ॥ ८ ॥
जंसे जातक चंद्रिका करि दीनी करि नेहु ।
सों मुहूर्त चिंतामनौ भाषा मे करि देहु ॥ ६ ॥
तिनके आयसु पाय कं तब कवि संभूनाथ ।
गणपति गिरिजा गिरीश को गुरू को नायो माथ ॥१०॥
सवत बीति गयो तहा अगिनि व्योम वसु चद ।
ग्रंथ मुहूरत मजरी करी प्रगट सानद ॥११॥

अंत—

॥ अथ प्रवेश विधि ॥

घनाक्षरी

तानिए वितान मुकुतान सो समेत गान मगल के कानन सुधासो वीजियतु है ।
वेद धुनि सुनत नगर सुर पूजि गुरू जन सो असीस लीजियतु है ।
गनक चितेरे और लोग है घनेरे जो हित पुरोहित न दान दीजियतु है ।
विहसत वदन सुमन द्विरदन्ह चढि नूत सदन को गमन कीजियतु है ॥११॥

इति श्री मन्महाराज कुमार श्री अचलसिंहाज्ञया त्रिपाठी सभूनाथ विनिर्मितायां मुहूर्त-मंजर्य्यां गृह प्रवेश प्रकरणम् ॥१०॥ सवत् १८८६ अश्विन मासि कृष्ण पक्षे तिथौ अष्टम्यां सोम वासरे मिद पु० समाप्तम् ॥ शुभमस्तु ॥ पुस्तकमिद लिखित रामवकस त्रिपाठी पठनार्थं कुरसति त्रिपाठिना ॥

विषय—ज्योतिष विषयक सस्कृत ग्रथ मुहूर्त चिंतामणि का हिंदी अनुवाद ।

रचनाकाल

३ ० ८ १
संवत बीति गयो तहा अगिनि व्योम वसु चद ।
ग्रथ मुहूरत मजरी करी प्रगट सानद ॥११॥

संख्या ३७८क काली विजय, रचयिता—शभूनाथ शुक्ल, (स्थान—ग्राम—छपिया), कागज—देशी, पत्र—६०, आकार—१०॥ × ६॥ इच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२४, परिमाण—(अनुष्टुप)—१६२०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १६१२ वि० (?), लिपिकाल—स० १६३५ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० सरजू प्रसाद दुबे, ग्राम—लच्छीपट्टी, डाक०—मेगरामऊ, जिला—जौनपुर ।

आदि—श्री भगवती काली जी की क्रिपा से

सुकुल वंश भव गर्ग कुल छपिया ग्राम निवासि
शंभुनाथ काली विजय ग्रंथ जगत परकासि
काली विजय
मतवं सुवह् सॉविक सीतापूर में छापी गई (मुनशी कृशनलाल साहिब की फरमायश से)
सूचीपत्र
छनद हरगीत
भुवनेश्वरी भुवनेश शङ्कर चरण पङ्कज ध्याइके
श्री कृस्नलाल विशालमति प्रियबाल हित सुखराइ के ।
काली बिजं छाया करावत गुरो अज्ञा पाइके ।।
द्विज शंभुनाथ कृपाल स्यामानाथ शिवमुन गाइके
दोहा
रम्य ग्रंथ काली विजय जेती कथा वितानि ।।
शंभुनाथ ताकर लिखत सूचीपत्र वखानि ।।
चौपाई
प्रथम देव काली गुन गाथा ।। वर्णन कियो राधिका माथा ।।
पाठेश्वरी चरित पुनि वर्णा ।। जो प्रतिपाले भूपति कर्णा ।।
वधी चंदन केरि बड़ाई ।। वर्णेहु इंद्र यथा सुखपाई ।।
वर्णेउ जोग माहि सभ भोगा ।। प्रिय मातहि जेहि सुनि बुध लोगा ।।
तव नवरात्र केर इतिहासा ।। वर्णेउ मुनिते ऋषि दुर्वासा ।।
कामबीज महिमा तंहगाई ।। जेहि जप सभ बांगछित फलपाई ।।
राज सुदर्शन चरित वषाना ।। देवीमय जो कीन जहाना ।।
काली थाप कोन सभ मामा ।। जीति असंख्य राज संमामा ।।
पुनि भाषे नवरात्र विधाना ।। जेहिकरि मनुज होइ सुखबाना ।।
पुनि मुनि कहे शुभा शुभ कर्मा ।। श्री वसिष्ट गुनि नृपहि अधर्मा ।।
अखय नरक वर्णन तव कोना ।। जेहिते डरत सुधर्म प्रवीना ।।
तव वर्णेउ उद्रान्त वडाई ।। जेहि विधि शिवनिज सुतहि सुनाई ।।
छठी व्रत तव कहेउ कृपाला ।। जासे त्रियसुष पावें बाला ।।
पुनि शीतला देवि व्रतगावा ।। जगत प्रगट जेहि केरि प्रभावा ।।
दोहा
शंभुनाथ द्विज कहेउ तव दश विद्या शत नाम ।
सुने पढे जो भुवन मह परिपूरन सम काम ।।
:o: :o: :o:

अंत—
दोहा
श्री वसिष्ट मुनि कहि नियस भूष सुदर्शन पास ।
सो मुनि नृप हर्षित भये जानिन नृपति शुवास ।
जे जन श्री काली विजं पठिहै करि विश्वास ।।
रिधि सिधि कीरति संपदा पैहै विना प्रयास ।
पढिहै जे काली विजै पलिहै ताहि हमेस ।।
स्यामा वसिहै तेहि हृदै हरिहै विघुन गनेस
छन्द
हर्ष कर वर्ष वर्षेस से अर्क भिमात्य वैसाष रवि सनुवारा ।।
संभुतिथियावनीसंव मनभावनी सांम्वशिव प्रीतकारा ।।

॥ श्री ॥

बब्बमह धारा धन लब्धलब्ध वर्ण वर्णितपसो मणि
तपरिणत त्रिवेणी तदात्मज शम्भुनाथ कृते दुर्गाभक्ति सुधार्णवे ॥

तमाम हुई ॥ स्मवत १९३५ रोज शेमवार ॥

विषय—काली विजय वर्णन ।

रचनाकाल

हर्ष कर वर्ष बसैसर्स अर्कमिमात्य वैसाष रवि सनुवारा ॥
समुतिथियावनी सेव मनभावनी साम्वशिव प्रीतकारा ॥

संख्या ३७८ख. काली विजय, रचयिता—शभुनाथ शुक्ल 'द्विज', (स्थान—छपिया शुक्ल, बस्ती), कागज—देशी, पत्र—५६, आकार—६॥ × ६ इच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२३, परिमाण (अनुष्टुप)—१५७१, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री प० केदारनाथ जी शुक्ल, ग्राम—छपिया शुक्ल, डाक०—हरैया, जिला—बस्ती ।

आदि—श्री काली विजय लिखते श्री गणेशाय नम. ॥

दोहा

बंदौ चरण विरचिके यो भव निधि करतारु ।
जो प्रगटेउ षल सज्जनहि गरल सुधा तन धारु ।
काली कुल सर्वस्व लषि शक्ति सहिता जानि ।
शंभुनाथ काली विजय भाषा कथा पुरानि ।
पूछेहु श्री यदुराज से श्री राधा महरानि ।
केहि विधि काली अवध वसि रघुहि दियो वरदानि ।

चौपाई

केहि विधि मानति निज जन स्यामा । कवते कौन अवधपुर धामा ।
केहि बल श्री रघुशंव नरेशा । जीति सुजस कीनेहु सबदेशा ।
कवतं शंव न प्रथम प्रशसी । आदि शंव भैं रघु रविवंशी ।
शंव शिरोमणि राम कहावैं । तुम शाक्त वर वुध जिमि गावैं ।
लस मूर्ति शिव पावेहु रामा । जीतेहु रावण कर सग्रामा ।
शिवहि सुनावहु भक्त पियारा । रावणा शंव समर कस हारा ।
तव श्री कृष्ण कहेउ सुनुरानी । भक्ति वश्य शिव आदि भवानी ।
अति उदार शिव कामि निकाली । भक्ति गह गुनि धावहि हाली ।
दान देत कालिहि नही बेरी । देअ अभय वर जन कह घेरी ।
शील रूप अव दया अधारा । काली पालति यह ससारा ।

दोहा

शंवराज रघुवश जस पूछेहु प्राण पियारी ।
ताकर हम वर्णन करत सुनु वृषभानु कुमारि ।

अंत—

छन्द चार

असख्य सौख्य दायिनी पाप नासिनी ।
असंख्य देव मापिनी असख्य पुन्य भासिनी ।
असख्य दुख हारिनी असख्य दास तारिनी ।
असंख्य कार्य सिद्धिदा असख्य वित कारिनी ।
अनत देव कामिनी अनत देव कामदा ।
अनंतदेव नामिनी अनंत देव धामदा ।
अनत कांति सालिनी अनंत साति सिद्धिदा ।

अनंत संत पालिनी अनंत वृद्धि वृद्धिदा ।
अनंग बान वासिनी अनंत बान तेजदा ।
अनंग बान मोहिता अनंग बान सेजदा ।
अनंन्द वृंद दायिनी असंद बुद्धि वृद्धिदा ।
असेष दुःष नासिनी असेष सौष्य रीद्धिदा ।

—अपूर्ण

विषय—काली (देवी) का युद्ध मे विजय प्राप्त करना तथा यश वर्णन आदि ।

संख्या ३७८ग. काली विजय, रचयिता—शभुनाथ, (स्थान—जनश्रुति—छपिया ग्राम, बस्ती), कागज—देशी, पत्र—७२, आकार—१२ X ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—२१६०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६१३ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री डा० अबिका प्रसाद सिंह, ग्राम—पिपरा ससारपुर, डाक०—वाल्टरगज, जिला—बस्ती ।

आदि—अशंभुनाथ कृत काली विजय ।। श्री गणेशाय नम. ।।

छन्द हरिगीता

भृति वक्ष दक्षिण कालि कांश भवा समक्षिति पालिका ।
अघ वैरि कौरव सूर पिसूर विदेह सूर रति वालिकाम् ।
प्रणमामि राम वधूम् महं प्रणतार्ति सोच विमोचनी ।
भृत पकं जाल प्रचारु पकज लोच नीम । १
:o: :o: :o:

दोहा

बन्दौ चरम विरचि के जो भाव निधि करतारु ।
जो प्रगटेउ खल सज्जर्नाह गरल सुधा तम धारु ।
काली कुल सर्वस्व लखि शक्ति सहिता जानि ।
'शमुनाथ' 'कालीविजय' भाषति कथा पुरानि ।
पूछेहु श्री यदुराइ से श्री राधा महरानि ।
केहि विधि काली अवध बसि रघुहि दियो वरदानि ।।

चौपाई

केहि विधि मानति निज जन श्यामा । कवते कौन अवधपुर धामा ।
केहि बल श्री रघु शंव नरेसा । जीति सुयश कीन्हे सबदेशा ।

अंत—

सोरठा

काली नाम हजार दस विद्या सतनाम जुत
जे पढ़िहै ससार ते पैहै चारिव फलो ।

छन्द

सुत सपदा सुख पाइहै निति छाइहै तन छेम सों ।
श्री वालिका जस नाम जे जन गाइहै नित प्रेम सो ।
कहि शंभुनाथ महेश श्यामा पालिहै तेहि व्यालसो ।
तेहि दर्श सोमक रोग भागिहैं होइ नहि उर काल सों ।
ध्रुव साधि सुत तव जनक सो अप मृत्यु बस बन मे मरे ।
वड़ शंव लखि तेहि नारकी जन नरक सेइ तनि सरे ।
रघुवंश साक्त वतंस तेहि कह श्वास किमि नृप नर्क सो ।
अंधकार को उरहोत क्यो जन जोउ होतक अर्कसों ।

दोहा

:o: :o: :o:

पढ़िहै जे काली विजय पलिहैं ताहि महेश ।
स्यामा बसिहै तेहि हृदं हरिहै विघ्न गनेश ।

:o: o :o:

संम्वत् १९१३ साल मिती

विषय—काली विजय वर्णन (संस्कृत ग्रंथ देवी भागवत के आधार पर)। शुभ निशुभ तथा कालिका के युद्ध का वर्णन।

संख्या ३७८घ. तारा विजय, रचयिता–शभुनाथ, (स्थान—जनश्रुति–छपिया ग्राम), पत्र—२९, आकार—१२ × ६।। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८७०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १९०८ वि०, लिपिकाल—सं० १९०८ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री अंबिका प्रसाद सिंह, ग्राम–पिपरामसारपुर, डाक०–वाल्टरगंज, जिला–बस्ती।

आदि—श्री गणेशाय नम. ।।

दोहा

सुनेहु महा लक्ष्मी चरित विध वासतो कीर्ति ।
कहहु नाथ लरा सुजस लगी मोहि बडि प्रीति ।
स्यामा केहि वारन लई श्री तारा अवतार ।
मोहि सुनाई कृतार्थ करु नाथ मृकाण्डु कुमार ।

चौपाई

सुनि मृकाण्डु सुत मानि हुलासा । बोलेहु सुनहु सत दुरवासा ।
तारा चरित अगम्य अपारा । कहि न सकै जे बदन हजारा ।
बरणेहु कछुक बुद्धि अनुसारा । जेहि विधि भाषेहु नद कुमारा ।
सुभ निसुभ तत्य हकारी । कीन्ह महातप विधि व्रतधारी ।
पच सहस्र वर्ष तेहि वीता । ब्रह्महि सेराहि प्रेम पुनीता ।
सेवा बस ब्रह्मा तह आए । वरमागहु अस वे न सुनाए ।
सभु निसभु परे विधि पाये । पूजाकरि बहु स्तुति गाए ।

:o. o. .o:

दोहा

ब्रंह्मा बोले सुभते सेवक जानि दुलारि ।
हमरे सिव हरि के किये मृतु न होइ तुमारि ।।

अंत—

छंद छप्पै

विधु दिन मास असाढ सुदी नवमी तिथि चित्रा ।
सम्वत् सत् बत्तेस आठ अति सुभग विचित्रा ।
शभुनाथ गुरु कृपा रचेहु सामवी चरित्रा ।
यह दुर्गा भक्ति सुधार्णव ग्रथ पूर्ण विरचित चयत ।
सभ सिद्धि रिद्धि जस वृद्धि प्रद जपद देव काली अयत ।

दोहा

तुलसी कृत रामायनहि सुनत जथा हनुमान ।
सोस स्यामा शिव सुजस सुनि करु भैरव कल्यान ।

:o: :५ :o:

इति श्री शभुनाथ कृते दुर्गा भक्ति सुधार्णव तारा विजय वर्णनोनाम पचमस्तरंग ।

विषय—देवी भागवत के आधार पर सुभ निसुभ के साथ तारा देवी के युद्ध और उनकी विजय का वर्णन किया गया है।

संख्या ३७८ङ. देवाज्ञाभरण, रचयिता—शंभुनाथ, कागज—देशी, पत्र—१२, आकार—१०॥ × ४॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—५, परिमाण (अनुष्टुप)—१०५, अपूर्ण (खंडित), रूप—प्राचीन (जीर्णशीर्ण), पद्य, लिपि-कैथी, प्राप्तिस्थान—श्री पं० विधि नारायण जी पांडेय, ग्राम—गंगिया, डाक०—महसो, जिला—बस्ती।

आदि—

. . . .
देवदत्त गुरु चरण युग अब वन्दौ कर जोरि।
जेहि को मानेउ प्राण प्रिय सुत गिरि राजकिशोरि।
प्रथमहि माखेउ भाव फल जेहि विधि कहेउ गणेश।
जेहि लषि भावं जोतिषी जन सुष दुष उपदेश।
सौम्य स्वामि युत दृष्ट जो भाव वृद्धि कहु तासु।
पाप विलोकित. . . . . ।
:o: :o: :o:
श्री गणेश शुकदेव मत जो भाषेउ श्रुति माहि।
'शंभुनाथ' शिशु बोध हित भाषा विरचत ताहि।
लग्न मूर्ति तनु उदय वपु प्रथम भाव को नाम।
कोश अर्थ धन दूसरो गेह जानु मति धाम।

अंत—

आपनो गेह सम पूर्ण बल खेचरो त्रिमित्र गृह अर्द्ध बलवान भोगा।
शत्रु गृह मेषचर एक चरणांश बल अस्तगत खेट नहि वीर्य योगा।

दोहा

श्री गुरु राम दयालु प्रभु चरण सरोरुह ध्याइ।
शंभुनाथ यह ग्रंथ मो रचि संज्ञा अध्याइ।

इति श्री मंत्राधाराधन लब्ध लब्ध वर्ण वर्णित प्रकाण्ड यशः काण्ड मंडित पंडित त्रिवेणी दत्तात्मज शंभुनाथ कृते देवाज्ञाभरणे संज्ञाध्याय . .

—अपूर्ण

विषय—ज्योतिष विषय वर्णन।

संख्या ३७८च. प्रबोध पारिजात, रचयिता—शंभुनाथ, निवासस्थान—छपिया ग्राम, कागज—देशी, पत्र—४८, आकार—१२ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—१४४०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १६०७ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री अंबिका प्रसाद सिंह, ग्राम—पिपरा समारपुर, डाक०—वाल्टरगंज, जिला—बस्ती।

आदि—श्री गणेशाय नमः॥

दोहा

मारकंडेय पुराण मत देषि ब्रह्मवैवर्त।
शंभुनाथ दुर्गा चरित किछु एक वर्णन वर्त।

सोरठा

विश्वामित्र मुनीस कहेउ परासर सुनुते।
दुर्गा केर चरित्र मोहि सुनाइ पवित्र करु।
जे दुर्गा के दास त्रास हरन भव फास को।
तेहि को सुजस प्रकास कृपा रासि प्रभु सरण मुनि।

छन्द हरगीत

जो नाम दुर्गा केर जो जस काम कर सिय राम के।
तुम कहहु ताकर अर्थ नाम समर्थ हो तप धाम के।

जो जपिसि जो फल पाइ नाथ बुझाइ मोहि सुनाइये ।
द्विज शभुनाथ महेश दुर्गाभक्त मोहि बनाइये ।

दोहा

दुर्गम दैत्य विदारिणी तेहिते दुर्गा नाम ।
जो दुर्गति हर लोक को पूर्ण करत सम काम ।

अत—अत विप्र दपती गये महेश गेह को ।
शंभुनाथ शभु नेह है फलो सुदेह को ।
नित्य जो प्रबोध पारिजात को गाइहै ।
पुत्र पौत्र कीर्ति सपदा सु पाइहै ।
ताहि चित्त मो बसे सदा उमा महेश्वरो ।
पालिहैं सदैव विघ्न घालिहै गणेश रो ।

इति श्री मदषरणवो मडित पडित त्रिवेणी दत्तात्मज शभुनाथ कृते . . . प्रबोध पारिजात तृतीय स्तरग

·०·　　०　　·०:

वर्ष वसंस स सत्ममित हर्ष कर खास तपमास तिथि शंभु केरी ।
शुक्ल दल माहि दिन शुक्र शिव धान धर ज्ञान गुनखान जह रिद्धि घेरी ।
ग्राम मसार पुर धाम जेहि के रहै साभवी नाम पर जासु नेहा ।
ग्रथ परबोध परिजात यह पूर्ण भो भूप भैरो वाम सिह गेहा ।

.०.　.　०.　:०:

छद हरिगीतिका

रस चद्र नभ नव भूमि समित सौम्य सवत् मास मे ।
सुदि पौष तिथि चतुराननी शशि दिवस शिव व्रत खास मे ।

विषय—मार्कडेय पुराण ब्रह्मवैवर्त खड के आधार पर दुर्गा चरित्र वर्णन ।

सख्या ३७८छ विद्याविलास, रचयिता—शभुनाथ, निवासस्थान—छपिया ग्राम, कागज—देशी, पत्र—११२, आकार—१२॥ × ६॥ इच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—३३६०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १६०३ वि०, लिपिकाल—स० १६१३ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री अबिका प्रसाद सिह, ग्राम—पिपरा समार पुर, डाक०—वाल्टरगज, जिला—बस्ती ।

आदि—शभुनाथ कृत श्री विद्या विलास ॥ श्री गणेशाय नमः ॥

दोहा

महाकाल सहिता मत लखि देवी पौराण ।
शभुनाथ बरनत करत श्री विद्या उपख्यान ।
श्री विद्या को गुन अमित हरि विधि सकै न गाइ ।
शभुनाथ तेहि कहतु है बाल रीति मत लाइ ।

चौपाई

एक समय श्री रिषि दुरवासा । कहेउ मृकंडु तनय ते भासा ।
स्यामा श्री शकर को व्याही । गौरी शिव किमि जग कहै ताही ।
शकर सत्य गुनी निरवानी । कवते भये रजोगुन ग्यानी ।
केहि विधि श्री विद्या अवतारा । अद्या धरि राजसी आकारा ।
कहिए नाथ तौन इतिहासा । जेहि सुनि वढै भक्ति विस्वासा ।
मार्कंडेय सुनो रिषि वातें । श्रद्धा देषि प्रेम रस माते ।
लागे जथा कहन मृदुवानी । दुर्गा भक्ति सुधा रस सानी ।

अत—

छन्द हरिगीत

करि प्रेम श्री विद्या विलास कथा सुनेम सुने कहे ।
नव निद्धि श्री जस सिद्धि वुद्धि समृद्धि मुक्ति फलो लहे ।

द्विज शंभुनाथ विनिर्मिता सुनि साम्य शिवहित मानिहै ।
पितु मातु को सुतरात सुत करवात ज्यौ सुखदानि है ।

दोहा

श्री विद्या जस गाइहैं जे जन सुने हमेस ।
भैरव करिहै तेहि अभय हरिहै विघुन गनेस ।।

इति श्री मत्प्रस्त निस्तल जसास्तोम प्रशिस्त पंडित० त्रिवेणी दत्तात्मज शंभुनाथ कृत दुर्गा भक्ति विद्या विलासो नाम द्वितीयोस्तरंग

छन्द हरगीत

भुवनेस्वरी भुवनेस शिवपद भक्ति जेहि हिय सालनी ।
कवि गोत सोल सुभाव कीर्ति सुभाउ कुँवरि नृपालिनी ।
कल हस कल अवतंस भैरो वकस सिह कुआर मो ।
यह ग्रथ श्री विद्या विलास प्रपूर्ण भो गुरुवार मो ।

दोहा

संवतसर वनैस सै तीनि सूक सुक मास ।
पूर्ण दशहरा को भयो श्री विद्या जस रास ।
:o: :o. :o:
सवत वन्नैस से रह्यौ अरु तेरह सुभ मान ।
रितु वसत अरु पचमी वार सुक को जान ।

इति श्री विद्या विलास सपूर्णम्

विषय---देवी भागवत के आधार पर देवी के यश तथा महात्म्य का वर्णन किया गया है।

रचनाकाल

संवत सर वन्नैस सै तीनि सूक सुक मास ।
पूर्ण दशहरा को भयो श्री विद्या जस रास ।

सख्या ३७८ज. शिवतत्व प्रकाश, रचयिता--शभुनाथ द्विज, निवासस्थान---छपिया ग्राम (बस्ती), कागज---देशी, पत्र---७५, आकार---१० X ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)---२६, तमन्नाई (शहर लखनऊ से प्रकाशित), परिमाण (अनुष्टुप)---२६२५, पूर्ण रूप---प्राचीन, पद्य, लिपि---नागरी, रचनाकाल---स० १६०७ वि०, मुद्रणकाल---स० १६३८ वि०, प्राप्ति-स्थान---श्री प० गोमती प्रसाद जी, ग्राम--विशुनपुरा, डाक०--कप्तानगज, जिला--बस्ती ।

आदि---श्रो श्री गणेशाय नमः

चतुःपदी छद

शिव भक्ति अगारा परम उदारा द्विल मुखराइ कुमारा ।
गुरु आज्ञामानी द्विज सुखदानी कृष्न लाल नृप प्यारा ।
दुर्गा शिव ध्याई छाप कराई यह शिवतत्त्व प्रकाशं ।
सीतापुर ग्रामा जपि शिवनामा शभुनाथ सुख भासं । १

यह शिवतत्व प्रकाश मो कहो जतिक इतिहास ।
शंभुनाथ ताको लिखत सूची पत्र प्रकाश ।
मो हिय राधा कान्त को निसदिन वसौ विहार ।
जिहि सुमिरत प्रत्यूह के विनसत जूह अपार । ४
तीरथ सेवन करत हरि प्रेम भक्ति को मूल ।
धन्य कलिदी कूल लषि लोभे पीत दुकूल ॥ ५

अथ कवि की स्थिति

राजत सुबे विहार मे है सारनि सरकार ।
सालग्रामी सुरसरित सरजू सोभ अपार । ६
परगन्ना गोआ लसे गाव चैनपुर नाम ।
गंगा सो उत्तर तरफ सो हरि कवि को धाम । ७
सरजूपारी द्विज सरस वासुदेव श्रीमान ।
ताको सुत श्रीरामधन ताको सुत हरिजान । ८
नवापार मे ग्राम है वढ्या अभिजन जास ।
हरि सुविहारी सतसई टीका करत प्रकास । ६
फेर विहारी पढ़न को परै न काहू पास ।
ऐसी टीका करत है हरि कवि हरिपरकास ॥१०

पुरुषोत्तमदास जी को बांध्यौ क्रम है ताके अनुसार टीका ॥

:o: :o: :o:

मेरी भव इति ॥ मेरी हमारी जो भव बाधा फेरि फेरि जन्म लेनो सोहै दुष ताको हरो भव नाम जन्म को औ ससार को बाधा दुष । हे राधा नागरि प्रवीन तुम भक्त बत्सल हौ भक्त के दुष देषि तुमैं दया आवति है सो याको अर्थ प्रसिद्ध बेद पुरान तुमारी स्तुति करै है ।

अंत—सालग्रामी सरजुजहं मिली गंग सो आय ।
अंतराल मो देस सो हरि कवि को सरसाय । १
सेवी जुगल किसोर के प्राननाथ जी नावँ ।
सप्तसती तिनसो पढ़ी वसि सिगारवट ठाँव । २
जमुना तट सिंगारवट तुलसी विपिन सुदेस ।
सेवत सत महत जेहि देषत हरत कलेष । ३
पुरोहित श्रीनद के मुनि सांडिल्य महान ।
हम है ताके गोत मे मोहन मोज जमान । ४
मोहन महा उदार तजि और जाचिए काहि ।
सपति सुदामा को दई इद्र लही नहि जाहि । ५
गही अकसु मनु तात तें विधि सो वस लषाय ।
राधा नाम कहै सुनै आनन कान वढ़ाय । ६
सवत अठारह सै विते तापर तीसरु चारि ।
जन्माठं पूरो कियौ कृष्ण चरन मन धारि । ७

इति श्री हरिचरणदास कृता विहारी विरचित सप्तसती टीका हरि प्रकासाख्य पूर्ण । संवत् १८६८ ॥

विषय—विहारी सतसई की टीका।

रचना काल

सवत अठारह सै विते तापर तीसरु चारि ।
जन्माठं पूरो कियौ कृष्ण चरन मनधारि । ७

सख्या ४३२क. मसल विवेक, रचयिता—बाबा हरिदास जी, निवासस्थान—बबुरिहा का पुरवा (महाराजगज), रायबरेली, कागज—आधुनिक सफेद, पत्र—२७, आकार—१०½ × ७ इच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—२४, शुक्ला प्रिंटिंग प्रेस, लाटूश रोड, लखनऊ से प्रकाशित, परिमाण (अनुष्टुप)—६७२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, मुद्रणकाल—स० १९९२ वि०, प्राप्तिस्थान—बाबा अवसानदास जी, ग्राम—बबुरिहा का पुरवा, डाक०—महाराजगज, जिला—रायबरेली ।

आदि—ॐ जानकी वल्लभो विजयते ॥ मसल विवेक ॥

कवित्त सवैया

नरदेह सुपाय विषै विष खाय गँवाय वृथा मनलाय विकारै ।
वनिता सुत दाम गुलाम भयो सब दूषन भूषन साजि सिगारै ।
परमारथ स्वारथ के पतिराम गहै नहि दाम चहै दुष पारै ।
कह दास हरी विगरी सगरै सो जरै वह सोन जो नाकहि फारै ।
नर देह सुपाय गँवाए वृथा हरि नाम नवाम महाधन लूटा ।
तिहुँ काल तिहुँ पन तिनिहु जोनि तिलोक न सोक लखेबहु टूटा ।
विषया वन भूलि चल्यौ खल फूलि मनोभव लोभ रिसो तेहि कूटा ।
कह दास हरी विगरी सगरो जिमि तीनि भुजाएँ भयो खल भूटा ।
नर देह सुपाय गँवाए वृथा मन लाय न राम भजेउ सठ जोना ।
नितही दुख कूटि न छूटि कवौ निकसी तन फूटि सियावर लोना ।

परिगे जमते जब काम हराम परे दुख मार करे मुख बोना ।
कह दास हरी उबरी करेरं जिमि आगि कहै लरिका नहि सोना ।।

अंत—

हैं गन नायक लायक सर्व सो खर्व न ध्यावत पावत ठेहै ।
गावत भेव पुरान यही तजिमान तेही सुरसेव सने है ।
बुद्धि विसुद्ध हुवे केहि भांति विना रवि राति सो नासक केहै ।
कह दास हरी सो बरी भव नीतिहि भीति जथा तल चित्र उरेहै ।।

विषय—प्रत्येक कवित्त और सवैया मे एक एक मसले (कहावत) का प्रयोग कर ज्ञानोपदेश किया गया है ।

संख्या ४३२ख. भक्तिविलास, रचयिता—बाबा हरिदास, स्थान—ववुरिहा का पुरवा), कागज—आधुनिक, पत्र—७२, आकार—७५⁄₁₀ × ६३⁄₄ इच, पक्ति (प्रतिपृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—१५१२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १६३८ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री बाबा अवसानदास जी, ग्राम—ववुरिहा का पुरवा, पोस्ट—महाराजगज, जिला—रायबरेली ।

आदि—सीताराम जी सहाय ।। श्री गणेशाय नमः अथ भक्ति विलास ग्रंथ लिख्यते ।।

।। दोहा ।।

वंदौ गुर पद कमलरज सदा जोरि जुगपानि ।
राम लषन सिय भक्ति रति देत सर्व सुष षानि ।। १ ।।
श्री गुर चरन सरोज रज मन मधुकर नहि जौन ।
दास हरि सियराम पद लहत भक्ति नहि तौन ।। २ ।।
श्री गुर नवकिशोर जिउ मोर परम हित कौन ।
राम नाम पावन परम भरम नसावन दौन ।। ३ ।।

।। कवित्त सिघालोकनि सवैया ।।

गन के पति न मति के गति के धन सपति दान तनोमन के ।
मन के सुनि कर्म कठोर किये हिय चोर न जोर चलै तनके ।
तनके सब रोग वियोग भये हरिदास न त्रास न विर्ष वनके ।
वनके रह पाय उमा सुत के जिन ध्याय न पाय सुषै गनके ।। १ ।।
गजानन है मुद मगल धाम जो दामदिए सुत वाम जहानन ।
हानन भे तबलो दुष दोष न तोष उमा सुत रोष समानन ।
मानन है सबही सुरके उरके अस नाम अमीरस पानन ।
पानन फूलन सो हरिदास जो सेइ जो लेइ समूह गजानन ।।

अंत—

कार है दीन सुदामहि धामसो कौन जो स्याम कुबेर पसार है ।
सार है भक्ति सदा सब सक्ति तजे नृप पाग कु साग पियार है ।
पार है पारथ को सोइ भारथ हाकि जो जान पुरानहु हार है ।
हार है सोइ सिगार करै हरिदास ररै जो रकार मकार है ।।५०५।।

।। दोहा ।।

कवित पाच सै पांच है सिघालोकनि छंद ।
भक्ति विलास प्रकास मै हरन मोह भर्म फद ।। १ ।।
वहु ग्रथन को सार तुलसीकृत मत षास ।
कवित्त सवैया झूलना घनअच्छरी विलास ।। २ ।।
वोनइस सै अरतीस को सम्मत है सनिवार ।
श्रावन सुक्ल यकादसी ग्रंथ पूर श्रुतिसार ।। ३ ।।

राय बरैली उत्तरै ओजन एक अप्रमान ।
गज दुरविजे सुर पुर बल्ला बीच अस्थान ॥ ४ ॥
है कुमार सुषसाहि के लाल साहि असनाम ।
तासु तनै हरिदास है आसमनै सियराम ॥ ५ ॥
छत्री कुल मे जन्म है गौर अमेठिया बंस ।
श्री मारुत सुत की कृपा भयौं काग सो हस ॥ ६ ॥

अथ भक्ति विलास समाप्त ॥ राम राम सीताराम ॥

विषय—भक्ति वर्णन ।

रचनाकाल

वोनइस सं अरतीस को सम्मत है सनिवार ।
श्रावन सुक्ल यकादसी प्रथपूर श्रुतिसार ॥ ३ ॥

संख्या ४३२. छदपयानिधि, रचयिता—हरदेवकवि, कागज—देशी, पत्र—४०, आकार—१३॥ × ८॥ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२५, परिमाण (अनुष्टुप)—१५०० पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—स० १८९२ वि०, लिपिकाल—स० १९१३ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री ठाकुर श्रीकंठनाथ सिंह जी, धेनुगवाँ (बस्ती) ।

आदि—श्री गणेशाय नम ॥ अथ छद पयोनिधि । लिख्यते ॥

छप्पै छद

अतुल रूप गुन अमित नित्त नव जोवन तन छवि ।
वेदन पावत पार और को वरनि सकें कवि ।
कुजन करत विहार सषी सेवत सुखदानी ।
रसिक गुविंद गुर दई वताय वृंदावन रानी ।
जयति श्रीमती राधिका रमण सग शोभित सदा ।
करौ कृपा 'हरिदेव' पै मुदमगल देउ सु सर्वदा । १

अथ मत्त गयद छद

कूजत कोकिल गुजत और सुनावत मोर महा मुददाई ।
फूल लफी लत कानन कीच सरोज की सेज सवीन बिछाई ।
बैठे तहां हरिदेव दुहूँ मिलि हास विलासन की सरसाई ।
सो सुष मो हिय माँहि वस्यो नित श्री वृषभानकुमारि कन्हाई । २

अथ छद पयोनिधि

आदि अत दोऊ तट राजट पुनीत ताके छद क्रम चारु छरि छायो सरसाय है ।
नाना विधि वर्न अर्थ सोई रतनावलि है गुण गण जल जतु रहे सुष पाय कै ।
दंपति विहार फूले पकज पुनीत तामे कीने ये प्रवध ते तरग छवि छायकै ।
ऐसो हरिदेवकृत छद को पयोनिधि . ज्यो कवि वृ द आमे आनद वढ़ायकै । ३
है अति अगम अगाध दयोपथ सो सुगम . . . . ।
है हिय मम अपराध क्षमाकरो कवि जा. . . . . ।

:o: :o: :o:

जैसे वेद विहिन द्विज हीन लोक सो होय ।
त्योही छदो ग्यान बिन कहै कवं कवि लोय । अन्य छद व्याख्या . . . . . ।

:o: :o: :o:

इति श्री राधिकारमण पदारविंद मकरद पानानद अर्घालव श्री रतिराम आत्मज कवि हरिदेव विरचितायां छद पयोनिधे वृत्तविचारने नाम प्रथमो तरग ।

अत—यह प्रवध पूरनकियौ मै निज मति अनुसार ।
भूल चूक कहु होय जो लीजौ सुकवि सुधार ।१७९

मोहिं आपनो जानि जन छमियो यह अघभार ।
बड़े लघु पर हित करें जिमि गिरि सिर त्रिनधार ।१८०
धरौ नैन निधि सिद्धि ससि सवत् सुषद उदार ।
माघ शुक्ल तिथि पचमी रवि बंदन शुभवार ।१८१

इति श्री राधिकारमण पदारविंद पानानंद अलिंद श्री रतिराम आत्मज कवि हरिदेव विरचितायां छद पयोनिधे सेसवय पिंगल ग्रंथ सम्पूर्णम् अष्टमो तरग ८ शुभमस्तु संवत् १६१३ ॥

विषय—पिंगल विषय वर्णन ।

रचनाकाल

धरौ नैन निधि सिद्धि ससि संवत् सुषद उदार ।
माघ शुक्ल तिथि पंचमी रवि वदन शुभवार ।

संख्या ४३४. विष्णु सहस्रनाम, रचयिता—हरिभुवन दास, कागज—देशी, पत्र—२, आकार—८।। × ४। इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—२६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी प्राप्तिस्थान—श्री प० जमुनाप्रसाद जी, ग्राम–बरहूपुर, डाक०–वलारामपुर, जिला–प्रतापगढ़ ।

आदि—श्री गनेसाय नमः ॥

श्री राम केस्न गोपाल दमोदर दिनानाथ मुरारी ।
मच्छ कच्छ वाराह विसम्भर वावन वौध वहारी । १
परब्रम्भ नरसिंह निरजन कैसो कलिमल हारी ।
रामनाथ रनछोर रमापति सीतापति सुखकारी । २
टीकम विश्न् विराट चतुर्भुज चक्रपाणि धनुधारी ।
पारब्रह्म परमेस्वर परमानद दीन हितकारी । ३
रकनाथ रघुनाथ रमेस्वर कसकाल वनवारी ।
निराकार नारायन नटवर कमल नाभ भं हारी । ४
अगुम अनत अनामं अनुभव गम्य गडुल असवारी ।
अवीनासी अनवध्य अनुपमु अजंनाथ असुरारी । ५

अंत—वरनत व्यास वसिष्ट सदा सुख सनकादिक ब्रम्भचारी ।
सुरपति गिरा गणेश महामुनी जथा सुमति अनुसारी ।१८
कहि ना सकै श्रुति सेस सहस्र मुख सैल सुता त्रिपुरारी ।
पतित पुनीत करन कारन नित जग कीरति विस्तारी ।१६
ऐक नामवली अपार अगम अति रघकुल तिलक तुम्हारी ।
हरि भुवन दास जन सुनै जे गावै तै न परै भौ भारी ।२०

इति श्री वीश्नो सहसरनाम समपुर

विषय—भगवान के एक सहस्र नामों का उल्लेख ।

सख्या ४३५ छद रत्नावली, रचयिता—हरिराम, कागज—देशी, पत्र—४०, आकार—६$\frac{3}{4}$ × ४इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—३६०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८४६ वि०, प्राप्तिस्थान—श्रीयुत शभुप्रसाद जी बहुगुना, एम० ए०, आई० टी० कालेज, लखनऊ ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥

गुर गनपति गोव्यद को नाय सीस 'हरिराम' ।
पिगल मत भाषा विर्षै रचित रुचिर परकाम ॥ १ ॥
मत्ता वरन विभेद करि द्वै विधि लौकिक छद ।
पिंगल आदि अचारिजन कहे बाधि परबध ॥ २ ॥

तिनके लक्ष्य लक्षन सहित सुने जिसे हैं नाम ।
प्रगट करत इस ग्रंथ मैं भाषा करि 'हरिराम' ।। ३ ।।

।। छंद स्त्रग्विणी ।।

छद रत्नावली नाम यो ग्रंथ है ।
बाल बुद्धीन को या धरो पंथ है ।
छद की मदता याहि चालें मिटे ।
ज्ञान के मग्ग अज्ञानता ज्यू हटै ।। ४ ।।

।। अगण कथन दोहा ।।

बरन छद के बंध मैं तीन बरन गन मान ।
मन भय सतरज आठये पिगल करत बखान ।। ५ ।।
सब गलम SSSन ।।। भ S।। य ।SS आदि स ।।S त SS। अत्यम ध्यज ।S। र S।S जानि ।
महि दिव शशि जल अनिल नभ रवि अरु अनल प्रमान ।
रवि अरु अनल प्रमानि श्रेय बहु अपु सज सहि ।
बृद्धि भ्रमन धन नास रोग पुनि प्राण प्रन सहि ।।
गन गति गन पति गनज फलहि गुनि लेहु सकल अब ।
कहत दास हरि राम कहि यहि छद माहि सब ।। ६ ।।
ग के कहें गुर जानियो ल के कहें लहु लेखि ।
कछु गन युत गन नाम लखि कहू अकेलो पेखि ।। ७ ।।

अंत—

जाके पद माहि होहि वरण बतीस सब और भेद नहि कोपि अत्य लघु नित्य धरि ।
घनाक्षरी छद सोई सबै कवि लोग कहै सोला अरु सोला परि विरति विचारि करि ।
व्याजोकति जा इत्थ मिस तैं छिपावै बात वाग गई फूलनि कौ देह गयो खेह धरि ।
पिहित विचारि येम प्रात पिय आये घरि सेज दइ सुधारि कह्यो प्यार पौढिए सपरि ।।१०३।।

इति वृत्त बरन बत्तीस लौ वरने मो मतिमान ।
चूक्यो चतुर सुधारि है जेहै सब विधि जान ।।१०४।।
अब मैं करिबे कौ साची यह कहवति भरती भूषन ग्रद धरचो ।
इक सौनू और सुगध सदा हो एक शख अरु खीर भरचो ।।१०५।।
जिहि अर्थ करि कवित्त को चमतकार मन होय ।
अलकार तिह नाम को कवि धारो मन सोय ।।१०६।।
छवा नाम कित भेद लखि कवि जन मनहु खेद ।
कै देसांतर रीति है क आचारज भेद ।।१०७।।
ग्रथ छद रत्नावली सारथ याको नाम ।
भूषन भरतो तैं भयो कहै दास "हरिनाम" ।।१०८।।

इति श्री हरिराम कृत छद रत्नावली सपूर्ण ।। मगल लेखकाना च पाठकाना च मगलं मगल सर्व भूतानां भूमे भूपति मगल लिपि कृत राम रछिपाल ब्राह्मण श्री लोहागर छेत्र मध्ये सवत् १८४६ कार्तिक कृष्ण ८ भोम वासरे हरे नम. ।।

विषय—पिगल और अलकार वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—प्रस्तुत ग्रथ मे उदाहरण के रूप मे दिए गए छदों मे जो अलकार आए है उनका लक्षण सहित नामोल्लेख कर दिया गया है । कहीं कही छदो के उदाहरण और लक्षण तथा अलकारो के लक्षण और उदाहरण एक ही छद मे दिए गए है, जैसे—

।। घनाक्षरी ।।

जाके पद माहि होहि वरण बत्तीस सब और भेद नहि कोपि अत्य लघु नित्य धरि ।
घनाक्षरी छद सोई सबै कवि लोग कहै सोला अरु सोला परि विरति विचारि करि ।
व्याजोकति गानि इत्थ मिस तैं छिपावै बात वाग गई फूलनि कौ देह गयो खेह धरि ।
पिहित विचारि येम प्रात पिय आपे घरि सेज दइ सुधारि कह्यो प्यार पौढिए सपरि ।।१०३।।

इसमें छद घनाक्षरी का लक्षण और उदाहरण तथा व्याजोक्ति और पिहित अलंकारों के लक्षण एव उदाहरण दिए हैं।

इसमे सदेह नही कि इन विषयो का वर्णन अत्यत सक्षेप मे हुआ है।

ग्रथ की भाषा मिश्रित है जिसमे यत्र तत्र खडी बोली का भी मिश्रण पाया जाता है। ऐसी कुछ सभावना जान पडती है कि रचयिता दिल्ली की ओर का रहनेवाला था।

छद और अलकारो (रत्नो) का वर्णन होने के कारण ही रचना का नाम छद रत्नावली रखा गया है।

संख्या ४३६. चौरासी वैष्णवन की वार्ता (भावटीका), रचयिता—मू० गोकुलनाथ जी, भावकार—श्री हरिराय जी, (स्थान—गोकुल), कागज—देशी, पत्र—६१५, आकार—१४$\frac{6}{10}$ × ८$\frac{3}{10}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८७० वि०, प्राप्तिस्थान— डा० दीनदयालु जी गुप्त, अध्यक्ष, हिंदी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

आदि—श्री कृष्णायनम अथ चोरासी वैष्णवन की वार्ता श्री गोकुलनाथ जी कीए ताको भाव श्री हरिराय जी कहत हे

चौरासी वैष्णव को कारण यह है जो दैवी जीव चोरासी लक्ष जोनि मे परे हे तिनमे ते निकासिवे के अर्थ चोरासी वैष्णव कीए सो जीव चौरासी प्रकार के हे राजसी तामसी सात्विकी निर्गुणए ॥ चारि प्रकार के गिरे तामे ते गुणामय राजसी तासी सात्विकी रहन दीए सो जिनको श्री गुसाइ जी उद्धार करेगे श्री आचार्य जी विना श्री गोवर्द्धनधर रहिन सके तो अपने अतरंगी निरगुण पक्षवारे चोरासी वैष्णव कीए सो एक एक लक्ष जोनि मे ते एक एक वैष्णव निर्गुणवारे सरणा ले चोरासी वैष्ण करि चौरासी लक्ष जीनि मे निर्गुनवारे के उद्धार वैष्णव द्वारा कीए

:o: :o: :o:

अब चौरासी वार्ता मे गूढ आसय श्री गोकुलनाथ जी कहे है ॥ तहा श्री हरिराय जी कछूक भाव प्रगट करत हे ॥ पुष्टिमार्गीय वैष्णव के अर्थ जनाइवे के अर्थ प्रथम ॥ अब श्री आचार्य जी महाप्रभुन के सेवक दामोवदास हरसानी तिनकी वार्ता को भाव कहत हे ॥

सो श्री आचार्य जी महाप्रभू दामोदरदास जिनको दमला कहते ॥ याते दमला सो अमला मल करि के रहत तहा यह सदेह होइ सो साधारन वैष्णव से मल नाही ॥ तो दामोदरदास मे केसे सभवे ॥ तो दामोदरदास कै दरसन ते इनका नाम लिए ते पाप जाई तो इनको नाम दमला अमलक हे ॥ ताको प्रयौजन कहा यह सदेह होइ तहा कहत हे ॥ यह भक्तिमारग मे श्री ठाकुर जी ते अधिक श्री आचार्य जी मे प्रीति होई तब अमल कहिए ॥ दामोदरदास की तो द्रढ भाव एक श्री आचार्य जी मे हे जो दामोदरदास की गोद में श्री आचार्य जी माथो धरि पोढे हते सो साक्षात् श्री गोवर्द्धननर पधारे ॥ तब वरजे जो निकट मति आयो श्री महा प्रभू जी जागेगे एसो दृढ भाव हे ॥

अंत—या प्रकार श्री आचार्य जी महाप्रभू सगरी स्नेह की रीति मिली मर्यादा सो आपु प्रगट कीए ॥. और श्री गुसाइ जी केवल स्नेह रीति को विस्तार कीए ताते यह पुष्टिमार्ग केवल रस रूप हे ॥

वार्ता चतुर्विसति ॥२४॥ इति श्री चोरासी वार्ता श्री गोकुलनाथ जी कृत ताको भाव श्री हरिराय जी वर्ननकीय सो सपूर्ण ॥ संवत १८७० फागुन मासे सुकल पछे तीथे त्रोदसीयां भ्रगु वासेरे दसखत मुनासींग के रजपुत चतुरामल सेठ की डीहढी (ड्योढ़ी) पर पुस्तक लीखी सहर लखनहू मे जो देखा सो लीखा मम दोस न दीजीय

विषय—पुष्टिमार्ग के चौरासी वैष्णवो की वार्ता। सूरदास, परमानददास, कृष्णदास अधिकारी, कुभनदास "अष्टछाप" का विशेष वृत्त दिया है।

संख्या ४३७. हरिवश पुराण, मूलकार—ब्रह्मजिणदास, भाषाकार—हरियराए कागज—देशी, पत्र—४२४, आकार—१० × ६३⁄४ इंच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—६२२२, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि–नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर, अहियागंज, टाटपट्टी, लखनऊ।

आदि—

....

...वय धान्य महावर साल। बहुविधि सस्य अलंकृत ताल॥८॥
कहियं नालिकेल फल पुग। चपक अव पजूर सूचग॥
वाष फली मडफ आकार। देषत चित्त हरं नर नार॥ ९॥
बहु प्रकार वणचर बहु जीव। कपि केकी आवृत सुसदीव॥
जोगीश्वर निर्भं विहरत। धर्म देसना करते संत॥१०॥
राजग्रही नगरी सोभत। इंद्रपुरी सम पुर राजंत॥
अस्ति स्वर्ग तिलक आकार। धर्म कर्म साधं नरनार॥११॥

:o: :o: :o:

॥ अरिल्ल ॥

दुर्जन सज्जन जु होए सबं अरि जीतिए।
पूरव पुन्नि सहाय परमरस प्रीति ए॥
एही जगत मं सार सुजस मुष भाषिए।
कहत ब्रह्म जिणदास सुहिरदं राषिए॥ ८॥

॥ दोहा ॥

कह्यो स्वयवर रोहिणी वसुदेव को सयोग।
बीर मिले सब घर गए 'हरिय राए' सब लोग॥ ९॥

इति श्री हरिवंस पुराणे आचार्य श्री सकलकीर्ति शिष्य ब्रह्म जिण दास विरचिते भाषा हरिराए कृत स्वयवर रोहिणी समुदविजय वसुदेव समागमः वर्णनो नामंकादशौध्याय सधि॥११॥

अंत—

॥ दोहा ॥

देषो मोह प्रभाव यहु नर सत दुर्जय धीर।
जानत पुनि मुचत नही मुग्ध भाव ह्वं वीर॥१३॥

॥ सवैया ॥

यहु जानि पुनि विपाक पडित वाइध ..... ।

—अपूर्ण

विषय—जैन हरिवश पुराण का हिंदी पद्यानुवाद। इसमे भगवान के अवतारो का चरित्र वर्णित है।

संख्या ४३८. व्रजविहार लीला, रचयिता—हरिलाल, कागज—देशी, पत्र—३८, आकार—६॥ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—५२२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि–नागरी, लिपिकाल—स० १६०१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० रामनारायण जी चौबे, ग्राम–मलौली चौबे, डाक०–घनघटा, जिला–बस्ती।

आदि—श्री गणेशाय नम. अथ वन विहार लीला लिष्यते॥

उर्माठ सीस फेटा सजं मोरपछके अछ।
स्वच्छ स्याम व्रज रछ जो सदा हमारी पछ।
मोह निसा अध अतुल तम उदित अमल नख चद।
सदा प्रकाश करौ हृदं व्रजपति पद अरविंद।
व्रज विहार नित्यत निपुन गोपिन के चित चोर।
हरी लाल के इष्ट जो जैनं नंदकिसोर। २

चौपई

सबको सत संगति है कारन । तरे लोह काठ संग वारन ।।
मो को सतसंगत सुषकारी । मिले मह गोवर्द्धनधारी ।
जिनको दरसन मोको भयो । देषत बरस मगन ह्वै गयो ।
श्री भागोत देह करि मानत । श्री विंदावन रूप बषानत ।।

दोहा

जिनकी कृपा कटाछ सो देषे ब्रज के धाम ।
डार पात फल फूल में लहे स्याम अभिराम । ४

:o: :o: :o:

आचारज बेठे जहां तर तमालरे मूल ।
हरीलाल हरसो लपट रोम रोम रहै फूल ।
हरिलाल हिय ताल मो षिली कमोदन कुंद ।
प्रेम सुधा पीवन चहै कृष्ण मुदित मुष इंदु ।

इति श्री ब्रज विहार लीलायां तिय वन वर्ननाम प्रथमो विहार ।

अंत— दोहा

रावल राधाघाट है राजपुरा सो गाऊ ।
आदि ठोर वृषभान की कीरति को आराम ।
वृज पर कमा फिरचौ चोरासी रम लेत ।
देषि मधुपुरी भोमतो सपूरन सुष सेत ।
व्रज चोरासी कोस के धाम कहे हरलाल ।
कोटिक मूरति तीरथो कोटि कोटि हरलाल ।

:o: :o: :o:

इति श्री वृज विहार लीलायां श्री गोकुल वर्णन नाम पंचदसो विहार । सवत् १६०१ मिती. . . . .

विषय—श्री कृष्ण लीला वनविहार वर्णन ।

संख्या ४३६. बारहमासा, रचयिता—हरिवंश, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—१०।। X ४।। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—६०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री प० श्रीनाथजी द्विवेदी, ग्राम—वासूपुर, डाक०—मानधाता, जिला—प्रतापगढ ।

आदि—श्री गणेशाय नमः

कवित्व बारामासा

लागे असाढ महा उवाद मा अयसो पवन चलै बदरा उठिधाये ।
वन्सी विरोग विरागभरी सुख सावरो सयोगिनि मन्दिर छाये ।
छाडि चलै उपभोग विदेसी जहा लैके सुषधाम सोहाये ।
राधे अधीनते वोलति है सषि आए असाढ पै स्याम न आये । १
वुन्द परै जब भुम्य चहू दिशा धूम उठै मनहोत अनयसो ।
सेत समूह चलै तनते अति अवर अग सो हाल तन कैसो ।
झापर झूएा वहै नदिया मुष वोलति हौ अपने गृह अयसो ।
'हरिवंश कहै' वृषभानु सुता कहू अयैज असाढ़ मे मोहन कैसो । २
दादुर सोर करै चहु ओर वकै पिक मोरन मो मन भाव ।
जैसे हरित भई भूमि चहूदिसि रग विरग वधूजो बनावे ।
पूजति है जुवती निषि नाग सोहाग सावनहू घनस्याम न अवै । ३

जौ रथ ऊपर बैठि चलैं तौ डगपयहि आय शुवे दुष पावैं ।
पंछी परोहन की गति है पर भीजि गये कहु कवन चलावैं ।
पाव पियादे चले कवहू नहि मोसे सुनो मैं तोहि वतावैं ।
'हरिवंस' कहै वृषभानुसुता कहु सावन महरि कंसे के आवैं । ४

अंत—

जेठ मे पौढ़ि पढौहे मे सोवति सेज विछाय पिया अरु प्यारी ।
सुवरपक कलेवर सीतल नीर सुगन्धधरे भरि झारी ।
प्यारिपियै पियको पियावतदत्त. ....रस व.ढ सातभारी ।
मै हरिवंस विरोगभरी वृज मे कव आवैगे गिरधारी ।२३
. ...रं कहै वृजरज चढे रथ पवनहुते अति आतुर धावैं ।
वनमालहिं किरीट लिहीं मुरली गरमाल विराजत मजु सोहाये ।
मेरे कहे जो रहो थिर होइ तौ नन्द कुमार जो आगन आये ।२४
जेठ के जामिनि मजहु भामिनि केलि करो अपने मन माही ।
पाय सषी सदेश तव मनहि न हरषत अली ।
पान फूल पकवान लै राधे पिय मिलन चली ।२५

॥ इति वारामासा ॥

विषय—बारहमास का वर्णन ।

संख्या ४४०. वराटिका प्रश्न, रचयिता—हरिवश द्विज, कागज—देशी, पत्र—४, आकार—५।× ३।। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—२६, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी, (दाता—श्री प० गुरुप्रसाद जी मिश्र, ग्राम—हीगनगौरा, डाक०—कादीपुर, जिला—सुलतानपुर) ।

आदि—श्री गणेशाय नम

दोहा

मत लै भैरव प्रश्न कौ हृदयै राषि श्रीकृष्ण ।
भाषै द्विज हरिवस रा यह राटिका प्रश्न ।१।
१११ एक एक अरु एक जौ परि वराटि जाइ ।
मासा पूरन होयगी ससो देत मिटइ ।२।
११२ परि वराटिका जाइ जौ एक एक मिलि दोइ ।
अवै टलुहै काज कौ वैठि रहौ चुप होइ ।३।
११३ मिलि वराटिका जो परै एक एक मिलि तीन ।
आसा पूजै सर्वथा यह कहि गए प्रवीन ।४।
१२१ परि वराटिका प्रश्न मैं एक दोइ इक जात ।
अवौ टलुहै काज मैं सुनु पृच्छक यह बात ।५।
१२२ परि वराटिका जाइ जौ एक दोइ अरु दोइ ।
कछु विलव आगें सुफल काज सत्य ध्रुव होइ ।६।
१२३ एक दोइ अरु तीन जौ परि वराटिका माह ।
होत उपद्रौ काज मैं मन हुलास कछु नाह ।७।

अंत—

३३२ तीन तीन अरु दोइ जौ यह वराटिका उक्त ।
सुभ कौ लेसु कछू नहीं होइ असुभ सौ जुक्त ।२७।
३३३ तीन तीन अरु तीन जौ परि वाराटिका अस ।
आसा पूजैगी सही यह भावत हरिवस ।२८।

इति वराटिका प्रश्न सपूर्णम् . ... ।

विषय—वराटिका प्रश्न (रमल) विचार वर्णन ।

संख्या ४४१. गोविंद विलास, रचयिता—हरिविलास, (स्थान—लछमनपुरी, लखनऊ), कागज—देशी, पत्र—७०, आकार—९ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२७, परिमाण (अनुष्टुप)—३५४४, पूर्ण, रूप—प्राचीन (जीर्ण शीर्ण), पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १९३३ वि० (?) (रामगुण निधि रोहिणीपति), प्राप्तिस्थान—राज्य पुस्तकालय, किला प्रतापगढ़।

आदि—श्री गणेशाय नमः श्री राधा माधवाभ्यां नमः अथ श्री गोविंद विलास ग्रंथ नाम हरिवालास कृत लिष्यते।

दोहा

ज्ञान विराग विवेक मख तप योगादि अनेक।
अति दुस्तरि कलियुग समय सबहिन मो वितरेक।१।
तासो बुछ निश्चै कियो केवल इक हरिनाम।
भक्ति मुक्त कैवल्यदा सब लायक सुखधाम।२।
सुर दुर्लभ नर तनु मिल्यो भर्त खंड मो आय।
हरि चरिचा निशि दिन उचित कहै सुनै चितलाव।३।
पार करन भव सिंधु की कर्णधार विख्यात।
कर्ण मातु वधू तनै सुनहु कर्ण दैवात।४।
सुत वनिता ममिता अधिक मंद कर्म अभिमान।
कृष्ण विमुख जो मनुख वपु पशु विन पूँछ विषान।५।
निद्रा मयथुन अशन रुचि विशै गानमो प्रीति।
हरिविलास ताहित कहत ग...ल छंद हरिगीत।६।
नाम रूप गुण श्यामघन शेश न पावत पार।
हरिविलास केहि विधि कहे लीलावश अवतार।७।
श्री गुर चरन नवाय शिर निज मति के अनुसार।
श्रुति रसना पावन करन गावत गीति मुरारि।८।
या पुस्तक को नाम है श्री गोविंद विलास।
गान गरै अथवा सुनै मन अति होत हुलास।९।
श्री गणेश सिंधुर वदन कीजै देव सहाय।
हरिविलास हित हरिचरित्र देहु रसाल बनाय।१०।

मध्य— दोहा

शेश गिरा नहि कहि शकै गुण गणराम चरित्र।
हरिविलास निजमति यथा वानी कीन्ह पवित्र॥

इति श्री हरि विलास विरचिते गोविंद विलास नामग्रथे श्री रामचरित्र कथनम द्वितीयो विलासः २।

अथ श्रीकृष्ण चरित्र

॥ दोहा ॥

हरि विलास लघुमति कहा कहो चरित यदुनाह।
सागर अगम पपीलका कैसे पावै थाह।

अंत—इति विनय

अथ फल अस्तुति सोरठा श्री गोविंद विलास।
ग्रथ गजल के छंद में हरिविलास हरिदास।

हरिजन रसिकन हित रच्यो—राजपर्ज—

ससार सार एकै घनश्याम गानहै।
पौरान वेद आगम कीन्हो प्रधान है।

:o: :o: :o:

जो भूल होय मेरी जुत छद वरन मे कवि भक्त सोधि लीजै जान्यो अजान है ।
यह हरि बिलास भाष्यो द्विज साधु की कृपा श्री कृष्ण नाम निश्चय भव सिंधु जानहै ।

राग जयजयवती

अृष्टि हेत वशिष्ट प्रगटी इष्ट मुनि गण गोमती
नीर विमल अदोष पुनि फल चारि दायक सोभिनी । १
कलष ध्वस विध्वसिनी जिमि जूथ मृग गण केशरी
मध्य देश विहार ज्यो मदाकिनी अमरावती । २
तासु तट विख्यात जग रमनीक लछमन को पुरी
रूपचद निवास जामें रामकुल रामेगती । ३
तासु सुत यह ग्रथ विरच्यो नाम ताको हरिविलास ।
गुरु कृपा हरि कीर्ति शुभ गाई कछू जैसी मती । ४
राम गुण निधि रोहिणीपति वर्ष मगलदासदा
मास सित आषाढ अज दिनवार भृगु सुषदा अती । ५

दोहा

चौविशमोदश विदित है दशमो जानो दोय ।
द्वैको एकै जानिये हरिविलास भजु सोय । १

इति श्री हरिविलास विरचित श्री गोविंद विलास नाम प्रथमम्मोपदेश वा विनय कथिनंनाम पचमो विलास. ५ सपूर्ण शुभ दसाख्या ४६४ ॥

विषय—अवतारों के वर्णन । राम तथा कृष्ण चरित्र का वर्णन विशद रूप से किया गया है ।

रचनाकाल

३ ३ ६ १
राम गुण निधि रोहिणीपति वर्ष मगलदासदा ।
माससित आषाढ अज दिनवार भृगु सुषदा अती ।

सं० ४४२ शकुन ज्योतिष (?), रचयिता—हसन, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—६॥। × ५ इच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—६, परिमाण (अनुष्टुप)—११२, अपूर्ण (खंडित), रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८६० वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० चंद्रिकाप्रसाद जी उपाध्याय, ग्राम—पचपट्टी, डाक०—जगेसरगज, जिला—प्रतापगढ ।

आदि—

. . . ज । तादिन रवीवार मोज ।
ताही दिन की तिथि विचार । वह यह तोषा कर निरधार ।
वार अधिकता मधे लीजे । एक ठोर सव लेषा कीजै ।
आठ आठ ईनसो परहरो । बाकी रहै सो मन मे धरौ ।
पहिलै पूरव दीजे ऐक । दूजा ईसान कोन विसेष ।
तीजा उतर देहु सुजान । चवथा वाय कोन निदान ।
पचम पछिम सुन हो लोई । यह विधि अष्ट दिसा कु जोई ।
यह गनना जो होवै पूरि । तिहि दिस सवको राषा दूरि ।
कर चोरी तसकर तहाँ आवै । धरो घोर तु हसन बतावै ।१७।
जो कोई मन मे चीते वार । ताकू कह दीजे यह निरधार ।
पाछे कहै उन चितनहार । रवीवार सु गन तेहि वार ।
तामह पाच जो और मिलावै । सात सात परहर मन भावै ।
बाकी रहै सो पूछे ताकू । सोई वार उन चितन होवै ।१८।

ग्रंत—

सुनौ हो जगत ग्ररु भेव बताऊं । ग्राप विराना बालक जाऊ ।
भयौ पुरुष सें कैं न रहै ग्रौर । ताके बताऊ ठिकाने ठौर ।
मृग नछत्र जो दिन होई । बहु बालक जो रनतै होई ।

उन कुकर्म पलका पर कियौ

सनमैं वारस तिथ बखानैं । चित्रा नछत्र जो दिन ग्रानैं ।
मारग उन किया छिनाला । बीज ग्रौर कौले उन डाला ।
मंगल सप्तमी तीथ दिषावें । नछत्र धनिष्ठा ता दिन ग्रावें ।
कियौ छिनाला भूम मझार । पलका छांड धरती निरधार ।
जा दिन गर्भनी जावें पूता । ग्रपनो नहीं विरानो सूता ।
यामों धोको जिनकर चिन्है । वारौ लेषा हसन कहि दीन्ह ।३५
ग्रपुर कोई पूछन ग्रावें । लेषा कर उन देव बतावे ।
जेही समय जो पूछें चौज । तेही समय को लग्न वीषोज ।
केतक गयो रहौ है केत । लछन ताको कहू जो मोता ।
याकी लग्न रहै जो लीजें । ताकी मनमें तिगुनी कीजें ।
उन तिगुनी को मन मे लैहौ । तेतो ग्राधु रहा उनकौ कैहो ।३६

श्री माघ सुदी ६ सवत् १८६० ।।

विषय—ज्योतिष विषय वर्णन ।

सख्या ४४३क. चौरासी पद, रचयिता—हितहरिवश जी, निवासस्थान—वृंदावन, ज—देशी, पत्र—५७, आकार—७$\frac{6}{10}$ × ५$\frac{6}{10}$ इच, परिमाण (ग्रनुष्टुप)—५१३, , रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—हिंदी साहित्य पुस्तकालय, मौरावाँ, ा—उन्नाव ।

ग्रादि—श्री राधावल्लभो जयति ।। श्री हित हरिवश चन्द्रोजयति ।।

।। राग विभास ।।

जोई जोई प्यारो करै सोइ मोहि ग्रावें
भावै मोहि जोई सोई सोई करै प्यारे ।
मोको तो भावती ठौर प्यारे के नैनन मैं
प्यारो भयो चा......मेरे नैनन के तारे ।
मेरो तो तनमन प्राण प्राणहूते प्रीतम प्रिय
ग्रपनै कोटिक प्रान प्रीतम मोसो हारे ।
जै श्री हित हरिवश हश हंशनी शो वलगौर
कहो कौन करै जल तरगनि न्यारे ।। १ ।।
प्यारे बोली भामिनी ग्राज नीकी जामिनी ।
भेटि नवीन मेघ सो दामिनी ।।
मोहन रसिकराइ री माई तासो जो मान करै ऐसी कौन कामिनी ।
जै श्री हित हरिवंस श्रवन सुनत प्यारी राधिका रवन सो मिली गजगामिनी ।। २ ।।

ग्रंत— राग केदारो

ाव देखियत है प्यारो रंग भरी ।
न दुरति चोरी व्रषभान की किशोरी भिथिल कटि की डोरी नद के लालन सो सुरत लरी ।
ान की लर टूटी चिकुर चंद्रिका छूटी रहसि रसिक लूटी गडन पीक परी ।
ने ग्रालस वस ग्रधर बिंवन रस पुलकि प्रेम परस जै श्रीहित हरिवंश री राजति खरी ।।८४।।

।। इति श्री चोरासी पद संपूर्णम् ।।

ग्रथ फल स्तुति लिख्यते ।। छप्पै ।।

:o: :o: :o: :o:

॥ अथ राग प्रमाण कवित्त ॥

छपद विभास माझ सात है बिलावल है
टोरी मैं चतुर आसावरी मैं द्वै बनै ।
सप्त है धनासिरी मैं जुगल बसंत केलि
देव गंधार पंच दोउ सुर सों सनै ।
सारग मै षोडस है चारि है मलार एक गोड मैं
सुहायो नव गौरी राग सो सनै ।
षट कल्यान निधि कान्हरो केदारो वेद बानी
हित जू की सुनि चोवह राग मैं गनो ॥

इति राग प्रभाण समाप्तम्

विषय—श्रीकृष्ण भक्ति और राधा कृष्ण केलि रहस्य वर्णन ।

संख्या ४४३ख. बानी (फुटकर पद कवित्त आदि रचनाएँ), रचयिता—हितहरिवश जी, (स्थान—वृंदावन), कागज—देशी, पत्र—६, आकार—६$\frac{9}{10}$ × ७$\frac{1}{2}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—१०८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्रीयुत चंद्रभान जी विद्यार्थी एम० ए०, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

आदि—श्री हित हरिवंश चंद्रोजयति अथ श्री जी की बानी लिख्यते ॥

राग विलावल

बुरति रंग भरो देषियति है री राधे तेरहसि रमी मोहन सौं बरैनि ।
गति अति सिथिल प्रगट पलटे पट गौर अंग पर राजत ऐन ।
अलज कपोल ललित टकत लट भृकुटी कुटिल ज्यौ धनुष धृत मेन ॥
सुंवरि रहि वकहि वक्षचुकी कत कनक कलस कुच विच नख वेन ।
अधर विंव दल मलित आरस जुत अरु आनद के सूचत सषि नैंन ।
जं श्री हित हरिवश बुरति नहि नागरि नागर मधुप मथित सुषसैंन ॥ १ ॥

:o: :o: :o:

रागमलार

भीजत अटके है वातन दोउ जन ।
नव निकुज के द्वारैं ठाढे अवर लपटे है गातन ॥
ललिता ललित रूप रस लोभी वूंद बचावत पातन ।
जं श्री हित हरिवश परस्पर वपति मिलवत रति रस घातन ॥१४॥

इति श्री स्फुट पद पूर्ण ॥ अथ कवित्त कुडलिया अरिल्ल छपै ॥

॥ कवित्त ॥

द्वावस चव कृतस्थल मगल वुद्ध विरुद्ध सुर गुर वंक ।
जद्दपि वसम भवंन भृगु सुत मद सुकेत जनम के अंक ।
अष्टमराहु चतुर्थ विनमनि तौ हरिवश करत्त न संक ।
जौ पै कृष्ण चरन अर्पित तन मन तौ करिहै कहा नवग्रह रक ॥ १ ॥

अत—

अरिल्ल

मानुष कौ तन पाइ भजौ व्रजनाथ कौं ।
दर्वी लैकें मूढ जरावत हाथ कौं ।
हित हरिवश प्रपच विषै रस मोह के ।
हरिहां विन कचन क्यौं चलहि पचीसा लोहके ॥ ६ ॥

॥ दोहा ॥

सबसो हित निहि काम मत अरु वृंदावन धाम ।
श्री राधा वल्लभ लाल को हियें ध्यान मुषनाम ॥१०॥

इति कवित्तादि पूर्ण ।। पद ले ।।२३।। पूर्ण ।। श्री ।। श्री पोथी श्री मेहंत चतुरदास राधावल्लभी तिनके शिष्य राधा चरनदास जी तिनके शिस्य गुलाबदास जी जानें पोथी लिखाई श्री गोस्वामी हरिवंशजी कृत पद्य चौरासी जी की पोथी लिखाई नंदग्राम कोटा मध्ये लेखक राधाकृष्ण ने ।। श्री राधा ।।

विषय—भक्ति विषय का वर्णन ।

संख्या ४४४. चित्रकूट विलास, रचयिता—हृदयराम, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—६।। × ४। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—१३६, अपूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री प० भिन्ना मिश्र, ग्राम व डाक०—वेलहर, जिला—बस्ती ।

आदि—श्री मते रामानुजाय नमः

प्रथम गुरुन के चरन रज वंदो बारहि वार ।
जासुमिरे प्रभु पावही उतरे नर भव पार ।
चरन सरन गुरुदेव के जव लगि आये नाहि ।
नवन विपिन निज माधुरी क्यौ परसे मनमाहि । २
चित्रकूट गुन कहनको कीनो मन उछाह ।
जनक नदनी कृपा विनु कैसे होय निवाहु ।
येक आस विस्वास गहि करन कथा मति मोर ।
चित्रकूट सुखधाम को काहु न पायो वोर ।
महा अगम दुर्गम कठिन चित्रकूट निज भानु ।
जनक नदनी कृपा विनु कहि घोपावे कोन ।
सवप्रकार गुन हीन होयेह सोच मनमोर ।
श्री जानकी कृपते जो कछु होय सो होय ।
सोऊ कृपा कछु सुगम नहिं दुर्गम दुर्घट सोय ।
श्री जानुकी कृपाते जो कछु होय सो होय ।
पद पंकज गुरुदेव के अपने उरमे आनु ।
कृपाकरे जव जानुकी यह जिय निहचै जानु ।
रामचरन रज जानिके मनमें भयो हुलास ।
तेई उरमें आनिहे चित्रकूट सुविलास ।
जनक नदनी जानुकी करुना निधि सुकुमारि ।
वरनो रघुवर विपिन को तिनके चरन विचारि ।

अंत—चित्रकूट वैकुंठ को जो लो रघुकुल भान ।
जाके गुन गावत सदा पार ब्रह्म भगवान ।
फटक सिला श्री कामदा रामसेज विश्राम ।
भरतकूप कहिवो लही डोलहि अपने काम ।
रसना तू हरनाम रट मुख सो मूढ़ न भाष ।
विपिन फिरे उनमत होय 'हृदयराम' को राष ।
ग्रह वन विपिन सुहावनो सोहत परम अनूप ।
लतारहीत हलूम के विधाचल गिरि भूप ।
गुप्त आन गोदावरी प्रगट भई तेहि ठोर ।
मुनिजन तह मज्जन करे सुरतनु धरि धरि ओर ।
प्रगट भई तेहि ठोरते गुप्त गोदावरी गग ।
मानो गिरि तनु धारिके वेठो आनि अनग ।
गंगा मजन जे करे ते वड़ भागी लोग ।
वनके वासीसंत जनहैं सव.........:

—अपूर्ण

विषय—चित्रकूट वर्णन ।

संख्या ४४५. महाभारत वैराट पर्व, रचयिता—हेमनाथ (?), कागज—देशी, पत्र—५२, आकार—९$\frac{3}{8}$ × ५$\frac{3}{8}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—१०२२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८७५ वि०, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि—श्री गणेशाय नमः ।। लीषीते महाभारत वैराठ पर्व भाषा ।।

।। दोहा ।।

गणपति गौरी महेस अज रमा समेत कवींद ।
गुर सुर मुनिवर भुमिसुर कवी सबके पदवंद ।

।। जनमेजे उवाच ।।

।। चौपाइ ।।

मुनिहिं प्रसंसि जोरि जुग पानी । कहत त्रिपति अदु मंजुल वानी ।।
नाथ कृपा मम ससं गएऊ । सुनि सुभ सुजस सुषद मन भएऊ ।।
अब कृपाल करि कृपा घनेरी । सुनिओ न विनति यक मोरी ।।
पडव सुत जव कानन गयऊ । काह चरित्र करत्र सो भयऊ ।।
कहिय मोहि सो कथा रसाला । करुनाकर मुनि दीन दयाला ।।
जानिदास निज मोहि मुनि नाथा । कही सुकथा प्रभु करिय सनाथा ।।
सुनि त्रिप वचन विनीत सोहाया । वैसमपाल मुनिवर मन भाया ।।
कहि मुनीस मृदु मजुल वैना । धर्मसु सतु नीति सुष ऐना ।
रत प्रभु सुजस सो तव अनुरागा । सकहि सराहि न अहिपति भागा ।।
सावधान सुनु ससि कुल नायक । प्रभु जस विसद चरित अब लायक ।।

।। दोहा ।।

धर्म सुवन जा दिनहि ते गयो वनहि जुत वधु ।
सोइ सुभ कथा प्रकास करि सुनु त्रिप श्रवन प्रबध ।।

अंत— ।। दोहा ।।

'हेमनाथ' जदुनाथ जेहि रहत जो सदा सहाइ ।
सकल मोद आनद तेहि सपनेहु असुभ न ताइ ।।
पाइ राजु निज पडु सुत श्री जदुवीर सहाई ।
पालत प्रजा सो वेद विधि जिमि पुरुव हरषाई ।।
कहि वैराट सो पर्वकी कथा सकल समझाइ ।
परत श्रवन अघ हरत है पढत सुषद अधिकाइ ।

इति श्री महाभारते वैराट पर्व समाप्त ।। शुभ मस्तु ।। जो ।। यावत्पुस्तक दृष्ट्वा तावसं लिषित मया ।। असुद्ध भव सुद्ध वा मम दोष न दीयते एहि पुस्तक लिषित्वा सुभ सोई ।। पडित नाम बुजे सुभ जोई ।। लिषायत वीरेस्वर सिपाइ सो सुभ मस्तु ।। समत सं अठारह पचिहेतरी ।। १८७५ ।। पोश शुक्ल त्रितिया वुधवासरे ।। सिधि करो सिधेस्वरी जगदवा गुन षानि ।। मातु करो मोपर कृपा वोर आपनी जानि ।। श्री कृष्ण पुडरीकाक्ष वृदावन विलासीनं ।। ।। राधा कृष्ण

विषय—महाभारत विराट पर्व की कथा का वर्णन ।

तृतीय परिशिष्ट

अज्ञातनामा रचयिताओं की कृतियों के उद्धरण

तृतीय परिशिष्ट

अज्ञातनामा रचयिताओं की कृतियों के उद्धरण

संख्या ४४६. अंबुसागर, कागज—देशी, पत्र—७०, आकार—९ × ७½ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, परिमाण (अनुष्टुप)—९८०, अपूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री महंत रामशरनदास जी, कबीरपंथी मठ ऊँचगाँव, पो०—बाजारशुक्ल, जिला—सुलतानपुर।

आदि—सतनाम, सत सुकृत आद अवली अज अचिंत पुर्स मुनींद्र करुनामै कबीर सुत जोग संतायना धनी धर्मदास मुक्तमनि नाम चूरामनि नाम सुदरसन नाम कुलपति नाम प्रमोध गुरबाला पीर कवॅलनाम अमोलनाम सुंत सनेही साहेब की दया बस ब्यालीस की बया सौं लिषते श्री गीरंथ अंबुसागरा धर्मदासौ वचन ॥

सोरठा

धर्मदास सिरनावो विने कीन्ह कर जोकै।
तुम वहीयें जीव आये करहु अनुग्रह दास कौ॥
:o: :o: :o:

छंद

आद ग्रीम्ह आतम्ह अकल अभेद अवरन आगरं।
सर्व व्यापीक अर्ज वीरज आनंद धामी सागरं।
तुम चरन रवि परकास अबीचल सकल काल कर्म हारो।
अधम जीव अघोर षल जे वीनाश्रम भौ जील तरो।

सोरठा

हंसराज कहु कंथ जीव घारेउ पंथ जीमी।
अंबू सागर ग्रंथ सो बरनन ब्रह्म कीजिये।

सतगुरु वचन

धर्मदास पुर्स गुण गाऊ। जुग जुग लेषा नाम सुनाऊँ॥
तुम बूझौ जीवन के काजा। सत्ते सत्ते भाषंव साजा॥

अंत— **॥ छंद ॥**

करूनारयण चिते देषेदय अघ बाँनी बोऊ जाहु।
ग्यानी कीन्ह आयसु जीव बंधन षोलीऊं।
आय धर्महीं मारंत ता षिन कौलव हमसौ कीन्हीव।
वसंहायं पाँन पावत ताहे हम नही लीन्हा षाय॥

सोरठा

कौल कीन्हा...................... ।

—अपूर्ण

विषय—कबीर और धर्मदास के प्रश्नोत्तर के रूप में ब्रह्मज्ञान का वर्णन।

विशेष ज्ञातव्य—ग्रंथ अपूर्ण है। कुल ७० पत्र उपलब्ध है। पश्चात् का अंश नहीं है। रचनाकाल और लिपिकाल अज्ञात है। रचयिता का नाम भी अविदित है।

संख्या ४४७. अपभ्रंश की रचना (काव्य), कागज—देशी, पत्र—१, आकार—१०$\frac{3}{8}$ × ४$\frac{7}{8}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—२१, खंडित, रूप—प्राचीन, गद्य पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि—. . . . .

तणत्थि राग्र उलं तणत्थि घरम्र देउ उलपि तणत्थि ।। जत्थ म्र म्रारण कुविदा दो सिरिण रवलारण दोसती ।।

अर्थ—तन्नास्ति राजकुल तन्नास्ति गृह तद्देव कुलमपि नास्ति यत्र अकारण कुपिता द्वौ वा त्रयो खलान दृश्यते ।। सर्वत्र खलान तिष्टति..! ।।

दीसइ विविह चरिम्र जाणिज्जइ सुम्रण दुज्जण विसेसो म्रघाण चक लिज्जइ हिडज्जतेण पुहवीए ।।

अर्थ—दृश्यते विविध चरित ज्ञायते सुजन दुर्जन विशेष. आत्मान च कलये चतुरं अचतुरं भाग्यवत अभाग्यत्वेन हिडिगमने दृश्यते गम्यते पथिवी वीभ्रमणे एतादृश ज्ञात भवत्यर्थः ।।

भमरा ज.णइ रसांवरस जो चुवइ वहु फुल्ल जाइ ।।
घुण कि जाणइ वप्पुरा सुखो लाकरी खाइ ।।

अर्थ—भ्रम रा जानति रस विरसौ ये चुवति पुष्प जातानि समूहानि घुणः कीट विशेषः वप्पुरा निकृष्ट देशी ।। घुणेन निकृष्टेन कि ज्ञायते सुष्क काष्ट भुक्ता लाकरि काष्ट देशी ।। अप्प त्थावे भणिग्र ग्रसरिस मयोसु गाइग्र गीग्र ।। मामा भणिग्र सुरए तिण्णिवि लोएण ग्रग्घंति ।।

अर्थ—अप्रस्तावे भणित असदृश मार्गेषु गान गीत । मा मा निषेध वचन सुरते त्रीनपि लोकान अर्घ्यंति । न पूजा कुर्वंति न प्रशस्तानि त्यर्थ. ।।

मेहस्स जल चंदनस्स सीग्रल दिनकरस्स करप्पस ।। सप्पुरिसाण वित्तं जीवनं सम्रल लोग्रस्स ।।

अर्थ—मेघस्य जल चंद्रस्य सीतल दिनकरस्य करस्पर्श. सत्पुरुषाण वितं जीवन सकल लोकस्य

हरिणा नाणति गुणावसि उण गीग्र माहप्य ।। ताणविग्र णत्थि धण जीग्र वाहस्स ग्रपेण्इ ।।

अर्थ—हरिणा जानति गुणान् वने उपविश्य गीत माहात्म्य तेषामिव नास्ति धन जीव वाहस्यार्पयति वाहो घाटित व्याध. गीत लोभेन पशवोपि प्राणान् त्यजनराणा का वार्तोतभावतः ।।

वाहस्स गोयमाणे हरिणा ग्रग च जीवि ग्रदत ।। धणो कुरग णाहो वलि कर्णपराजितौ वलिकर्णाभ्यां शरीर जीव वान दत ।।

—पूर्ण प्रतिलिपि

विषय—सूक्तियों का संग्रह ।

विशेष ज्ञातव्य—पुस्तक का केवल एक ही पत्र उपलब्ध है । इसको देखने से पता चलता है कि या तो यह पूर्ण रचना है या कहीं से नकल की हुई पूर्ण प्रति है । इसमें जो कुछ लिखा हुआ है वह पूरा है, खंडित नहीं । केवल इतनी कमी है कि इसमें आरंभ करने की विज्ञप्ति और अंत में पुष्पिका नहीं दी है ।

संख्या ४४८. अमरकोश, कागज—देशी पत्र—५ आकार—६। × ४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—७५, अपूर्ण (खंडित), रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री पं० सुधाकर जी, ग्राम—मदनपुर, डाक०—उसका बाजार, जिला—बस्ती ।

आदि— **मधु स्वब्द**

मधूवसंतम चैत्र जल मधु मदिरा मकरंद ।
मधु नम मधुपय सुधा मधु सूदन गोविंद ।

काली स्वब्द

कलि कलेस कलि सूरमाकलि निषंग संग्राम ।
कलि कलियुग में वनरहिं केवल केसव नाम । ७

आत्मा स्वब्द

मनः वुद्धि चित्त सुभाव तनुधर्म जीव अहकार ।
कृष्णन कहिय आत्मा पारमत्मा अधार । ८

धनय स्वब्द

अग्नि धनंजय कहत कवि पवन धनजये आही ।
अज्जुन वहुरि धनजय कृष्ण सारथी जाहि । ६

अज्जुन स्वब्द

अर्जुन द्रुम अर्जुन धवल अर्जुन कंचं होइ ।
सहस्रवाहु अर्जुन कहेउ अर्जुन पाडव सोइ ।१०

पत्र स्वब्द

पत्र पर्णवो पत्र रथ वाहन पत्र सुवित्त ।
पत्र पंथ विधि नहि वियउ उड़ि उडि मिलत सो मित्र ।११

अंत—

वाण सव्द

वाण कहत है वलितनै विसिख आसि पुनि वाण ।
वान कहत न स्वर्ग को श्री हरि पद निर्वान ।४३

वरुण सव्द

वरुण कहत 'कवि' नोर को वरुणास्य वरको नाम ।
वरुण कहत रेज वनइ तव कैसे धाय साम ।४४

गोत्र सव्द

गोत्र नाम को कहत 'कवि' गोत्र सयस सूँडि यत्र ।
गोत्रवंत सोय धन्य नर गोविद गोरिण गुणिवत ।४५

तणु सव्द

तनू सरीर विस्तार तनु सुक्ष्म तण तात ।
तनु विररो कोऊ जगत मे जावै हरि रसवात ।४६

वाल सव्द

वाल सरोरुह वाल शिशु मुक कहावै वात ।
वाल सोई है जगत मे जाणे हरि रसवात ।४७

जाल शव्द

जाल गुरोस्वा जाल गगन जाल दम अरुमंद ।

—अपूर्ण

विषय—शब्दकोश ।

संख्या ४४९. आदिपुराण (जैन), कागज—देशी, पत्र—५३३, आकार—१५$\frac{3}{4}$ × ८$\frac{3}{4}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१५, खंडित, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर, अहियागंज, टाटपट्टी मुहल्ला, लखनऊ ।

आदि— . . . . .यं कमलनि के वन कूं प्रफुल्लित करै ।। ७ ।। हे नाथ जो अज्ञान रूप अतरंग का अंधकार ।। चंद्रमा की किरणनि करि तथा सूर्य की किरणनि करि दूरि न होइ ।। सो तुम वचन रूपकिरणनि करि लीला मात्र मे दूरि करो हौ ।। ८ ।।

:o: :o: :o:

अर अति सावधान चारण मुनि एकाग्र चित्त होय चितै रहै ।। अर विद्याधर आसंका सहित देषि रहेजु यह कहा है ।। ऐसा दैदीप्यमान जल का प्रवाह ।। सुमेर के सिर पर वह्या ।।२१।।

इती श्री भगवज्जिनसेनाचार्य विरचिते त्रिषष्टि लक्षण महापुराण के संग्रह विषै भगवान का जन्माभिषेक वर्णन नाम [illegible] पर्व पूर्ण भया ।।१३।।

अंत—सो महा देदीप्यमान तीन लोक का सिरोमणि सुषनि की विधि अविनस्वर पद विषें तिष्या ।।६७।। अर वृषभसेन गणधर आदि मुनिनि मे मुक्ष सरव जीवनि. . . . . .

—अपूर्ण

विषय—जैन धर्म के आदिपुराण का हिंदी पद्यानुवाद।

विशेष ज्ञातव्य—ग्रंथ आदि अंत से खंडित है। समस्त ग्रंथ का अनुवाद ब्रजभाषा गद्य मे है।

ग्रंथ का मूल संस्कृत मे है, जिसका रचयिता जिनसेनाचार्य है।

संख्या ४५०. ऊषा चरित्र, कागज—देशी, पत्र—१३, आकार—६ × ४$\frac{१}{२}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—३०८, खंडित रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि—

:o: :o: :o:

. . . . .भस्म होइ क्षय चाहै सोई।
बहुगन रिक्ष जाल दरबारा। सोहै सुभट सैन परिवारा।।
एक दिवस राजा भ्रम मान्यौ। टूटी धुजा अग थहरान्यौ।।
कूष्म सचिव राज सब बोले। राज मंत्रना सिवकर डोले।।
नृप मद भरो महा सठ रेका। सिव पर मागो दुर्मति. . . ।।
वचन वान की आन न मानो। ताको ततु मंत्र अज्ञानी।।
देव अमर गण अरु गधर्व सब। किंनर जछ मनुज जेते अब।।
करिहै कौनु नृपति तोसौ रनु। हरिहर चढै आइ तो सौ अनु।।
तब जीतै तोको नृप कोई। सुकृत सराहु आपना होई।।

।। दोहा ।।

टरै वचन नहि देव को सुनि तिन कहो निदान।
धुजा टूटि रनु होहिगो यह नृप कहो प्रमान।।
वानासुर की पुरी सुहाई। तापर उडते गीत हकुलाई।।
अपसगुननि लषि राजा कहै। मंत्री पुरवासी दुष लहै।।
कछु भयभीत राज यह होई। अजय आउ की देषत सोई।।
परम काज यह राज विचारौ। देव वचन को साजु सम्हारौ।।

।। दोहा ।।

द्वापर जुग की है कथा गावत सुक अरु व्यास।
कृष्ण नाम करुनाकर सो भावा भई प्रगास।।

अंत—

हरे कुमर अनुरुध कुमारा। तिनकी षवरि कहू ना पावा।।
रामकुमरि महलनु दुषु पावै। भरै नैन मन मैं विलषावैं।।
कुमर विना अति ही आधीन। जौ जल विनु तलफत है मीना।।
देस देस कौ दूत पठाए। चहू दिसि फिरे षवरि नहि लाए।।

।। दोहा ।।

नारद रिषि हसि कै कहो अटकै है कहुं जाई।
जैसी तुम पाछै करी कुमर करी सति भाई।।
जब यह वात सुनी जदुराई। तब रिषि कौ मंदिर लै जाई।।
उठीं रुकिमिनी चरन पषारे। माथे तिलक करै उजियारे।।
तबही पूछहि नारद स्वामी। जानत सकल तिहूपुर गामी।।
नारद रिषि हसि कहै तुरता। श्रोणितपुर वालकु भगवता।।

बानासुर की राजकुमारी । ऊषा नाम सो प्रान पियारी ॥
सोवत कुमरु सेज सुखरैनी । निरखी एक कुमर मगनैनी ॥
अति सुंदरी वहुत वह वाला । सपने देषि थके नंदलाला ॥
कुमरि प्रीति और घरी बढाई । निरखत कुमरु व्याकुल ह्वै जाई ॥

॥ दोहा ॥

सुपनै मै सुषु उपजो वाढो प्रेम अपार ।
प्रात भयो चकत भए कुमरु रहे विकराल ॥
चित्रलेषा सो तिहि की वासी । नृषि विकल......... ॥

:o: :o: :o:

—अपूर्ण

विषय—ऊषा अनिरुद्ध कथा वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—आदि अत तथा बीच के बहुत से पत्र नष्ट हो गए है । खडित होने के कारण रचनाकाल, लिपिकाल तथा रचयिता का कोई पता नही चलता ।

सख्या ४५१. कबीर नानक गोष्टी, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—८$\frac{३}{१०}$ × ६$\frac{६}{१०}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—२२०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८३४ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री महत बाबा रामशरन दास जी, कबीर मठ, ऊँचगाँव, पोस्ट—बाजार शुक्ल, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—सत्यनाम सत गुर कबीर धर्मदास की दया ॥ लिषितं कबीर नानिक की गोष्टी ॥ सतगुर कबीर उवाच ॥

सुनहु दत्त तुम सब्द संदेसा । नव अवतार निरंजन भेसा ॥
आदि सोसांइ जौ निरवारा । काहे को होत परपंच पसारा ॥
रावन हरत सीह कत नारी । राम लरत नहीं सैन सुधारी ॥
वधेउ दइत्र सव सैन सकेला । तब नहि होते जमधर बेला ॥
जौ होते आपं मुक्ति सनेहा । गर्भवास नहि धरतें देहा ॥
गर्भ वास मह जो यिव आवा । जम के द्वार सबहि सिरनावा ॥

अंत— **समौ**

नानिक दावा मेटि कै सरन गहहु चित जाणि ।
अब तुम्र हंस उवारेऊं कवहिन होषै हांनि ॥

ऐती कबीर नानिक की गोष्टि संपूरन सुभमस्तु सवत् १८३४ ॥ समय नाम चैत्र कृष्ण पक्षे तिथ्यौ चौवसि वार एतवार मोकाम तेजवापुर मे ॥ दसषत षरगदास वैरागी के ॥ सकल संतन्ह को दास सत्य सही प्रमान ॥

विषय—नानक और कबीर का ब्रह्मज्ञान सबधी वार्तालाप ।

विशेष ज्ञातव्य—रचनाकाल अज्ञात है । लिपिकाल स० १८३४ वि० है । रचयिता का नाम अविदित है । जान पडता है कि किसी कबीरपथी की यह बहुत पीछे की रचना है । प्रस्तुत रचना के साथ निम्नलिखित ग्रथ एक ही हस्तलेख मे है—

१. विवेक सागर ।
२ कुर्मावली ।
३ जोग ध्यान ।

संख्या ४५२. गीतगोविद टीका, कागज—आधुनिक, पत्र—६६, आकार—७$\frac{८}{१०}$ × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १९१० वि०, प्राप्तिस्थान—ठा० महादेव सिह जी, ग्राम—रजनपुर (गगा सिह का पुरवा), पो०—तिलोई, जिला—रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥ श्री राधामाधवयोर्जयतिः ॥ अथ गीतगोविंद टीका प्रारंभ्यते ॥

॥ श्लोक ॥

मेघैर्मेदुरमंबरं वन भुवः स्यामस्तमाल द्रुमैर्नक्तंभीरूरय त्वमे वदिति मं राधे गृहं प्रापय ।
इत्थं नद निदेस तश्चलितयो प्रत्यध्व कुंजद्रुम राधा माधवयोर्जयति जमुनाकूले रहः केलय ॥ १ ॥

॥ टीका ॥

ग्रथ के आदि श्री जयदेव जी श्री कृष्ण जी कौ स्मरन करि मगल करत है । श्री राधा माधव जी की यकात केलि अधिक जमुना कै तति सोभित है ॥ सु कैसे है राधा माधव जो इहि भाति मार्ग विषै कुज कुज प्रति चले है ॥ श्री नद जी की अज्ञा तै ॥ सु कैसी है नद जी की अज्ञा ॥ श्री नद जी कहत भये अहो राधा आकास मेघनि करि छायो है ॥ अरू वन कीज भूमि ते तमाल वृक्षनिकरि स्याम भइ है ॥ अरु कृष्ण रात्रि विषै काप रहै डरपत है ॥ ताते तुमही इनही गृह लै जाहु ऐसी भाति श्री नद जी राधा जी स्यौ कहत भये ॥ २ ॥

अंत—इह राम लक्ष्मण कौशिकानुज्ञया सुरसरित्कृत नमस्कारे ।
भणित मति माधवे धीर जयदेव कवि सारयति भव जलधि पारे ॥ ८ ॥

इहि भांति राम अरू लक्ष्मण जु कौसिक जु है विश्वामित्र तिनकी अज्ञा पाइ करि सुर सरित जु है गगा जी तिनको नमस्कार करत भये अरु परम धीरज है जयदेव कवि ते कहत है अहो गंगा जू तुम भव जलधि जु है संसार समुद्र ताके पार उतारत हो ॥ ८ ॥

इति श्री गीत गोविद महाकाव्ये जयदेव कृते श्री गगाष्टपदी पचविशति सपूर्णम ॥२५॥ शुभ भूयात् सवत १६१० ज्यष्ट कृष्ण तीथौ षष्टी वार मनि पुस्तक सपूर्ण पडित जनसो विनती मोरी घट वढ अछर लेवा जोरी जो देषा सो लिषा मम दोस न दयते ॥

विषय—गीतगोविंद की टीका ।

संख्या ४५३. गीता (टीका), कागज—देशी, पत्र—१७०, आकार—४५⁄₁₀ × ४५⁄₁₀ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, खंडित, रूप—प्राचीन (जीर्ण), गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८२३ वि०, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—   ॥ ४ ॥ अर्जुनोवाच ॥

अर्जन श्री कृष्ण भगवान को प्रष्ण करे है ॥ कि हे श्रीकृष्ण भगवान जी करमों को त्यागु सन्यासु कहो हो ॥ अरु वहुडि कम जो कहो हो ॥ सु एक बाति मुझे निश्चे करि कहो जिसते मेरी कल्याण होहि ॥

श्री भगवानो वाच ॥

अर्जन के प्रसन का उतरु श्री भगवान जी कहे है ॥ कि हे अर्जन जोगु अरु कर्मु जोगु ए दोनो कल्याण के दाते है ॥ इन दोनो मे जो कर्म त्यागणे जु है सन्यासु तिसते कर्म करणे कर्म जोगु भला है ॥ सुनिति सन्यासी है ॥ कैसा जु समनो बातोहु के हर्ष सोताते हंतु (रहित) है ॥ ऐसा जु है निरदुदु सु है ॥ हेम्हा वाहो अर्जन मु सुषेन ही ससारि के बधहुते मुकति होइ ॥ अवि अर्जन अऊरु सुण साषि को अरु जोग को भिन भिन बालक कहते है ॥ पडित नाही कहते ॥ जोग कहिए ॥ मेरे सुमरण साथि जुडि रहणा ॥ अरु साषि कहिए मेरी ग्यानि गोष्टि कथा वार्ता करणी ॥ सो इह दोनो एक ही है । अरु इन दोनो का फलु भी एक ही है ॥ जिस मेरे प्रमपद असथानि को साषिवाला पावे है ॥ तिसी असथान को जोगीजाइ प्रापति होए है ॥

अंत—अरु वार वार भी प्रम हर्ष भी होता है हे राजा जी अवि मेरी निमचै करि बाति सुण ॥ तिस उड जुगेस्वरहुके ईस्वर श्री कृष्ण भगवान श्री वाजिमान है अरु जिस ओडि गाढीव धनष का धारण हारा जु पार्थु अर्जुन है सु तिसी ओडि श्री लक्ष्मी है ॥ मेरी सति विषे इह बानि निसचै करि है । इहु बाति तूं भी निमचै करु अपणे मनिविषे ॥ इहु बाति जाणि छठि ॥ यथा बाति जिनके माथे प्र श्रीकृष्ण भगवान परंब्रह्म बिराजमान है ॥ ऐसे जु वडभागी पांढव है ॥ तिनकी जैइ होइगी ॥ पाढुव जीतहिगे ॥ अरु तेरे पुत्र अधर्म होते हारहिगे ॥

इति श्री भागवत गीता सूपनपत्र सु ब्रह्मविद्यायां जोग सास्त्र श्री कृष्ण अर्जुन संवादे सर्व सासत्रि निरने ।। मुष प्रम जोगोनाम अष्टदसोध्याय ।।१८।। गीता सपूर्न होई ।। श्री ।। लिषितं ब्राह्मण मनिसारामदासेन शुभ ।। महते गोपालदास पठनार्थे शुभ सवत् १८२३ वर्षे शाके १६८८ मासोत्मासे चंद्रमासे शुक्लपक्षे तृतीग्रा बुधवासरे लिखी देश शिव स्थान स्थिति ।। शुभं ।। भवत ।। ।। कल्याणमस्तु ।।

विषय—गीता का गद्य मे अनुवाद है ।

विशेष ज्ञातव्य—ग्रथ खडित है । आदि और मध्य के कितने ही पत्रे नही है । प्रथम चार अध्याय तो है ही नही ।

टीका खडी बोली के गद्य मे है, इसलिए महत्वपूर्ण है । लिपिकाल की दृष्टि से यह गद्य स० १८२३ के पहले का है अत लल्लू जी लाल और सदल मिश्र की खडी बोली गद्य से यह प्राचीन है । खडी बोली के गद्य के इतिहास की दृष्टि से यह बहुत ही महत्व की रचना है ।

संख्या ४५४. गीतामाहात्म्य, कागज—देशी, पत्र—२३, आकार—$4\frac{3}{8} \times 4\frac{1}{8}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—६, परिमाण (अनुष्टुप)—१८१, अपूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८२३ वि०, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—श्री हरिः ।। ॐ न्म प्रमात्मने ।। अथ भगवत गीता क प्रथ्म अध्या का म्हात्म लिष्यते ।।

।। दोहडा ।।

बदो देव प्रणव सदा जा करि सब विस्तार ।
ब्रह्मा विष्णु महेस को सोहै बीज अपार ।। १ ।।
गुररचर सची गणपते बदो आनद पाइ ।
श्रीधर कृष्ण स्वरूप वर इहै बसे रिद आइ ।। २ ।।
कृष्ण अर्जन सवाद से भगवत गीता भाउ ।
ताहि म्हात्म सुनि सुमति उमगी कछु इक गाऊ ।। ३ ।।
सुन्यो म्हात्म ससकृति स्मुझ सक्यो नही मोहि ।
ताते भाषा करतु हो क्षिमो बुधीसर मोहि ।। ४ ।।

।। अथ म्हात्म ।। दोहरा ।।

श्री नारायण श्रीपते सिव पारवती जोगु ।
कहो म्हात्म सुधधि मथि भाषन भोगु ।। ५ ।।
जो या मनमुष श्रवन लै ताहि महाबल होइ ।
भवके बधन काटि के मुक्ति पराइन सोइ ।। ६ ।।

।। अथ नवम म्हात्म ।।

नरवदा के तीर नंगरी वाग्मती सुनाम ।
तहां माधो नाम ब्राह्मण रहतु था इकु धाम ।।
बहुतु दिवस कमाई धनु तहा जग्म लागा कर्न ।
देवता के निमत्यि बकरा आनि बाध्यो धर्न ।। १ ।।
मारत्ये बोल्या अजा सुनि विप्र मेरा बाति ।
अनित्य फलके काज काहे कट तुम्हारो गातु ।।
एहि वचन सुनि अजया के दिन करचो ताहि प्रणामु ।
पूछीयो तब कौनु हो तुम कहो अपुनो नाम ।। २ ।।

:o: :o: :o:

पंथी सुनत गाऊ दिसि हुआ । पूछता फिरचा कौनु इति मूआ ।।११।।
सुपचू मरचा था.. .. ..

—अपूर्ण

विषय—गीता का माहात्म्य वर्णन।

विशेष ज्ञातव्य—नवाँ अध्याय तक पूर्ण है। दशवाँ अध्याय अपूर्ण है। लिपिकाल सं० १८२३ इस आधार पर है कि प्रस्तुत रचना भगवतगीता की टीका के साथ एक हस्तलेख मे है, जिसका लिपिकाल यही है।

संख्या ४५५. गुरुमहिमा, कागज—देशी, पत्र—१४, आकार—६¾ × ५¾ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—२१२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १९३० वि०, प्राप्तिस्थान—श्री महंत बाबा रामशरणदास जी, कबीरपंथी मठ, ऊँचगाँव, पो०—बाजार शुक्ल, जिला—सुलतानपुर।

आदि—सातीनाम ॥ सती सुकीत ॥ आदी आवली ॥ आर्ज अर्चीत ॥ पुर्स मुनींद्र ॥ करुनामे कबीर ॥ सुंती जोग सताएनी ॥ धनी धर्मदास की दाय ॥ सो लीषते। ग्रंथ गुरमहीम

॥ चौपई ॥

धर्मदसो वचन

धर्मदास कं जोरे ठाढे। यक टक सुंती प्रेम चीत बाढे॥
करहु दया तुम निगुन स्वामी। वचन कहौ मोही आंतरजामी॥
गुर मुरती कैसे कै जानी। कैसे सतगुर सब्द समानी॥
कीमिगुर ध्यानबखान कीजै। करहु सुदीस्टी मोही कही दीजै॥
जा पाद जीव तरं भौसागर। सो कहीय हसन पती आगर॥
जो मारग सोषी गुरपद लागु। तजी धन धाम होय अनुरागु॥

अंत—

छंद

दस (?दरस) पाए निपाती (?नृपति) जीव सब रूप भौ प्रगासा हो।
आमो फल जब पाय हस दीप दीप बीलाना हो।
सुमन सेज्यो छत्रा सोहै बैठे हस समाज हो।
भाय हंषीत (? हर्षित) रावरानी कीन्ह लोक नेवास हो॥

॥ सोराठा ॥

ईमी हसन प्रासगा जुग बधे सो हस है।
लोक लजा तजी रग ते पहुचे आमरापुरी॥

ईती ग्रथा ॥ गुरा महीम ॥ सपुराण ॥ सुभमास्तु ॥ जो प्रतीदेषसो लीष माम दोस न दीयने बाचै सुनै तीनको बदाग ॥ साध सतासो बीनतो मोरी टुत आठरा बाचेहू जोरी ॥ मीती सब ॥ बदी परेव ॥ बारा सुक ॥ समत ॥ दासषन चोषेदास के ॥ लीष गुरा महीम ॥ राज मोहन को बोध ॥ बाचै सुनै तीनको सती कबीरा ॥ दाय करै ॥ सधमहता दाय करौ मो परा ॥ मै हौ सरान तुम्हारे ॥ जगनाथदसाव लीष ॥

विषय—गुरु महिमा वर्णन।

विशेष ज्ञातव्य—लिपिकाल दिया नही। 'जग्य समाज' ग्रंथ के आधार पर, जो प्रस्तुत ग्रंथ के साथ एक ही गुटके मे है, संवत् १९३० है।

ग्रंथ धर्मदास और सतगुरु के प्रश्नोत्तर के रूप मे है। विदित होता है कि बहुत पीछे किसी कबीर पंथी की यह रचना है।

संख्या ४५६ गृहस्थ धर्म, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—१० × ४। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—१२०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १९२५ वि०, लिपिकाल—सन् १२९१ साल, प्राप्तिस्थान—श्री दुर्गाप्रसाद जी कुर्मी, ग्राम—सेहरी, डाक०—इटवा, जिला—बस्ती।

आदि—श्री गणेशाय नमः अथ गृहस्त धर्म लिख्यते

। दोहा।

अविनाशी अद्वैत है व्यापक ब्रह्म अभेद।
गति वाकी अदभुत अहै जानत नाहीं वेद। १

सकल लोक व्यापक अहै पावत नाहीं कोइ ।
नाना जन यहि मार्ग में प्राण दियो है खोइ ।
शक्तिमान कर्ता अलख निराकार भगवान ।
परमेश्वर सरवग्य है सरै न तहं अनुमान ।
बुद्धि ज्ञान वानी दृष्टि तेहि लग पहुँचत नाहिं ।
सबतें न्यारा जानिए लखिए सब तेहि माहिं ।
:o: :o: :o:

गाँव में वर्तने के विषय में

पुरवासिन सो मीत करि मेल मिलाप बढाइ ।
व्याह आदि सब जज्ञ मे करिए जाइ सहाइ ।
कौनहुं वेला गाँव में सोरादिक जो होइ ।
तुरतहि तहवां पहुँचिए रहिए नाहीं सोइ ।
वेर न काहू सन करहु राखहु सब सन प्रीति ।
वर दु.ष का मूल है समुझि लेहु तुम मीत ।
अत—तकै पराई नारि जो झूठ गवाही देय ।
चोरी हिंसा जो करै छान नरक सो लेय । ८
पांच दिनाह्यौ वास है भूलि न कर विस्वास ।
नाम बढ़ावहु जगतमे केवल नाम कि आस ।
शिव आनन भुज गृह लिषो तामह चव मिलाय ।
सम्वत विक्रम जानिए पुस्तक दियो वनाय ।११
काव्य कोष जानौ नहीं नहीं कविन सो नेह ।
रहो चिन्ह यहि जगत में यहि लगि रचौ मैं येह ।१२
कवि लोगन सो जोरिकर बिनवौ सीस नवाय ।
लखै चूक मेरी जदपि देवैं ताहि बनाय ।

इति श्री गृहस्त धर्म सिरोमनि सपूर्ण सन् १२९१ ।।

विषय—गृहस्तो के कार्य तथा उनके धर्म का वर्णन । जैसे—गाँव मे वर्तने योग्य व्यवहार, बालको के सुधार की बातें, सफाई, कृषि कर्म, वस्तुओ का व्यवहार तथा उनका यत्न, उपार्जन तथा व्यय आदि ।

संख्या ४५७. चित्रकूट विलास, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—१०$\frac{9}{10}$ × ६$\frac{6}{10}$ इच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—२३१, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, रचनाकाल- स० १८३५ वि०, लिपिकाल—स० १९२४ वि०, प्राप्तिस्थान—प० शिव कैलाश त्रिवेदी, ग्राम—पुत्रलाल त्रिवेदी का पुरवा, डाक० अबारा (पछिम) जिला—रायबरेली ।

आदि—श्रीमते रामानुजाय नमः

।। दोहा ।।

प्रथम गुरू के चरन रज वदौ वारहि बार ।
जासुमिरे प्रभु पाइये उतरै नर भवपार ।। १ ।।
चरन सरन गुरदेव के जब लगि आयौ नाहि ।
भवन विपिन निज माधुरी करौ परसै मन मांहि ।। २ ।।
चित्रकूट गुन कहन को कोनो मन उत्साह ।
जनक नंदनी कृपा बिनु कैसे होय निबाह ।। ३ ।।
येक आस विस्वास गहि करत कथा मति मोर ।
चित्रकूट निज धाम को काहु न पायो वोर ।। ४ ।।

अत—अठारह सै जु पंतीस मैं धरि प्रभु अग्यासीस।
दोहा बरनै ग्रंथ के सत अरु चावालीस ॥४५॥

इति श्री चित्रकूट विलास सपूर्णम् ॥ सम्वत् ॥ १९२४ ॥ राम राम

विषय—चित्रकूट वर्णन।

रचनाकाल

अठारह सै जु पंतीस मैं धरि प्रभु अग्या सीस।
दोहा बरनै ग्रंथ के सत अरु चावालीस ॥

संख्या ४५८ जग्या समाज (? यज्ञ समाधि), कागज—देशी, पत्र—१६, आकार—६३/४ × ४३/४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२ परिमाण (अनुष्टुप)—२८८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १९३० वि०, प्राप्तिस्थान—श्री महंत बाबा रामशरनदास जी, कबीरपंथी मठ, ऊँचगाँव, पो०—बाजार शुकुल, जिला—सुलतानपुर।

आदि—साती नाम ॥ सत गुरा ॥ कबीरा की दाए ॥ सब सतन की दाय ॥ सब महतन की बाय ते लीषते ॥ ग्रथ जग्या समजा

धर्मदासो वाचना

धर्म दास चरनन सीस नावा। दोय कर जोरी वोनै उठी लावा॥
द्वापारी माही बुदीस्टील राजा। कैसे कौन जान्या को सजा॥
तीन के कंम कटे को नही। श्री कृमन की सेव कराही॥

सतगुरोवचन

सुन धर्मदास तोही समुझवऊ। कृष्ण चरीत्रा भेद वतलाऊ॥
तीन लोक जब ऊतपानी कीन्हा। प्रालै करी जीवन दुष दीन्हा॥
आवै जाइ जगता मझारा। फीरी फीरी जन्म धरै ससारा॥
लीला कै जग्ता सवानासु। तसो चहे मुक्ति नेवसु॥
ताही कीस्ना क सुनऊ तमामा। पडौ दीन नेक मा वासा॥
अत—
पडौ केर कीन अपमान। और भगता को चतुरा सुजान॥
तुम वुझौ धंमनी मम आस। औ सम जौ जौ चीन्है वस॥

साषी

कीस्न केर प्रसग आती वुझे हम हमारा।
कहे कबीर धर्मदास सो पहुचै लोक मझारा॥

ईते ग्रथ जग्या समज ॥ सपुराण ॥ समप्ते ॥ सुभमस्तु ॥ समत १९३० के सल ॥ मोनी सवना ॥ सुदी ३ ॥ वर यतवार ॥ दमषत चोषे दास के ॥ मम दोस न दीयेते ॥ जो जो प्राती देष सो लोष ॥ सध महता से मीनती मोरी टुट आछर वाचव जोरी ॥ वचै तीसा क वदागी। सुनै तीन को वदागी ॥ सगुरा कावीर केवल नाम ॥ सती सहेव ॥

विषय—सुपच भक्त और पांडवों के यज्ञ का वर्णन।

संख्या ४५९ ज्ञानकालकार भाषा, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—११ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२१, परिमाण (अनुष्टुप)—१८९, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, मुद्रणकाल, सं० १९३० वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० शारदा प्रसाद जी दुबे, ग्राम—नवगवाँ, डाक—लभुआ, जिला—सुलतानपुर।

आदि—अथ द्वादश ग्रह फलम् ॥

द्वादश ग्रहको ईश जो जन्म लग्न मे होय॥
रूपवान सुन्दर वचन सशय करो न कोय॥२९॥

बारहें घरको ईश जो द्वादश घर में होय।
ग्राम युक्त वहु वश तहाँ लोभी जानो सोय।१३०
अथवा नवमे घरको जो द्वादश को ईश।।
करे बहुत तीरथ गमन सर्व नवावे शीश।। १३१

इति श्री भाषा जातकालंकारे द्वितीयोऽध्याय ।।

:o: :o: :o:

पाप ग्रह को सग लै धर्म देव मृति 'नाथ'।
चाहिए ता घरमें परे रहै गृहणी साथ।। ३।।
धर्म द्वेव मृति नाथ पर होय पाप ग्रह दृष्टि।।
यह तुम निश्चय जानियो ताकी तरुणी भृष्टि।। ४।।
अष्टमेश षष्टेश जो कुज बुधियुत सुख गेह।।
सो नर नहि निज तात ते निश्चय कहो जु एह।। ५।।
धर्मनाथ अरु नाथ दोउ चाहै ताधर होय।।
पाप युक्ति जे होय तो निज पितु ते नहि सोय।। ६।।

अंत—अथ विशोत्तरी दशा लगायवे की विधि ।। छप्पय ।।

कृतिका सूर्यषट् वर्ष रोहिणी शशि दश जानो।।
मृग मंगल कहि सात राहु शिव दस अठमानो।।
दिति गुरु सोलह वर्ष पुष्य शनि कहि उनईश।।
सर्प बुद्धि की दशा वर्ष सत्रह सुखईश।।
मघा के नवर्ष सात की पूर्वा भृगु विंशति कही।।
क्रमि करि विचार गनो सुपास सरमत ते लही।।

अल्पायुर्दिन नाथस्य शत्रो ::

इती श्री भाषा जातकालकारे समाप्त सपूर्ण।। लिखित कालिका प्रसाद कायस्थ रहने वाले लखनऊ मोहल्ले दुगावा सम्वत ।। १६३० ।। मे।

विषय—भाषा ज्योतिष वर्णन।

सख्या ४६०. जोगध्यान, कागज—देशी, पत्र—६, आकार—८$\frac{1}{6}$ × ६$\frac{5}{6}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—२१, परिमाण (अनुष्टुप)—१८२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८३४ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री महत बाबा रामशरन दास जी, कबीरपंथी मठ, ऊँचगाव, पोस्ट—बाजार शुक्ल, जिला—सुलतानपुर।

आदि—सत्य सहो सामर्थ कबीर धर्मदास की दया।। वस बयालीस की दया।। साहेब सुरति गोपालदास की दया सकल संत महंथन की दया।। लिखितं ग्रंथ जोगध्याण।।

जोगध्याण षोजहु टकसारा। जिमिसब नग ऊपर मनिरे सिगारा।।
नगके पारिष जोहरी करई। मनितकेश्वर के सिर रहई।।
निरालंब षेल एक षेला। बाती बरे दिया विनु तेला।।
सीतल बाती वड उजिआरा। जोग ध्यान एह कथा अपारा।।
विना जल को तिर्थहि जावे। विनु थणग्रेनु काज नहि आवे।।

अंत— समौ

जोग ध्यान बड़ ग्रंथ है कहत जो भुष बताए।
देषत सबरग चढि गयो षायें हृदय जुडाए।।
मधुप विर्छ जनध्यान है लहरि कुंडल है डार।
जोगध्यान पहुपरसवह अमलसाधु सिंगार।।
जोगध्यान सुष अमल है साधु पिवहि जो जाए।
मुष मूदं स्रवनन्ह पिवें सतसुकृत जोति समाए।।

ऐसो ग्रंथ योगध्यान संपूरण सुभमस्तु।। संवत १८३६।। रम्मयनाम चैत्र कृष्णपक्षे

तिथि द्वावसी वार सुक्रवार मोकाम तेजवापुर में ।। दसखत धरमदास बैरागी के बंदा सतगुर कबीर को ।।

विषय—योग विषय का वर्णन ।

संख्या ४६१. तत्वज्ञान तरंगिणी, (मूलकार—भट्टारक श्री ज्ञानभूषण), कागज—देशी, पत्र—८५, आकार—१३६/१० × ८७/१० इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—२२६५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री दिगंबर जैन मंदिर, अहियागंज, टाटपट्टी मोहल्ला, लखनऊ ।

आदि—ॐ नमः सिद्धेभ्यः ।। अथ सनातन जैन ग्रंथमाला ।। १४ ।। भट्टारक श्री ज्ञानभूषण विरचिता तत्वज्ञान तरंगिणी लिख्यते ।।

श्लोक

प्रणम्य शुद्ध चिद्रूप सानंद जगदुत्तमं ।
तल्लक्षणादिकं वच्मितदर्शी तस्य लब्धये ।। १ ।।

अर्थ—निराकुलतारूप अनुपम आनंद भोगनेवाला समस्त जगत में उत्तम शुद्ध चैतन्य-स्वरूप को नमस्कार कर उसकी प्राप्ति का अभिलाषी मैं (ग्रंथकार) उसके लक्षण आदि का प्रतिपादन करता हूँ ।।

भावार्थ—इस श्लोक मे शुद्ध चिद्रूप और सानंद एवं जगदुत्तम उसके विशेषण है ।। यहा पर शुद्ध आत्मा की जगह शुद्ध चिद्रूप ऐसा कहने से यह आशय प्रकट किया है कि ज्ञान आदि-रूप चेतना और आत्मा जुदे पदार्थ नहीं ज्ञान आदि रूप ही आत्मा है ।। अनेक महाशय आत्मा को आनंदस्वरूप नहीं मानते उससे आनंद को जुदा मानते है इसलिए उनके समझाने के लिए सानंद पद कहा है अर्थात् आत्मा आनंदस्वरूप है ।। नास्तिक आदि शुद्ध चिद्रूप को मानते नही और उनकी दृष्टि मे वह उत्तम भी नहीं जचता इसलिये उनको बोधनार्थ यहां जगदुत्तम पद दिया है अर्थात् लोक के समस्त पदार्थों मे शुद्ध चिद्रूपही उत्तम है ।। १ ।।

अंत— श्लोक

वदैव विक्रमातीता. शतपंचदशाधिकाः ।
षष्टि संवत्सराजातास्तदेय निर्मिता कृतिः ।।२३।।

अर्थ—जिस समय विक्रम संवत के पंद्रह सौ साठ वर्ष (शकसंवत् के चौदह सौ पचीस अथवा ख्रीष्ट संवत के पंद्रह सौ तीन वर्ष) बीत चुके थे उस समय यह तत्वज्ञान तरंगिणी रूपी कृतिका निर्माण किया गया ।।२३।।

श्लोक

ग्रंथ संख्यात्र विज्ञेयालेखकैः पाठकैं किलः ।।
षष्ट त्रिंशदधिका पंच शती श्रोतृजनैरपि ।।३४।।

इति मुमुक्ष भट्टारक श्री ज्ञानभूषण विरचितायां तत्व ज्ञान तरंगिण्या शुद्ध चिद्रूप प्राप्ति क्रम प्रतिपादकोऽष्टादशोऽध्याय ।।१८।। इस प्रकार मोक्षभिलाषी भट्टारक ज्ञानभूषण द्वारा विरचित तत्व ज्ञान तरंगिणी मे शुद्ध चिद्रूप की प्राप्ति के क्रम का प्रतिपादन करनेवाला अट्ठारहवां अध्याय समाप्त हुआ ।।१८।। इति श्री तत्वज्ञान तरंगिणी संपूर्ण ।। इति मिती अगहन सुदी ।। ७ ।। हस्ताक्षर— पंडित इच्छाशंकर त्रिपाठी के

विषय—तत्वज्ञान विषय का वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—प्रस्तुत रचना का मूल संस्कृत मे है जिसका रचयिता भट्टारक श्री ज्ञान-भूषण है जिन्होंने संवत् १५६० वि० मे इसकी रचना की थी ।

संख्या ४६२. द्रौपदी इतिहास, कागज—देशी, पत्र—४, आकार—१०।। × ४।। इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—१३८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री ठाकुर कामदेव सिंह जी, ग्राम—भिटारी, डाक०—लाला बाजार, जिला—प्रतापगढ़ ।

आदि—श्री गणेशाय नमः

॥ दोहा ॥

जन्मेजय सो मुनि कहेउ कपट जुवा उपहास ।
दुर्पदी की पति राषि प्रभु शो सुनिये इतिहास । १

चौ०

कृष्ण सहित पांडव इकवारा । बैठे सकल सभा परिवारा ।
अगिनि देव तेहि अवसर आये । आसिष दयनि कथा सुनाये ।
मारुत नृप मख कीन्हे जवही । साठि सहस मन घृत परु तवही ।
भयो अजीरण कछु न सोहाई । चरउ षण्डि वन करहु सहाई ।
कृष्ण कहा अर्जुनहि बोलाई । षंडी वन वन अगिनि जेवाई ।
सुनि अर्जुन रथ चढि हरषाई । षंडी वन वन अगिनि लगाई ।
पावक जरत देषि रषवारे । सुरपतिपुर तेहि काल सिधारे ।
निकट जाय चरनन सिरनाई । सकल कथा येहि भाति सुनाई ।

:o: :o: :o:

दोहा

सीसनाम अर्जुन कहेउ केहि विधि जीतव देव ।
हृदय राषि मम वचन येह करहु कृष्ण की सेव । ३

अंत— दोहा

भीमसेनि सो प्रभु कहेउ मानहु कहा हमार ।
जो कछु मुषते निकरै करत न लावहु वार ।१४

चौपाई

मले दले सठ पासा परई । करै भीम जो प्रभु कछु कहई ।
प्रान जात तिन्ह कौन विचारा । भीम को दाउँ परो यहिवारा ।
अस विचारि प्रभु तुरित हकारा । दारु पास नहि लावहु वारा ।
जीते पाडव अति हरषाई । कंवरो सम्पति मनहु गवाई ।
कह दुर्जोधन सुनहु मुरारी । बिपिन गवन लाये यहि वारी ।
विधि आगेहि लिषि राषेउ भाला । भूलि गये अस कहेउ गोपाला ।
कह पाडव सन दीनदयाला । हरष विसाद भयेहु तेहि काला ।

दोहा

पांडव प्रभु के चरन गहि विनय कीन्ह कर जोरि ।
त्रिभुवनपति पति राषेउ निरषि आपनी ओर ।

इति श्री दुर्पदी इतिहास शम्पूर्ण शुभमस्तु

विषय—पाडवों तथा विशेषकर द्रौपदी के चरित्र का वर्णन ।

संख्या ४६३. धनतर सहिता, कागज—देशी, पत्र—२३, आकार—१०⅝ × ८⅞ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी और कैथी मिश्रित, लिपिकाल—सं० १९०२ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री रामशरन लाल श्रीवास्तव, ग्राम—पूरे रामदीन शुक्ल (मजरिया इदरिया), डाक०—बाजार शुक्ल, जिला—सुलतानपुर ।

आदि—श्री गनेसयान्म्हां श्री सरसुतीएन्म्हां श्री परम गुरुभेन्म्हां अथ लिष्यते धनतर सहिता नारी परीछ्या ॥

वात तैं नाडी चक्र चलत है ॥ लितते नाडी चंचल चलत है ॥ कफ तैं नाडी मंध चलत है ॥ अरु नाडी गरइ होए तौ रकतविकार जानिए ॥ अर संनपात होए तौ नाडी मोटी चलत है जल्दी औ अगनी गत वुध तैं जानीए अरु जैसे विना कोत सरब रोगन को कहत है तैसे नाड़ी सरब रोगन को कहत है ॥ सो अभ्यास करे ते जानी जात है ॥

अथा नाडी जानव को मंत्र

ॐ न्मो रुद्राय महाकालाए उडाचारे स्वाराए नाडी कद्रग्याए तुभ्ये नम जैसो सध्या असाध होए सो जानि परे ।।

अंत—   अथ अस्त्री पटवे की

जाके वेरी होती होए ताको बडा घोडा लवा होए ताकी पेसाव लेए पीछे को मुत तामे जाएकर पीस के ववावे तौ पुत्र होए निस्चे करके ।।

इति श्री धनतर सहिता पिसकोज वैदक मते सरव रोग निदान ओषद वरननो नाम नमो अध्याय समापत ।। ६ ।।

इति श्री धनतर सहिता ग्रथ समापत सपुरन समापता मिति अघन सुद ५ सन १६०२ मु० जवलपुर

।। दोहा ।।

प्रत को अछर देष के लिषी सोध परवान ।
भूल चूक जो जानवी लैवी सोध सुजान ।।
राम नाम भजते रहो जौलौ घट मे प्रान ।
अतकाल पसतावगे जव जम घेरत आन ।।

सपुरन समापता सपूरन समापता सपूरन ।।

विषय—धन्वतरि सहिता का हिंदी अनुवाद ।

सख्या ४६४ नायिका भेद, कागज—देशी, पत्र—७८, आकार—५ × ४६/७ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—८४७, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—

. . . .
. . . . कान्ह सो मेरेई व्याह की वाते ।।४७।।

।। दोहा ।।

ये परकीया तरुनि के भेद छ ओरौ जानि ।
पहिलेई गुप्ता कही बहुरि विदग्धा मानि ।।४८।।
बहुरि लछिता कहि कही कुलटा मुदिता नारि ।
त्रिबिधि अनुसयाना बहुरि सुकविन कही बिचारि ।। ४ ।।
भयो रु ह्वै है होत यो सुरती त्रिविधि विचारि ।
ताहि छपाए होत है सुरत गोपना नारि ।।५०।।
सुरत छिपावै जो सुवह सुरत गोपना होइ ।
क्रिया वचन को चातुरी कहै विदग्धा दोई ।।

।। भयो सुरत ।। यथा ।।

बाग की वावरी पानी को सासु पठावतु मोहि झुके पर बोलै ।
तापर ए सिगरी मिलि मेरे चवाइहि की बतिया गहि छोलै ।
भौरें धौ कहि कें भोर भिरे हठि काटति ओठ डुलाए न डोलै ।
कटीली है बेलें तहा लगे जात मै गात परी हे खरी खर होलै ।।५२।।

अत—   ।। दोहा ।।

निद्रा के विच्छेद में करिके मन में सोधु ।
इद्रिय प्रथम प्रकास मो पंडित कहत विवोध ।।३६३।।
तहा दृगनि को मीडबों अरु अगिरांनि जम्हानि ।
अरु मोरन अगुरीनिकी ए सुभाइ मन आनि ।।३६४।।

॥ यथा ॥

बैठी प्रिया उठियो भोरहिं सेज मे आरसी में मुख देखि लजानीं ।
केलि के मंदिर तें घर आपुनें जाहिबे को अतिही अकुलानी ।
कोटिक टूक भइ अंगिया जबहीं उचके कुचके अंगिरानी ।
चाहि के चोगुनि चोप सो प्यारे गरो गहि केलि वहे फिरि ठानी ॥३६५

॥ दोहा ॥

मेंटचौ चहिये ओर को अहंकार जिहि ठोर ।
अमरख कहत तहा सबे सुकविन के सिरमौर ॥३६६॥

॥ यथा ॥

अग को रंग देषि सुभाइहि को मिटि कुवन ही को मजेज गई ।
बिन पान नही अधरा रग देखत ईंगुर को दुति फीको भई ।
दृग अजनहू विन कजन को अरु खजन की छवि छीन लई ।
ससि के मद्यु मेटिबे कोन पिया मृग.................. ।

—अपूर्ण

विषय—रस और नायिका भेद वर्णन ।

संख्या ४६५. नायिकाभेद, कागज—देशी, पत्र—६, आकार—८ X ४॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—८८, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, लिपिकाल—सं० १८६० वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० भारद्वाज मिश्र, ग्राम—बरगदवा, डाक०—मेहदावल, जिला—बस्ती ।

आदि—..............................

औचक आइ जोवनवा मोहि दुषदीन ।
छुटि सो सग गोइयवा नहि भल कीन । ५

नवोढा

पहिरत चूनि चुनरिया भूषन भाव ।
नैनन्ह देत कजरवा फूलनि चाव । ६

विश्रब्ध नवोढा

जंघन जोरत गोरिया करत कठोर ।
छवनन पावे पियवा कज कुचकोर । ७

मध्या लक्षन

निसुदिन चाहन चाहत श्री वृजराज ।
लाज जोरावरि कै वसि करत अकाज । ८

प्रौढा लक्षन

भोरहि बोलि कोइलिया बढ़वत ताप ।
धरो यक धरि अलिया रहु चुपचाप । ६

इति स्वकीया अथ परकीया

सुनि धुनि कान्ह मुरलिया वागन भेद ।
गैलन छाडत गोरिया गनत न खेद ।१०

अंत—

सोसा करन

यके बैठि गोड़वरिया मोजहु पाउ ।
पिय तन पेषि गरमिया वेन गलाइ ।१११

उपालभ वरन

चुप ह्वै रहे सनेसवा सुनि मुसुकाय ।
पिय निज हाथ विरौना दोन पठाय ।११२

परिहास

बिहसत भौंह चढ़ाए धनुक मोनोज ।
लावत उर उमठनवा औंठि उरोज ।११३

श्री सम्वत् १८६०.........

विषय—नायिका भेद वर्णन ।

सख्या ४६६. नायिका भेद और अलकार, कागज—देशी, पत्र—३, आकार—८३/८ × ३५/८ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, परिमाण (अनुष्टुप)—८८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—प० जगन्नाथप्रसाद जी, ग्राम–उसरहा, पोस्ट–शिवरतनगज, जिला–रायबरेली ।

आदि—अथ नायका लक्षन ।।

निजपति मे रति सील सुभाय ।
सुकिया यहै कवि रति ।।११।।

मुग्धा

अभिनव जोवन जाके अग ।
सो मुग्धा जानौ परसग ।। २ ।।

।। ज्ञात यौवना ।।

जानै जोवन जो निज गात ।
ज्ञात यौवना वह विख्यात ।। ३ ।।

नवोढा

पराधीन रति जाकी होय ।
कविजन कहत नवोढ़ा सोय ।। ४ ।।

विश्रब्ध नवोढा

कछु प्रीतम सो करै प्रतीत । कहि विश्रब्ध नवोढ़ा रीति ।।

मध्या

लज्या मदन जो होय समान । तासो मध्या कहत सुजान ।। ६ ।।

अत—

स्वभावोक्ति

वरनन जानि सुभाय । सुभावोक्ति ठहराय ।।३८।।

आक्षेपाल०

वर्जै नीको भांति नहि वर्जो जान्यो जात ।।
गूढा धे पनिहारिए वर्णत मति अवदात ।।३६।।

समासोक्ति

अप्रस्तुते प्रस्तुत ज्ञान । समासोक्ति ताहि पहिचान ।।

चपलातिसयोक्ति ल०

हेतु सुनत हो कारज जहा । चपलातिसयोक्ति है तहाँ ।।

प्रस्तुत प्रससाल०

समसमान रचना जह होय । ताको सम वर्णै कवि लोय ।।

इत्यलकार भेदः

विषय—नायिका भेद और अलकारो का सक्षेप मे वर्णन ।

सख्या ४६७ नासिकेतकथा, कागज—देशी, पत्र—१३, आकार—७।। × ६।। इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, अपूर्ण (खडित), रूप—प्राचीन (जीर्ण शीर्ण), गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १७६५ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० गयादीन जी, ग्राम–जगन्नाथपुर, डाक०–रानीगज कैथौली, जिला–प्रतापगढ ।

आदि—.................................।
जमराज महात्रास देत है ।। ताते पुत्र ग्रह कौ फिरि चलौ ।।

।। नासकेत उवाच ।। अहो पिता हम तुम्हारी वचन नाही खंडित करिहै ।। जमपु जैहो तुम्हारी वचन मानिकै ।। तुम सोच मति करौ ।। सुचित्त रहौ ।। तुम्हारे प्रतापते जमपु होइकै ।। हम इहो वेगि आइहै ।। तुम्हारो वचन पालिहै ।। आकास के विषै मध्यम पानी है चन्द्रमा सूर्ज चौदह भुवन उदौ करत है ।। सत सो बधे है ताते मै तुम्हारो वचन सति करि मानिहौ सतके बधे राजाबलि पाताल को गये ।। सहस्र जग्य जिन्ह कीन्हे है ।। तुम सोक सताप जिनि करौ

:o: :o: :o:

नासकेत आसिरबाद दियो राजा जमराज की ढिग जाइ वैठ्यौ ।। अरु बहु भांति अस्तुति करी ।। बालक पांच वर्ष के जमराज पास प्राप्ति भये ।। इति श्री नासिकेत पु जमराज मिलनो नाम पचमो अध्याय ।।

अंत—अजो कोइ अतकाल गोविंद को भजन करै ।। ताको अच्छी विधि लै आवो साधुन मे जाइ राखौ ।। ताते जे साधु जनन है ।। तिनको गम लै आवतु है ।। इति श्री नास पुराने धरम चरचा बरननो नाम पदसो अध्याया ।। १५ ।। वैसपान उवाच ।।

तव रिषीस्वर नासिकेत कौ पुछत है ।। तुम जमपुरी कौ विष्यातु कीन्यौ ।। तव नास कहत है ।।...
बोरा होई ।। वहिरा होइ ।। अधा होइ ।।........[1]

संवत् १७६५ ।।

विषय—नासकेत कथा वर्णन ।

संख्या ४६८. पचविशति ग्रथ, कागज—देशी, पत्र—२५०, आकार—१३ $\frac{6}{10}$ × ८ $\frac{8}{10}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, खडित, रूप—नया, गद्य, लिपि—नागरी, प्राप्ति स्थान—श्री दिगबर जैन मदिर, अहियागज, टाटपट्टी मुहल्ला लखनऊ ।

आदि—.......... की वार्ता है ।। जो ऐसी दसा मदिरा पीवने वाले देखें अर तौ भी इस मदिरापान की अभिलाषा नाही छाडै ताते इसकूं अपवित्रता की अरु पाप अर दुर्गति के दुःखनि की मूल जानि करि कै बुधिमानन कूं मदिरापान तजना जोग्य है ।। मदिरापान का निषेध किया ।। आगै वेस्या विसन का निषेध करते सतै कहै है ।।

मध्य—तैसै यह हू सर्व यतीनि का इद्र जो श्रीपद्मनदिनामा आचार्य ताका मुषरूप मे उपजी है ।। बहुरि कैसी है । जैसे जल की वृष्टि धान्य कूं उपज्यावे है । तैसें यह हू सम्यग्ज्ञ रूप धान्य कूं उपजावने वाली है ताते सत्पुरुषनि के हृदय विषै यह अनित्य पंचासत् अमृत जल वर्षा है सोही निर्विघ्न प्रतिष्टौ ।। ऐसा अधिकार के अत विषै मगलाचरण किया ।।

इति श्री पद्मनदि कृत पद्मनदि पचविशतिनामा ग्रथ की देसभाषा मय वचनिका विषै चोपन काव्यनिविषै अनित्य पचाशत् अधिकार तीसरा समाप्त किया ।। ३ ।।

अत— काव्य
संसारस्तनुयोगएषविषयो दुःखान्यातो देहिनो ।। विन्हे लोह समाश्रितस्य घः यातायथा तुष्टरात्याज्यातेन तनु मुमुक्षुभिरिययुक्तया महत्पातयो ।। नोभूयापिय यात्मनो कृतेतत्संनिधिर्जायते ।। ७ ।।

।। अर्थ ।।
यो सरीर के रोग ही संसार है ।। ससार तै प्रानीनिकै दुःख होत है ।। लोह....
—अपूर्ण

विषय—जैन धर्मानुसार ज्ञानोपदेश वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—ग्रथ आदि और अत से खडित है । प्रस्तुत रचना मूल सस्कृत ग्रथ अनुवाद है । मूल ग्रथ का रचयिता आचार्य पद्मनदि है ।

संख्या ४६६. पक्षी प्रश्न, कागज—देशी, पत्र—१, आकार—६॥ × ५॥ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—२७, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८८८ वि० प्राप्तिस्थान—श्री प० प्रभुनाथ जी पाडेय, ग्राम—मऊ, डाक०—बेलवार, जिला—जौनपुर।

आदि—श्री गणेसयनम. चौपाई ॥

बनमे एक महमुनि आए। द्वादस पछी निकट बुलाए।
अपनी अपनी बानी कहिये। तुमते सगुन लियो कछु चाहिए।
ते बेले पुनि अपनी बानी। ताते सुगुन परिक्षा जानी।
प्रथम विप्र की पूजा करै। ले पुगोफल आगे धरै।
जो पूछे सो चित मं धरै। हरि सुमिरन मैं करै।

१ प्रथम ममोला

षजन। हो षजन तुज्जल वदन मुष देषै जो कोय।
धन प्राप्ति सुष लाभ अति मन चीत्यो फल होय।
—कार्य सितावी से होगा।

१ चकवा। सुनि चकवि श्रि मुनि सिगई बीत्यौ तिमिर वियोग।
कमल उदित आदित उदितहू है सष सजोग।
—कार्य कछू थोरी सी ढील सो होगा।

वकुल। वको वहुत कै जिनि वकै कहत वचन वनराज।
नह भोजन जिहि भाल मे होत न मनको काज।
—कार्य कछु थोरी सी ढील सो होगा।

तोता। करि सतोष सभारि प्रभु वसहु उत्तम ठाउ।
अति आनद सुष पायै कलि है जोवन राउ।
—कार्ज धीरज सो होगा।

मुर्गा। कहि तमचर सुनि तमचरी तिमिर गयो सवदूरि।
भयो भोर दिन मणिउ औ वहु प्रताप जगपूरि।
—कर्ज सितवी सो होगा।

हजारदास्ता। पिस्तैक कहि पिरे वदन पियमो रह्यो वियोग।
वहु विलाप निसदिन करत नहि पावत सजोग।
—कार्ज होग नाहि।

मोर। विरह तु चिता जिनिकरै धीर धरावत मोर।
रितुपावस आगम कियौ होहै अति घनघोर।
—कार्ज धीराज सो होगा।

कोइल। कहि कोकिल सुन कोकिला करि मनमे आनद।
पाके विमल रसाल फल मिटै सबै दुख दद।
—कार्ज सिताबि सी होगा।

कपोत। कहि कपोत चित लगी गयो रहो तरस की रीति।
वहुज देवस अव चाहियो परे वहुरि प्रतीति।
—कार्ज वहोत देवस मा होगा।

सारो। कहि सारक सुनि सारका या वनमे सुष नाहि।
वधिक वहुत जित तित फिरत कपट धरे मन माहि।
—काज होग नाहीं।

चील्ह। वहुत गोध मन मोलन रुचि दिष्टि धरी सतकोस।
कसुन भोजन देषियेत मन मारत हिमसोस।
—काज होग नाहीं।

मुर्गावी । जलपक्षी जिन चितकारी वढिहै नीली बीसाल ।
अति जु महासुष पायौ मिटै सबै जजाल ।
—कार्ज सितावी सो होगा ।

इति श्री पक्षी प्रश्न संपूर्ण सवत् १८८८ ॥

—आद्योपांत उद्धृत—

विषय—शकुन विषय वर्णन ।

संख्या ४७०. पिंगल. कागज—देशी, पत्र—३, आकार—१०$\frac{४}{८}$ × ४$\frac{६}{८}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—८, परिमाण (अनुष्टुप)—४५, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—

कला	६	५	४	३	२।१	कल होइ ३ गन चारि कल तीन कल ढगन णगन कलदोइ ४
भेद	ट	ठ	ड	ढ	ण।	क्रमते तिनके भेद ए जानि लेत सब जान ॥
१	SSS	ISS	SS	IS	S	तेरह आठ रु पाँच पुनि तीनि दोइ परमान ॥४६॥
२	IISS	SIS	IIS	SI	II	अथ प्रस्तार सूत्र
३	ISIS	IIIS	ISI	III		देहु प्रथम गुरू के तरे लघु पुनि सम करू पाँति ।
४	SIIS	SSI	SII			उवरे गुरू लघु दीजिए सब लघु लों या भाँति ॥ ४ ॥
५	IIIIS	IISI	IIII			तोलौ रचना कीजिये जौलौ सब लघु होइ ।
६	ISSI	ISII				यहै रीति प्रस्तार की जाने विरला कोइ ॥४८॥
७	SISI	SIII				अथ छक्कल प्रस्तार गन नाम
८	IIISI	SIIII				सिव ससि दिन पति सुरपति सेष सरोज सराहि ।
९	SSII					धाता अरु कलिचद ध्रुव धर्मसालि करू आहि ॥४९॥
१०	IISII					परगट तेरह भेद ए छक्कल के निरधारि ।
११	ISIII					प्रकट पच कल के कहत अब सव नाम विचारि ॥५०॥
१२	SIIII					इद्रासन अरू सूर कहि चापही रू लषि लेहु ।
१३	IIIIII					सेषर कुम समो अहिगनो पायगनो कहि देहु ॥५१॥
						एसब परगट करि कहे पच कलनि के नाम ।
						मत्ता के प्रस्तार ए आवत हैं सब काम ॥५२॥

अत—अथ सप्तदसाक्षर प्रस्तारः

॥ दोहा ॥

जगन सगन पुनि जगन दै सगन यगन निहारू ॥
विरति आठ नव पर करहु प्रत्थी छद विचारू ॥१६६॥

॥ प्रत्थी जथा ॥

बडे गुन निधान ह्वै विगुन हार राखै हिये ।
पटीर तजि लाल क्यौ लसत लाल टीकौ दिये ॥
प्रभा अरून कीए रे जुनु सरोज लाली बढी ।
कछुक यह आजु है दृगन ओप औरे चढी ॥

—अपूर्ण

विषय—पिंगल विषय वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—रचना खडित है । केवल सख्या ८, ५ और ३४ के, समस्त ३ पत्ने उपलब्ध है ।

संख्या ४७१. पिगल, कागज—देशी, पत्र—२, आकार—११$\frac{३}{८}$ × ५$\frac{४}{८}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, परिमाण (अनुष्टुप)—४९, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—

. . . .
गुरू लघु वरन लक्षन पुनि ग रीति ।
छंदन के लछन कहे उदाहरन हरि प्रीति ॥ ३ ॥
पिंगल छंद अनेक हैं कहे भुअगम ईस ।
तिन तै लिये निकारि मै द्वादस अरू चालीस ॥ ४ ॥
राम नाम जस रहित जे विद्या व्रत तप दॉन ।
ते दुख प्रद सब जानियें कहै जु वेद पुरान ॥ ५ ॥
हरि जस रहित सुकाव्य हूँ सतन आदर देत ।
उदाहरन हरि नॉम जस मिले कहे इहि हेत ॥ ६ ॥
॥ अथ लघु गुरू लछन ॥
॥ दोहा ॥
मात्रा रहित सु जे वरन ते सब लघु करिमान ।
पिछौं कि कुमात्रा जहाॅ तेऊ लघुहि वर्षांनि ॥ ७ ॥
आदि संजोगी हू कहूँ लघु ही होत प्रकास ।
शरद जुन्हैया मोद प्रद करत कन्हैया रास ॥ ८ ॥
गुरू हूँ लघु की रीति सों पढ़ै सु लघु ही मान ।
मात्रा जुत सजोग के आदि सबै गुरू जानि ॥ ९ ॥

अंत— मैंनावती पादाकुल इन्हके लक्षन
॥ दोहा ॥
चारि भागन मैंनावली पुनि पादाकुल जानि ।
चारि ह्रस्व द्वै गुरू वही नगन यगन मय मानि ॥
मैंनावली को उदाहरन
हस्तौ भलै ज करै धर्म के काम ।
कानौ भले जे सुने श्री गुणग्राम ।
नैंनौ भलै कृष्ण सोभ लखै स्याम ।
जिह्वा भली जो रटै राम के नाम ॥
पादाकुल के उदाहरन
हरि गुन गावो । सब सुख पावो ॥
विमल न कोजै । वय नित छीजै ॥
कुसुम विचित्रा को लछन
नगन यगन पुनि नगन औ यगन जहाॅ थिर आॅनि ।
दापाकुल सौ द्विगुण सो कुसुम विचित्रा जानि ॥
कुसुम विचित्रा को उदाहरन
हरिभजि नारायण भगवता । जिहि जस गावै सुर मुनि सता ॥
विधि शिव जाके पद सिरनावै । तन मन अर्पै सब सिधि पावै ॥
पद्धरी को उदाहरन ॥ दोहा ॥
प्रथम मत्त दस बहुरि षट षोडस मत इक ठॉव ।
जगन अत मैं धारियै छ . . . . . ॥

विषय—पिंगल विषय का वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—रचना खंडित है । केवल दो पत्रे सं० ३ और ५ के प्राप्त हुए है ।

संख्या ४७२. पुष्पवाटिका, कागज—देशी, पत्र—२, आकार—६$\frac{१}{०}$ × ४$\frac{३}{०}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१८, परिमाण (अनुष्टुप)—६०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—श्री सर्वेश्वोजयति० पुष्प वाटिका लिख्यते०

गुल्लाला० कुंजा० वेली० टेसू० सदावसंत० नागकेशरि० कुंद० पाडरि० कुमुदिनी० अडहुल० जूही० कमल० गुलाब० कदंब० करना० केतकी १ ।। चंपा० कदंब० कुंजा० सुदर्शन० सदावसंत० भृंगारहारा० कुंद० वंधूप० जूही० कुमुदिनी० मौलश्री० अडहुल० चमेली० कनइल० सूर्य्यमुखी० केतकी० २ ।। सेवती० मालती० कुशुंभ० कमल० करना० केवरा० नगेशरि० वेला० जूही० सूर्य्यमुखी० मौलश्री० भृंगारहार० चमेली० अडहुल० कुंद० केतकी० ।। ४ ।। कुशुंभ० टेसू० सुदर्शन० सदावसंत० रतनमजरी० कुंद० नगेशरि० भृंगाराहारा० मूंगा० गुलाब० कदंब० कनइल० सेवती० करना० सूर्यमुखी० केतकी ।। ८ ।। सेवती० मूँगा० मालती० नेवारी० करना० गुलाब० कमल० पाडरि० मौलश्री० सूर्य्यमुखी० कदंब० वंधूप० कनइल० अडहुल० कुमुदिनी० केतकी ।।१६।।

बड़ो आचरज आजु है प्रातहि आवत लाल ।
निरषत है सखिआं सवं पहिरं लाल गुलाल ।। १ ।। गुल्लाला ।।
चलहु सखी पीतम जहाँ कुंज वाटिका पास ।
फूलै चंपा सुघन होय पिय मिलवे की आस ।। २ ।। चंपा ।।
कर कपोल दै भामिनी बैठी मंदिर मांझ ।
कुंजा फूल सुहावनो ल्यावो मोहन साँझ ।। ३ ।। कुंजा ।।
प्रफुलित केवरि देखिकं सुंदर बास सुवास ।
सेज भई पावक सरस नहि पीतम है पास ।। ४ ।। केवरा ।।
कब आँवेगे सावरे पंडित पूँछौ तोंहि ।
विन गुण माला वेलि की एक न भावं मोहि ।। ५ ।। वेला ।।
चब्र बवन चंचल नयन चितवति है विन मूल ।
मंद मद विहसत सखी झरत चमेली फूल ।। ६ ।। चमेली ।।
कल न परं तलफत फिरं निशिदिन वारवार ।
अंग लगं वीथी झरं रचै जुही के हार ।। ७ ।। जुही ।।
दूतीन सघ विनती करं हिरदं वहुत उदास ।
रतन मजरी हाथ में ल्यायो मोहन पास ।। ८ ।। रतनमंजरी ।।
ऋतु वसत आयो सखी प्राण सांवरे साथ ।
टेसू फूल सुहावनो देखु पिया के हाथ ।। ९ ।। टेसू ।।
हरि दर्शन पायो नही फूल सुदर्शन हाथ ।
नयन मिलं तो मन मिलं तन न मिलं को साथ ।।१०।। सुदर्शन ।।
दिन दिन राति अनद है जो पं है घर कत ।
पिय के हाथ विराजही फूलयो सदा वसत ।।११।। सदावसंत ।।
हस चलत मृगलोचनी चितवत है चहु वोर ।
कुसुभी सारी पहिरि कं षडी पिया की ओर ।।१२।। कुशुंभ ।।
हरि आये निरषत सखी अपनी प्रीति निहार ।
केशरि कंशो भवत है और नगेशरि हार ।।१३।। नगेशरि ।।
हरि आये निरषत सखी गावत गीत मलार ।
भृंगारहार के फूल से पिय विलसं बहुवार० ।। ।। भृंगारहार ।।
मिलं जो पिय घर देषतं मन मं भई अनंद ।
भली भाति आये अज्यौं श्वेत फूल ज्यों कुन्द ।।१५।। कुद ।।
अलबेले हरि आइ सखि चलनि बाढयं झूल ।
हमहू का सखि जतन करि लिहें नेवारी फूल ।।१६।। नेवारी ।।
अति व्याकुल है पिय बिना आवि अत समसूल ।
हो निरषत सखि हाथ मे लिहे पाडरी फूल ।।१७।। पाडरि ।।

रति मूरति पिय की बनी शोभा सरस सरूप ।
रति जोवै पिय को खडो दिन प्रति फुल वधूप ॥१८॥ बंधूप ॥
लाल बिलोकत है सखी प्रति दिन फूल वधूप ॥१८॥ बधूप ॥
लाल विलोकत हौं सखी कामिनि करत अनद ।
वैसे पिय हमरे सखी जस कुमुदिनि के चद ॥१९॥ कुमुदिनि ॥
लालन साथ विहार करि फूल सुहावन हाथ ।
वाके काधे कर धरं फूल मालती हाथ ॥२०॥ मालती ॥
नयन कमल अरु मुख कमल चरन कमल सों वेश ।
पिय निरखत है प्रीति सों जैसे कमल दिनेश ॥२१॥ कमल ॥
भलै जो आये पिय घरं जोवन के अनुकूल ।
पलगाहाल विछाइए मौलसिरी के फूल ॥२२॥ मौलसिरी ॥
सावन सरस सुहावनो भादों अति गभीर ।
अडहुल फूल सुहावनो चाहु सखी अजीर ॥२३॥ अंजीर ॥
मेरे आँगन मूंगवा फूली सरस सुवासु ।
देखै सखि भावै नही जो पीतम नहि पास ॥२४॥ मूगा ॥
एक समै सखि प्रेम से बैठी मदिर माँझ ।
आछे फूल गुलाब के ल्यावो मोहन साँझ ॥२५॥ गुलाब ॥
करि सिगार गजगामिनी प्रिय से बोलनहार ।
अग अग कदर्प द्युति उर कनइल के हार ॥२६॥ कनइल ॥
सखी न आयो साँवरो कुजहि भई अवार ।
ललित दलन ज्यो कदव है तहाँ बनायो हार ॥२७॥ कदव ॥
सोवत देवा नखिन सग हिरदै भा विश्राम ।
सेवत देव महेश को प्रिय सो वचन सकाम ॥२८॥ सेवती ॥
सज्जन विछुरे हे सखी भरि जोवन महिमत ।
करनाफूल सुहानो क्या करना विन कत ॥२९॥ करना ॥
प्रतिदिन बाला कामिनी श्याम हेत सखि साथ ।
सूर्य मनावत है सखी सुर्यमुखी लिय हाथ ॥३०॥ सूर्यमुखी ॥
प्रीतम आये है सखी मै प्रसून सम गाथ ।
वंदौं चरण महेश के फूल केतकी हाथ ॥३१॥ केतकी ॥

इति श्री पुष्प वाटिका समाप्ता ॥ राम ॥

—पूर्ण प्रतिलिपि

विषय—प्रत्येक दोहे मे एक फूल का उल्लेख कर शृगार वर्णन किया गया है ।

सख्या ४७३ पोथी औषधि,कागज—देशी, पत्र—२६, आकार—६$\frac{6}{10}$ × ५$\frac{1}{2}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८६२ वि०, प्राप्तिस्थान—पं० बदरीप्रसाद जी, ग्राम—खारे, डाक०— शिवरतनगज, जिला—रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशाय नमः अथ नारो स्थित होने की औषदि ॥ पीपर की छालि पैसा तीनि भरि पुरानी ईटि पैसा २। भरि दीजौ तौ नीको होय १

अथ इन्द्र वारुणी को उपचार

पुष्य नक्षत्र आदित्य वार को इन्द्र वारुणी मूल उपवास करिकै लीजै पचाग उत्तर मुख ह्वै कै लीजै वार मुकराय कै पुनि निर्गुण्डी की अतर छालि को रस सो गोली बाँधे पानी सो घसि भाल मो तिलक करै तौ इच्छा भोजन मिलै २ यही गोली रक्त चदन सो घसि हाथ मो लगावै जाकै माथै हाथ धरै सो वस होय स्त्री वा पुरुष ३ यही गोली गोरोचन सो घसि टीका करै राजा भीरु जाइ ४ यही गोली राति मो मुख मै राखै तौ वीर्ज स्तभन होइ यही गोली की धूनि लेइ तौ ज्वर जाय ॥

अंत— दवा बुषोत की वा पित्त की

कारी जोरी पत्रज कास की जर तज नाग केशरि गोभी अफाफारे की बीज समद फल बेल को गूदा बंधु मात्र सम टंक ४ चारि चारि भरि सब औषधं सब कूनो षाड चीनी मिलाय दीजं अष्टावसेष मात्रा टंक ५क्नि सात दीजं बुषोत पित्त जरं इंद्रज अष्टावशेष करि पिआवं प्रस्तूतिका जाइ

औषधि सर्व समाप्तम् शुभमस्तु शिद्धिरस्तु श्री शुभ सम्वत १८९२ शाके १७५७ शुभ चैत्र कृष्ण १४ लिषितम्मिदा पुस्तक मुन्नाराम मिश्रेण स्वार्थाय न्यामति षा तालुकदार सातन पूरे के श्री यादृशो पुस्तकं दृष्ट्वा तादृशी लिखितं मम जदि शुद्धम शुद्धवा मम दोषो न दीयते ॥

विषय—अनेक रोगो की औषधि वर्णन।

संख्या ४७४. पोथी प्रश्न कागज—देशी, पत्र—२०, आकार—९ × ४$\frac{९}{१०}$ इंच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—१०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी लिपिकाल—सं० १८८७ वि०, प्राप्तिस्थान—पं० रतीपाल जी द्विवेदी ग्राम—पछिम बिसारा, डाक०—मुसाफिरखाना, जिला—सुलतानपुर।

आदि—भगवान जि पुछहु ॥ ० ॥ रोजिगार किहे प्रान जाइह कष्ट पंवेहु ॥ १ ॥ बाग जिनि लगावहु वंर उपजिहि ॥ २ ॥ गाऊ गडा काज सब सिद्धि होईह ॥ ३ ॥ संग्राम गएते जीत होइह ॥ ४ ॥ उधार विहेते शंपति होइह ॥ ५ ॥ गाउ जिनि वसहु राजदंड होइह ॥ ६ ॥ कोट करहु सुफल होइह ॥ ७ ॥ जुआ षेलहु जितवेहु दक्षिन पीठी देइ कै ॥ ८ ॥ भुइहारी करहु आनद होइह ॥ ९ ॥ संसं जिनि करहु निहफल है ॥१०॥

वलिना पूछहु ॥ उधार का जिनि नाहु धरा ही रहहु ॥ १ ॥ गाऊ जिनि जाहु उवास है ॥ २ ॥ सग्राम गए वंरी बहुत होवेह ॥ ३ ॥ उधार विहे वंर बहुत होइह ॥ ४ ॥ गाउ जिनि बसहु चोर भं होइह ॥ ५ ॥ जुआ जिनि षेलहु हरवेहु ॥ ६ ॥ बाग लगाए थिर है लावहु ॥ ७ ॥ भुइहारी कीहे उपद्रो है जिनि करहु ॥ ८ ॥ संसं माह भं है जिनि करहु ॥ ७ ॥ कोट कीन्हे थोरे दिन मा झगरा होइह ॥ १ ॥

अंत—मस्विहि पुछहु ॥ ससंते कछु बडी उपद्रो है ॥ १ ॥ चाकर राषहु आगे बड़ी उपद्रो है ॥ २ ॥ बाग जिनि लावहु न लागिह ॥ ३ ॥ गाउ गए ते षवार राहब ॥ ४ ॥ सग्राम जिनि करहु नीर्फल है ॥ ५ ॥ उधार दीन्हे ते टूटि नि होइह ॥ ६ ॥ गाउ बसेते दड होइह ॥ ७ ॥ जुवआ षेलहु दछीन पीठी देइ के जित हौ ॥ ८ ॥ रोजिगार करहु नीक है ॥ ९ ॥ भुईहारी करहु निर्हिचत रहौ ॥१०॥

इति श्री पोथी प्रश्न कं संपूर्ण सम्वत् १८८७ लीषा सीतल तिवारी चैत वदि अष्टमी बुधवासरे लिषितां श्रीरस्तु कल्याण मस्तु ॥ सुभ मस्तु ॥

विषय—शुभाशुभ फल वर्णन।

संख्या ४७५. प्रह्लाद चरित्र, कागज—देशी, पत्र—११, आकार—१७$\frac{३}{१०}$ × ६$\frac{१}{४}$ इंच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—३८५, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १९०८ वि०, प्राप्तिस्थान—पं० रामनारायण जी मिश्र, ग्राम—सैंवमी, पोस्ट—शाहमऊ, जिला—रायबरेली।

आदि—श्री गणेशाय नमः गुर ब्रह्मा गुरूर विष्णु गुरुरदेवमहेश्वरम। गुरुरेउसाक्षातपरब्रह्मत्समई श्री गुरुवे नमः ॥

॥ दोहा ॥

हरषित हर कैलास मा वंठे उमा समेत।
ज्ञानभक्ति पूछी सिवा सुनि बोले ब्रषकेतु ॥ १ ॥

॥ चौपाई ॥

रघुपति कथा कहा मैं गाई। सुनहु उमा सादर मनलाई ॥

येक वार सनकादि मुनीसा । गये बैकुंठ जहा जगदीसा ॥
पुरी पुनीत न जाई बषानी । जहां वसत श्री सारंगपानी ॥
पाच पदम जोजन विस्तारा । जोजन सहस उतंग अगारा ॥

॥ दोहा ॥

सभा अँचल दछिन दिसा उतर दिसि सुर गग ।
जमु नव मय कोकनद पियत सुधारस भ्रिग ॥ १ ॥

अंत—

प्रथमहि मैं हरिजन गुन गाए । मति अनुरूप अनूप सुहाये ॥
कनककसिप हाटक एइ दोउ । रावन कुभकरन भे सोऊ ॥

॥ दोहा ॥

नारायेन के पारषद जै अरुविजै सुजान ।
भये असुर मुनि श्रापते ताते करऊ वषान ॥४८॥

इति श्री प्रहलाद चरित्र इतिहास सपूर्णम् ॥ जो प्रति...... ॥ सवत् १६०८ सन् १२८५ चइतमासे कृष्ण पक्षे तिथौ ३ सोमवासरे समाप्तं सपूर्ण सुभ मस्तु ॥

विषय—प्रह्लाद चरित्र वर्णन ।

संख्या ४७६. प्रह्लाद चरित्र, कागज—देशी, पत्र—५, आकार—९ × ४ इंच, पन्क्ति, (प्रति पृष्ठ)—७, परिमाण (अनुष्टुप)—५२, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं० १८६४ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री पं० वासुदेव जी त्रिपाठी, ग्राम व डाक०—चौखडा जिला—बस्ती ।

आदि—

निरषि गुरू से भौह चढाई ।
औ सभ कहेमि दोस सव तोरा ।
एह वालक का जानै मोरा ।
जेहि की आदि अंत नहि जाती ।
ताकर नाम लेत दिन राती ।
राजै भाषेउ वचन उदासा ।
एहिते होइहि सभै कुलनाशा ।
मंत्री सभै भये उठि ढाढा ।
करुना सहित वचन मुष काडा ।
राजनेती प्रभु करिअ विचारा ।
कतहू पितै वालक नहि मारा ।
एहसव दोस गुरू कर अहई ।
गुरु पढ़ावै सो सिष कहई ।

दोहा

राजै क्रोधवत होइ भाषेउ सिवकै आनि ।
अपने हाथ वधौ तोहि जौ भाषसि भगवान ।

अंत—

प्रहलाद कहा करजोरी ।
सुनहु कृपा निधि विनती मोरी ।
छिमा करहु एह कृपा अपारा ।
तीनि लोक मह परा षभारा ।
संत वचन मानि प्रभु लीन्हा ।
महा सरूप तवहि हरि लीन्हा ।
एहि विधि क्रोधतजा प्रभु जवहीं ।
आए निकट देवसव तवही ।

निकट गए नरसिंह के आगे ।
अस्तुति चरण करण तब लागे ।
तुव ओवर मह समकर वासा ।
सभ घट भीतर तुमार प्रवेशा ।
धन्य प्रहलाद दरस जेन्ह पावा ।
औ हमका एह रूप देषावा ।
प्रहलाद चरित्र सुनें मनलाई ।
महापाप ताकर छं जाई ।

दोहा

प्रहलाद चरित्र पढं जे सुनं मन चित लाइ ।
जमतेहि छुअं न पावं विष्णु लोक चलि जाइ ।
राम नाम एकं रती पापं क कोटि प्रहार ।
वलिहारी हरिनाम की जारि करं जरि छार ।

इति श्री प्रहलाद चरीत्र संपूर्ण सम्वत् १८६४ ॥

विषय—प्रह्लाद चरित्र वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—ग्रंथ खडित है। समस्त आठ पत्रे थे, जिनमे पहला तथा छठाँ और सातवाँ पत्र नही है। केवल पाँच पत्रे उपलब्ध है। रचयिता तथा रचनाकाल का कोई उल्लेख नही, परतु लिपिकाल स० १८६४ वि० से ग्रंथ प्राचीन प्रतीत होता है।

सख्या ४७७ वन्दावली (वाँदावली), कागज—देशी, पत्र—२४, आकार—१२ X ४ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—७३८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्यगद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १९१४ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० रामदत्त दुबे, ग्राम—भटेहरा, डाक०—घनश्यामपुर जिला—जौनपुर ।

आदि—श्री गणेशाय नमः ॥ हनुमान जी सहाय ॥ अथ वन्दावली लिष्यते ॥

॥ कन्यापुत्र होय का परिक्षा ॥

नागेसर घ्रित गायका पीपर सम जो होय ।
पान करं तीआ जानि कं परसवती होय ॥७९॥

॥ वाभ्क परिक्षा पुत्र होय कं ॥

षाहु शीर शीषारसम दुध शोवाली आन ।
गर्भ रहे का भाति से त्रिया पिए रति जानि ॥८०॥

॥ अथ थंभन गर्भ रहे का उपाए ॥

मुल मजुर के करको दुध से पिए शोए ।
अव लछमना भ्फल पिशी पुत्रवती होए ॥८१॥

॥ वसोकरन करने को उपाए ॥

रोहि पिता गौ लोन घशिकं तिलकं शवेरि वनार ।
नारी नर नृप वसी करं कोरन कहे वेकार ॥८२॥

॥ छाही का औषट ॥

अंत—इलाज शाक का ॥ २५ ॥

नेनुआ तो गधक घेरी के गोत मे अवटं तौल क तेल शहीत खाए तो शाक जाए गेहु की रोटी खाए ॥ तीतो लमकी के रस मे कलमी सोरा षल करं षाय केराव बरावर तो चगा होए ॥

॥ उपदरमा ॥ २६ ॥

इति श्री वन्दावली पुस्तक समाप्तम ॥ सम्वत सरवत षान काल १९०१४ शाके १७०७९ ॥

विषय—वैधक ।

संख्या ४७८. बिहारी सतसई की टीका, कागज—देशी, पत्र—२७, आकार—१०$\frac{3}{4}$ × ५$\frac{3}{8}$ इंच पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—२०, परिमाण (अनुष्टुप)—६११, खंडित, रूप—प्राचीन, गद्यपद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी।

आदि— . . . .
. . . . र ॥

॥ दोहा ॥

दरसन पिय सुख हेतु है नैन होत सुख काज।
होतु न कारज हेतु जह विशेषोक्ति कविराज॥

॥ मू ॥

को जाने ह्वैहै कहा जग उपजी अति आगि।
मन लागे नैननि लगं चलै न मग लग लागि॥२७१॥

॥ टीका ॥

सखी का वचन नायका से॥ कौन जाने होगा क्या जगत मे उपजी अचरज की आग॥ आँखो के लगने से मनमे लगं है इससे तू प्रेम की बाट निकट लग मत चलै॥ लगने के दो अर्थ मिलना औ जलना॥

॥ प्रश्न ॥

लाग शब्द होता तो यह अर्थ ठीक था पर यहाँ लागि शब्द है तिससे यह अर्थ न बना॥

॥ उत्तर ॥

॥ दोहा ॥

गुरुजन मखि सिक्षा इहाँ मो सग लागि चलै न।
मग लग पहुँचाऊँ सुज्यौ ठगिया तोहिँ ठगै न॥

असगत्यलंकार—

॥ दोहा ॥

नैननि सुलगै लगति पुनि मनहि जाय अति आगि।
अलंकार सु असगतै कहुँ लागे कहु लागि॥

अंत— ॥ प्रभात वर्णन ॥

॥ मू ॥

कुंज भवन तज भवन कौ चलिये नंदकिशोर।
फूलति कली गुलाब की चटकाहट चहु ओर॥५४८॥

॥ टी ॥

सखी का वचन नायक से॥ कुंज की मंदिर छोंड मंदिर को चलिये हे श्री कृष्ण॥ फूलती है कली गुलाब की औ चिड़िया बोलती है चारौ ओर॥

॥ प्रश्न ॥

॥ दो० ॥

कुंज छुड़ावति सखिनरस अरु तज भवन जु अर्थ।
कुंज चलौ घर तज शबद बनै न बुद्धि समर्थ॥

॥ उत्तर ॥

कह्यो कहूँ काहु सखी चलौ भवन यह बैन।
सुनिवर सखि बोली सुजिन थपै यही मत.. ॥

—अपूर्ण

विषय—बिहारी सतसई की टीका की गई है।

विशेष ज्ञातव्य—ग्रंथ के आदि, अंत और बीच के कितने ही पत्रे लुप्त हो गए है। टीकाकार का नाम अप्रकट है। टीका खड़ी बोली के गद्य मे है।

संख्या ४७९. बीजमंत्र, कागज—देशी, पत्र—२२, आकार—५॥ × ४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, परिमाण (अनुष्टुप)—१६८, खंडित (केवल प्रथम पत्र), रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, लिपिकाल—सं० १८७९ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री विदेश्वरीप्रसाद जायसवाल, ग्राम व पोस्ट—मड़ियाहूँ बाजार, जिला—जौनपुर।

आदि— ....

अनर अमर सोहोइ भवानी। ताते केहि विधि कहो वखानी।
तव ओजा कर वचन सोहाई। जवि सकल प्रभु देहू मगाई।
तव संकर चितए करि क्रोधा। भक्ती जीव सकल सब जोधा।
आवी पकी पुल जीव जड़ा रहाई। सब खन सब चले पराई।
जीव रहीत गती देखी क्रीपाला। बइटी दाम मगाइ रिपुछाला।
ढीग बइठी ओजा अनुरागी। तव सीव बीज सुनावन लागी।
जेही तरुवर बइठे गिरिनाहा। तहा एक सदन कर रहा।

॥ दोहा ॥

जनेता मादी मे आइ एक घरी खगलेइ गएऊ।
जो भाती सो न मीठे सुनए दुदोस्टोल गइ।

॥ चौपाई ॥

वीज मंत्र सीव उनहि सुनावा। अंडनी वसुन वे मनही लावा।
कहत सुनत उपजत सुखनएउ। वारह वरख वीती जव गएऊ।

अंत— ॥ दोहा ॥

अवर कथा अव भाखौ चित देइ सुनहु नरेस।
रुकमीनी सुत के कारन अंत के पुजी गनेस।

इति श्री पोथी वीजमंत्र सपुरन जो प्रती देखा सो लीखा संवत् १८७९ साल मिती सावन सुदी पुरनमासी

विषय—बीजमंत्र वर्णन। (उमामहेश्वर सवाद)।

संख्या ४८०. ब्रह्मविचार (शिष्य सवाल), कागज—आधुनिक, पत्र—६, आकार—६३/४ × ६ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—८५, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, प्राप्तिस्थान—पं० हजारीलाल जी द्विवेदी वैद्य, ग्राम—कुकहा रामपुर, डाक०—शिवरतनगंज, जिला—रायबरेली।

आदि— संत मरन १ संतपती॥ जो सहाए सवद ग्रंथ ब्रह्म वीचार प्रथमे आरंभ होत सहो

....

काआ न होता तो काहा होता जीव।
चवरना होता तो काहा होता सीव॥
मुष न होता तो काहा होता निरंजन।

गुरवचा०

हीदेआ ना होता तो आनुप होता मन।
नाभी ना होता तो नीरंजन होता पवन।
अनहद ना होता तो उरध मो होता सवद।
नीरतर ना होता तो अभीगमी मे होता प्रान।
ब्रह्मड ना होता तो अभीनासी मे होता हस।
आनुपन होता तो आस मे होता सुन्य।
कवल ना होता तो सुन्या मे होता काल।
काआ ना होता तो सीव में होता जीव।

चंदर ना होता तो नीरजन मे होता सीव ।
सुषमन ना होता तो अलमे होता नीरंजन ।

अंत—राज चसमा करु तषत को करु दरवाजा ।
आथा वस्ती त्रीनाम हाड मासु ना चाम ।
रोम धरती की एही प्रकृती है ।
रकत ग्रींद कस मुत्र पसेवा ।
आवकी एही प्रकृती है ।

जम्हुआइ । त्रीषा । छुधा । नींद्रा ।। क्रोध ।। तेज ।। वाए ।। एही प्रकृति है ।। हरषसोक ।। मन ।। लाज । भैए ।। आस ।। एही प्रकृती है । तंत परचै चततन्यास र सीष सवाल सपुरल संत पार सबद ब्रह्म वीचार संपुरन संत वचन परमान संत पार पार पार

विषय—सृष्टि तत्व और ब्रह्मज्ञान वर्णन ।

सख्या ४८१ भद्रवाहु चरित्र, कागज—देशी, पत्र—२६, आकार—१२३/८० X ६१/२ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१३, अपूर्ण (आरभ का पत्र नही है), रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी लिपिकाल—स० १८७४ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री दिगबर जैन मदिर, (बडा मदिर), चूडी वाली गली, चौक, लखनऊ ।

आदि—

. . . . देखिए नाही । अरु कदाच मति की हीनता करि राजादिक बड़े पुरुष होइ नीच पुरुष कौ पुजै ।। अरु माता पिता भी बुद्ध की हीनता करि पुत्रादिक को पूजै ।। तो वह हास्य निवा पावै ।। कौन दिष्टात : सिंघ होई अरु स्याल कौ सरने रहै ।। तो वह हास्य ने पावै ही पावै : यह जुगत ही है ।। तैसे धरम विषै अरहतादिक उतकिष्ट देव ने छोड अरु कुदेवादिक को पुजै ।। तो काइ इहि लोक विषै हांस्य कौ नाही पावैगा ।। अरु काइ परलोक विषै नाना प्रकार के नरकादिक विषै दूष अरु क्लेस कौ नाही सहेगा न अवस्य सहेगा ।। २ ।। सो क्यो सहैगा : आठ कर्म विषै मोह नामा कर्म है : सो सब कर्म का राजा है ।। ताकै दोय भेद है : एक तो चारित्र मोह है ।। अरु एक दर्सन मोह है ।। सो चारित्र मोह तौ इहि जीव कौ नाना प्रकार की कषम करि अकुलता उपजावै है ।।

अत—तौ एक सर्वग्य वीतराग जो जिनेस्वर देव ताकौ वचन जो अंगीकारी करि ।। अरु ताका वचन के अनुसार देव धर्म गुरु का श्राधान करि देहरा कटि टेढो घिसी ।। अरु औदोमुख होई ।। कष्ट कष्ट करि जो लीषो ।। जतनराराषीए सोई ।।

इति सपूर्ण समाप्तः ।। संवत १८७४ मी० वैसाष सुदी १३ भोम वासरे ।।

विषय—भद्रवाहुमुन केवली का जीवन चरित्र वर्णन है । ये जैनी थे और चद्रगुप्त मौर्य के गुरु थे ।

सख्या ४८२. भागवत एकादश स्कध टीका, कागज—देशी, पत्र—६२, आकार—६ X ४३/४ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६०१ वि०, प्राप्तिस्थान—ठा० महादेव सिंह जी, ग्राम—रजनपुर (गगासिह का पुरवा), पोस्ट—तिलोई, जिला—रायबरेली ।

आदि—श्री गणेशायनमः

नारायण नमस्कृत्य नर चैव नरोत्तमं ।
देवी सरस्वती व्यास तजोजयमुदीरसत् ।। १ ।।

प्रथम श्री कृष्ण को डडवत क अोरु जे श्रीकृष्ण के उपासकी तिनकी प्रभाते अति श्रेष्ट है। उन चरनारविंदनि की रज जो भगत अपने माथें धरै भगत वैष्णव तौ इद्रादिकन की लछमी प्राप्ति होइ अव यकतीस अध्याय का दसस्कध मे मुक्त कही है नव जोगेस्वरन के तहां पाष्यान सर्व कथा करि अरु नारद वसुदेव को सवादु श्री भागवत उद्धव को सवादु विस्तार सो भगवत तत्व स्थान

वैराग्य जुगुति करि तहां पहले अध्याय करि जदुवंस को छलिबो कहिबो सो कथा पहिले अध्याय महं कहियतु है ॥

अंत—और श्री परमेस्वर जू की भगति उपजै और सकल पापनते छूटैं भगति ते परम मोक्षहि पावै और सुखी होइ और श्री कृष्ण की भक्ति हृदय ते न टरैं प्रेम इति श्री भागवते महापुराने यकादस स्कंधे श्री कृष्ण वैकुंठ आगमनो नाम बज्रसेनि मथुरा राज्य करनो नाम पांडवाहिमारं (?लं) गमनोनाम यकतिसमोऽध्याय ३१ आषाढ मासे कृष्ण पक्षे षष्टम्या बुधवासरे सम्वत् १६१ लिषा हनुमानसरण कनकपुरिया सांगोपुर के जो देषा सो लिषा ॥

विषय—भागवत एकादश स्कध की हिंदी गद्य मे टीका।

विशेष ज्ञातव्य—लिपिकाल अस्पष्ट है पर अनुमान से सवत् १६०१ है।

संख्या ४८३. भूगोल पुराण, कागज—देशी, पत्र—६, आकार—६ × ५॥ इच पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—१५८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—कैथी, लिपिकाल—स० १८४६ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री प० राम अविलाख जी, ग्राम—आमापुर डाक०—पट्टी, जिला—प्रतापगढ।

आदि—श्री गनेसाहइ श्री भवानी जी सहाइ श्रो पोथी श्री गौरीशकर मो श्री पारवती वो वाच ॥ इसामी भुमी का कथो परमान उतपती स्टो का कथो वषान केता धरती केता आकास। केता मरु पमडल कवीलास। केता दीप समुद्र वौ खड। केता प्रवत सकल ब्रहमड। केत तारा मंडल मेघा। कौम परकार रचो वोरवेल। नही ते ताहा कोस वीधी कीआ। कौन कौन परवार वुदी का हीआ। श्री महोदय वाच सुनो देवी पारवती। आदो आविवेती नीरजान नीरालवो नीरालेपो नीराधायो नीराकारो। नीराधारो ताहाहोत सन्य का परवेस ताहा होए आचेतरुप आलेखता आलेखते

अत—दया पर जुग परमान है। ता मध्ये अवतारवुइ

:o: :o: :o:

आथ कलिजुग प्रमान चारीलाख वतीस सहस्र कलिजुग परमान

:o: :o: :o.

इती श्री महापुराने भागवते उमा माहेश्वर समादानो गोरट भोगल पुरान सपुरन समापत सवत् १८४६ साल

विषय—भागवत पुराणातर्गत भूगोल विषय का वर्णन।

संख्या ४८४. माधवानल कामकदला, कागज—देशी, पत्र—२८, आकार—७६/१० × ६ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१६, परिमाण (अनुष्टुप)—७२८, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य पद्य लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—श्री डा० भवानीशकर जी याज्ञिक, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ।

आदि—ॐ नमो श्री सर्वज्ञाय ॥

प्रणम्य परयाभक्त्या हंसयानां च सरस्वती।
तस्या प्रसाद मासाद्य करिष्यामि कथामिमा॥ १॥

:o. .o: :o:

अस्ति पुष्पावती नाम नगरी तत्र गोविंद चद्रो नाम राजा तस्य राज्ञीना सप्त शतानि तासां मध्ये रुद्र महापट्ट राज्ञी श्रेष्ठ वर्तते ॥ यत: श्यामा यौवन शालिनी मधुर वाक् सौभाग्य भाग्योदयात् कर्णतायतलोचनाति चतुरा प्रागल्भ्य गर्वोन्विता रम्यावाल मराल मथर गतिस्मे तेभकुभस्तनी विंबोष्टी परिपूर्ण चद्रवदना सा नायका पद्ममी॥ इति पद्मिनी ॥

.o: :o· :o·

उक्तच

दीसइ विवह चरिय जाणीज्जइ सज्जण दुज्जणविसेसो।
अप्पाणेण कलिज्जइ हींढी जइतेण पुहमीए॥

:o: :o: :o:

अथ दोहडा

केस कला श्रौ पोरमर सु अलि फुनि गए लगाइ ।
अहि पटतर केउ पाइहै जाइ पताल लुकाइ ॥ १ ॥
बदन सुसोभित तासु है सरद समं ससी जोति ।
अवुज अरुन न पूजइ तार तिमिर भं मोति ॥ २ ॥

o: .o. :o:

धम्मह सब सुष ऊपनं धम्मह भोग बिलास ।
धम्मह जस कीरति वढं धम्मह पूजं आस ॥१३॥

इति काम कदला रूप वर्णन् ॥

अत—— काम कदला जाचोक्त

हे माधव त्व मम निज गुणान् दवर्श ॥ त्व महा गुणिनः सतियतः ॥
जजह रसेन रसिय सोत पिरवेण अमीय सारिछ ।
भसला रम्मति णलणी घुण कोडा सुष्क कट्ठाइ ॥
भमगे जानं रस विरस जो चुवइ वनराइ ।
घुण क्या जाणइ वापुरा जं सूषा लकरा करा षाइ ॥

o .o. :o:

क्रमेण शैल मलीलेन भीद्यते । क्रमेण कार्य विनयेन सिध्यते ॥
क्रमेण शत्रु कपटेन हन्यते । क्रमेण मोक्ष युक्तेन गम्यते ॥

इति माधवानल कामकदला कथा पूर्ण

विषय——माधवानल कामकदला की कथा का वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य——प्रस्तुत रचना की विशेषता यह है कि इसमें संस्कृत के साथ साथ प्राकृत, अपभ्रंश और हिंदी (प्राचीन) के भी वर्णन मिलते हैं । प्राकृताभास और अपभ्रंशाभास हिंदी के भी नमूने मिलते हैं ।

संख्या ४८५. योग रत्नाकर, कागज-देशी, पत्र——२६, आकार——१०$\frac{3}{8}$ × ६$\frac{1}{8}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)——१६, परिमाण (अनुष्टुप)——९८८, खंडित, रूप——प्राचीन, पद्य, लिपि-नागरी, लिपिकाल——सं० १९०७ वि०, प्राप्तिस्थान-नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि——. . . . .

धातु थभण उपाय

हिंगलो टां १ होरा बोलटा १ अ (?फी)ण टां १ विणीऊ कपूर टां १ . . . . . . मां प्रहर २ वाटोइ गोली १ साके लीजे चणा बोर प्रमाणे वालोइ पछेली बुरी . . . .गन ऊपर ऊनो कर वोवू सोइ घडो ४ धातु थभण थाइ पछे लिवु . . .

अथ अडवधीनो ऊषध

ऊखलोट टा १ जिरु टा १ गायना छाणना रस सूं भींजवी वाटी ऊपर षरड कीजे माथे एरडोऊ तेल चोपडवो माथे एरडनो पांन बाधवो अग्नो थी सेक करवो अड वृद्धि मिटे ॥

अथ माथा ना गुवडानो ऊषध छे

पारो छु १ भार गधक छु १ ॥ भार हीरा दवण १॥ बोदार सिंदूर छु १ मणसल छु १ फटकडी छु १ भार सोना गेरु छु १ ए सर्वे ऊषध वाटीणाअना घी मा वाटीने माथे चोपडवा गूंवडा करो लिया वावर सर्वे मिटि जाये ॥

अत—— ॥ अथ घोडा चोलीनो गोलीनो पाठ लिख्योछे ॥

पारो टा ४ वछनाग टा ४ हरताल टां ४ गधक आमलसारो टा ४ मणसिल टां ४ हरडे मोटी टां ४ बहेड़ा टा ४ सुठ टा ४ पोपर टा ४ टकणषार टां ४ अजेपाल टां ४ आटा मां अजेपाल पचवीइ वछनाग दूध मां डोलका जत्रं पचवीइं पछे मरच माहि भेलो वाटणो पारो मणसल भेला वाटीए बीजा सर्व ओषध भेला वाटी जै पछे सर्व ओषधने जल भागरानां रसना पट ७ दीजं पछे

चिरणीया बोर प्रमाणें गोली कीजें ।। अथ गोलीनां गुण लिष्यते ।। षड अमरां मिसूं दिज तो कामा मा बलवत होए नागर वेल सूं दीजें तो महा प्राक्रमी थाइ ।।

:o: :o: :o:

मध सें दीजे तो सर्व व्याधी रोग टले ५०

इति श्री घोड़ा चोली नां गोली नो कलप सपूर्ण ।। इति श्री योग रत्नागर ग्रथे ऊषध नांम गुण सपूर्ण ।। श्री सवत् १९०७ ना वैशाक विद १४ गुर वासरे ।। भुज नगरे लिषावितं ठकर श्री ५ जे राम वोर्द्धमान् गोकुलदाश ।। लिषीत गुगली ज्ञातीय परसोतम सीव जी आत्मीतेन लिख्यते वैद्यक ग्रथम् ।।

विषय—रोगों की औषधियों का वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—प्रस्तुत ग्रथ के साथ निम्नलिखित ग्रथ और है—

वैद्य मनोत्सव—नयनसुख कृत ।
रामविनोद—राचद्र कृत ।

सख्या ४८६. रागमाला, कागज—देशी, पत्र—८, आकार—$६\frac{१}{१०}$ × $५\frac{२}{१०}$ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१०, परिमाण (अनुष्टुप)—१०५, खडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी ।

आदि—नादभेद वर्णन ।।

जगमे सुव सुरतिकिहे वाजा साढे तीन ।
षाल तार अरू फूंक के अर्द्धताल सुर हींन ।।२४।।
षाल नगारा ढोल डफ और वशाउज जान ।
तार तबूरा वीन है अवर खाव वषान ।।२५।।
फूंक नफीरी वासुरी आसुर नायक नाय ।
ताल षाकरो झाझ है बाजा दियो बताय ।।२६।।
बैठे आसन उठधितव शुद्ध होय आलाप ।
चलते लेटे सुरभो मानो महा कलाप ।।२१।।

।। षटरितु वर्णन ।।

भौरौं सारद कार्तिकी (?कौसिकी) सिसिर हिडोल वसत ।
दीपक ग्रीषम हेम श्री मेघ सो पावस अत ।।२८।।

।। अथ औषध वर्णनं ।।

सिंगावली जो मुलहठी विरहनि यासो आन ।
हर्द कूठ एवरा सोधा जीरा जान ।।२९।।
भगरा अवर अमोद है बहुरि सतावरि ल्याय ।
समके पीसं छानि करि प्रात समय मुष देइ ।।३०।।
येक हथोरी भरिस साधं दिन चालीस ।
हृदि उपजावे बहुत कं विद्या वृधि जगदीस ।।३१।। इति ।।

अत—राग छयौ श्रीराग याको गुर देवता ।

याको वषत घरोदस ।। गावत सांझ समय ।। याकी रागिनी पाच ।। प्रथम रागिनी मालवा ।। वषत घरी दुइ ।। याकी भार्या तीनि ।। गौरी वषत पल चालीस ।। भार्या दुसरी ।। पुरियां वषत पल चालीस ।। रागिनी दुसरी त्रिवेनी वषत घरी दुइ ।। भार्या दुइ ।। वैराठ वषत घरीयेक ।। द्वितिये अहेरी वषत घरीयेक ।। रागिनी कल्यान वषत घरी दुइ ।। भार्यायेक ।। ईमन ।। वषत घरी दुइ ।। रागिनी चौथी कान्हरा वषत घरी दुइ ।। भार्यायेक ।। आमहिया वषत घरी दुइ ।। रागिनी पचई केदारा वषत घरीदुइ ।। भार्या येक ।। मारू वषत घरी दुइ ।।

इति रागमाला संपूर्ण ॥ राग छा ॥ रागिनी तीस ॥ भार्या अड़तालीस ॥ यें सब मिलाइ कैं चौरासी ॥ तिन अरोहि चढावैं ॥ फेरि उतारैं ॥ ऐसोई विश्राम संभारैं ॥ ॥ सपूर्ण ॥

विषय—राग रागनियो का वर्णन ।

सख्या ४८७. राधासुधानिधि (काव्य) टीका, मूलकार—हितहरिवश जी, टीकाकार—अज्ञात (स्थान—वृंदावन), कागज—देशी, पत्र—४६, आकार—६ × ५½ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—१५, परिमाण (अनुष्टुप)—१८७०, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १६५२ वि० प्राप्तिस्थान—श्री हिंदी साहित्य पुस्तकालय मौरावाँ, जिला—उन्नाव ।

आदि—............स्तन की सोभा सुमेर की सोभा कु विस्तारे है ॥ रास में चरण धरिवे की आधा रत्नन के मडल पै ऐसी सोभा दिये है मानो गुलाब की पांखुरी विछाई है श्री प्रियाजी के पीछें चलें ऐसी जो ब्रज सुदरीन की समूह ताहिमें भावना करूं हू ॥८६॥

मूल

देवानामथ भक्त मुक्त सुहृदामत्यत दूरचयत्प्रेमानद रस महासुख करचोच्चरितं प्रेमतः । स्वप्रेम्ण श्रृणुतेजयत्यथ मुदा गायत्यथा लिष्यय जल्पत्यश्रु मुखोर्हरिस्तदमृ त राधेति मे जीवन ॥६६॥

टीका—देवतान कू हरि भक्ति के मुक्त सुहृदतिनकू दूरि है राधानाम नाम कैसो है प्रेमानद को रसरूप है महासुख के करनवारो है जा नाम कूं जो प्रेम सो उच्चार करैं तब लालजी प्यारसों सुनैं आप जं गान करैं सखीन मैं प्रेम के आसू लाल के आय जाय वाकू हृदयसो लगावें सो अमृत रूप राधानाम मेरो जीवन है ॥६८॥

अंत— मूल

अद्भुतानदलोभश्चे नाम्नारस सुधानिधि. स्तवोध कर्णचलशं ग्रंहीत्वा पीयतावुधा ॥२७०॥

अर्थ—आनद तो है ही पर जो अद्भुत आनद को लोभ होइ तो है विवेकी हो रस रूप की निधि जो यह स्तोत्र है ताहि कर्णकलसन मैं करिकैंपान करौ ॥२७०॥ इति वृंदावनेश्वरी चरण कृपा मात्र विजृभत श्रीराधा सुधानिधिस्तव श्री हित हरिवंश गोस्वामीना विरचितः समाप्तः लिखित रामप्रसाद पाठक आत्मार्थ मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल प्रतिपदाया रविवासरे संवत् १६५२

विषय—राधा सुधानिधि काव्य का अनुवाद ।

सख्या ४८८. रामगीता या ब्रह्म जिज्ञासा, कागज—देशी, पत्र—६०, आकार—७८⁄₁₀ × ५४⁄₁₀ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, रूप—प्राचीन, पूर्ण, गद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—स० १८८७ वि० प्राप्तिस्थान—श्रीयुत गोपालचद्र सिंह जी, विशेष कार्याधिकारी, हिंदी विभाग (अनुवाद विभाग), प्रातीय सचिवालय, लखनऊ ।

आदि—श्री गणेश रूप गुरुवे नम ॥ अथ रामगीता लिष्यते ॥ ब्रह्म जिज्ञास ॥ ॐ ॥ श्री शिवोवाच ॥

श्री जो है लक्ष्मी सो दुइ प्रकार की है ॥ एक ऐश्वर्य रूप ॥ दूसरी सचितानंद रूप जिसको नित्य कहते है जिसको चितघन कहते है जिसको आनद कहते है जिसको गुण और रूप तें रहित कहते है जिसको आनद रूप कहते है जिसको सभ ते परे सभते उत्तम कहते है जिसको राग द्वेष तें रहित शुद्ध कहते है ऐसी जो ब्रह्म लक्ष्मी शुध कहते है इस ब्राह्मी लक्ष्मी को अरु अणमादि ऐश्वर्य रूप लक्ष्मी कर जो युक्त हो वरण सो कहिये श्री शिव शिव कहिये कल्याण रूप सो श्री शिव कल्याण रूप पार्वती को कहत भये ह हे पार्वती कहिये हिमालय पर्वत की जो है पुत्री सो कहिये पार्वती अर्थ यह जो पार्वती जो ब्रह्माकार वृत्ति रूप है सो सचिदानद रूप शिव को सन्मुख देषती है अरु हिमालच पर्वत कहीये निर्मल जो सात्विकी ॥ अतहकर्ण है सीतल हिम रूप राग द्वेष उष्णता तें रहित सो कहिये हिमालय पर्वत तिसकी जो कदरा होवे सो कहीयेपार्वती अर्थ यह जो निर्मल हो सीतल अतहकर्ण विषै ब्रह्माकार वृत्ति उपजती है ॥ ऐसी जो ब्रह्म विद्या रूप पार्वती

है तिसको सचितानंद रूप शिव जी कहत भये अर्थ यह जो जीवों के कल्याण नमित्त शिवजी पार्वती कों रामजी का संवाद कहत भये

प्रश्न---जो सत क्या हे अरु असत क्या हे सत जो पुण्या है तिसकी ओर प्रीति कर्त्ता है और असत की ओर तें विरक्त होता है तब क्रम कर साधन चतुष्टय प्राप्त होते है वैराग्य विवेक षट संपदा रूप जो एक साधन है शम दम उपरत तितिक्षा श्रद्धा समाधान एह षट संपदा रूप एक साध......जी को उपदेश करी जीवो के कल्याण नमित्त जो इसको पड़ेगा अथवा सुणेगा भक्ति कर्के सो मुक्ति कों प्राप्त होवेगा इस विषे संदेह नही

इति श्रीमत अध्यात्म रामायणे उमा महेश्वर संवादे रामगीता वर्ननं नाम पंचदशो-ध्यायः ॥१५॥

लिपि कृतं ठकुरु प्रीतम रामेण भाइ निधाह्या रामस्य पठनार्थ ॥ संवत १८८७ मिती श्रावण वदि ११ भृगु वासरे लेखक पाठकयोर्मंगल ॥

विषय---अाध्यात्म रामायण के आधार पर शिव पार्वती सवाद के रूप मे ब्रह्मज्ञानोपदेश वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य---ग्रथ खडी बोली गद्य मे है, जिसके कारण यह महत्वपूर्ण है । यह गद्य स० १८८७ के पहले का है । यह काल लल्लू जी लाल के समय के लगभग है । पुष्पिका मे स्पष्ट लिखा है कि लिपिकर्ता ठाकुर प्रीतम राम है जिन्होने स० १८८७ मे यह नकल की । अत मूल रचना इस काल से पहले की होगी, यह निश्चित है ।

संख्या ४८६. रामचरित्र कवित्तबध, कागज--देशी, पत्र--७, आकार--९ X ६३/४ इच, पक्ति (प्रति पृष्ठ)--१६, परिमाण (अनुष्टुप)--१५४, खडित, रूप--प्राचीन, पद्य, लिपि--नागरी, लिपिकाल--स० १९११ वि०, प्राप्तिस्थान--श्री हिंदी साहित्य पुस्तकालय, मौरावाँ, जिला--उन्नाव ।

आदि--

:o: :o: :o:

....तासो पुनि छानो ।
समथ और कहू न सुना हम मौन धरैं यहि भाति को बानो ।
छोडि रमापति जानकी जीवन ना अपने मन मे कहू आनो ।
पापिन को हवै पाप सुनासन दीनदयाल न दूसर जानो ॥१७॥
जान्यौ न जानकी जीवन बावरे कारज सुद्ध न येकऊ औरे ।
भूलि गए धन धाम धरा लषिते सपने हमते समु बौरे ।
आज लगे सुत दारा सहोदर ताके लये सब भाँतिन दौरे ।
नाहिर कै है सवासही तब ज्वाब करैं जमते जब रौरे ॥१८॥

अंत--

निलज निकाम निरबुद्धि नीच भांति भांति
औरि बात जानत न तीनि जून पाइ के ।
कपटी कुचाली कूर कायर कपट वारे
कुटिल कृतघ्न विधि विधि कौन विधि भाइके ।
मानुषि जनम पायो हरि के न गुन गायो
साधु बिसराइ डारयौ मन वच काइके ।
हाइ हाइ सौतुष की कहत कहानी कौन
सपने न सेवक कहायो राम राइ के ॥६६॥

इति श्री रामचरित्र कवित्त बंध समाप्तं ॥ माघ मासे सुक्ल पक्षे तिथौ षष्टम्यां भौम वासरे संवत् १९११ शाके १७७६ श्री रामोजयति श्री रामचद्राय नमः श्री राम राम श्री राम लिष्यतं बेनप्री साद कवि सरेनी के राम ।

विषय—रामचरित्र वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—रचना प्रारंभ मे खंडित है। प्रस्तुत ग्रंथ के साथ निम्नलिखित ग्रंथ एक हस्तलेख मे है—

१ रामायण राम लवु चरित्र—नाथ (?) या दुनियापति।

२ भागवत (दशम स्कंध)—गिरधारी ।

संख्या ४६० राम पचाध्यायी, कागज—देशी, पत्र—१, आकार—५३/४ × ३५/८ इंच, पंक्ति(प्रतिपृष्ठ)—६, परिमाण (अनुष्टुप)—७, खंडित, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी प्राप्तिस्थान—श्री शंभुप्रसाद जी बहुगुना, अध्यापक, क्रि० डी० ए० वी० कालेज लखनऊ।

आदि—

. . . . . ब ग्रहपति वधु बिसारे ।
बरसत मदन गोपाल मनोहर मनसिज ताप निवारे ।
हरषित वदन वक अवलोकनि सरस मधुर धुनि गावैं ।
मधुमय साम समान अधर धरें मोहन बेनु बजावैं ॥ १ ॥
राम रच्यौ बन माही ।
विमल कलप तरु छाहीं ॥
विमल कलपतरु तीर सुपेसल सरद रैनि वर चदा ।
सीतल मंद सुगंध पवन बहै तहा खेलत नदनदा ।
अद्भुत ताल मृदंग मनोहर किंकिनि शब्द कराहीं ।
जमुना पुलिन रसिक रससागर राम रच्यौ बन माहीं ॥ २ ॥
देषत मधुकर केली ।
मोहे षग मृग बेली ॥
मोहे मृग धेनु सहित सुर सुंदर . . ।
.०· :०· ·०.

—खंडित रचना की पूर्ण प्रतिलिपि

विषय—श्रीकृष्ण और गोपिया के रास का वर्णन ।

विशेष ज्ञातव्य—रचना खंडित है। केवल संख्या ४६ का एक पत्र उपलब्ध है। रचना उत्तम होने के कारण ही विवरण दिया गया है।

प्रस्तुत रचना 'रसिक अनन्य' सेवक या सेवक दास कृत 'हरिवंश यश' आदि रचनाओं के साथ एक हस्तलेख में है। इस दृष्टि से अनुमान होता है कि प्रस्तुत रचना भी उन्हीं की होगी और यदि उनकी नहीं है तो किसी राधावल्लभी की है।

संख्या ४६१ वास्तु प्रदीप, कागज—आधुनिक सफेद, पत्र—१४, आकार—८५/८ × ४ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—१२, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य लिपि—नागरी, रचनाकाल—सं० १६१७ (?) वि०, लिपिकाल—सं० १६६१ वि०, प्राप्तिस्थान—श्री बदरीनाथ जी पांडे, स्टेशन मास्टर, स्थान व पोस्ट—मोहनलालगंज, जिला—लखनऊ।

आदि—श्री गणेशाय नमः अथ गृह विचार ॥ भाषा में याको अर्थ कहते है वर्णन पर ॥ अ वर्ग के स्वर ८ यहि आदि दै कै आठौं वर्णन का पूर्व दिशा आदि दै कै जानव औ फिरि मनुष्य के वर्ग का स्वर और दिशा के वर्ग का स्वर एक मा जोरि देव आठ से भाग कै कै जे शेष रहैं तौने गृह कै दशा जानव

एक शेष रहै तौ सूर्य कै दशा दुई शेष रहै तौ चद्र दशा। तीनि शेष रहै तौ मगल कै दशा चारि शेष रहै तौ बुध पांच शेष रहै तो शनि दशा छा शेष रहै तौ गुरु दशा सात शेष रहै तौ राहु कै दशा आठ शेष रहै तौ शुक्र कै दशा जानव सूर्य दशा वर्ष ६ चद्रदशा वर्ष १५ भौम दशा वर्ष ८ बुध दशा वर्ष १७ शनि दशा वर्ष १० गुरु दशा वर्ष १६ राहु दशा वर्ष १२ शुक्र दशा वर्ष

२१ जेहि ग्रह कै दशा पहिले ग्रावं तेहिते ग्रादि दै कै ग्राठऊ ग्रह कै ग्रापने ग्रापने वर्ष के प्रमान कै कै जानव

ग्रंत— **भाषा**

लवा जं हाथ होइ तते हाथ लेइ ग्रौ जं हाथ चाकलि होइ तं हाथ लेइ इन सबका एक तीर करं तेहि का तिगुन करं तेहिमा एक छोडि देइ वाको रहै तिनका नवते भाग लेइ एक बचं तौ दाता द्वि २ बचं तौ नृपति क्रम ते जानव ।।

इति श्री वास्तु प्रदीपे गृहारंभ गृह प्रवेश विचार समाप्तम् सं० १६१७ ।।

विषय—वास्तुशास्त्र का वर्णन किया गया है।

विशेष ज्ञातव्य—लिपिकाल स० १६१७ है। अनुमान से विदित होता है कि यही लिपिकाल रचनाकाल भी है।

प्रस्तुत रचना मूल संस्कृत ग्रथ की टीका है।

संख्या ४६२ वास्तु विद्या (भाषार्थ), कागज–देशी, पत्र—१३, आकार—१०$\frac{६}{१०}$ × ४$\frac{५}{२}$ इंच, पंक्ति (प्रति पृष्ठ)—११, पूर्ण, रूप—प्राचीन, गद्य, लिपि—नागरी, प्राप्तिस्थान—प० भीष्मदत्त जी दीक्षित, ग्राम–नराइन का पुरवा, डाक०–लालगंज, जिला–रायबरेली।

ग्रादि—श्री गणेशाय नमः

